

वाराणसी, रविवार, 26 मार्च, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 5, वर्ष 12, अंक 46, पृष्ठ 16, मूल्य: 5 .00

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news


अन्दर : नीतू ने विश्व चैंपियनशिप में किया कमाल, पहली बार स्वर्ण पदक जीतीं



अन्दर : ...लेकिन दस्तावेज तो कुछ और कह रहे हैं

# उत्सवों का प्रदेश बन चुका है यूपी

## योगी सरकार के छह सालः एक साल, रिकॉर्ड अनेक, चुनौतियां भी कम नहीं, कुछ पार, कई बरकरार

**लखनऊ।** यूपी में योगी 2.0 सरकार के शनिवार यानी 25 मार्च को एक साल पूरे हो गए। सिर्फ यही नहीं, 6 साल 6 दिन तक यूपी में सीएम की कुर्सी पर बैठने का रिकॉर्ड भी योगी आदित्यनाथ के नाम हुआ है। इस उपलक्ष्य में शनिवार को सीएम योगी ने लोकभवन में 45 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कानून पर जीरो टॉलरेंस ने प्रदेश को नई पहचान दिलाई है। यूपी अब माफिया नहीं, महोत्सव का प्रदेश बन चुका है।

उपद्रवियों नहीं, उत्सवों का प्रदेश बन चुका है। यहां गुंडाराज, माफियाराज, जंगलराज जैसे शब्द अतीत हो चुके हैं। जनता का आशीर्वाद डबल इंजन सरकार को मिला है। सरकार उनके हितों की रक्षा करेगी। कॉन्फ्रेंस की शुरूआत में सबसे पहले विकास कार्यों पर बनी शॉर्ट फिल्म दिखाई गई। सीएम ने 'नई उड़ान, नई पहचान' स्लोगन लिखा पोस्टर जारी किया। सीएम ने पिछली सरकारों पर

**उपलब्धि**

**सीएम योगी ने अपने दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर भाजपा सरकार की छह साल की उपलब्धियों का जनता के सामने रखा ब्योरा**

**बोले-कभी माफिया के लिए जाना जाने वाला प्रदेश अब महोत्सवों के लिए जाना जाता है**

निशाना साधते हुए कहा कि पहले ताश के पत्ते की तरह अफसर फेंटे जाते थे। प्रशासन में स्थिरता नहीं थी। हमने प्रशासन को स्थिर किया। इसका लाभ जनता को मिला।

योगी ने कहा कि यूपी में परंपरागत, जाति-मजहब, परिवारवाद, भ्रष्टाचार जैसी समस्या थी। हमने शुरूआत में 10 सेक्टर चिह्नित किए। 6 साल में 3 साल तक कोरोना महामारी से प्रदेश जूझा। यूपी के लिए कहा जाता था कि यहां विकास नहीं हो सकता है। यहां कोई सोच नहीं है। आज वो प्रधानमंत्री की लिस्ट में नंबर-1 पर दौड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ये वही उत्तर प्रदेश है, जहां को लेकर लोगों की धारणाएं थी कि यहां दंगा होता है। परिवारवाद है। यहां 6 साल में दंगा नहीं हुआ। यूपी में हमने इन्फ्रास्ट्रक्चर को डेवलप किया। सरकारी नौकरी में पारदर्शिता लाए। निजी क्षेत्र में जॉब की संभावनाएं बनाई। 1 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को 12 हजार रुपए सालाना पेंशन दी जा रही हैं। ये वही उत्तर प्रदेश है, जहां पिता को चिंता रहती थी कि बेटियों को कैसे पढ़ाएंगे? आज यहां बेटियों की पढ़ाई में आर्थिक मदद दी जा रही है। योगी ने कहा कि कहा जाता था कि यूपी में कानून व्यवस्था संभव नहीं है। हमने पुलिस की सुविधाओं को बढ़ाया। 1.64 लाख पुलिस भर्ती की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से पूरा किया गया। यूपी में सात पुलिस कमिश्नरेट बने हैं। हर रेंज पर फोरेंसिक लैब बनाई। रळफ्रऋ का गठन किया। ताकि, दैवीय आपदा के वक्त मदद पहुंचाई जा सके।



### यूपी दो साल में पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला पहला राज्य होगा

सीएम ने कहा कि यूपी में इंटरस्टेट कनेक्टिविटी को बेहतर किया। हर जिला मुख्यालय को लिंक रोड से जोड़ा गया। राज्य में कई फोरलेन बनाए गए। देश में सबसे ज्यादा 5 सिटी में मेट्रो चल रही हैं। 6वां शहर आगरा में दिसंबर तक चल जाएगी। रैपिड रेल के जरिए देश की राजधानी को जोड़ा जा रहा है। 2017 में 2 एयरपोर्ट थे, आज 9 हैं। 12 एयरपोर्ट पर काम कर रहे हैं। 5 को एयरपोर्ट अथॉरिटी ने सहमति दे दी है। जल्द हम उनको जोड़ देंगे। 2 साल के अंदर 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला पहला राज्य यूपी होगा। सीएम ने कहा कि आज हम पूर्वी बंदरगाह से जुड़ते हुए वाराणसी से सबसे लंबा क्रूज चला रहे हैं। अपने प्रोडक्ट को वैश्विक बाजार तक पहुंचा पा रहे हैं। 6 वर्ष के अंदर लोगों की सोच बदली है। पहले लोग यूपी का नाम आते ही संशय में पड़ जाते थे।

# श्रीकृष्ण जन्मस्थान-शाही ईदगाह मामले में हिंदू पक्ष को झटका


**मथुरा।** उत्तर प्रदेश की तीर्थनगरी मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और ईदगाह से संबंधित 13.37 एकड़ जमीन के अमीन सर्वे पर शनिवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। एडीजे षष्ठम की अदालत में सुनवाई हुई। कोर्ट इसे सुनने योग्य ही नहीं माना। कोर्ट में एक याचिका दाखिल करके ईदगाह के सर्वे की मांग की गई थी। जबकि, ईदगाह पक्ष केस सुनवाई योग्य है या नहीं, इस पर बहस चाहता था।

ठाकुर महेंद्र प्रताप सिंह ने सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में श्रीकृष्ण जन्मभूमि से संबंधित 13.37 एकड़ जमीन पर मौजूद ईदगाह को हटाने के लिए याचिका डाली थी। इसमें सिविल जज सीनियर डिवीजन के न्यायाधिकारी ने पहले केस के स्थायित्व पर सुनने संबंधी आदेश कर दिया। इस आदेश के खिलाफ पक्षकार जिला जज की अदालत गए। यहां से प्रार्थना-पत्र को सुनवाई के लिए एडीजे षष्ठम की अदालत भेजा गया। एडीजे षष्ठम की अदालत ने दोनों पक्षों की बहस सुनी। इसके बाद पक्षकार की तरफ से ईदगाह पर अमीन सर्वे के संबंध में सुनवाई करने की मांग को खारिज कर दिया।

**श्रीकृष्ण जन्मभूमि**

**13 एकड़ जमीन के दावे पर आ गया कोर्ट का फैसला, जिला जज की अदालत गए पक्षकार**

**रिवीजन प्रार्थना-पत्र अदालत ने किया खारिज**



अब सिविल जज सीनियर डिवीजन में केस चलने योग्य है या नहीं इस पर बहस होगी। पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनका रिवीजन प्रार्थना-पत्र अदालत ने खारिज कर दिया है। इससे पहले भी अदालत इसे खारिज कर चुकी थी। इस पर पक्षकार ने रिवीजन वाद दाखिल किया था।






# मिशन कर्नाटक पर प्रधानमंत्री मोदी

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को एक बार फिर कर्नाटक पहुंचे। राज्य में उनका इस साल का ये 7वां दौरा है। प्रधानमंत्री ने दावणगेरे में भाजपा के विजय संकल्प यात्रा के समापन समारोह में रोड शो किया फिर जनसभा को संबोधित किया।

मोदी ने कहा- आज सुखद संयोग है। आज विजय संकल्प रैली हो रही है और उसी समय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लकार्जुन खड़गे की कर्मभूमि कलबुर्गी में हमारे पार्टी ने मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव जीत लिया। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर में भाजपा का विजय डंका बज गया। यह एक प्रकार से विजय संकल्प रैली का शुभ संकेत है कि विजय यात्रा आरंभ हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सिद्धारमैया पर भी निशाना साधा। मोदी ने कहा- सोशल मीडिया पर कल मैंने कर्नाटक का एक वीडियो देखा। एक पार्टी के बड़े नेता कर्नाटक के पूर्व सीएम अपनी ही पार्टी के एक कार्यकर्ता को सार्वजनिक रूप से थप्पड़ मारने का आनंद ले रहे थे। जो अपने कार्यकताओं का सम्मान नहीं कर सकते, वो जनता जनार्दन का सम्मान क्या करेंगे? इससे पहले बेंगलुरु मेट्रो के फेस-2 की 13.71 किमी लंबी लाइन का उद्घाटन किया। उन्होंनें व्हाइटफील्ड (काडुगोडी) से कृष्णराजपुरा (केआर पुरम) तक की मेट्रो में सफर भी किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कई लोगों से बातचीत भी की। इस मेट्रो लाइन को 4,250 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। इसमें 12 मेट्रो स्टेशन बनाए गए हैं।


**रोड शो**

**संकल्प यात्रा के समापन पर बोले-आज सुखद संयोग**






### कर्नाटक में पीएम मोदी की सुरक्षा में फिर हुई चूक



प्रधानमंत्री की तरफ दौड़ता आया युवक, पुलिस ने पकड़ा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में एक बार फिर से चूक होने की खबर आई है। पीएम मोदी के कर्नाटक दौरे के दौरान शनिवार (25 मार्च) को यह चूक हुई। पीएम मोदी की कार जब दावणगेरे में गुजर रही थी, तभी एक युवक उनकी गाड़ी के पास पहुंच गया। पीएम के रोड शो के दौरान युवक काफिले में घुसने की कोशिश कर रहा था। सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों ने युवक को तुरंत पकड़ लिया. युवक से पूछताछ की जा रही है।

# तेजस्वी यादव से सीबीआई दफ्तर में पूछताछ

**नई दिल्ली।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से दिल्ली में पूछताछ हुई। तेजस्वी को नौकरी के बदले जमीन मामले में सीबीआई ने पूछताछ के लिए बुलाया था। पूछताछ के बीच में लंच के लिए तेजस्वी कुछ देर के लिए बाहर भी निकले थे। सीबीआई ने तेजस्वी से करीब आठ घंटे तक सवाल पूछे। सीबीआई दफ्तर के लिए निकलने से पहले बिहार के उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हम हमेशा जांच एजेंसियों के साथ सहयोग किया है। उन्होंने कहा देश में ताजा हालात ऐसे हैं जिसमें लड़ना कठिन हो गया है पर हमने तय तय है कि हम इस स्थिति के खिलाफ लड़ेंगे और जीतेंगे। दूसरी ओर, तेजस्वी यादव की बड़ी बहन और राजद सांसद मीसा भारती भी पूछताछ के लिए आज ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुईं। अब तक की जानाकारी के अनुसार राजद नेता मीसा भारती भी ईडी दफ्तर से पूछताछ के बाद रवाना हो गईं हैं। नौकरी के लिए जमीन मामले में ही पूछताछ के लिए मीसा भारती ईडी के सामने पेश हुई थीं। मीसा भारती (46) राजद की राज्यसभा सदस्य हैं। वह सुबह करीब 11 बजे मध्य दिल्ली में संघीय एजेंसी के कार्यालय में पहुंचीं। समझा जाता है कि इसके बाद उनका बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। सीबीआई ने लालू प्रसाद और उनकी पत्नी एवं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से पूछताछ की है तथा ईडी ने राजद प्रमुख के परिवार के परिसरों में छापे मारे थे। केंद्रीय एजेंसियों द्वारा बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और मीसा भारती से पूछताछ पर बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा कि हम अदालतों का पालन कर रहे हैं। हमें अदालत पर पूरा भरोसा है।

**मीसा भारती से ईडी ने किए सवाल-जवाब**

# राहुल की मेम्बरी रद्द होने का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। मानहानि केस में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म होने के बाद रिप्रेजेंटेटिव्स ऑफ द पीपुल एक्ट, 1951 के सेक्शन 8 (3) को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इस सेक्शन के तहत किसी जनप्रतिनिधि के किसी मामले में दोषी करार होने और कम से कम दो साल की सजा मिलने पर उसकी संसद सदस्यता अपने आप खत्म हो जाती है। इस याचिका में कहा गया है कि अपराध किस प्रकार का है और कितना गंभीर है, ये देखे बिना जनप्रतिनिधि की सदस्यता खत्म कर देना प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है। इस जनहित याचिका को पीएचडी स्कॉलर और सोशल एक्टिविस्ट आभा मुरलीधरन ने दाखिल किया है। याचिका में कहा गया है कि जनप्रतिनिधित्व एक्ट, 1951 का सेक्शन 8 (3) भारतीय संविधान की शक्ति के दायरे से ही बाहर है क्योंकि यह इसी एक्ट के सेक्शन 8 (1), 8ए, 9, 9ए, 10, 10अ और 11 से एकदम उलट है। याचिका के मुताबिक, सेक्शन 8 (3) किसी सांसद को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने से रोकता है, जिन्हें पूरा करने के लिए संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की जनता ने उन्हें चुना है। यह लोकतंत्र के सिद्धांत के खिलाफ है। याचिका में कहा गया है कि किसी सांसद की सदस्यता भंग करने के लिए इस एक्ट के सेक्शन 8(1) में अलग-अलग तरह के अपराधों को अलग-अलग कैटेगरी में रखा गया है। लेकिन, सेक्शन 8(3) सिर्फ सांसद को दोषी ठहराए जाने और सजा मिलने के आधार पर ही उसकी संसद सदस्यता को खत्म कर देता है। यह दोनों प्रावधान परस्पर विरोधी हैं और सेक्शन 8(3) यह साफ नहीं कर पाता है कि सांसद को डिस्क्वालिफाई करने के पीछे कौन सी प्रकिया निभाई गई है। याचिका में कहा गया कि इस कानून को बनाते समय विधायकी की मंशा यह थी कि उन सांसदों की सदस्यता भंग की जा सके जिन्होंने गंभीर और घृणित अपराध किए हैं और इनके लिए उन्हें सजा हुई है।

**जन प्रतिनिधित्व कानून के जिस प्रावधान से छिनी राहुल की सांसदी, सुप्रीम कोर्ट में उसे दी गई चुनौती**

# मैं सावरकर नहीं गांधी हूं, माफी नहीं मांगता

## बोले राहुल गांधी, मैं सच्चाई को देखता हूं, मेरी किसी अन्य चीज में रुचि नहीं

**नई दिल्ली।** 'सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है...', राहुल के इस बयान से जुड़े मानहानि केस में सूरत की कोर्ट ने गुरुवार दोपहर 12.30 बजे राहुल को 2 साल की सजा सुनाई थी। लेकिन 27 मिनट बाद जमानत दे दी। सजा के 26 घंटे बाद शुक्रवार को उनकी सदस्यता खत्म कर दी गई। 23 घंटे बाद शनिवार को राहुल, प्रियंका के साथ कांग्रेस ऑफिस पहुंचे और 28 मिनट मीडिया से बातचीत की।

हिन्दुस्तान का लोकतंत्र खतरे में है... राहुल ने इसी लाइन के साथ अपनी बात की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने सवाल किया- अडाणी और मोदी का रिश्ता क्या है? उन्होंने केंब्रिज यूनिवर्सिटी में लोकतंत्र पर कही अपनी बात और सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है... वाले बयान पर सफाई भी दी। राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में 16 बार मोदी जी, 9 बार प्रधानमंत्री और 38 बार अडाणी का नाम लिया। उन्होंने आगे का प्लान भी बताया।

राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा में साढ़े चार महीने जनता के बीच रहे। ये मेरा काम है और करता जाऊंगा। आज के हिंदुस्तान में जो पहले राजनीतिक पार्टियों को सपोर्ट मिलती थी। मीडिया और बाकी संस्थानों से मिलती थी। अब नहीं मिलती है। तो विपक्षी पार्टियों के पास एक ही रास्ता है। जनता के बीच में जाने का। राहुल ने आप मेरी भारत जोड़ो यात्रा में मेरी कोई भी स्पीच देख लीजिए। मैं वहां कह रहा हूं कि सब समाज एक है। सबको एकसाथ चलना चाहिए। भाई चारा होना चाहिए। नफरत, हिंसा नहीं होनी चाहिए। ये ओबीसी का मामला नहीं है, ये नरेंद्र मोदीजी और अडाणीजी के रिश्ते का मामला है। 20 हजार करोड़ रुपए, जो अडाणीजी को पता नहीं कहां से मिले। उसके बारे में मैं सवाल पूछ रहा हूं। उसका जवाब चाहिए। भाजपा ध्यान को भटकाने की कोशिश करती है। कभी ओबीसी की बात करेगी, कभी विदेश में दिए बयान की बात करेगी। चाहे स्टेट हो कुछ भी हो। मैं सच्चाई को देखता हूं। मुझे और किसी चीज में रुचि नहीं है। मैं सच्चाई बोलता हूं। राजनीति में यह फैशनेबल बात नहीं है। मगर ये बात मेरे खून में है। मैं और कोई रास्ता निकाल ही नहीं सकता हूं। तो ये मेरा काम है। यही मेरी तपस्या है। जीवन की तपस्या है। इसे मैं करता जाऊंगा। चाहे मुझे डिस्क्वालिफाई करें। चाहे जेल में डालें। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। इस देश ने मुझे सबकुछ दिया है।

राहुल ने कहा मैं सब विपक्षी दलों का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने इस मामले में हमारा सपोर्ट किया। हम सब मिलकर काम करेंगे। वहीं राहुल ने पत्रकारों से कहा आप डिस्ट्रैक्ट करने की कोशिश मत कीजिए। 20 हजार करोड़ रुपए अडाणी जी की शैल कंपनियों में कहां से आए। आप जांच कीजिए, अगर बात निकली कि ये हमारे सीएम का पैसा है तो उन्हें जेल में डाल दीजिए। अगर बात निकली कि किसी और का पैसा है तो उसको जेल में डालिए। ये मोदी जी पैनिक में आ गए कि बात निकल जाएगी कि ये 20 हजार करोड़ रुपए किसके हैं। वो डर गए, घबरा गए। ये पूरा सीक्वेंस इन्होंने शुरू कर दिया। हमने अडाणी जी की कंपनी में 20 हजार करोड़ रुपए आते हुए देखे हैं। कोई नहीं जानता कि वो पैसा किसका है। वो अडाणी जी का पैसा नहीं हो सकता। वो ऐसा पैसा जेनरेट नहीं करते। वो पैसा किसी से तो आया है। ये ओबीसी, डिस्क्वालिफिकेशन, एंटी नेशनल ये सब पीएम की घबराहट से ध्यान हटाने के लिए है।

**प्रेसवार्ता**

**मोदी और अडाणी पर सवाल पूछता रहूंगा, 20 हजार करोड़ किसके हैं, बता दो**






# सेना भर्ती के नाम पर ठगी करने वाले तीन शातिर धराए

**अरेस्ट**

### पुलिस ने ठगी के 1.7 लाख में 70 हजार किए बरामद



**वाराणसी।** बलिया जिला के युवक को सेना भर्ती के नाम पर 1.7 लाख की ठगी करने वाले तीन शातिरों को कैंट पुलिस ने इमलिया घाट ट्रांसफार्मर मोड़ के पास से दबोचा। अभियुक्तों की पहचान जयशंकर, चंदन कुमार और विकास मौर्या के तौर पर हुई। तीनों के पास से ठगी के 70 हजार बरामद हुए साथ ही युवक के दस्तावेज भी। आगे की कार्रवाई में तीनों को जेल भेजा गया। जयशंकर सिंधोरा कटौना, चंदन फूलपुर गजोखर और विकास सिंधोरा गरथमा गांव का निवासी है।

कैंट थाने में बलिया जिले के रेपुरा हल्दी निवासी अंशु कुमार यादव ने मुकदमा दर्ज कराया था। अरोपा है कि तीनों ने मिलकर उससे सेनास भर्ती के नाम पर एक लाख सात हजार लिया था। जब उसकी भर्ती नहीं हुई और पैसे मांगने लगा तो तीनों टाल मटोल करने लगे। हद तो तब हुई जब युवक को धमकी देने लगे।

युवक ने कैंट थाने को मामले से अवगत कराया और रपट दर्ज करायी। पुलिस ने तीनों को दबोचा और जमा तलाशी में जयशंकर के पास से 50 हजार, चंदन के पास से पांच हजार और विकास के पास से 15 हजार रुपए बरामद किये हैं। इन्हें गिरफ्तार करनेवाली पुलिस टीम में एसआई सौरभ पांडेय, मनीष कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल सुधीर कुमार सिंह, विजय शंकर व प्रमोद रहे।

### नौकरी दिलाने के नाम पर चार लाख की धोखाधड़ी

**वाराणसी।** एक निजी कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाज ने मानस नगर कालोनी फूलवरिया के एक व्यक्ति से चार लाख से अधिक रुपए की धोखाधड़ी हुई। पीड़ित ने कैंट थाने में रपट दर्ज कराया। पीड़ित मनोज सिंह की मानें तो 18 जनवरी को उसके मोबाइल पर किसी अज्ञात का फोन आया। उसने कहा कि एक निजी कंपनी में अच्छी नौकरी के लिए आफर है। नौकरी की लालच में उसने बिना सोचे समझे उसके भेजे गए मोबाइल नंबरों चार लाख ज्यादा दे दिया। नौकरी नहीं मिलने पर जब मनोज सिंह ने फोन कर पैसा मांगा तो अज्ञात ने नंबर बंद कर दिया। पीड़ित ने कैंट थाना पुलिस में रपट दर्ज करायी।

## चोरी की छह बाइक के साथ तीन गिरफ्तार



**वाराणसी।** पलक झपकते ही बाइक गायब कर देने वाले तीन शातिर चोरों को लंका पुलिस ने लौटूबीर मंदिर के पास से दबोचा। अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने छह बाइक बरामद की। चोरों की पहचान रंजीत राजभर निवासी राजपुरपुर मिर्जामुराद, अजय यादव और राजेश राजभर डाफी के तौर पर हुई। आगे की कार्रवाई में तीनों को जेल भेजा गया।

थाना प्रभारी लंका अश्वनी पांडे ने बताया कि पकड़े गए आरोपी शातिर किस्म के चोर है और पलक झपकते ही बाइक गायब कर देते थे। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम लोगों ने मिलकर पांच गाड़ी बीएचयू परिसर, मालवीय चौराहा, हास्पिटल समेत अन्य स्थानों से चुराया है। हाल ही में एक बाइक अखरी बाई पास से चुराई थी। चोरी की बाइक को फर्जी दस्तावेज बनाकर एक मुस्त बेचने की फिराक में थे।

## संक्षेप

### सरिया चुराते एक को पकड़ा

**मंडुवाडीह।** भिखारीपुर क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के दौरान एक व्यक्ति को सरिया चोरी करना का आरोप लगा कर कार्यदायी संस्था के लोगो ने पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार भिखारीपुर में सड़क चौड़ीकरण के दौरान दोनों तरफ केबल व नाले के लिए लोहे की सरिया से ढलाई का कार्य चल रहा है। ठेकेदार उदित नारायण प्रधान ने तहरीर में लिखा है कि हम लोग 3 ठेकेदार मिल कर नाली का कार्य कर रहें और पिछले कई दिनों से हम लोगों के लोहे का सामान व सरिया चोरी हो रहा थे, लेकिन हम लोगों ने शनिवार की भोर में एक व्यक्ति को सरिया ले जाते हुए पकड़ लिया। लेकिन उक्त व्यक्ति द्वारा अपना नाम पता नही बताया गया। ठेकेदार द्वारा सरिया चोरी करने का तहरीर देकर उक्त व्यक्ति को बीएलडब्लू पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

### समाधान दिवस पर आए 25 मामले, एक का निस्तारण

**चौबेपुर।** समाधान दिवस पर चौबेपुर थाने पर सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ ज्ञान प्रकाश राय व नायब तहसीलदार ने फरियादियों की शिकायतें सुनी और संबन्धित विभाग को निस्तारण के लिए अग्रसारित किया। समाधान दिवस पर कुल 25 मामले सामने आये जिसमें एक का निस्तारण मौके पर किया गया। 15 राजस्व से और 10 पुलिस सम्बन्धित शिकायते आयीं। वहीं, चार महीने पूर्व हुई किशोर की हत्या के मामले में अबतक अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों ने एसीपी सारनाथ व प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह से गुहार लगायी।

### विधि विभाग में दो दिवसीय संगोष्ठी

**रोहनिया।** महाराज बलवन्त सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजातालाब परिसर में शनिवार को प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ अनंत नारायण सिंह की अध्यक्षता में विधि-विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि माननीया न्यायमूर्ति ज्योत्सना शर्मा उच्च न्यायालय प्रयागराज तथा विशिष्ट अतिथि डॉ राजेश सिंह मुख्य सचिव विधान परिषद (उ.प्र.) ने संस्थापक महाराज एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। संगोष्ठी में आये अतिथियों का स्वागत प्राचार्य प्रो. पुरुषोत्तम सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संजीत कुमार और संचालन कात्यायानी सिंह ने किया।


### करेंट की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**बड़ागांव।** बड़ागांव थानाक्षेत्र के गांगकला गांव में शनिवार को करेंट की चपेट में आने पांच साल के बच्चे की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। गांगकला निवासी बनारसी बनवासी का बेटा राजा घर से कुछ दूर खेल रहा था। वहीं पास में बिजली का नंगा तार होने की वजह से चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसे पास के एक निजी अस्पताल में लाया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। दो बहनों में राजा इकलौता था।

### थाने के निकट चोरी की वारदात

**रामनगर।** रामनगर थाना से महज 20 मीटर की दूरी पर शुक्रवार की देर रात एक दुकान में चोरी हो गयी। माँ वैष्णो कोल्डड्रिंक एवं पान भंडार दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। करीब छह हजार का माल उठा ले गये। दुकानदार हरि शरण गुप्ता उर्फ जत्तन की माने तो उन्हें जानकारी शनिवार को मिली जब दुकान खोलने पहुंचे देखा तो दुकान का ताला टूटा है और सामान बिखरा है। गल्ले में रखा कुछ नकदी समेत एनर्जी ड्रिंक आदि सामान चोरी हो गया। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

### डीआईजी रेंज ने बाबा का लिया आशीर्वाद



**चौबेपुर।** नवागत डीआईजी रेंज अखिलेश चौरसिया ने शनिवार को मार्कण्डेय महादेव मंदिर में बाबा का जलाभिषेक किया और आर्शीवाद प्राप्त किया। पुजारी मुन्ना गिरी,लालू गिरी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा पाठ कराया। पुजारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर कैथी चौकी इंचार्ज काशीनाथ उपाध्याय सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहें। इसके पूर्व डीआईजी ने सैदपुर कोतवाली पहुंचे और यहां समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना साथ ही थाने का निरीक्षण कर कमियां पाये जाने पर निर्देशित किया।

### लॉन संचालकों की मांग को वीडीए ने नकारा

**वाराणसी।** लॉन संचालकों के प्रतिनिधियों के अनुरोध विकास प्राधिकरण की बैठक बीते दिनों वीडीए सभागार में शनिवार को हुई थी। जिसमें लॉन संचालकों के प्रतिनिधियों द्वारा मांग की गयी कि समस्त लॉन को भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008 की धाराओं से अवमुक्त कर दिया जाय। लेकिन यह मांग शासन द्वारा नियत प्रावधानों के प्रतिकूल होने के कारण वीडीए उपाध्यक्ष द्वारा अस्वीकार कर दी गयी एवं बैठक के दौरान ही उन्हे अवगत करा दिया गया कि उनकी मांग वैध नहीं है। लॉन संचालकों को यह भी अवगत कराया गया कि लॉन संचालक अपने लॉन का मानचित्र दाखिल करें। वीडीए द्वारा दाखिल मानचित्र का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण किया जायेगा। विकास प्राधिकरण द्वारा वाराणसी शहर के जनमानस से अपील है कि किसी भी विधिक बाधा से बचने के लिए ऐसे लॉन में ही मांगलिक एवं वैवाहिक कार्यक्रम की बुकिंग करें, जिसके परिसर का विकास एवं निर्माण कार्य वैध रूप से मानचित्र स्वीकृत कराते हुए किया गया हो।

### अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने का प्रयास

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के देवराई में शुक्रवार की देर रात अराजकतत्वों ने बाबा साहब अंबेडकर के चबुतरे को छतिग्रस्त करने का प्रयास किया। वहां पहुंचे ग्रामीणों ने इस बात को लेकर जमकर विरोध किया। मामला संज्ञान में आने के बाद वहां पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया साथ ही अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। जानकारी के अनुसार अराजकतत्वों ने देवराई गांव के आबादी से हटकर बने डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के चबूतरे को तोड़ने के साथ उसके पास लगे सोलर लाइट के पोल को भी उखाड़ दिया। सुबह ग्रामीण जब बाहर टहलने के लिए निकले तो चबूतरा टूटा देख अक्रोशित हो गए और पुलिस को सूचना दी। चबूतरे के टूटने की जानकारी मिलते ही कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार राजू भी मौके पर पहुचे। इंस्पेक्टर फूलपुर प्रवीण कुमार ने क्षस्ति चबूतरे के ठीक कराने का श्वासन देकर लोगों को शांत कराया। वही दोपहर तक ग्राम प्रधान ने चबूतरे को ठीक करा दिया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि शरारती तत्व की करतूत है। पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई करेगी।

## नौ हजार अमेरिकी डॉलर के साथ बुजुर्ग गिरफ्तार

**कार्रवाई**

### कैंट स्टेशन से पटना जाने की थीं तैयारी, पड़ताल में जुटी ईडी की टीम

### खंगाले जा रहे हैं हवाला कारोबार अथवा मनी लांड्रिंग के कनेक्शन



**वाराणसी।** कैंट जीआरपी ने शुक्रवार की देर रात स्टेशन के नये भवन से नौ हजार अमेरिकल डॉलर के साथ एक बुजुर्ग को गिरफ्तार किया, पूछताछ के बाद जीआरपी ने बुजुर्ग को डॉलर के साथ ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) को सौंप दिया।

जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के दौरान परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस बीच नवनिर्मित भवन में एक बुजुर्ग दंपति झगड़ा करते दिखायी पड़े तो सिपाहियों ने दोनों से झगड़ने का कारण पूछे, बुजुर्ग दंपति की ओर से की गयी चुप्पी पर सिपाहियों को शक हुआ, इस पर उनके बैग खंगाले गये, बैग अमेरिकन डॉलर देख पूछताछ किया जिसके बारे में दोनों की ओर से कोई जवाब ना मिलता देख सिपाहियों ने पटना (बिहार) निवासी गौतम मुखर्जी को जीआरपी थाने ले गये। बैग में नौ हजार डॉलर थे, जिसकी कीमत भारतीय मुद्रा में करीब साढ़े सात लाख रुपये आंकी जा रही है।

### भोजूबीर से मिला था पैकेट

बुजुर्ग गौतम मुखर्जी के अनुसार वह पटना स्थित होटल मौर्या में कार्यरत है। होटल मालिक एपी सिन्हा ने उन्हें दुबे जी नामक किसी व्यक्ति से मिलकर एक पैकेट लाने का निर्देश दिया था। मोबाइल नंबर के जरिए भोजूबीर क्षेत्र में उस व्यक्ति ने उन्हें पैकेट सौंपा। जिसे लेकर वापस पटना जाना था। गौतम मुखर्जी के अनुसार यहीं कंदवा क्षेत्र में वह मकान का निर्माण करा रहे हैं।

## जिपं में 92.90 करोड़ का बजट पास

**विकास पर होगा खर्च**

### बैठक के दौरान खींचा आगामी वित्तीय वर्ष 23-24 का खाका

### मनरेगा में अनुमानित मानव दिवस को 6486.28 लाख का प्रस्ताव

### सदस्यों ने कहा : लिखित तौर पर दर्ज हों अफसरों के मौखिक निर्देश

### विकास कार्य के नाम पर मार्गों को खोदकर छोड़ दे रहा एल एंड टी

जनसंदेश न्यूज



कलेक्ट्रेट स्थित जिला पंचायत सभागार में शनिवार को जिपं की बैठक में अध्यक्ष पूनम मौर्य की मुख्य उपस्थिति रही

**वाराणसी।** जिला पंचायत की शनिवार को हुई बैठक में विभाग से जुड़े क्षेत्रों में आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले विकास कार्यों के लिए 92 करोड़ 90 लाख रुपये से अधिक का मूल बजट पारित किया गया। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 का पुनरीक्षण बजट एक अरब पांच करोड़ रुपये से ज्यादा का अनुमोदन किया गया। मीटिंग के दौरान कई सदस्यों ने विभिन्न बिंदुओं की ओर ध्यान दिलाया।

बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या की मुख्य उपस्थिति में आरंभ हुई। शुरु में पिछली कार्यवाहियों की पुष्टि की गयी। इस अवसर पर पंचम तथा 15वें राज्य वित्त आयोग से मिलने वाले अनुदान के तहत आगामी वित्तीय वर्ष में कराये जाने वाले कार्यों पर विचार-विमर्श हुआ। साथ ही इसके लिए सदस्यों से प्रस्ताव देने को कहा गया। वहीं, मनरेगा में 18 लाख 27 हजार 120 मानव दिवस सृजित करने और उस पर 6486.28 लाख रुपये खर्च होने के प्रपोजल को हरी झंडी दी गयी।

मीटिंग में एक सदस्य ने अफसरों की ओर से दिये जाने वाले मौखिक निर्देशों को भी दर्ज करने की मांग की गयी ताकि संबंधित निर्देश का न सिर्फ रिकॉर्ड रहे बल्कि उससे मुकरने जैसी आशंकाएं भी समाप्त हो जाय। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अंजनी पांडेय, गौतम सिंह और सुनील सिंह आदि ने आरोप लगाया कि ग्रामीण इलाकों की सड़कों को कार्यदायी संस्था एल एंड टी विकास कार्यों के नाम पर खोदकर क्षतिग्रस्त कर रही है। संस्था की ही जिम्मेदारी है कि वह जिस रोड को खोदे बाद में उसकी मरम्मत भी करे।

उन्होंने कहा कि ऐसा न किये जाने से नागरिकों को आवागमन में भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पर जिला विकास अधिकारी अशोक कुमार ने सदस्यों को बताया कि इस बारे में सीडीओ प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को बैठक कर समस्याओं का निबटारा कराते हैं। यदि अभी भी किसी इलाके में ऐसी समस्या है तो लिखित रूप में प्रकरण उपलब्ध कराया जाय ताकि संबंधित पहल कराना संभव हो। बैठक में जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह समेत अन्य अफसर भी रहे।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 3452009 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2018 अनुक्रमांक 2733344 का अंक पत्र खो गया है। रवि किशन पुत्र लाल बहादुर, ग्राम व पोस्ट-गरखड़ा, वाराणसी।

मेरा स्नातक सिविल इंजीनियरिंग वर्ष 2018 पंजीकरण संख्या 20181085 का प्रथम वर्ष का प्रथम सेमेस्टर की ग्रेड शीट खो गया है। अमन कुमार पुत्र मनोज कुमार ग्राम+पोस्ट-मुगलसराय , जिला-चंदौली।

सूच्य हो कि मेरा हाईस्कूल का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वर्ष 2007, जिसका अनुक्रमांक 2791566 है, वास्तव में कहीं खो गया है। दिनकर मिश्र पुत्र सुबाष चन्द्र मिश्र माता का नाम सरोजा मिश्रा पता - भुईली पांडेय, बीरशाहपुर, मीरजापुर।

मेरा हाईस्कूल सत्र 2018-2019 अनुक्रमांक 5200481 व इण्टरमीडिएट सत्र 2020-2021 अनुक्रमांक 23733770 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। आराधना गौतम पुत्री श्री भोला राम, निवासिनी-एस 9/421-बी, नईबस्ती पाण्डेयपुर, वाराणसी।

आवश्यकता

आवश्यकता है-स्व0 शांति देवी शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान करंजी हरिहर जखनियां गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववितपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु हिंदी समाजशास्त्र, भूगोल, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, गृह विज्ञान तथा प्राचीन इतिहास विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य हेतु वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यूजीसी रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों के अंदर भेजे। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जाएगी।
प्रबंधक - मो0-9918977222

आवश्यकता है

जे0 पी0 आर0 गर्ल्स डिग्री कालेज सेठवल, रानी की सराय, आजमगढ़ सम्बद्ध महाराजा सुहेलदेव राज्य विद्यालय आजमगढ़ स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत पद प्राचार्य स्नातकोत्तर स्तर पर कला वर्ग भूगोल, शिक्षा शास्त्र, हिन्दी, समाजशास्त्र व गृह विज्ञान एवं विज्ञान वर्ग जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान विषयों में प्रवक्ता की। योग्यता यू0 जी0 सी0 विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 21 दिन में आवेदन करें।
प्रबन्धक - शैलेश कुमार राय
मो0-9935738430

## कोर्ट के आदेश पर उत्पीड़न में पति समेत 11 पर मुकदमा

**गंभीर आरोप**

### अप्राकृतिक दुष्कर्म समेत अन्य संगीन अपराध का है आरोप

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के ढ़ोरा गांव निवासी महिला ने पति के खिलाफ अप्राकृतिक दुष्कर्म, मारपीट समेत अन्य मामलों में पति, सास ससुर समेत कुल 11 लोगों के खिलाफ फूलपुर थाने में दर्ज कराया मुकदमा।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ढ़ोरा गांव निवासिनी संध्या शुक्ला ने अदालत से गुहार लगाई कि पति प्रशान्त शुक्ला दहेज में पांच लाख की मांग साथ ही एक कार की डिमांड कर रहे थे इनकार करने पर उसे कमरा बंद कर मारापीटा गया। पति प्राकृतिक संबन्ध बनाने के लिए विवश करता है। पति का कहना है कि जबतक दहेज नहीं लाओगी ऐसे ही प्राताड़ित किया जायेगा। ससुर रमाशंकर मिश्रा से जब विरोध दर्ज कराया तो वो भी पति के साथ हो लिए और मिलकर सभी ने मारापीटा, 15 दिन कमरे में बंद रखा। जब फूलपुर ने कोई कार्रवाई नहीं की तो कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर फूलपुर थाने में प्रशांत शुक्ल, ससुर जगदंबा शुक्ल ,सास गायत्री देवी, जेठ शशि भूषण, जेठ रवि भूषण, जेठानी शशि, प्रीति समेत अन्य के खिलाफ 498, 323, 354, 313, 377 और दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के तहत 3 और 4 धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

## पुलिस ने तीन को लिया हिरासत में

**वाराणसी।** रामनगर थाना में दर्ज 363,366 के मुकदमा जिसमें ग्रामसभा डोमरी से 15 वर्ष नाबालिक लड़की गायब होने के संबंध में रामनगर थाना पुलिस ने आरोपित टनु पटेलख गोलू पटेल और गोविंद पटेल को हिरासत में लिया गया।

## नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण अभियान

**वाराणसी।** अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार के निर्देशन में शनिवार को प्रर्वतन दल ने अतिक्रमण अभियान चलाया। कज्जाकपुरा हिन्दुस्तान पेट्रोल पंप के सामने स्थित गली से प्राप्त शिकायत गली में ठेले रख मार्ग अवरुद्ध करने वाले सभी ठेले जब्त किया गया। मछोदरी स्थित प्राइमरी विद्यालय के सामने गली में मिली शिकायतों पर वहां से अवैध रूप से चबूतरा बना कर और जाली लगा कर मार्ग अवरुद्ध किया गया था उस चबूतरे को ध्वस्त किया गया। चेतगंज चौसठवा महादेव मंदिर के सामने अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। गुरु धाम में अवैध रूप से वेंडिंग कर गंदगी फैलाने और मार्ग अवरुद्ध करने के सम्बंध में स्थानीय पुलिस के सहयोग से सभी वेंडरों को हटवा गया। कमक्छा स्थित काशी राज अपार्टमेंट के सामने दुकान के सामने बने नाली पर रखे हुए पत्थर पटिया को हटाने का निर्देश दिया गया। जेपी मेहता मार्ग के पास मिली शिकायतों के बाद गुमटी और ठेले हटवा कर मार्ग खाली करवाया गया।

## सात दिन से गायब युवक की घर के पास मिली लाश

**रामनगर।** रामनगर थानांतर्गत कोदोपुर वाजिद्पुर में सात दिन से गायब युवक की लाश एक खेत में मिली। मामले की जानकारी तब हुई जब शौच के लिए कुछ लोग वहां गये। देखा तो खेत में अचेत एक युवक पड़ा है। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को जांच में मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड मिला जिससे उसकी पहचान संजय श्रीवास्तव के तौर पर हुई। पुलिस की माने तो मूल रूप से गणेश महाल वाराणसी निवासी अनिल अपने मूल मकान को बेच कर सन 2002 से कोदोपुर वाजिद्पुर में नथुनी यादव के घर में किराए पर पत्नी प्रीति श्रीवास्तव और छोटे भाई सचिन के साथ रहता था। लंका स्थित किसी फास्ट फूड रेस्टोरेंट में वह बतौर वेटर काम कर रहा था। पत्नी प्रीति के मुताबिक पिछले रविवार की सुबह साढ़े दस बजे वह घर से रेस्टोरेंट जाने को कह कर निकला था। लेकिन उसके बाद वह घर नही लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद 21 मार्च को लंका थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शनिवार की सुबह जब कोदोपुर के खेत में शव मिलने की सूचना वायरल हुई तब परिजन थाने पहुँचे और मृतक की शिनाख्त संजय के रूप में की। आशंका व्यक्त की गयी कि उसकी हत्या हुई है। हालांकि परिजनों ने किसी से दुश्मनी से इन्कार किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट होगी।

### कुएं में गिरने से वृद्ध की मौत

**चिरईगांव।** विकास खण्ड के कमौली गांव में शनिवार की सुबह कुएं में गिरने से वृद्ध की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार बच्चन पाण्डेय(78) शनिवार की सुबह शौच के लिए निकले थे। रास्ते में वह कुएं में गिर गये। ग्रामीणों ने बाहर निकाला और निजी अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी।

## वाहन की चपेट में आने से एक की मौत, आधा दर्जन घायल

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के खजूरी चौकी के समीप नेशनल हाइवे पर शुक्रवार की रात करीब 2 बजे एक वाहन के चपेट में आने से घटनास्थल पर ही एक की मौत हो गयी। वही, वाहन अनियंत्रित हो कर सड़क किनारे जा पलटी। जिसमे आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार रोड पर एक टैंकर व ट्रक के आपसी टक्कर में क्षतिग्रस्त गाड़ियों को रोड से हटाने के लिए पहुँची एनएचआई की क्रेन का चालक रोड पर क्षतिग्रस्त वाहनों का टोचन कर रहा था, उसी दौरान वाराणसी की तरफ जा रही एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित हो क्रेन चालक को रौंदते हुए हाइवे पर जा पलटी जिसमे क्रेन चालक संत रविदास नगर (भदोही) जिले के औराई थाना अंतर्गत कोईलारा गांव निवासी प्रमोद यादव (उम्र 42 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि स्कॉर्पियो में सवार गिरजा पति पांडेय (उम्र 40 वर्ष), राकेश पांडेय (35 वर्ष), सिमा देवी (32 वर्ष), किरण देवी (33 वर्ष), ऋषभ पांडेय (18 वर्ष) व वेदांत पांडेय (12 वर्ष) गम्भीर रूप से घायल हुए। मौके पर पहुंचे खजूरी चौकी इंचार्ज रविकांत चौहान ने सभी घायलों को ट्रामा सेंटर भेजवाया। इधर पुलिस मृतक क्रेन चालक प्रमोद यादव के शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## लूट के मामले में दो बाल अपचारी समेत तीन गिरफ्तार

**रोहनिया।** रोहनिया पुलिस व क्राइम ब्रांच ने लूट के मामले में वांछित दो बाल अपचारी और रानीबाजार राजातालाब निवासी रतन चंद्र (सोनार) को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के पास से लूट का आभूषण बरामद हुआ। वहीं जिस वाहन से घटना को अंजाम देते थे उसे भी पुलिस ने बरामद किया। आगे की कार्रवाई में एक को जेल वहीं दो बाल अपचारी को बाल सुधारगृह भेजा गया। बाल अपचारियों की माने तो लूट के माल को वो रतन सेठ को बेचते थे और पैसा लेते थे।

## गांजा बेचने वाला गिरफ्तार

**रोहनिया।** रोहनिया मुखबिर की सूचना पर करीमुल्ला चौराहे से सुइचक खिड़की की ओर जाने वाले मार्ग पर 1 किलो 150 ग्राम गांजा के साथ सुभाष नगर रोहनिया निवासी राजेश राजभर उम्र 35 वर्ष को रोहनिया पुलिस ने गिरफ्तार किया।

## गांवों तक विधिक सेवाएं पहुंचाएं अधिवक्ता

**वाराणसी।** उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने कहा कि एकाग्रता, क्षमता, स्पष्टता और प्रतिबद्धता के समावेशन से ही कानूनी पेशे का उत्थान सम्भव है। भारत गांवों का देश है, इसीलिए विधि के पेशेवरों को अपनी सेवा को गावों तक पहुंचाने की नयी पहल करने की आवश्यकता है। वह विधि संकाय-बीएचयू में शनिवार से शुरू हुए तीन दिवसीय नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि आज संवैधानिक कर्तव्यों के निर्वहन से ही संवैधानिक अधिकारों का संरक्षण सम्भव है। देश भर के विधि-विज्ञानियों ने वर्तमान दौर में कानून के आवश्यक स्वरूप पर चिंतन किया। अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वीके शुक्ल ने मूट कोर्ट को विधि के छात्रों के लिए अति आवश्यक बताया। इस दौरान बुकलेट का विमोचन भी किया गया। संकाय प्रमुख प्रो. अजय कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया।

## मायके से गायब महिला की मिली लाश

**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र के धुसाह गांव मायके से लापता महिला पूनम यादव का शव शुक्रवार की रात धौरहरा के पास गोमती नदी में उतराया मिला। परिवारवालों का कहना था कि पूनम मानसिक तौर पर अस्वस्थ थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पूनम की शादी 11 साल पहले हुई थी और उसे दो बच्चे हैं। मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह बच्चों के साथ मायके में ही रहती थी। जानकारी के अनुसार 23 मार्च की रात वह मायके से बाहर निकली। इसके बाद लापता हो गई। परिवारवाले उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन कहीं पता न चलने पर उन्होंने रात में थाने जाकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। परिवारवाले उसकी तलाश कर ही रहे थे कि शुक्रवार की रात धौरहरा गांव के सामने गोमती नदी में उसका उतराया शव मिला। परिजन शव लेकर घर चले आये और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पूनम के ससुरालवाले भी पहुंच गये। इस मामले में किसी पक्ष ने कोई आपत्ति नही दर्ज कराई है।

## अर्थ-शक्ति एवं ज्ञान शक्ति से ही देश बनेगा सशक्त

**वाराणसी।** पहले भारत में सेना शक्ति थी अब समय परिवर्तन से ज्ञानशक्ति का समय आ गया। ज्ञानशक्ति के वर्धन मे इस विश्वविद्यालय की भूमिका अहम है। किसी भी देश को महान बनाने के लिये अर्थ-शक्ति एवं ज्ञान शक्ति दोनो ही महत्वपूर्ण है।सम्पूर्ण ज्ञानशक्ति के द्वारा अष्टावधान की क्रिया या विधा तकनिक ज्ञान वृद्धि के उत्कृष्ट क्षमता का प्रदर्शन है।

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के 66 वें स्थापना दिवस पर शनिवार को पाणिनि भवन सभागार में भारतीय ज्ञान परम्परा केन्द्र एवं उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विवि उज्जैन के कुलपति प्रो. विजय कुमार मेनन ने व्यक्त किया।

विशिष्ट अतिथि अन्तरराष्ट्रीय कवि पद्मश्री प्रो अभिराज राजेन्द्र मिश्र ने कहा कि अवधान की यह क्रिया या विधा यहाँ पर दशकों बाद करके इस विधा का पुनर्स्थापना का प्रयास है। केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान के कुलपति प्रो गेसे नवांग समतेन ने कहा कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना में तिब्बती संस्थान भी समाहित है।

अष्टावधान की विधा प्राचीन शास्त्रों मे निहित ज्ञानराशि है। दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के प्रो रहसबिहारी द्विवेदी ने अष्टावधान एक साहित्यिक चर्चा है यहां एक विद्वान की बुद्धि का परिक्षण अन्य आठ विद्वानों द्वारा किया जाता है। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,शृंगेरी कर्नाटक परिसर के अष्टावधानी डॉ. उमामहेश्वर एनड्डने ने भी प्रकाश डाला। अध्यक्षता संपूर्णानंद विवि के कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने की। कहा कि अतिविशिष्ट और प्रसिद्ध अष्टावधानी डॉ. उमाशंकर एन शृंगेरी के द्वारा भारत में विलुप्त हो रहे विधा को जागृत करने के ऊद्देश्य से यह विशेष ज्ञान शाखा को प्रदर्शित कर जागृत कर रहे हैं।

## कालभैरव बाबा का हुआ भव्य शृंगार



**वाराणसी।** काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव का शनिवार को भव्य शृंगार किया गया। बाबा का दर्शन करने को लेकर मंदिर में भक्तों की भीड़ जमा थी। इस मौके पर भंडारा के साथ ही गायन का भी आयोजन किया गया था। बाबा का दर्शन करने को लेकर सुबह से लेकर रात्रि तक लोगों की लाइन लगी थी। शृंगार का दर्शन रात्रि तक चलता रहा। बाबा की आरती महंत सुमित उपाध्याय ने की।



### वासंतिक नवरात्र में कल

वासंतिक नवरात्र के नौ गौरी के दर्शन-पूजन के क्रम में छठें दिन सोमवार को मां ललिता गौरी का दर्शन-पूजन करने का विधान है। मां ललिता गौरी का मंदिर ललिताघाट स्थित गंगा तट पर स्थित है। ललिता गौरी अपने सौंदर्य, लालित्य के चलते बाबा विश्वनाथ को अत्यन्त प्रिय हैं। इनके नेत्रों के विलक्षणता के कारण ही इनका नाम ललिता पड़ा। इनके पूजन से मानव के असाध्य मनोकामनाओं की पूर्ति तत्काल संभव है। नौ दुर्गा के दर्शन-पूजन के क्रम में शक्ति के उपासक छठें दिन कात्यायनी देवी का दर्शन-पूजन करेंगे। देवी का मंदिर संकठा गली स्थित आत्म विशेश्वर मंदिर में स्थित है।

# वाराणसी



# टीबी पर ग्लोबल साउथ की आवाज बनने को भारत तैयार-डॉ.मंडाविया

**स्टॉप टीबी पार्टनरशिप बैठक**

**टीबी मरीजों का पता लगाने, गणितीय मॉडलिंग, डिजिटल क्रियाकलाप और निगरानी में नवाचार से भारत जमीनी स्तर पर असाधारण काम कर रहा है**

**दुनिया को हेल्थ सेवा के करीब लाने के लिए भारतीय नवाचार विचारों और रणनीतियों का अनुकरण करना चाहिए: डॉ. लुसिका डिटियू**





स्टॉप टीबी बोर्ड की बैठक को संबोधित करते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया

**वाराणसी।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शनिवार को स्टॉप टीबी पार्टनरशिप की 36वीं बोर्ड बैठक को संबोधित करते हुए कहा, हमने भारत में टीबी को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अटूट प्रतिबद्धता देखी है। हम टीबी के खिलाफ सहयोग आधारित लड़ाई में आगे बढ़कर नेतृत्व करने और ग्लोबल साउथ की आवाज बनने के लिए तैयार हैं।

नदेसर स्थित एक तारांकित होटल में अयोजित स्टॉप टीबी पार्टनरशिप की 36वीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मंनसुख मंडाविया ने कहा, भारत ने जी20 की अध्यक्षता के तहत तीन महत्वपूर्ण स्वास्थ्य प्राथमिकताओं की पहचान की है। ये सभी व्यापक स्वास्थ्य कवरेज पर केंद्रित हैं और टीबी उन्मूलन के लिए हमारे प्रत्युत्तर के लिए प्रासंगिक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि टीबी मरीजों का पता लगाने, गणितीय मॉडलिंग, डिजिटल क्रियाकलाप और निगरानी में नवाचार के माध्यम से भारत जमीनी स्तर पर असाधारण काम कर रहा है। उन्होंने कहा भारत को इस तरह की अच्छी प्रथाओं को दोहराने के लिए अन्य देशों के साथ तकनीकी सहायता साझा करने में खुशी होगी। उनके साथ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार भी उपस्थित थीं।

### यूनाइटेड नेशन की बैठक में हो टीबी टीके का जिक्र

बोर्ड की बैठक में वार्ता की गयी कि इस बीमारी के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने स्टॉप टीबी पार्टनरशिप बोर्ड से इस पर विचार-विमर्श करने और इस आगामी सितंबर में आयोजित व्यापक स्वास्थ्य कवरेज पर संयुक्त राष्ट्र की उच्च स्तरीय बैठक में इस मामले को उठाने का आग्रह किया। डॉ. मांडविया ने कहा, टीबी के टीके की तत्काल आवश्यकता है। डॉ. मांडविया ने कहा कि इसके संक्रमण को तेजी से ट्रैक करना, विनिर्माण क्षमताओं का विस्तार करना और इसकी आसान पहुंच के संदर्भ में अन्य देशों की मदद करना भी महत्वपूर्ण है।

### बोर्ड की डॉ.लुसिका ने भारत की सराहना

डॉ. लुसिका डिटियू ने जोर देकर कहा कि टीबी को खत्म करने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि भारत की प्रगति दुनिया को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने "नि-क्षय डेटा के बहुत परिष्कृत मॉडलिंग" के लिए भी भारत की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा को लोगों के करीब लाने के लिए उनके नवाचार, विचार और रणनीति ऐसी है, जिसका पूरी दुनिया अनुकरण कर सकती है। स्टॉप टीबी पार्टनरशिप बोर्ड ने देश के भीतर साक्ष्य सहित टीबी संक्रमण के बोझ के बारे में भारत के आकलन की सराहना की। कार्यक्रम में टीबी प्रभावित समुदायों और नागरिक समाज की जवाबदेही रिपोर्ट घातक असमानता को दूर करने की प्राथमिकताएं का भी विमोचन किया गया।

### इनकी रही सहभागिता

बोर्ड की बैठक में स्वास्थ्य मंत्रालय की अपर सचिव रोली सिंह, विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण-पूर्वी एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. पूनम खेत्रपाल सिंह, स्टॉप टीबी पार्टनरशिप के वाइस चेयरऑस्टिन एरिंज ओबीइफुना, स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव डॉ. अशोक बाबू, स्वास्थ्य मंत्रालय के केंद्रीय टीबी प्रभाग के उप महानिदेशक डॉ. राजेंद्र जोशी, स्वास्थ्य मंत्रालय के केंद्रीय टीबी प्रभाग के सहायक महानिदेशक डॉ. राव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहें।

### प्रतिनिधियों ने वेलनेस सेंटरों व ग्राम पंचायतों को देखा



इसके पूर्व सभी देशों के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीय के नेतृत्व में स्टॉप टीबी पार्टनरशिप के हेड, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य उत्तर प्रदेश पार्थ सारथी सेन शर्मा सहित स्टॉप टीबी पार्टनरशिप के उच्च अधिकारियों और विशिष्ट अतिथियों ने आदर्श ब्लॉक सेवापुरी, काशी विद्यापीठ, हरहुआ, बड़ागांव के आयुष्मान भारतझहेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और ग्राम पंचायत भवनों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) और ग्राम प्रधानों से सामुदायिक स्तर पर क्षय रोग मुक्त करने को लेकर किए जा रहे विभिन्न प्रयासों, ई संजीविनी के जरिये टेली कंसल्टेशन, हर माह 15 तारीख को मनाए जाने वाले एकीकृत निक्षय दिवस, परिवार कल्याण कार्यक्रम, मातृ व शिशु स्वास्थ्य, किशोर-किशोरी स्वास्थ्य, वृद्धजन स्वास्थ्य, संचारी व गैर संचारी रोग नियंत्रण आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इसके साथ ही गोद लिए गए क्षय रोगियों को पोषण पोटली भी प्रदान की और उनके पोषण, स्वास्थ्य उपचार के बारे में जानकारी ली। जहां सभी को बताया गया कि हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की शुरूआत प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत के अन्तर्गत किया गया है, जो ग्राम सभा के लोगों को लाभान्वित करती है। इस सेन्टर पर विभिन्न तरह की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जाती है। जिनमें मातृ एवं शिशु जन्म देखभाल, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य, गैर संचारी रोग, संचारी रोग, ट्यूबरकुलोसिस सहित रोग निरोधात्मक एवं उपचारात्मक सेवाएं शामिल है। सभी तरह की प्राथमिक दवाएं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर उपलब्ध है जिनका विवरण यहाँ बोर्ड पर अंकित रहता है। प्रत्येक माह की 15 तारीख को एकीकृत निःक्षय दिवस के माध्यम से जन समुदाय को टीबी के बारे में जागरूक तथा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना समारोह पूर्वक किया जाता है।

### पत्रकारों से हुए मुखातिब डॉ.मनसुख

बोर्ड की बैठक के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि चालीस देशों ने भारत के निक्षय मित्र की सराहना की है। उन्होंने भी अपने यहां निक्षय मित्र बनाने की बात स्वीकर किया है। बताया कि सभी देशों के प्रतिनिधियों ने भारत द्वारा पांच साल पूर्व टीबी खात्मे के टारगेट की सराहना की। बताया कि अब स्टाप टीबी बोर्ड ने इस बात को सुनिश्चित किया है कि टीबी मुक्त के लिए भारत बोर्ड का प्रतिनिधित्व (अध्यक्षता ) करेगा।

### जन औषधि केंद से नकली दवाओं पर अंकुश

पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि नकली दवाओं पर अब पूरी तरह से अंकुश लग चुका है लेकिन अगर कहीं है तो उसी पर अंकुश लगाने के लिए ही जन औषधि केंद्र की स्थापना की गयी है।

चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
नवरात्रि की पांचवी देवी मां स्कंदमाता का मंत्र
सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

आप सभी को चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं
Ph.: 8318030309, CALL : 1800 266 2024
E-mail : simlia75@gmail.com
Dr. Manoj Gupta's
COSMETOLOGIST, TRICHOLOGIST
रुद्रा होम्योपैथी
MD, BHMS, CCPH & SCPH (TRICHOLOGIST)
In Front of Anand Mandir
Cinema Hall Teliabagh, Varanasi
Branch : Bari Bazar, Bunkar Market
Near Post Office, Varanasi

ज्योतिष साधना केन्द्र
डा. शालिनी कृष्णा खरे (दैवज्ञश्री)
Mob.: 9838982686, 9415204487, 7398017415

समस्त काशीवासियों को हिन्दू नव वर्ष व चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं
शिवशक्ति सामाजिक कल्याण समिति
अभिमन्यु सिंह
प्रदेश अध्यक्ष
शिवशक्ति सामाजिक कल्याण समिति
उत्तर प्रदेश वाराणसी

### मां कूष्मांडा से भक्तों ने मांगा आशीष

**वासंतिक नवरात्र**

**मां दुर्गा से की सुख-समृद्धि व मंगल की कामना**



**वाराणसी।** वासंतिक नवरात्र के चौथे दिन शनिवार को नौ दुर्गा के दर्शन-पूजन करने के क्रम में श्रद्धालुओं ने दुर्गाकुंड स्थित मां कुष्मांडा देवी का दर्शन-पूजन कर सुख-समृद्धि एवं अपने परिवार के मंगल की कामना की। श्रद्धालुओं ने देवी भगवती को नारियल, चुनरी व अड़हुल की माला अर्पित किया। कुष्मांडा देवी का दर्शन-पूजन करने के लिए मंदिर से लेकर बाहर कुंड तक दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लगी रही। हर कोई मां भगवती का दर्शन-पूजन करने को लालायित था। मंदिर में दर्शन-पूजन करने के लिए भोर से ही दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लगी रही। मंदिर के बाहर नारियल, चुनरी व अड़हुल की माला की दुकानें सजी थी। जहां पर सुबह से ही खरीदारी चल रही थी। मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस के जवानों व महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी थी। मंदिर में दर्शन का क्रम भोर से प्रारंभ होकर रात्रि मंदिर का कपाट बंद होने तक चलता रहा। इस अवसर पर मां भगवती का फूलों से भव्य शृंगार भी किया गया था।



दुर्गाकुंड स्थित मां कूष्मांडा देवी के मंदिर में लगीं रहीं लंबी कतारें

# शृंगार गौरी का श्रद्धालुओं ने किया दर्शन

**ज्ञानवापी में उमड़े**

**साल भर में एक ही दिन मिलता है मां का दर्शन**

**पुरुषों संग महिलाओं की भी रही भीड़**



ज्ञानवापी शृंगार गौरी का दर्शन-पूजन करने जाते भक्त



वादी महिलाओं ने भी की पूजा

**वाराणसी।** वासंतिक नवरात्र के चौथे दिन शनिवार को ज्ञानवापी परिसर स्थित शृंगार गौरी का हजारों श्रद्धालुओं ने मत्था टेक कर दर्शन-पूजन किया। ज्ञानवापी परिसर में मंदिर स्थित होने के कारण वर्ष में एक बार ही श्रद्धालुओं को दर्शन का मौका मिलता है। मां शृंगार गौरी का सिर्फ झलक पाने को श्रद्धालुओं का रेला उमड़ा रहा। ऐसी मान्यता है कि देवी शृंगार गौरी का पूजन करने से श्रद्धालुओं के जीवन में सभी प्रकार की सुख समृद्धि आती है। मूलतः शृंगार गौरी वैभव और सौंदर्य की देवी मानी जाती हैं।

नवरात्र के चौथे दिन शृंगार गौरी के पूजन की मान्यता है। पूजन की मान्यता होने के साथ ही देवी कुष्मांडा की पूजा की भी काशी में परंपरा है। मगर, गौरी के प्रतीकों का काशी में चैत्र नवरात्र में अधिक मान रहा है। इस लिहाज से काशी के अलग-अलग स्थानों पर मौजूद मां गौरी के स्वरूपों की पूजना का विधान माना गया है। चैत्र नवरात्र की चतुर्थी पर काफी संघर्षों के बाद वर्ष 2004 में एक दिन के दर्शन पूजन के लिए मंदिर खुला। तब से आज तक इस परंपरा को काशीवाशी निभाते चले आ रहे हैं। चैत्र नवरात्र के चौथे दिन शनिवार को शृंगार गौरी के दर्शन का सिलसिला आरंभ हुआ। चौक स्थित चित्रा सिनेमा के पास श्रद्धालुजन एकत्रित होकर हाथों में पूजन सामग्री लेकर माता की जयकार करते हुए गुलशन कपूर के नेतृत्व में ज्ञानवापी पहुंचे। सर्वप्रथम माता का ज्ञानवापी कूप के जल से स्नान कराया गया। तत्पश्चात फूलों से श्रृंगार किया गया। इसके बाद माता को सिंदूर अर्पण कर विविध मिष्ठान का भोग लगाया गया। आरती के दौरान पूरा परिसर मां के जयकारे से गूंज उठा। भक्तों ने मां को माला-फूल, प्रसाद, नारियल और चुनरी अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। सुहागिन महिलाओं ने भी मां को श्रृंगार का सामान अर्पित कर अखंड सुहाग की कामना की। सभी ने माता रानी से विश्व कल्याण, मानव समाज की रक्षा व भव्य माता का मंदिर निर्माण के लिए प्रार्थना किया। मंदिर प्रशासन द्वारा मुख्य द्वार बंद रखने और माता के पास छज्जा की व्यवस्था न किए जाने के कारण शिकायत भी दर्ज कराई गई।

### मां शृंगार गौरी केस की वादी महिलाओं ने की पूजा

कोर्ट में लंबित मां श्रृंगार गौरी केस की वादी महिलाओं ने चैत्र नवरात्र के चौथे दिन माता श्रृंगार गौरी का दर्शन-पूजन किया। वादी महिलाएं और उनके वकील विष्णुशंकर जैन सहित अन्य बड़ी संख्या में लोग श्रृंगार गौरी के दर्शन करने पहुंचे। दर्शन-पूजन के बाद वादी महिलाओं ने कहा कि अभी उन्हें सिर्फ माता की चौखट के दर्शन हुए हैं। आगे हमें रोजाना दर्शन करने की भी अनुमति मिलेगी। हम लोगों ने कोर्ट से ज्ञानवापी में नियमित दर्शन-पूजन की मांग की है। उस पर जल्द फैसला आए और हम सभी हर रोज यहां पर माता के दर्शन कर सकें। आज हमारी यही कामना है।

### सदस्य पदों के लिए किया नामांकन

**चिरईगांव।** स्थानीय विकास खंड के सहकारी संघ सथवां, बरियासनपुर, बर्थराकला और जाल्हूपुर में सहकारी संघों के संचालक मंडल सदस्य पदों के लिए हो रहे इलेक्शन के तहत शनिवार को 31 नामांकन-पत्र दाखिल किये गये। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता दिलीप कुमार सोनकर ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सहकारी संघ के संचालक मंडल के सदस्य पद के लिए सहकरी संघ सथवां से 9, बरियासनपुर से 9, बर्थराकला से 6 और जाल्हूपुर संघ से 7 लोगों ने पर्चा दाखिल किया। नामांकन-पत्रों की जांच रविवार को संघ कार्यालय पर होगी। मतदान आगामी 29 मार्च को संबंधित संघ पर ही होगा।

### सचिवों-ग्राम प्रधानों पर एक्शन

**वाराणसी।** विकास भवन सभागार में शनिवार को सीडीओ हिमांशु नागपाल ने पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की। उसमें ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन यानि एसएलडब्लूएम से जुड़े दो कंसल्टिंग इंजीनियरों की कार्य में सुस्ती पर सेवा समाप्त किये जाने के बारे में जवाब-तलब किया गया। परियोजना में खराब प्रगति वाले गांवों के सचिवों वेतन रोकने, 40% से कम धनराशि व्यय वाले डेढ़ दर्जन ग्राम पंचायतों के प्रधानों व सचिवों से स्पष्टीकरण मांगा गया।

# वैश्विक मंच पर अपना वैभव बिखेर रही काशी : डॉ. नीलकंठ तिवारी

**पत्रकार वार्ता**

**योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के एक साल पूर्ण होने पर विधायक ने गिनाईं उपलब्धियां**

**पिछले आठ साल में जिले में 17822.68 करोड़ की लागत से 1243 परियोजनायें हुईं पूर्ण**

**जनसंदेश न्यूज**



सर्किट हाउस में शनिवार को विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी की पत्रकार वार्ता के दौरान सूचना विभाग की पुस्तक का विमोचन किया गया

**वाराणसी।** सूबे की योगी सरकार ने अपने छह साल के अब तक के कार्यकाल में काशी के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी। यह शहर उत्तरोत्र विकास के पथ पर है। यहां शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को दिया जा रहा है। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने बीमारू प्रदेश कहे जाने वाले यूपी को उत्तम प्रदेश बना दिया है। काशी आर्थिक-सांस्कृतिक रूप से वैश्विक मंच पर अपना वैभव बिखेर रही है।

राज्य सरकार के दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को सूबे के पूर्व मंत्री एवं शहर दक्षिणी विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी।

उन्होंने शासन की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था का भय मुक्त माहौल बना है। अपराधी अपराध करना तो दूर अपराध करने को सोच भी नहीं सकते। इधर, काशी विश्वनाथ मंदिर में बीते एक साल में सात करोड़ से अधिक श्रद्धालु आए। वाराणसी का चहुंमुखी विकास हो रहा है। कई परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं।

उन्होंने बताया कि पिछले आठ वर्षों में जनपद में 17822.68 करोड़ रुपये की लागत से कुल 1243 प्रोजेक्ट पूर्ण कराए गये।

वर्तमान में 50 लाख रुपये से अधिक लागत की करीब 364 परियोजनाएं 11842.33 करोड़ रुपये से निर्माणाधीन हैं। जिले में एकओर अवस्थापना सुविधाओं का विकास तेजी से कराया गया है तो दूसरी ओर, शिक्षा, श्रम, रोजगार, चिकित्सा आदि सेवा क्षेत्रों में भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इससे जनपद का विकास नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

डॉ. तिवारी ने जनता तक पहुंचायी गयी शासन की तमाम योजनाओं का ब्योरा पेश करते हुए बताया कि ग्लोबल इंवेर्स्टर्स समिट के जरिये 448 उद्यमियों ने 137760 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। ओडीओपी स्कीम में 187, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 154 और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 105 उद्यमियों को मार्जिन मनी बांटी गयी है। इस अवसर पर सूचना विभाग की पुस्तिका का विमोचन और ओडीओपी योजना में पात्रों को टूल किट का वितरण हुआ। पत्रकार वार्ता में विधायक सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. अवधेश सिंह एवं टी. राम, भाजपा जिला-महानगर अध्यक्ष, डीएम एस. राजलिंगम, सीडीओ हिमांशु नागपाल भी थे।

### ये हैं निर्माणाधीन परियोजनाएं

एनएच-19 वाराणसी-औरंगाबाद मार्ग का 6 लेन चौड़ीकरण 2884 करोड़, रिंग रोड फेज-2 पैकेज-2 संदहा से अलीनगर एनएच-19 तक निर्माण 949 करोड़, एनएच-56 वाराणसी से जौनपुर तक 4 लेन चौड़ीकरण 819 करोड़, मोहनसराय-कैंट मार्ग 6 लेन चौड़ीकरण-सुदृढ़ीकरण 412.53 करोड़, वाराणसी-भदोही मार्ग 8.6 किमी 4 लेन चौड़ीकरण-सुदृढ़ीकरण 269.10 करोड़, कचहरी-आशापुर-संदहा मार्ग 4 लेन चौड़ीकरण-सुदृढ़ीकरण 241.80 करोड़, कालीमाता मंदिर- वाराणसी-आजमगढ़ मार्ग 4 लेन चौड़ीकरण-सुदृढ़ीकरण 218.66 करोड़, पड़ाव-टेंगरा मोड़ रामनगर तक 6.85 किमी 4 लेन चौड़ीकरण-सुदृढ़ीकरण 198.54 करोड़, शिवपुर-फुलवरिया-लहरतारा 4 लेन तथा उस पर 2 आरओबी 4 स्पेशल एवं 5 सी निर्माण 325.59 करोड़, कज्जाकपुरा आरओबी 144.53 करोड़, बाबतपुर में आरओबी 32.77 करोड़, सारनाथ बौद्ध सर्किट विकास 72.63 करोड़, पंचकोशी परिक्रमा यात्रा मार्ग विकास 39.20 करोड़, पावन पथ निर्माण 24.32 करोड़, पांच वार्डों की विकास 27.33 करोड़ आदि।

रिटेल डायरेक्टरी
शिव रुद्राक्ष
अनुसंधान केन्द्र (प्रा. लि.)

जनसंदेश टाइम्स
मेडिकल डायरेक्टरी

मानसिक रोग, नशा मुक्ति व सेक्स रोगों का संपूर्ण इलाज
डॉ. प्रदीप चौरसिया
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (न्यूरोसाइकाइट्री)
(आई.एम.एस., बी.एच.यू.)
मस्तिष्क व मानसिक रोग विशेषज्ञ
सरदर्द, माइग्रेन, बेहोशी, डिप्रेशन, OCD, मिर्गी, घबराहट, तनाव, याद्दाश्त व एकाग्रता में कमी, शंका करना, सिजोफ्रेनिया, बाइपोलर, डिमेंशिया, अल्जाइमर इत्यादि.
गंगोत्री हॉस्पिटल 7518 5555 44/ 7317 5555 44
लेन नंबर- 4, गुरुधाम कॉलोनी, गुरुधाम क्रासिंग के पास, वाराणसी

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
लेप्रोस्कोपिक, मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
अत्याधुनिक लिथोट्रिप्सी मशीन द्वारा गुर्दे की पथरी का बिना आपरेशन सफल इलाज
डा. विनोद कुमार
सा. 6/174 ए-बी, अकथा, गाजीपुर रोड, पहड़िया, वाराणसी
मो0: 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586160

# री-एक्जाम के लिए छात्रों का धरना

**बीएचयू**

### बीएससी कृषि के छात्रों में है गहरी नाराजगी

### बोले, एक दिन में करा दी गयी तीन परीक्षाएं

### लगातार परीक्षा के चलते कई छात्र हो गए फेल

जनसंदेश न्यूज



बीएचयू स्थित कृषि विभाग के डायरेक्टर कार्यालय के समक्ष धरना देते छात्र

**वाराणसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले कृषि विभाग-बीएचयू के बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र विभागीय डायरेक्टर आफिस का ताला बंद कर शनिवार को भी धरना दिया। छात्रों का कहना है कि पहले सही तरीके से दोबारा परीक्षा कराई जाए। उसके बाद हम अपना विरोध प्रदर्शन खत्म करेंगे।

छात्रों ने आरोप लगाया है कि परीक्षा में अनियमितता के साथ-साथ एक ही दिन में तीन पेपर कराए गए। लगभग 25-30 छात्र छात्राएं इसमें फेल कर दिए गये हैं। छात्रों का यह भी कहना है कि हमारा एग्जाम समय से पहले हुआ। हमें री-एग्जाम के लिए महज एक हफ्ते का समय दिया गया। ऐसा विश्वविद्यालय के इतिहास में कभी नहीं हुआ और उससे बड़ा बात का ताला लगा है कि एक ही दिन में तीन परीक्षा दे रहे थे।

छात्रों का कहना रहा कि हम सभी पूर्वाह्न नौ बजे से शाम छह बजे तक लगातार परीक्षा दे रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हमारे नंबर भी सही तरीके से नहीं दिए गए। जिसकी वजह से 25 से 30 छात्र-छात्राएं फेल हो गए हैं।

छात्रों ने बताया कि हम लोगों ने पिछले कई दिनों से संबंधित अधिकारियों और अध्यापकों को पत्रक भी दिया, लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

मजबूरन हमें विरोध प्रदर्शन करना पड़ रहा है। हम लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए अभी तक विवि का कोई अधिकारी भी नहीं आए हैं और ना ही इस पर किसी ने अपने विचार रखे हैं। छात्रों ने चेतावनी दी कि हम लोगों का री-एग्जाम कराया जाए अन्यथा हम बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## पीएचसी पर लगा वृहद मानसिक स्वास्थ्य शिविर

**वाराणसी।** मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समुदाय को जागरूक उचित उपचार व परामर्श प्रदान करने के उद्देश्य से नीति आयोग के आदर्श विकासखंड सेवापुरी के पीएचसी सेवापुरी पर शनिवार को वृहद मानसिक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ जनपदीय प्रधान संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने किया। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि सरकार निरंतर प्रयासरत है कि समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके नीति आयोग के आदर्श ब्लॉक सेवापुरी में निरंतर विकास हो रहा है। महिलाओं और बच्चों को स्वस्थ रखना सरकार की प्राथमिकता है। आशा कार्यकर्ताओं के जरिए सभी को स्वास्थ्य योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ दिया जा रहा है। महिलाओं को दृष्टिगत रखते हुए लगातार सेवा में विस्तार किया जा रहा है। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य शिविर में आए हुए मरीजों का धन्यवाद दिया गया तथा मानसिक रोगियों के प्रति दया भाव के साथ ही उनके स्वभाव के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना, मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति के साथ बुरा व्यवहार नहीं करना चाहिए आदि के बारे में संदेश दिए।

# सबका साथ सबका विकास समावेशी शिक्षा की आधारशिला

**बोले प्रो.सुरेन्द्र राम**

### सारनाथ डायट पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सेमिनार



**वाराणसी।** सारनाथ स्थित डायट पर शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विविध पक्ष और सम्भावनाएं विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के प्रोफेसर सुरेन्द्र राम ने विवेकानंद, गांधीजी, अम्बेडकर के जीवन दर्शन की संगत विवेचना करते हुए शिक्षानीति में समावेशी शिक्षा के विविध आयाम पर मंथन प्रकट किया और कहा कि शिक्षक को एक गुड प्रोफेशनल, गुड प्रैक्टिशनर, साथ ही साथ गुड ह्यूमन होना चाहिए।

एनईपी में संकल्पित नो रिजेक्शन पॉलिसी व भारत सरकार की सबका साथ सबका विकास की नीति को समावेशी शिक्षा की आधारशिला बताया। बीएचयू के प्रोफेसर अजय कुमार सिंह ने प्राचीन से लेकर अर्वाचीन तक की भारतीय संस्कृति के वैश्विक परिदृश्य की विविध विवेचना की और शिक्षा नीति में भारत को विश्व गुरु बनाने की संकल्पित योजना का खाका प्रस्तुत किया। रामजन्म यादव ने शिक्षानीति में भाषा परिप्रेक्ष्य पर चर्चा की। प्रवक्ता नरसिंह मौर्य मल्टीलिंगुअलिज्म के संज्ञानात्मक पक्षों को एनईपी के आलोक में विवरण प्रस्तुत किया। यूपी कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर विनोद कुमार ने समावेशन की चुनौतियां पर और एसोसिएट प्रोफेसर लता ने बेसिक शिक्षा में संवेदनशील छात्र सहभागिता संवर्धन की चर्चा की। डायट प्राचार्य उमेश कुमार शुक्ल ने शिक्षकों और प्रशिक्षकों की बहुआयामी जिम्मेदारियों का वर्णन करते हुए कहा कि शिक्षक मोमबत्ती नहीं बल्कि सूर्य के समान है। आनंददाई ढंग से सीखना और निरंतर सीखते रहना शिक्षा ही नई शिक्षा नीति का मार्गदर्शक सिद्धांत है, जिससे सार्वभौमिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सेमिनार में राजेंद्र प्रसाद, सरिता राय, धर्मपाल कुमार, अनुराग त्रिपाठी, सुचिता शर्मा, और प्रशांत कुमार मौर्य व नरसिंह मौर्य के शोध पत्र गए धन्यवाद ज्ञापन डॉ एस के त्रिपाठी ने किया। संचालन में नरसिंह मौर्य, लालधारी यादव, और अरविंद सिंह का योगदान रहा। कार्यक्रम में सभी डायट प्रवक्ता, प्रवक्ता वरिष्ठ, के साथ- साथ प्राथमिक शिक्षक व डीएलएड प्रशिक्षु, एआरपी और एसआरजी उपस्थित रहे।

## नवरात्र पर हुई भवानी दयानी की प्रस्तुति

**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर, में कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह ए बनारस के तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में मुम्बई से पधारी युवा कलाकार सुश्री प्राजक्ता काकतकर का गायन हुआ। उनके साथ संवादिनी पर अभिजीत काकतकर एवं तबला पर प्रसाद काकतकर ने संगत की। प्राजक्ता ने गायन का आरंभ महादेव महेश्वर त्रिशूल त्रिपुरान्तक गणेश से की। अगली प्रस्तुति हिंडोल में गावत सब रही।

कबीरदास रचित भजन घट घट बोलता के गायन से भक्तिभाव का संचार किया। समापन उन्होंने राग भैरवी में झपताल में निबद्ध भवानी दयानी की प्रस्तुति से हुई। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संग्रहालय अध्यक्ष दीन दयाल हस्तकला संकुल अजय श्रीवास्तव दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संचालन डॉ प्रीतेश आचार्य व कार्यक्रम की संकल्पना और संयोजन डॉ रत्नेश वर्मा का रहा।

# ब्रह्मराष्ट्र एकम की ओर से मनाया गया हिंदू नववर्ष





**वाराणसी।** 'ब्रह्मराष्ट्र एकम' की ओर हिंदू नववर्ष मनाया गया। इस दौरान डुमराव बाग से अस्सी घाट तक शाम चार बजे से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। एमएएसी की ओर से शाम पांच बजे 'सुर काव्य का आयोजन हुआ। मिश्रा बंधु (गायक प्रयागराज) ने भजन व गीतों से लोगों का मन मोहा। कार्यक्रम में प्रख्यात कवि गजेंद्र सोलंकी (दिल्ली), डॉ. सुरेश अवस्थी (कानपुर) गौरी मिश्रा (नैनीताल) सूरज मणि त्रिपाठी, सुश्री कविता तिवारी, गौरव चौहान (इटावा), साक्षी तिवारी (लखनऊ) और अशोक अज्ञान (बनारस) मौजूद रहे। संचालन प्रिया मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सचिन मिश्र ने किया। कार्यक्रम के प्रायोजक श्रीप्रियास सालोन व स्ट्रेंथ अप जिम रहा। इस मौके परब्रह्मराष्ट्र एकम से सतीश चंद्र मिश्रा, दिवाकर द्विवेदी, रवींद्रनाथ मिश्र, शिवदत्त द्विवेदी, धीरेंद पांडेय, श्रवण मिश्र समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक विकास भवन सभागार में हुई। बैठक में जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत जनपद में पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष की कम उपलब्धि के लिए नाराजगी व्यक्त की गई। जिसके लिए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पिंडरा व बड़ागांव को जल्द से जल्द शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए चेतावनी दी गई। इसके अलावा जनपद में हुई मातृ मृत्यु के कारणों की जानकारी सही तरीके से प्राप्त कर अवगत कराने के लिए सभी चिकित्सालय प्रभारियों को निर्देशित किया ताकि भविष्य में इन कारणों को दूर किया जा सके और मातृ मृत्यु को रोका जा सके। डीडीयू चिकित्सालय स्थित एमसीएच विंग और एलबीएस चिकित्सालय रामनगर की प्रथम संदर्भन इकाई (एफआरयू) में मानक के अनुरूप कम सिजेरियन प्रसव किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक में समस्त राजकीय चिकित्सालयों के अधीक्षक, समस्त एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ, डीपीएम, डीसीपीएम, प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी, डबल्यूएचओ, यूनिसेफ व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आविष्कारों व रचनाओं का संरक्षण आवश्यक

**कार्यशाला**

### राजीव गांधी दक्षिणी परिसर बीएचयू में बौद्धिक संपदा अधिकार का आयोजन

जनसंदेश न्यूज



बीएचयू के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित अतिथि व छात्र-छात्राएं

**वाराणसी।** बीएचयू के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में शनिवार को बौद्धिक संपदा अधिकार के बाबत कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें वक्ताओं ने कहा कि अविष्कारों और रचनाओं का संरक्षण आवश्यक है। इसके लिए बौद्धिक संपदा ढांचे में परिवर्तन की आवश्यकता है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ने बताया कि व्यक्तियों को उनके बौद्धिक सृजन के परिप्रेक्ष्य में प्रदान किये जाने वाले अधिकार का मूल उद्देश्य मानवीय बौद्धिक सृजनशीलता को प्रोत्साहन देना है। मनुष्य अपनी बुद्धि से कई तरह के आविष्कार और नई रचनाओं को जन्म देता है। उन विशेष आविष्कारों पर उसका पूरा अधिकार भी है, लेकिन उसके इस अधिकार का संरक्षण हमेशा से चिंता का विषय भी रहा है। यदि हम मौलिक रूप से कोई रचना करते हैं और इस रचना का किसी अन्य व्यक्ति द्वारा गैर कानूनी तरीके से अपने लाभ के लिये प्रयोग किया जाता है तो यह रचनाकार के अधिकारों का स्पष्ट हनन है। उन्होंने बताया कि भौगोलिक संकेतक से अभिप्राय उत्पादों पर प्रयुक्त चिह्न से हैं। इन उत्पादों का विशिष्ट भौगोलिक मूल स्थान होता है और उस मूल स्थान से संबद्ध होने के कारण ही इनमें विशिष्ट गुणवत्ता पाई जाती है। भारत की इस वृद्धि को बनाए रखने के लिये भारत को अपने समग्र बौद्धिक संपदा ढाँचे में परिवर्तनकारी बदलाव लाने की दिशा में अभी और काम करने की आवश्यकता है। इतना ही नहीं मजबूत बौद्धिक संपदा मानकों को लगातार लागू करने के लिये गंभीर कदम उठाए जाने की भी जरूरत है।

इस दौरान विद्यार्थियों से प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। संचालन देवांश यादव और आदर्श सिंह ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद डॉ. अमृतलाल खैरे ने दिया। कार्यशाला को राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरुकता अभियान की समन्वयक फरहा बानो, डॉ. आशीष लतारे, डॉ. अशोक यादव,, डॉ. सना, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. गिरीश, डॉ. अभिनव सिंह, डॉ. विशाल श्रीवास्तव आदि ने संबोधित किया।

## संक्षेप

### जैपुरिया स्कूल्स पड़ाव शाखा में बच्चों का दीक्षांत



**वाराणसी।** सेठ एमआर जैपुरिया स्कूल्स बनारस पड़ाव शाखा में प्री.प्राइमरी का अभिभावक शिक्षक व यूकेजी के नन्हें- मुन्ने बच्चों का दीक्षांत समारोह ड्द्रीम्स फॉर टुमॉरोज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास व जिम्मेदारियों का बोध कराना था। कार्यक्रम में नर्सरी की अदिति शुक्ला, मन्नत विश्वकर्मा व समूह ने मैशप समूह नृत्य की प्रस्तुति कर सभी को भावविभोर कर दिया। वहीं एलकेजी की आन्या, कौशिकी, वान्या, रुद्रिका आदि ने जोरदार प्रस्तुति की। विद्यालय के चेयरमैन दीपक बजाज ने कहा कि सफलता का कोई मंत्र नहीं है। यह तो सिर्फ परिश्रम का फल है। प्रबंध निदेशक मनोज बजाज ने कहा कि अपना लक्ष्य खुद तय करो और प्रयास करो कि तुम गिरोगे तो फिर उठना। मत झुकना। इस दौरान यूकेजी के नन्हें-मुन्नों को उपाधि वितरित की गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर निदेशक श्याम सुंदर बजाज, निदेशिका श्रीमती मंजु बुधिया, प्रधानाचार्य आशीष सक्सेना, उप प्रधानाचार्या प्रियंका मुखर्जी आदि मौजूद थीं। संचालन छात्रा यश्वी आर्या व यशश्वी दुबे व शिक्षिका रुचि मिश्रा व विधि श्रीवास्तव ने किया।

### मांग पर खादी प्रदर्शनी की अवधि दो दिन और बढ़ी

**वाराणसी।** मंडलीय कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, तेलियाबाग में आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी में खादी वस्त्रों एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों की भारी बिक्री व आमजनों की मांग को देखते हुए प्रदर्शनी की अवधि को दो दिन अर्थात 28 मार्च 2023 तक बढ़ाया गया है। उक्त प्रदर्शनी में खादी गमछा, चादर, रेडिमेड गारमेंट्स, कुर्ता, धोती,लुंगी, सिल्क साड़ी आदि खादी उत्पादों की ग्राहक खूब खरीदारी कर रहे हैं। प्रदर्शनी में मिलने वाले लेदर के विविध उत्पाद, अचार, मुरब्बा, आयुवेर्दिक दवाइयां, जूट बैग आदि ग्रामोद्योगी उत्पाद भी लोगों में लोकप्रिय हो रहे हैं। 23 मार्च 2023 तक खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों की लगभग 51.10 लाख की बिक्री प्रदर्शनी में की जा चुकी है।

### निकली हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी यात्रा



**वाराणसी।** हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी समिति की ओर से शनिवार को प्रातःकाल प्रभात फेरी यात्रा निकाली गई। कृष्ण कुमार खेमका, विनोद लोहिया ने अखंड ज्योति जलाकर हनुमानजी की आरती की और सभी भक्तों में ध्वजा वितरण किया। प्रभात फेरी प्रातः 5.45 बजे से गुरुधाम स्थित धर्मसंघ क्षेत्रपालेश्वर महादेव मंदिर से हनुमानजी की पूजन अर्चना के साथ शुरू हुई। जो रविंद्रपुरी, दुर्गाकुंड होते हुए संकट मोचन मंदिर तक गई। जहां सभी भक्तों ने संकटमोचन के चरणों में लाल ध्वजा अर्पित किया। तत्पश्चात मंदिर प्रांगण मे हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। महिलाओं ने सजी हुई आरती की थाली से आरती उतारी और सवामनी का भोग लगाया। आयोजन में अध्यक्ष कौशल शर्मा, विश्वनाथ पोद्दार, अरविंद जैन, मनीष गिनोडिया, सुरेश तुलस्यान महेश चौधरी, संजीव अग्रवाल, कृष्ण कुमार काबरा रघुदेव अग्रवाल प्रकाश थाणेवाल अनूप पोद्दार आदि लोग शामिल रहे।

### सहायक आचार्या के यौन शोषण में छात्र निष्कासित

**वाराणसी।** बीएचयू के कुलसचिव (शिक्षण) की तरफ से जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया है कि धर्म व दर्शन विभाग-कला संकाय में एमए प्रथम सेमेस्टर के छात्र प्रशांत शर्मा चातुआ को विश्वविद्यालय से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया गया है। यह कार्रवाई दर्शन व धर्म विभाग में सहायक प्राचार्या की तरफ से की गई शिकायत के संबंध में की गई है। सहायक आचार्य की शिकायत है कि उक्त छात्र ने उनका यौन व मानसिक शोषण किया है। इस बारे में शिक्षिका ने पुलिस चौकी लंका में एफआईआर भी दर्ज कराई है। विद्यार्थियो पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए गठित स्थायी समिति की अनुशंसाओं पर विचार करते हुए कुलपति ने यह आदेश जारी किया है।

### बी. वोक-रीटेल एण्ड लॉजिस्टिक्ट मैनेजमेन्ट का छात्र निष्कासित

**वाराणसी।** बीएचयू के कुलसचिव (शिक्षण) कार्यालय की तरफ जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि बी. वोक-रीटेल एण्ड लॉजिस्टिक्ट मैनेजमेन्ट के छात्र जय प्रकाश जायसवाल को विवि से निष्कासित कर दिया है। साथ ही भविष्य में विवि में शिक्षा के लिए प्रवेश अथवा रोजपार पाने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह कार्रवाई बीते 21 जनवरी 2022 को मंच कला संकाय प्रांगण में हुई घटना के संबंध में की गई है। विद्यार्थियो पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के संबंध में गठित स्थायी समिति की अनुशंसाओं पर विचार करते हुए कुलपति ने यह आदेश जारी किया है।

### फेडरेशन कप कैरम प्रतियोगिता आज से

**वाराणसी।** आल इंडिया कैरम फेडरेशन, उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन, वाराणसी कैरम एसोसिएशन एवं जीवनदीप शिक्षण संस्थान के संयुक्त बैनर तले 27वां ऑल इंडिया फेडरेशन कप कैरम प्रतियोगिता 26 मार्च से शुरू हो रहा है। जीवनदीप शिक्षण संस्थान परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 300 महिला और पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे अंतरराष्ट्रीय कैरम फेडरेशन के अध्यक्ष जोसफ मेयर करेंगे। आयोजन समिति के महासचिव बैजनाथ सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में 24 राज्यों और 11 संस्थानों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। इस दौरान इंटरनेशनल फेडरेशन के महासचिव बीडी नारायण, राष्ट्रीय कैरम महासंघ की महासचिव भारती नारायण, ऑल इंडिया कैरम फेडरेशन के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट डॉ. अशोक सिंह आदि उपस्थित रहेंगे।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा क्षेत्रीय कार्यसमिति की बैठक आज

**वाराणसी।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष अश्विनी कुमार सिंह पटेल ने कहा है कि क्षेत्रीय कार्यसमिति की बैठक रोहनिया स्थित पार्टी कार्यालय में 26 मार्च को अपराह्न एक बजे से आयोजित की गयी है। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डॉ. के लक्ष्मण होंगे। जबकि वक्ता के रूप में परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव, मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष चिरंजीवी चौरसिया आदि होंगे।

### बीएचयू दक्षिणी परिसर के 70 स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान



**वाराणसी।** बीएचयू के बरकछा स्थित राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की तरफ से शनिवार को आयोजित शिविर में 70 स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। डॉ. आशुतोष सिंह ने बताया कि रक्त का दान शरीर के लिए लाभदायक है। रक्तदान तमाम बीमारियों से सुरक्षित रखता है। डॉ. शिलपा पाटिल ने कहा कि रक्तदान महादान है। धन्यवाद देते हुए डॉ. विनीता सिंह ने कहा कि एक दाता का रक्त अनेक मरीजों का जीवन बचा सकता है। शिविर में प्रो. आशीष सिंह, डॉ. त्रिभुवन नाथ आदि ने विचार व्यक्त किये।

## संक्षेप

### भिखारियों को देंगे शासन की योजनाओं का लाभ



**वाराणसी।** जनपद के भिक्षावृत्ति से मुक्त करने के लिए जारी अभियान में भिखारियों की पहचान और उनकी काउंसिलिंग का चरण समाप्त हो चुका है। अब मिलने वाले भिखारियों को पकड़कर आठ-दस दिन के लिए शेल्टर होम रखते हुए उनकी काउंसिलिंग, बेरीफिकेशन, ट्रैकिंग करेंगे। साथ ही उनकी जरूरतों, क्षमताओं, योग्यताओं के अनुसार स्किल डेपलपमेंट, कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने समेत उनके पुनर्वास का क्रम आरंभ होगा। विकास भवन सभागार में शनिवार को डीएम एस. राजलिंगम ने 'भिक्षावृत्ति मुख्त काशी' अभियान की समीक्षा बैठक में यह कहा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भिखारियों के साथ अपराधी जैसा व्यवहार न किया जाय। इस दिशा में सभी मानवीय पहलुओं का ध्यान रखना आवश्यक है। यह देखना होगा कि किन कारणों से वह भीख मांग रहे हैं। मुहिम में यह पहचान की जाय कि भिखारी को किस योजना से जोड़ना है। घरविहीन भिखारियों को डूडा से कांशीराम आवास में घर दें। जब तक वह अपना व्यवसाय नहीं करता तब तक रोटी बैंक से उसके भोजन की व्यवस्था हो। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि यह ध्यान रखा जाये कि इसका जनमानस में गलत संदेश न जाए। नशेड़ी भिक्षुओं का इलाज मुफ्त संचालित नशा मुक्ति केंद्र में कराएं। भिखारियों के कल्याण के लिए खाता खोलें। उसका संचालन क्यूआर कोड डिटेल के साथ प्रमुख स्थानों पर दान देने के लिए लगाकर प्रचार-प्रसार करें।

### स्टेशनों पर गंदगी करने वालों पर जुर्माना

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर के निर्देशन में वाराणसी मंडल में नवसृजित यांत्रिक विभाग द्वारा स्टेशनों पर गंदगी फैलाने वाले यात्रियों, खान-पान वेंडरों एवं रेलवे कैंटीन में गन्दगी से काम करने वाले कर्मियों के खिलाफ शनिवार को अभियान चलाया गया। इस दौरान गंदगी फैलाने वालों से जुमार्ना भी वसूला गया है। वाराणसी मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि साफ सफाई पर नजर रखने के लिए एक नये विभाग को बनया गया है जिसके तहत लगातार लोगों को ट्रेनों व स्टेशनों पर गंदगी ना करने के प्रति जागरुक किया जा रहा है। बताया कि अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रेलवे कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर यांत्रिक अलोक केशरवानी द्वारा नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बताया कि अब तक इस अभियान में वाराणसी मंडल ने 1850 यात्रियों से कुल 1,90,350 रुपये बातौर जुमार्ना वसूले हैं।

### विभागीय लापरवाही से पेयजल को तरस रहे हैं लोग

**सारनाथ।** सारनाथ थाना क्षेत्र के सारंग तालाब में पेयजल समस्या को लेकर क्षेत्रीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और हाथों में बाल्टी व बर्तन लिए महिला व बच्चे सारंग चौराहे को जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम तो खाली कराया। क्षेत्रिय लोगों का कहना है कि लगातार विभागीय स्तर पर इसकी शिकायतें दर्ज कराई जाती रही है, लेकिन ना ही कोई अधिकारी सुनने को तैयार और ना ही कोई जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचकर समस्या को दूर कराने का प्रयास किया। पिछले 9 महीने से क्षेत्र में एक हैंडपंप था जो 2 दिनों से खराब पड़ा हुआ है, जिस कारण हम लोगों को बाल्टी में पानी भर दूरदराज से लाकर अपने जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी सारनाथ धर्मपाल सिंह व पुराना पुल चौकी प्रभारी आदित्य सिंह ने डीएम ऑफिस फोन कर समस्या से अवगत कराया तब जाकर जलकल के जेई आशुतोष यादव मौके पर पहुंचकर आश्वासन दिया कि 24 घंटे के अंदर हैंडपंप बन जायेगा।

### पुस्तक 'देस देस परदेस' का लोकार्पण

**वाराणसी।** अंतरराष्ट्रीय काशी घाटवाक विवि के तत्वावधान में हिंदी के वरिष्ठ साहित्यकार प्रो श्रीप्रकाश शुक्ल की सद्यः प्रकाशित यात्रा संस्मरण की पुस्तक 'देस देस परदेस' का जनार्पण गंगा किनारे की टेंट सिटी में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रसिद्ध न्यूरो चिकित्सक प्रो विजयनाथ मिश्र ने कहा कि ये संस्मरण आने वाली पीढ़ी के लिए मूल्यवान हैं। आरम्भ में लेखकीय वक्तव्य देते हुए पुस्तक के लेखक प्रो श्रीप्रकाश शुक्ल ने कहा कि यात्राएं उनके लिए अज्ञात सड़क पर चलते हुए पैरों के एहसास जैसी हैं। डॉ महेंद्र कुशवाहा ने कहा कि पुस्तक 'देस देस परदेस' जाने हुए भूगोल को नए अंदाज में प्रस्तुत करती है।इसकी भाषा में गहरा आकर्षण है। डॉ विंध्याचल यादव ने कहा कि यह पुस्तक यात्रा में भूगोल, इत्तिहास व संस्कृति की आवाजाही से रची गई है जिसमें जीवन की बहुआयामी छवियां हैं। मौके पर दिवाकर, आर्यपुत्र दीपक, मनकामना पथिक, उदय पाल, आलोक गुप्ता, शुभम, शिवम भी उपस्थित रहे।

# कार्तिक स्टील्स के डीलर मीट में पुरस्कारों की वर्षा



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जिंदल स्टील एंड पावर के चैनल पार्टनर और सम्मानित डिस्ट्रीब्यूटर कार्तिक स्टील्स ने शनिवार को कैण्टोमेण्ट स्थित होटल में अपनी उड़ान वार्षिक डीलर मीट का आयोजन किया। इस बैठक में जिंदल स्टील्स एंड पावर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश के लगभग 175 अधिकृत डीलरों ने भाग लिया।

दीपक जायसवाल, एमडी, कार्तिक स्टील्स ने अतिथियों का स्वागत किया। आलोक मिश्रा कार्यकारी उपाध्यक्ष ईवीपी-इंडिया जिंदल ने डीलरों से मुलाकात की और सबको संबोधित किया।

डीलर्स मीट में पुरस्कार समारोह का भी आयोजन किया गया पुरस्कार आलोक मिश्रा, नवीन गुप्ता, अभिजीत सिंह, सागर शर्मा द्वारा वितरित किए गए। सांस्कृतिक मंच से प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक विपिन सचदेवा द्वारा लाइव म्यूजिकल शो के साथ शमा बांधा, कार्यक्रम का संचालन हर्षिता पाठक एवं अलका राय ने संचालित किया। सुभाष जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रविवार व रामनवमी को भी खुला रहेगा बीएसएनएल काउण्टर

**वाराणसी।** बीएसएनएल उपभोक्ताओं को और भी सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से 26 मार्च रविवार को भी बीएसएनएल काउण्टर खुला रहेगा। इसके साथ ही रामनवमी के दिन भी काउण्टर खुले रहेंगे। इस दौरान उपभोक्ता कलेक्शन काउण्टर और उपभोक्ता सेवा केन्द्र खुले रहेंगे। इससे उपभोक्ता अपने बिलों का भुगतान कर सकेंगे। यह जानकारी बीएसएनएल के पीआरओ अनीश कुमार सिंह ने दी है।

## नवरात्र में स्वच्छता कर्मी महिलाओं का किया सम्मान

**वाराणसी।** स्वागतम काशी फाउंडेशन की ओर से सन् 2023 में 2023 महिलाओं का सम्मान किया जायेगा। जिन्होंने अपनी मेहनत से समाज में और राष्ट्र में एक संदेश दिया है। इस क्रम में नवरात्र के पावन पर्व पर यह कार्यक्रम मां गंगा के पावन तट पर किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता कर्मी महिलाओं का सम्मान किया गया। मान मंदिर घाट पर यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संयोजक अभिषेक शर्मा, घनश्याम जायसवाल, बृजेश सिंह, कौशिक द्रविड़, कुलदीप शुक्ल, कन्हैयालाल सेठ आदि लोग मौजूद थे।

# गंगा पुष्कर मेला की करें आवश्यक तैयारी

**वाराणसी।** जनपद में आगामी 22 अप्रैल से प्रस्तावित गंगा पुष्कर मेला के लिए शनिवार को जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने विकास भवन सभागार में तैयारी बैठक की। यह मेला लगभग दो सप्ताह तक चलेगा। मीटिंग में सीडीओ हिमांशु नागपाल, संबंधित विभागों के अफसर और कई संस्थाओं के प्रतिनिधि रहे।

डीएम ने बताया कि प्रत्येक 11 वर्ष बाद गंगा पुष्कर मेला गंगा तट पर आयोजित होता है। 12 नदियों में से प्रत्येक वर्ष एक नदी पर इस मेला लगता है। 11 वर्ष बाद जिस नदी का क्रम आता है वहां श्रद्धालु स्नान कर पिंड दान और मंदिरों में दर्शन-पूजन करते हैं।श्री राजलिंगम ने कहा कि इस दृष्टि से आगामी अप्रैल में लगने वाले इस मेले के लिए प्रत्येक स्तर पर आवश्यक तैयारियां कर ली जाएं। ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने गंगातट पर सभी स्तर के इंतजाम करने, श्रद्धालुओं को ठहराने के लिए सरकारी स्कूलों, आश्रम, होटल व शेल्टर होम चिह्नित कर लेने, मेडिकल टीम, फायर सेफ्टी, जल पुलिस, रोजवेड आदि के बारे में आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही गोदौलिया से काशी विश्वनाथ मंदिर गेट नं-4 तक ई-रिक्शा का संचालन कराने को कहा।



डीएम एस. राजलिंगम ने विकास भवन सभागार में गंगा पुष्कार मेला संबंधी तैयारी बैठक की

# 80 करोड़ से बनेंगे ऑटोमेटिक सिग्नल

**पहल**

### ट्रेनों को मिलेगी गति, समय की भी होगी बचत

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि ट्रेनों को गति प्रदान करने व संचालन में समय की बचत को उद्देश्य से जल्द ही 80 करोड़ रुपये की लागत से ऑटोमेटिक सिग्नल लगाया जायेगा।

वाराणसी आये सीपीआरओ पत्रकारों को पूर्वोत्तर रेलवे की उपलब्धि की जानकारी दे रहे थे। बताया कि सिगनलिंग के क्षेत्र में दोहरीकरण एवं यार्ड रिमाडलिंग के साथ-साथ स्टेशनों पर वीडीयू पैनल एवं इलेक्ट्रानिक सिगनलों से युक्त ऑटोमेटिक सिगनलिंग का प्रावधान किया जा रहा है। जिससे रेल खण्डों पर गाड़ियों की गति को तीव्रगामी बनाया जा सके। इसी क्रम में गोरखपुर-छपरा व छपरा-प्रयागराज रामबाग रेल खंड पर ऑटोमेटिक सिगनलिंग अपग्रेडेशन हेतु 80 करोड़ रुपए का आवंटन हुआ है। यात्रियों की सुविधा और आरामदायक यात्रा के लिए लगातार काम किया जा रहा है, इस साल रेलवे विद्युतीकरण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 20 फरवरी, 2023 को सुभागपुर-पचपेड़वा ब्रॉड गेज (बीजी) सेक्शन में एनईआर बीजी लाइनों के अंतिम चरण के विद्युतीकरण के पूरा होने के साथ, भारतीय रेल ने उप्र राज्य में सभी बीजी मार्गों का विद्युतीकरण पूरा कर लिया है। इससे रेल कनेक्टिविटी में सुधार होगा और साथ ही क्षेत्र में ट्रेनों की गति में भी सुधार होगा।



### एनई रेलवे में सौ फीसदी विद्युतीकरण

बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे तीव्र गति से विद्युतीकरण प्राप्त करने के लिए लगातार आगे बढ़ा है। पूर्वोत्तर रेलवे ने हाल ही में 20 फरवरी 23 को अपने सभी परिचालन मार्गों का सौ फीसदी विद्युतीकरण हासिल किया। पूर्वोत्तर रेलवे 2413 रूट किमी (3649 ट्रैक किमी के साथ) विद्युतीकरण पिछले पांच वर्षों में किया गया है।

### बनारस समेत 15 स्टेशनों को अमृत भारत

पीआरओ ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत आने वाले कुल 15 अमृत भारत स्टेशनों यथा बनारस, वाराणसी सिटी, मऊ जं., सिवान जं., बलिया, देवरिया सदर, आजमगढ, बेलथरा रोड, गाजीपुर सिटी, सालेमपुर, कप्तानगज, भटनी जं., मैरवॉ, सुरेमानपुर एवं थावे जं. स्टेशनों पर इस योजना के तहत बुनियादी और यात्री सुविधाएं बढ़ाए जाने स्टेशनों पर आधुनिक तकनीकों से लैस उपकरण लगाने व एनजीटी मानकों के अनुरूप रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोलर प्लान्ट यूनिट के साथ पुराने भवनों का फिर से निर्माण स्थानीय कला एवं स्थापत्य के अनुसार कराने एवं नए भवन भी जरूरत के हिसाब से स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुख सुविधाओं का विस्तार किये जाने की योजनाओं का कार्य आरम्भ हो चूका है अगले एक वर्ष में उक्त स्टेशनों का बदला स्वरूप उभरने लगेगा।

# कटानरोधी कार्यों का 'सच' देखने पहुंचे प्रभारी मंत्री

**निरीक्षण**

## 15 जून से पहले कार्य को पूरा करने की चेतावनी

जनसंदेश न्यूज



कटानरोधी कार्यों का निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु एवं डीएम रवीन्द्र कुमार

**बैरिया/मझौवां।** ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर दूबेछपरा में हो रहे कटानरोधी कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी की शिकायत किया था। इसका संज्ञान लेते हुए जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु शनिवार को जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार के साथ दूबेछपरा में चल रहे कटानरोधी कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने कटानरोधी कार्यों का जायजा लिया और बाढ़ विभाग के अधिशासी अभियंता संजय मिश्र को उचित दिशा-निर्देश दिया। चेताया कि 15 जून से पहले हर हाल मे यहां का कार्य पूरा हो जाना चाहिए।

प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु एवं जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार हुकुम छपरा गंगा तट पर क्षतिग्रस्त हुए स्पर संख्या पाइंट 26,300 के मरम्मत कार्य का जायजा लिया। वही, सोनार टोला, बनिया टोला, बहादुर बाबा स्थान के पास गंगापुर में गहनता से निरीक्षण करने के उपरांत बाढ़ विभाग अधिशासी अभियंता से पूछा कि यहां जो पत्थर डाले गए हैं, इसमें गैप क्यो है। इसको भरने के लिए क्या किया जाता हैं। इस पर अधिशासी अभियंता ने बताया कि बाढ़ आने पर इसमे मिट्टी भर जाता है। इस पर प्रभारी मंत्री ने नाराजगी जाहिर की।

कहा कि उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य हो। जहां गैप है, उसमें भस्सी भरा जाए और ऊपर मिट्टी के दबाव के लिए प्रेशर रोलर इस्तेमाल करें, जिससे उस पर मजबूती हो सके। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, रत्नेश सिंह, विजय बहादुर सिंह, भगवान दास गुप्ता रिंकू, लालबाबू सोनी, अश्वनी ओझा, रामाकांत पांडेय, स्वामीनाथ तिवारी, दिनेश तिवारी, राजेश्वर मिश्रा, राकेश तिवारी, अवनींद्र ओझा पप्पू आदि मौजूद रहे।

# खुलेआम बिक रहा मिलावटी खाद्य पदार्थ

**मनमानी**

## आमजन की सेहत से किया जा रहा खिलवाड़

**बैरिया।** अब मिलावट दुकानदारों की आदत बन गयी है। त्योहार तो बहाना है, क्षेत्र के बाजारों में हमेशा मिलावट वाली सामाग्री बिक रही है। खाद्य सुरक्षा विभाग का नमूनों लेना भी एक दिखावा है। उसकी रिपोर्ट भी विभाग सार्वजनिक नही करता है।

बैरिया सहित क्षेत्र के कई बाजारों से नमूना तो विभाग लेता है।, लेकिन कार्यवायी वही ढाक के तीन पात वाली बात है। मिलावट करने वाले किसी खाद्य सामाग्री को नहीं छोड़ रहे है। बोतल बंद पानी भी मिलावटी है। पनीर, दूध, घी, मिठाई, सरसों का तेल, रिफाइन और मसाले तक में मिलावट की चर्चा जोरो पर है। त्योहार नजदीक आते ही मिलावट और अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में सावधानी बेहद जरूरी है। खान-पान की सामाग्री में बड़ी मात्रा में मिलावट हो रही है। बाजार में बिकने वाला पनीर, घी, दूध, मिठाई, सरसों का तेल, रिफाइन, पानी, मसाला भी मिलावटी आ रहे हैं। होली से पहले उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने खाद्य विभाग के साथ सामाग्रियों का नमूना लिया था, लेकिन अब तक उसका रिपोर्ट नहीं आया है। इससे साफ जाहिर है कि लोगों की सेहत से खिलवाड़ हो रहा है।

बाजार में उपलब्ध सामाग्रियों की बारीकी से नमूना लेकर जांच कराई जाए तो बहुत बड़ा मिलावट सामने आएगा। जागरुक लोग अभियान चलाने की मांग कर रहे है।

> मिलावटी खाद्य पदार्थ का सेवन करने से सेहत पर असर पड़ता है। बच्चे और डायबिटीज रोगियों को सबसे अधिक परेशानी होती है। इससे पेट संबंधी रोग हो जाते हैं। मिलावटी सामान सेहत के लिए हानिकारक हैं। इनका किसी भी हाल में सेवन न करें। खोया और मिठाई का वजन बढ़ाने के लिए उसमें मैदा और आलू मिलाया जाता है।
>
> डा. देवनीति सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी, पीएचसी मुरलीछपरा


## संक्षेप

### 78 युवाओं को मिला रोजगार



**बैरिया।** क्षेत्र के इब्राहिमाबाद में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शनिवार को सेवायोजन विभाग बलिया के सौजन्य से रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इसमें 78 युवाओं का चयन किया गया। मेले में कोलकाता, गुजरात, महाराष्ट्र, नोएडा, नई दिल्ली, वाराणसी, पूना आदि की 20 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। मेला प्रभारी अशोक यादव ने बताया कि कुल 700 अभ्यर्थियों ने आवेदन पत्र जमा किया था। साक्षात्कार व अन्य प्रपत्रों की जांच पड़ताल के बाद कुल 78 युवाओं को रोजगार मिला। उन्हें मौके पर ही नियुक्ति पत्र कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सेवायोजन विभाग के अशोख प्रसाद, मनोज कुमार सिंह, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने दर्जनों वाहनों का काटा चालान



**नगरा।** नगर क्षेत्र के बाजार एवं सड़क पर अतिक्रमण करने वालों की अब खैर नहीं है। प्रशासन काफी सतर्कता बरतते हुए इस पर अपनी पैनी नजर गड़ाए हुए है। थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने शुक्रवार की देर सायं बाजार में भ्रमण किया। इस दौरान सड़क के किनारे खड़े दर्जनों वाहनों का चालान काटा गया। इससे हड़कंप मच गया। वहीं, उप जिलाधिकारी रसड़ा सर्वेश कुमार यादव ने भी अभियान चलाया। थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने कहा कि दुकानदार अपने हद तक रहकर दुकान लगायें। सड़क पर कोई भी वाहन खड़ा न करें। अतिक्रमण करने वालो पर कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान उनि झुन्ना सिंह, राजेश दूबे आदि मौजूद रहे।

### जयराम ठाकुर को मिली राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी

**बलिया।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामबिलास) के किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्र ने अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी को विस्तार देते हुए पार्टी के सीनियर सदस्य एवं जनपद के नगवां ग्राम सभा के बंधु चक निवासी जयराम ठाकुर को पार्टी के राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। अपने मनोनयन पत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मिश्र ने जयराम को अन्य प्रदेशों में लोजपा की नीति और कार्यक्रम को जन जन में विस्तारित करने और पार्टी को मजबूती प्रदान की आशा व्यक्त किया है। श्री ठाकुर के मनोनयन से पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। उनके मनोनयन पर पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रांतीय महासचिव झूलन अंसारी, वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति के मंत्री सूरज समदर्शी, इमरान खान, आरती सिंह, डा. जनार्दन वर्मा आदि ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**सिकंदरपुर।** स्थानीय पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त को शुक्रवार को गिरफ्तार ककरने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष सिकन्दरपुर दिनेश पाठक अपने हमराहियो के साथ माल्दह चट्टी पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की चोरी की मोटरसाईकिल एवं चाकू के साथ एक अभियुक्त अर्जुन राजभर उर्फ गोलू पुत्र मूरत राजभर निवासी भरथांव, थाना सिकन्दरपुर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में मालदह चौकी इंचार्ज शिवमूर्ति तिवारी, कांस्टेबल विरेन्द्र यादव, कांस्टेबल विनय विश्वकर्मा शामिल रहे।

### सम्मानित की गईं सविता देवी



**नगरा।** प्रधानमंत्री के स्मर्णिम योजना स्वच्छ भारत मिशन की सफलता पर नगर पंचायत नगरा के वार्ड नम्बर 14 की सविता देवी को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। नौ देवी सम्मान के तहत शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय पर सविता देवी पत्नी संजय पाण्डेय को कर (टैक्स) अधिकारी रवीश कुमार शर्मा ने प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। इस अवसर पर सफाई नायक दीपक पाण्डेय, अंबिकेश्वर कन्नौजिया, जितेन्द्र, राजू, विजय शंकर, इन्द्रजीत, सचिन आदि मौजूद रहे।

### ग्राम न्यायालय के संचालन को बनायी रणनीति



**बिल्थरारोड।** ग्राम न्यायालय संचालित करने को लेकर तीन तहसीलों के अध्यक्षों के साथ संयुक्त बैठक शनिवार को संपन्न हुआ। इसमें रसड़ा तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्षः द्वारिका सिंह, सिकंदरपुर तहसील बार के अध्यक्ष अवनी पाण्डेय एवं बेल्थरा रोड तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सरफराज अहमद ने एक साथ बैठकर कर ग्राम न्यायालय को संचालित करने के लिए रणनीति बनाई। इस मौके पर एडवोकेट देवेंद्र गुप्त, अमर नाथ सिंह, महेंद्र यादव, अनिल पाठक, संजीत कुमार गुप्ता, विपिन श्रीवास्तव, कमलेश तिवारी, कौशल कुमार तिवारी, अजय कुमार सिंह, विश्वपति त्रिपाठी, दिनेश कुमार त्रिपाठी आदि अधिवक्तागण की उपस्थिति रही।

### समापन समारोह में संतों से लिया आशीर्वाद



**सिकंदरपुर।** क्षेत्र के ग्राम सभा डूहा बिहरा में श्री विष्णु महायज्ञ, श्रीश्री 108 वासुदेव ब्रह्मचारी महाराज की तपोस्थली गायत्री आश्रम में श्रीराम भूषण ब्रह्मचारी जी महाराज के संरक्षण में विगत 18 महीने से चल रहे अखंड हरिकीर्तन की पूर्णाहुति हुई। इस अवसर पर आयोजित समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानाचार्य रवि राय ने संतजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने ग्रामवासियों एवं सुदूर क्षेत्रों से आये नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से धर्म जागरण के साथ-साथ लोगों में अपार ऊर्जा का संचार होता है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एवं योगेश्वर श्री कृष्ण का जीवन हमें अपने जीवन में मर्यादा का पालन करते हुए कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर बलराम सिंह, दुष्यंत सिंह, मंजय राय, सीताराम सिंह, राकेश यादव, अजीत राय, अवधेश यादव, वकील सिंह, चंचल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### ऐतिहासिक होगा टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर का वर्षगांठ



**बलिया।** पूर्वांचल के जाने-माने हास्पिटल शारदा नारायण टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर अपनी 10वीं वर्षगांठ स्थापना दिवस और सम्मान समारोह मऊ में मनाने जा रहा है, जिसमें डा. अजय मुंडिया संस्थापक और चेयरमैन इंदिरा आईवीएफ ग्रुप भी शामिल होंगे। इसको लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। गुरूवार को बलिया में मैनेजिंग डारेक्टर डा. एकिका सिंह से बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि वर्षगांठ को ऐतिहासिक बनाने के लिए वह खास तैयारियों में है। पूर्वांचल के आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर, बलिया, बनारस सहित अन्य जनपदों से भी डाक्टरों को आमंत्रित किया गया है। वर्षगांठ में शारदा नारायण हास्पिटल 10 वर्षों में जो विश्वास हासिल किया है, उस विश्वास को कायम रखने के लिए और भी तेजी से गम्भीर से गम्भीर रोगों से लोगों को मुक्ति दिलाने में प्रयासरत है। पिछले 10 वर्षों में 2000 से अधिक सफल आईबीएफ गर्भधारण हुए है। वैसे वर्षगांठ कम्युनिटी हाल नगर पालिका मऊ में शाम सात बजे किया गया है।

# सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने किया भ्रमण



मस्जिद का भ्रमण करते सीओ एवं प्रभारी निरीक्षक

**बेल्थरारोड।** पाक रमजान माह का महीना शुक्रवार से शुरू हो गया। शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय का पहला रोजा था। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस क्षेत्राधिकारी रसड़ा मोहम्मद फहीम ने उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र संग भारी पुलिस बल के साथ बेल्थरारोड नगर क्षेत्र का भ्रमण किया। बेल्थरारोड स्टेशन के अलावे नगर के मुख्य जामा मस्जिद पर पहुंचकर वहां की व्यवस्था से संबंधित जरूरी जानकारी प्राप्त की और विषम परिस्थितियों में पुलिस को सूचना देने का भी सुझावदिया।

इस भ्रमण में पुलिस चौकी सीयर के प्रभारी देवेन्द्र कुमार, थाने के अपराध निरीक्षक राकेश सिंह, उप निरीक्षकों में रज्जन द्विवेदी, राजेश कुमार, शकील अहमद संदीप यादव संग आदि शामिल रहे।

# खेल व शिक्षा में तालमेल बनायें विद्यार्थी

**बोले डॉ. कुंवर अरुण**

## सनबीम स्कूल में चल रहे स्पोर्ट्स कैम्प जोश का समापन

जनसंदेश न्यूज



सनबीम स्कूल अगरसंडा में स्पोर्ट्स कैम्प जोश के समापन समारोह में बच्चों के साथ विद्यालय परिवार

**बलिया।** सनबीम स्कूल अगरसंडा में चल रहे 15 दिवसीय स्पोर्ट्स कैम्प जोश का समापन अत्यंत उत्साह एवं मंगल कामना के साथ किया गया। शिक्षा के साथ-साथ खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी कारण से वार्षिक परीक्षा के समाप्त होते ही विद्यालय अपने विद्यार्थियों के मानसिक तनाव को दूर करने तथा नवीन कक्षा में प्रवेश करने से पूर्व उन्हें प्रफुल्लित करने हेतु प्रत्येक वर्ष स्पोर्ट्स कैम्प का आयोजन करता है।

गौरतलब हो कि 10 मार्च से चलने वाले इस पंद्रह दिवसीय कैम्प में बच्चों ने अत्यंत उत्साह के साथ विभिन्न खेलों में सहभागिता दिखाई, जिनमें हैंडबाल, कराटे, बास्केटबाल, वालीबाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, चेस, शूटिंग, योगा, एरोबिक्स आदि प्रमुख है।

कार्यक्रम के अंत में सभी सहभागी विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय निदेशक डॉ. कुंवर अरूण सिंह ने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का बहुमुखी विकास करना होता है। आज के युग में विद्यार्थी पढ़ाई के बोझ तले स्वयं को दबा हुआ महसूस करते हैं। ऐसे में खेल वह माध्यम है, जो बच्चों को सुकून प्रदान करता है।

अतः पेरेंट्स को भी अपने बच्चों को मैदान में खेलने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल और शिक्षा में उचित तालमेल बनाने को कहा।

प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले प्रशिक्षक पंकज कुमार सिंह, अबू सईद, नवतेज, बृजेश सिंह, मुकेश, निखिल, पूनम यादव, सांभवी, प्रीति गुप्ता, अमित पांडेय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# समस्याओं का किया जायेगा निस्तारण



जिला पंचायत बोर्ड की बैठक को संबोधित करते जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद चौधरी

**बोले आनंद चौधरी**

## आचार्य नरेन्द्र देव सभागार में हुई जिला पंचायत बोर्ड की बैठक

**बलिया।** जिला पंचायत के बोर्ड की बैठक शनिवार को आचार्य नरेंद्र देव सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद चौधरी की अध्यक्षता में हुई। इसमें पंचम राज्य वित्त, 15वां वित्त तथा अन्य बजट अनुमोदन के लिए सदन के समक्ष रखा गया, जिसे सभी सदस्यों की सर्वसम्मति मिलने के बाद अनुमोदित किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद चौधरी ने कहा कि हम सभी सदस्यों को मिलकर जनपद में विकास की रफ्तार को बनाए रखना है। सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनके क्षेत्र से जुड़ी जो भी समस्या संज्ञान में आएगी, उसे गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण किया जाएगा। अधिकारियों से कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते सदस्यों की हर सकारात्मक बात को प्राथमिकता पर सुना जाए।

मुख्य रूप से योजना वित्तीय वर्ष 2022-23, जिला पंचायत बलिया का मूल बजट वर्ष 2023-24 का 64 करोड़ तथा संशोधित बजट 2022-23 का 122 करोड़ का अनुमोदन सर्वसम्मति से हुआ। इस अवसर पर विधायक संग्राम सिंह यादव, विधायक जियाउद्दीन रिजवी, मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. जयंत कुमार, जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी अशोक सिंह के अलावा बोर्ड के सदस्य मौजूद रहे।

# आकाश में एक साथ दिखा चांद व तारा

**बेल्थरारोड।** रमजान माह के प्रथम दिन शुक्रवार की शाम रोजा अफ्तारी के तुरन्त बाद आकाश में चांद संग तारा को देख लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। अभी तक तो चांद व तारा की चर्चा किया करते थे, जो आकाश में अलग-अलग दिखलाई देता रहा है, किन्तु शुक्रवार की शाम को ऐसा संयोग रहा कि चांद संग तारा का दीदार होने का अवसर मिला। इस दृश्य को देख लोगो में सार्वजनिक रूप से चर्चा करते देखा गया। लोगो का कहना था कि वर्तमान पीढ़ी के लोगों को यह दृश्य पहली बार देखने को मिला है।



चांद के नीचे चमकता तारा

# पशुपालक ने गाय की मौत होने पर दी तहरीर

**बांसडीह।** गलत तरीके के इलाज से दुधारू गाय की मौत के बाद पशुपालक ने पुलिस को तहरीर देकर झोलाछाप चिकित्सक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए गुहार लगाई है। कस्बे के उत्तर टोला निवासी राधिका देवी पत्नी महेश प्रसाद ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि उनकी गाय अचानक बीमार हो गई। उसके थान में सूजन हो गया था। मैंने पशु चिकत्सक डा. टीमल वर्मा पुत्र विजय वर्मा निवासी माझोस, पोस्ट विद्या भवन नरायनपुर को 14 तारीख को दिखाया था। चिकित्सक द्वारा सुबह मेरी गाय को पांच इंजेक्शन दिया गया। इंजेक्शन देने के बाद रात्रि में गाय की तबीयत बहुत ज्यादा खराब हो गई। शरीर में इंफेक्शन हो गया। इसकी जानकारी तत्काल मैंने डाक्टर को दिया तो अगले दिन इनके द्वारा चार और इंजेक्शन दिया गया, लेकिन बीमारी में कोई सुधार नहीं हुआ। इन्होंने अपने संबंधित डॉ. जवाहर वर्मा को बुलाए। वह लगातार पांच दिन तक अनेक इंजेक्शन लगाते रहे। अंत मे चिकित्सकों द्वारा शुक्रवार को कहा गया कि हमे बीमारी का पता नही चल रहा है। अब तक मुझ प्रार्थी को उपरोक्त चिकित्सकों द्वारा धोखे में रखकर तीस हजार रूपए का गलत इलाज किया गया। मामला बढ़ने पर बांसडीह के पशु चिकत्सक डा. मनोज राव एव संजय कुमार की टीम ने गाय का पोस्टमार्टम कर बिसरा सुरक्षित कर लिया। कोतवाल योगेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### स्वयंसेवकों ने की साफ-सफाई

**बलिया।** टीडी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में किया गया। स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओ ने हाथ में फावड़ा, झाड़ू एवं टोकरी लेकर कृषि विज्ञान संकाय एवं प्राचार्य कक्ष के सामने मैदान की सफाई किया। संपूर्ण परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. शिव नारायण यादव, डॉ. कौशल कुमार पांडेय, अमित सिन्हा इत्यादि उपस्थित रहे।

# विभिन्न कक्षाओं के बच्चों को दिया गया प्रगति पत्र

जनसंदेश न्यूज

**जजज**

## ज्ञान कुंज एकेडमी के प्रबंधक ने किया मुख्य अतिथि का स्वागत



ज्ञान कुंज एकेडमी में दीप प्रज्जवलित करते पूर्व विधायक संजय यादव एवं अन्य

**सिकन्दरपुर।** ज्ञान कुंज एकेडमी बंशी बाजार में पूर्व प्राथमिक और प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को प्रगति पत्र दिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजय यादव का स्वागत विद्यालय के प्रबन्धक डॉ. देवेन्द्र सिंह ने किया। पूर्व प्राथमिक कक्षाओं की नर्सरी में ऐश्वर्य राज प्रथम, अयांश राय द्वितीय, आशी यादव तृतीय, एलकेजी में समायरा अंसारी प्रथम, जान्हवी सिंह द्वितीय और आर्यन चौहान तृतीय, यूकेजी में उमैरा बानो प्रथम, अवनि पाण्डेय द्वितीय, मेघना वर्मा तृतीय स्थान पर रहे।

वर्गवार परीक्षाफल की दृष्टि से नर्सरी (अ) में ऐश्वर्य राय प्रथम, अयांश राय द्वितीय, आशी यादव तृतीय, नर्सरी वर्ग (ब) में अलिशा यादव प्रथम, अंशु चौहान द्वितीय, आदि कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

एलकेजी वर्ग (अ) में जान्हवी सिंह प्रथम, अनाया खान द्वितीय तथा राघवी यदुवंशी तृतीय स्थान पर रहे। एलकेजी वर्ग (ब) में समायरा अंसारी प्रथम, आर्यन चौहान द्वितीय व अस्मिता शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। यूकेजी वर्ग (अ) में उमैरा बानो प्रथम, अवनी द्वितीय तथा मैघना वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। यूकेजी वर्ग (ब) में दिव्याशु वर्मा प्रथम, अक्षत कुमार मिश्रा द्वितीय व सानवी सिंह तृतीय स्थान पर रहे। प्रगति आख्या के अनुसार कक्षा एक में सुहानी प्रथम, अतुल्य वर्मा द्वितीय एवं राशनी, रौनक यादव तृतीय स्थान पर रहे। वर्गवार परीक्षाफल की दृष्टि से कक्षा एक (अ) में सुहानी सिंह प्रथम, अतुल्य वर्मा द्वितीय तथा सुदुश रेयाज तृतीय स्थान पर रहे। वर्ग (ब) में रौशनी प्रथम, आयुष कुमार द्वितीय व अनन्या यादव तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा दो की प्रगति विवरण के अनुसार सक्षम राय प्रथम, दिव्य प्रकाश राय द्वितीय तथा अनुराधा यादव तृतीय स्थान पर रहे। वर्गवार परीक्षाफल की दृष्टि से कक्षा दो (अ) में सक्षम राय प्रथम, दिव्य प्रकाश राय द्वितीय तथा अनुराधा यादव तृतीय स्थान पर रहे। वर्ग (ब) में इशिका प्रथम, आदित्य धनराज द्वितीय व शहरा आफताब तृतीय स्थान पर अपना परचम लहराया। वर्ग (स) में श्रेया मिश्रा प्रथम, अनन्या राय द्वितीय एवं आशुतोष कुमार तृतीय स्थान पर रहे। वर्ग (द) में हनिफा प्रथम, प्रांजल यादव द्वितीय तथा नम्रता तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा तीन की प्रगति विवरण के अनुसार यशस्वी यादव प्रथम, अभिश्री वर्मा द्वितीय तथा स्वाति यादव तृतीय स्थान पर रहे। वर्गवार परीक्षाफल की दृष्टि से कक्षा तीन (अ) में यशस्वी यादव प्रथम, अभिज्ञ वर्मा व अविरल द्वितीय तथा स्वाती यादव तृतीय स्थान पर रहे। वर्ग (ब) में आराध्या मिश्रा प्रथम, अखिल राय द्वितीय व श्रेयांश यादव तीसरे स्थान पर रहे। वर्ग (स) में सार्थक सिंह प्रथम, अभिषेक यादव द्वितीय तथा आदित्य नरायण यादव तृतीय स्थान पर रहे। वर्ग (द) में सलोनी यादव प्रथम, उज्जवल राय द्वितीय तथा सनी यादव तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चार की प्रगति विवरण के अनुसार सुमैला खान प्रथम, अमन वर्मा द्वितीय तथा प्रिंस वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। वर्गवार परीक्षाफल की दृष्टि से कक्षा चार (अ) में सुमैला खान प्रथम, अमन वर्मा द्वितीय तथा प्रिंस वर्मा तृतीय स्थान पर रहे।

वर्ग (ब) में सृष्टि चौधरी प्रथम, रितिका गुप्ता द्वितीय तथा तैजस प्रताप राय तृतीय स्थान पर रहे। वर्ग (स) में सादिक रिजवान प्रथम, मयंक कुमार सिंह द्वितीय तथा अंशु सिंह तृतीय स्थान पर रहे। वर्ग (द) मे आकाश यादव प्रथम, मो. अशद द्वितीय तथा भव्य कुमार प्रसाद तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पांच की प्रगति विवरण के अनुसार अंकिता द्वितीय तथा अंजलि तृतीय स्थान पर रहे।

वर्गवार परीक्षाफल की दृष्टि से मान्या मुप्ता और अंकिता गुप्ता प्रथम, अंजलि यादव द्वितीय तथा आयुष यादव तृतीय स्थान पर रहे। (ब) में अदिति सिंह तथा श्रेया प्रथम, मयंक सिंह द्वितीय तथा आराध्या सिंह तृतीय स्थान पर रहे। वर्ग (स) में हर्षिता प्रियदर्शिनी प्रथम, अनन्या यादव द्वितीय तथा अक्षांश प्रताप जायसवाल तृतीय स्थान पर रहे। वर्ग (द) में आशीष कुमार गुप्ता प्रथम, अंजली चौहान द्वितीय तथा आदित्य चौहान तृतीय स्थान पर रहे। वर्ग (य) में पलक रजक प्रथम, आर्दश कुमार यादव द्वितीय तथा आरजू यादव तृतीय स्थान पर रहे।

# बलिया के हर क्षेत्र में कराया गया विकास कार्य

**बोले दयाशंकर मिश्र**

## प्रभारी मंत्री ने जिले में हुए विकाय कार्यों को गिनाया


पुस्तक का विमोचन करते प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु एवं अन्य

**बलिया।** योगी सरकार-2.0 के एक वर्ष पूरे होने पर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने विकास कार्यों को पत्रकारों के सामने प्रस्तुत किया। कहा कि बलिया में हर क्षेत्र में विकास कार्य हुआ है। जनपद में अवस्थापना सुविधा के अंतर्गत 78.20 करोड़ व्यय कर कुल 18 परियोजनाओं को पूर्ण कराया गया है। 793.10 करोड़ की कुल 19 परियोजनाएं जिसमें विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि बुनियादी व्यवस्था शामिल है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग द्वारा 38.47 किमी सड़कों का नवनिर्माण कराया गया है।

कहा कि 69.10 किमी मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण कराया गया है। सांसद स्थानीय विकास योजना अंतर्गत जनपद में कुल 56 परियोजनाओं के सापेक्ष कुल स्वीकृत लागत 591.89 लाख के सापेक्ष 355.7 लाख व्यय किये गये। विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि से कुल 190 परियोजनाओं के सापेक्ष 1104.565 लाख के सापेक्ष 363.737 लाख व्यय किये गये। त्वरित आर्थिक विकास के तहत बलिया नगर में 1518.66 लाख, बेल्थरारोड में 280.42 लाख, सिकदरपुर में 216.20 लाख, फेफना में 1811.32 लाख, रसड़ा में 1895.01 लाख, बांसडीह में 1608.26 लाख, बैरिया में 7471.23 लाख की लागत से कार्य हुए है। पूर्वांचल विकास निधि से जनपद के विधान सभाओं में करोड़ों रुपये की लागत से विकास कार्य कराये गये है। केन्द्रीय परिवहन मंत्री द्वारा ग्रीन फील्ड एकसप्रेस-वे का शिलान्यास कराया गया, जिस पर जल्द ही काम शुरू हो जायेगा। इसके अलावा सामाजिक सेक्टर में अनुसूचित वर्ग, सामान्य वर्ग, पिछड़े वर्ग के छात्रों को प्राथमिकता के आधार पर छात्रवृत्ति दी गई। इसके अलावा वृद्धा पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग जनों को अनुमन्य पेंशन की धनराशि दी गई। सामाजिक उत्पीड़न से पीड़ित 278 व्यक्तियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के 712 पुत्रियों की शादी करायी गई। पिछड़ी जाति शादी अनुदान योजना अंतर्गत 605 लाभार्थियों को अनुदान प्रदान किया गया। कन्या सुमंगला योजना के तहत 14513 लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया गया। इसके अलावा बाल विकास पुष्टाहार, ग्राम विकास, पंचायती राज, श्रम विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग, सौर ऊर्जा विभाग, सहकारिता विभाग, कृषि सेक्टर, नियोजन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्र में भी बेहतर काम हुआ है। इस अवसर पर विकास पुस्तक का विमोचल भी किया गया।

कार्यक्रम में डीएम रवीन्द्र कुमार, सीडीओ प्रवीण वर्मा, एसपी राज करन नय्यर, विधायक केतकी सिंह, राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, छट्ठू राम, पूर्व विधायक संजय यादव, सुरेन्द्र सिंह, अरूण सिंह बंटू, नकुल चौबे, सुनीता श्रीवास्तव, रंजना राय, प्रदीप सिंह, रामजी सिंह आदि मौजूद रहे।

# नगर में स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन


सिकंदरपुर में पथ संचलन करते स्वयंसेवक

**सिकंदरपुर।** आरएसएस के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकालकर लोगों को हिंदू संस्कृति की रक्षा के लिए जागरूक किया। लोगों द्वारा पुष्प वर्षा करके अनेक स्थानों पर पथ संचलन का भव्य स्वागत किया गया। गांधी इंटर कालेज सिकंदरपुर के परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक एकत्र हुए। इस मौके पर वक्ताओं ने विक्रम सम्वत तथा चैत्र प्रतिपदा के इतिहास पर प्रकाश डाला। कहा कि आज ही के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। इसके बाद नववर्ष प्रतिपदा हर्षोल्लास के साथ मनाने की परंपरा शुरू कर विक्रम सम्वत का शुभारंभ किया गया। पथ संचलन में स्वयंसेवक हाथों में डण्डे लेकर कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। इस दौरान अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा करके पथ संचलन का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक संजय यादव, भगवान पाठक, पूर्व मंत्री राजधारी सिंह, सत्येन्द्र राजभर, लालबचन तिवारी, डा. उमेश चंद, संजय जायसवाल, गणेश सोनी, नायब सोनी, प्रयाग चौहान, रवि राय, अरविंद राय, सतीश वर्मा, आयुष तिवारी, सुरेश सिंह, कन्हैया गोंड़ आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सत्यम एवं मुकेश ने बढ़ाया जिले का मान


सत्यम एवं मुकेश का स्वागत करते युवा

**बलिया।** मिस्टर बनारस बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में सत्यम जायसवाल और मुकेश साहनी ने अपने जिले बलिया का मान बढ़ाया है। बता दें कि बलिया जिला अंतर्गत रसड़ा निवासी सत्यम जायसवाल पुत्र राजेश जायसवाल और मुकेश साहनी पुत्र छट्टू साहनी दोनों प्रतिभागियों ने मिस्टर बनारस बाडी बिल्डिंग प्रतियोगित में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर रसड़ा सहित जनपद का मान बढ़ाया है। इसकी जानकारी होते ही दोनों के परिजनों सहित गांव में खुशी की लहर दौड़ गयी। परिवार के सदस्यों ने एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर बधाईयां दी। दोनों विजेता प्रतिभागियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता व भाई तथा अपने जिम के ट्रेनर सूरज सिंह को दिया है। दोनों विजेताओं के बलिया आगमन पर रसड़ा स्थित जिम में उनका जोरदार स्वागत किया गया। जिम के संचालक और साथियों ने दोनों को माला पहनाकर बधाईयां दी। इस अवसर पर गोलू गुप्ता, आफतब, नील साहनी, मनीष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### अजीत एवं हरेन्द्र के बीच चैता मुकाबला


चैता मुकाबला में कलाकार को चित्र प्रदान करते आयोजक

**बलिया।** बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर के सामने नवरात्रि के तीसरे दिन बक्सर, बिहार के हरेन्द्र सिंह बुढ़ा एवं छपरा, बिहार के अजीत हलचल के बीच चैता मुकाबला का आयोजन हुआ। देर रात तक यहां दर्शकों की भीड़ लगी रही। कार्यक्रम का उद्घाटन बालेश्वर मंदिर के पुजारी बरमेश्वर ने किया। अजय चौधरी डब्लू ने सभी कलाकारों को सम्मानित किया। रोशनियों से जगमगाता बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर आकर्षण का केन्द्र बना रहा। बक्सर एवं छपरा के कलाकारों के बीच जबरदस्त तरीके से चैता मुकाबला हुआ। चैता देखने के लिए उमड़ी भीड़ से सड़क जाम रहा।

### नवका बाबा के दरबार में पहुंच रहे लोग

**बलिया।** जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर मनियर में स्थित नवका बाबा एवं ब्रह्मश्री सतकु बाबा बुढ़वा बाबा के दर्शन के लिए देश के कोने-कोने से भक्त पहुंच रहे है। यहां एक सप्ताह तक रात्रि विश्राम कर भक्त दर्शन-पूजन करते रहे। नवका बाबा मंदिर के सामने स्थित प्राचीन पोखरा में स्नान करने के बाद लोग बाबा को दूध, फूल, प्रसाद आदि चढ़ाते है। वर्षों पुराना बाबा का मंदिर इन दिनों आस्था का केन्द्र बना हुआ है। यहां नवरात्रि में सबसे अधिक महिलाओं की भीड़ रहती है। इन दिनों मंदिर परिसर में विशाल मेला है, जहां विभिन्न तरह की दुकानें सजी हुई है। लोग गाजे-बाजे के साथ पहुंचकर दर्शन-पूजन कर रहे है। यहां पर भक्तों के ठहरने के लिए धर्मशाला का निर्माण हो रहा है।

### श्वेता वर्मा को मिला मेडल एवं प्रशस्ति पत्र, सम्मानित किये जाने पर शिक्षकों ने दी बधाई


शिक्षिका श्वेता वर्मा को सम्मानित करती निदेशक डॉ. अंजना गोयल

**बेल्थरारोड।** जिला में पंचम राज्य स्तरीय आदर्श पाठ योजना प्रतियोगिता 2021-22 में चयनित बलिया की बेसिक शिक्षिका श्वेता वर्मा को राजकीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद निषादगंज, लखनऊ(एससीईआरटी) में निदेशक डॉ. अंजना गोयल ने मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इससे शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। शिक्षिका श्वेता वर्मा की उड़ान को खूब बधाइयां मिल रही है। शिक्षा क्षेत्र सीयर के प्राथमिक विद्यालय तिरनई खिजीरपुर पर तैनात सहायक अध्यापिका श्वेता वर्मा ने कर्तव्य के प्रति सदैव ईमानदारी का परिचय दिया है। अपने कर्तव्य निष्ठा के बल पर श्वेता वर्मा ने पंचम प्रदेश स्तरीय आदर्श पाठ योजना प्रतियोगिता 2021-22 में चयनित हुई थी। इसका पुरस्कार उन्हें शुक्रवार को प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का दो स्तरों में जिला एवं राज्य स्तर पर मूल्यांकन करने के बाद बीते नवम्बर माह में परिणाम घोषित किया गया था। इसमें पूरे प्रदेश से कुल 102 पाठ्य योजनाओं का चयन किया गया था। इसके पुरस्कार हेतु लखनऊमें आमंत्रित किया गया था। श्वेता वर्मा, सीयर ब्लाक की पूर्व महिला ब्लाक प्रमुख तथा ग्राम पंचायत फरसाटार की निवासिनी श्रीमती नीलम वर्मा की दूसरी पुत्री हैं। इनका शिक्षिका के रूप में 2018 के सितंबर माह में नियुक्ति हुई थी। श्वेता वर्मा को सम्मान मिलने पर खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सिंह, नंदलाल शर्मा, कृष्णा नन्द सिंह, देवेंद्र वर्मा, वीरेंद्र यादव, कन्हैया गुप्ता, जितेंद्र मौर्य, राहुल गुप्ता, नौशाद अली, आशीष मौर्य, किरन देवी, इन्दु बाला आदि ने बधाई देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामनाएं व्यक्त की हैं।

### बलिया स्टेशन पर पदक विजेताओं का स्वागत


प्रतियोगिता में शामिल होने के बाद बलिया पहुंचे पदक विजेता

**बलिया।** सिकोकाई इंटरनेशनल कराटे फेडरेशन आफ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आमंत्रण भारत राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन वाराणसी जनपद के संत अतुलानन्द कान्वेंट स्कूल कोइराजपुर में 24 मार्च से लेकर 25 मार्च तक किया गया। इसमें द होराइजन स्कूल गड़वार, सनबीम स्कूल अगरसंडा, सेक्रेड हार्ट स्कूल सहरसपाली तथा बलिया कराटे अकेडमी से 31 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। अपने आयु व भर वर्ग 10-12 वर्ष में उत्कर्ष पाठक, अस्मित पटेल, सूर्यांश तिवारी, रितु राज सिंह, पलक गुप्ता, विश्वदीप जायसवाल, वैभव गुप्ता तथा 13 वर्ष में हनी सोनी ने स्वर्ण पदक जीता। वही, रजत पदक जितने वालों में आर्यन सिंह, लक्ष्य दीप, साहिल, सुदीप अधिकारी, आयुष प्रसाद शामिल रहे। कांस्य पदक जितने वालों में सुधांशु, हर्षिता राय, अवनीश पाठक, अमृत प्रभात रंजन, रामकृष्ण सिंह, दिव्य मनी, जिज्ञासा सिंह, सक्षम सिंह, अर्थ कुशवाहा, प्रियम सिंह, सृष्टि गुप्ता, आर्यन राज, हर्ष वर्धन, आयुष सिंह शामिल रहे। सभी खिलाड़ी द स्पोर्ट्स शोतोकान कराटे एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के बैनर तले प्रतिभाग किये थे। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने आठ गोल्ड, चार सिल्वर एवं 14 ब्रांज समेत कुल मेडल 26 जीत कर बलिया का नाम रोशन किया है। बलिया शोतोकान कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद सर्राफ, कराटे एसोसिएशन बलिया के अध्यक्ष डॉ. अरुण सिंह गामा, धर्मेन्द्र पटेल, अभिषेक सिंह गिलू, धीरज गुप्ता आदि ने इन खिलाड़ियों को बलिया रेलवे स्टेशन पर मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया।

# नाबार्ड से वित्तपोषित 33.54 करोड़ की सात परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

**पहल**

## जल्द कार्य शुरू करने की कवायद में जुटा बाढ़ विभाग

### बाढ़ में बही कई करोड़ों की परियोजनाएं

**बलिया।** रामगढ़ एनएच-31 पर गंगा के मुहाने पर बसे गांवों को सुरक्षित करने के लिए बाढ़ विभाग नई परियोजनाओं के साथ ही गत वर्षों पहले क्षतिग्रस्त हुए करोड़ों रुपए से बने के स्परों की मरम्मत के लिए भी प्रस्ताव स्वीकृत कराए हैं। शासन से हरी झंडी मिल गई है। हालांकि मार्च महीने में वित्तीय वर्ष की समाप्ति से ये धन वापस भी करना पर सकता है। एक दशक में गंगापुर डगरा से लेकर दुबे छपरा तक करीब आधा दर्जन ठोकरों का निर्माण कराया गया है। मानक के अनुरूप कार्य न होने के कारण यह ठोकर हर साल गंगा की लहरों के सामने बौने साबित होते हैं। बाढ़ विभाग के अधिशासी अभियंता संजय कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द कार्य शुरू कराया जाएगा।

**बलिया।** बरसता के दिनों में जनपद में गंगा, सरयू और टोंस आदि नदियां उफान पर होती हैं। इन नदियों में आने वाली बाढ़ से लाखों की आबादी प्रभावित होती है। नदियों के किनारे बसे लोगों को जानमाल का नुकसान उठाना पड़ता है। सैकड़ों एकड़ उपजाऊ जमीन और फसल को नदियों का कटान अपने आगोश में ले लेती हैं।

बाढ़ से होने वाले नुकसान को देखते हुए नाबार्ड से वित्तपोषित 33.54 करोड़ की सात परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। शासन की ओर से बरसात से पहले संभावित बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोकने की कवायद शुरू कर दी गई है। इसमें एक स्थान पर नए स्पर के निर्माण के साथ ही पांच पुराने स्परों का पुनरोद्धार कराया जाएगा। इसके साथ ही पांच स्थानों पर बाढ़ से बचाव के लिए सुरक्षात्मक कार्य कराए जाएंगे। इन स्परों और रिवेटमेंट के कार्य को पिछली बाढ़ में काफी नुकसान पहुंचा था।

बाढ़ से होने वाले संभावित नुकसान को देखते हुए बाढ़ विभाग की ओर से कई प्रस्ताव शासन को भेजे गए थे। इसे शासन से स्वीकृति मिलनी शुरू हो गई है। नाबार्ड से वित्तपोषित योजना के तहत 33. 52 करोड़ की सात परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। इसमें 5.99 करोड़ की लागत से सरयू नदी के दाएं किनारे स्थित तुर्तीपार-श्रीनगर तटबंध के किमी 62.250 पर नए स्पर का निर्माण कराया जाएगा। गंगा के बाएं किनारे स्थित एनएच-31 तटबंध पर दो स्परों, सरयू के किनारे हाहानाला तटबंध पर तीन स्परों का पुनरोद्धार का कार्य भी कराया जाएगा।

गंगा नदी के बाढ़ से प्रभावित गोपालपुर और दूबे छपरा के साथ ही इंदरपुर-थम्हनपुरा तटबंध पर भी सुरक्षात्मक कार्य कराए जाएंगे। कुछ अन्य स्थानों पर भी सुरक्षात्मक कार्यों की स्वीकृति मिली है। कार्य शुरू कराने के लिए पहली किस्त में 13 करोड़ से ज्यादा की धनराशि जारी कर दी गई है।

# एसडीएम ने सुनी आमजन की फरियाद


एसडीएम को अपनी फरियाद सुनाती महिला

**बैरिया।** स्थानीय थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान कुल छह मामले आये, जिसमें पांच मामले राजस्व एवं एक मामला पुलिस से संबंधित रहा।

नौरंगा निवासी पारस ठाकुर सहित पांच लोगों ने शिकायती पत्र देकर जबरन फसल काटे जाने की शिकायत की। वही, बैरिया निवासी अरशद हुसैन ने दाखिल खारिज का मामला उठाया। गंगौली निवासी पार्वती देवी ने आम रास्ते का विवाद का मामला उठाया, जबकि संसार टोला निवासी विशेश्वर प्रसाद ने अपने खेत पर दबंगों द्वारा कब्जा करने का मामला उठाया। सुरेमनपुर निवासी रविंद्र सिंह ने भी अपने खेत का मामला उठाया। राजस्व विभाग के मामलों के प्रति उप जिलाधिकारी ने गंभीरता दिखाते हुए मातहतों को तुरंत समाधान करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एसएचओ धर्मवीर सिंह, एसआई शिवचंद यादव आदि मौजूद रहे।

### फरियादियों की लगी रही भीड़


बांसडीह कोतवाली में जुटी भीड़

**बांसडीह।** स्थानीय कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली प्रभारी योगेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान फरियादियों की भीड़ लगी रही। कोतवाली प्रभारी योगेंद्र प्रसाद सिंह एवं अपराध निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फरियादियों की फरियाद सुना। थाना दिवस पर क्षेत्र के कुल 12 मामले आए, जिसमें से तीन मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामले राजस्व के रहे। इस मौके पर कस्बा लेखपाल बसंत कुमार सिंह सहित अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सत्कर्म व परोपकार करने से मां आदिशक्ति की कृपा बरसने लगती है : सद्‌गुरु

**दोहरीघाट, मऊ।** अंतर्राष्ट्रीय मातेश्वरी महा धाम में चैत्र रामनवमी के अवसर पर चल रहे नौ दिवसीय आदि शक्ति अखण्ड महायज्ञ के चौथे दिन पवित्र हवन कुंड की परिक्रमा करने के लिए भक्तों में होड़ लगी रही। तो वही सुबह शाम हो रहे हवन पूजन आरती से पूरा क्षेत्र मातृभक्ति में गोते लगा रहा है। वही सदगुरु महाराज के सुवचनो को सुनने व आत्मसात करने के लिए भक्तों की अपार भीड़ उमड़ रही है। मातृ भक्तों को प्रवचन देते हुए सदगुरु महाराज ने कहा कि मनुष्य को कुछ अच्छे कार्य करके एक अच्छे इंसान होने का परिचय देना चाहिए क्योंकि अच्छे कार्य करने या भलाई का कार्य करने की सोचने मात्र से ही इंसान का मन प्रफुल्लित हो जाता है।

### विशेष लोक अदालत का हुआ आयोजन

**मऊ।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामेश्वर के मार्गदर्शन में षनिवार को मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त विशेष लोक अदालत में पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अनिल कुमार वशिष्ठ द्वारा कुल 36 मामलों का निस्तारण कर रु0 15515000- की समझौता प्रतिकर राशि दिलायी गयी। अपर जनपद न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिनय कुमार मिश्रा द्वारा अवगत कराया गया कि 15 अप्रैल को आर्बिट्रेशन मामलों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

### ट्रैक दोहरीकरण को लेकर 6 घंटे बंद रही रेलवे क्रासिंग

**इन्दारा, मऊ।** वाराणसी-गोरखपुर रेल मार्ग पर स्थित इंदारा रेलवे स्टेशन क्रासिंग 4सी मऊ-मझवारा शहीद मार्ग शनिवार की सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक ब्लॉक अवधि में इंदारा स्थित क्रॉसिंग सड़क मार्ग पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद कर दी गई। गेट बंद होने से राहगीरों को कई किमी का चक्कर लगाना पड़ा। इंदारा-दोहरीघाट अमन परिवर्तन दोहरीकरण कार्य किया जा रहा है। इंदारा रेलवे स्टेशन स्थित 4सी व 5सी सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सड़क मार्ग बंद करने के लिए रेल विभाग ने जिला प्रशासन को सूचित करते हुए सहयोग मांगा था। जिस पर जिला प्रशासन ने शनिवार को क्रॉसिंग बंद होने के बाद रेलवे क्रॉसिंग से गुजरने वाले अलीनगर-मझवारा शहीद मार्ग पर आवागमन बंद करा दिया।

# मां बेटे के साथ मारपीट की घटना में पांच आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**कोपागंज, मऊ।** शुक्रवार की शाम मां और बेटे को मारे पीटे जाने की घटना में शामिल पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामला थाना क्षेत्र के भलुईडीह गांव में शुक्रवार की शाम का है। उपरोक्त गांव निवासनी फुलवंती देवी पत्नी विनोद ने पुलिस को दिए गए तहरीर में कहा कि बीते 23 मार्च की रात उसके पितिया ससुर की देहान्त के बाद घर पर कुछ मेहमान आए थे इसी दौरान दूसरे दिन शुक्रवार की शाम निवास पुत्र राम वचन मेहमानों के सामने ही प्रार्थनी को गाली देने लगे। जब प्रार्थनी के पुत्र गोविंद पुत्र विनोद गाली देने से मना किया तो आरोपी गुस्से में आकर मेरे पुत्र को भी बांस उठाकर बुरी तरह से पीटने लगा। अपने पुत्र को पीटता देख जब दौड़कर बचाने गई तो आरोपी ने मुझे भी मारने लगा। जिसके कारण सिर बुरी तरह फट कर खून से लथपथ हो गया।

मारपीट में मेरे पुत्र को भी काफी चोटें आई है। इस सम्बन्ध में घायल महिला ने देर शाम आरोपी सहित मारे पीटे जाने में शामिल पांच लोगों के खिलाफ थाने में लिखित तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने घायल महिला और पुत्र की मेडिकल कराने के बाद सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ 34,323,504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर करवाई में जुटी हुई है।



### वांछित अभियुक्त के घर पुलिस ने की 82 की नोटिस चस्पा



**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बरडीहा गांव निवासी मुलायम व टेन सिंह पुत्रगण भगवान दास मुकदमा अपराध 323,504,506 मे वांछित अभियुक्त के घर पुलिस ने शनिवार को 82 की नोटिस चस्पा कर कारवाई किया। व आरोपित की धरपकड़ के लिए पुलिस ने उनके सगे संबंधियों के यहां काफी दबिश दिया परंतु आरोपित पुलिस की पकड़ से बाहर रहा। जिस पर जनपद न्यायालय द्वारा 82 की नोटिस चस्पा करने का आदेश दिया। इस पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक ने अपने हमराहियों के साथ गांव में पहुंचकर ग्रामीणों की मौजूदगी में उस के घर के बाहर 82 की नोटिस चस्पा किया। इस के बाद भी कोर्ट में सरेंडर नहीं करता है तो अब 83 की कार्रवाई के बाद घर के सामानों की कुर्की की जाएगी। इस अवसर पर एसआई राम जतन सरोज, हेड कांस्टेबल विंध्यवासिनी सिंह, कांस्टेबल संजय यादव व दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयास

**उपलब्धि**

## प्रभारी मंत्री ने सरकार के 1 वर्ष की उपलब्धियों को गिनाया



**मऊ।** शनिवार को वर्तमान सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लखनऊ में होने वाले आयोजित कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन करने के उपरांत सरकार की पिछले 6 वर्षों के साथ ही वर्तमान सरकार के 1 वर्ष की उपलब्धियों को साझा किया। लखनऊ में होने वाले इस आयोजन के उपरांत जनपद स्तर पर जनपद के प्रभारी मंत्री अनिल राजभर द्वारा 1 वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया गया। इसके पूर्व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर एक विशेष शॉर्ट वीडियो का भी प्रदर्शन किया गया। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री द्वारा मीडिया के लोगों के साथ प्रेस वार्ता की गई, जिसके दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए जनपद स्तर पर भी पिछले 1 साल में किए गए कार्यों से मीडिया को अवगत कराया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु एक सामूहिक प्रयास कर रही है, जिसका प्रभाव साफ नजर आ रहा है। हमारी सरकार ने 2017 एवं 2022 के चुनाव में जो भी वादे किए थे, उसको पूरा कर रही है। प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार एवं अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर अग्रसर है, जिसके कारण प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था का माहौल बना है और निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। इस कारण ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान 35 लाख करोड़ से भी ज्यादा निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। अब गांव में भी 18 घंटे बिजली उपलब्ध हो रही है। परिवहन के क्षेत्र में सरकार ने जल, थल एवं हवाई मार्गो में अभूतपूर्व विकास किया है जिससे प्रदेश की लैंड लॉक्ड वाली छवि अब दूर हो गई है। कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग द्वारा विकास कार्यों की प्रगति के संदर्भ में जारी रैंकिंग में पिछले 3 माह से लगातार जनपद मऊ के प्रथम स्थान पर बने रहने पर खुशी व्यक्त करते हुए प्रभारी मंत्री ने जिला प्रशासन की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने जिलाधिकारी अरुण कुमार के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयासों की सराहना के साथ ही जनपद स्तर के अधिकारियों द्वारा किए गए प्रयासों के फलस्वरुप जनपद की बेहतर छवि के लिए उन्हें बधाई भी दी। इसके अलावा उन्होंने शासन एवं प्रशासन के लिए मीडिया के सकारात्मक सहयोग की भी चर्चा करते हुए मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे, मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया से जुड़े मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

# एनएसएस परोपकार, अनेकता में एकता व अनुशासन में रहने की देता है सीख

**शिविर**

## मलिन बस्ती में घर घर जाकर किया सर्वेक्षण का कार्य



**मऊ।** शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के पांचवें दिन नित्य क्रिया के बाद सर्वप्रथम शिविर स्थल की साफ सफाई की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बापू इंटर कॉलेज के प्राचार्य उपेंद्र राय ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राएं गुंजन यादव, अंजली यादव, रागिनी गौड ने मां सरस्वती की वंदना की। उसके बाद स्वयं सेवकों स्वयं सेविकाओं ने पुराने कोपा मलिन बस्ती में सर्वेक्षण का कार्य घर-घर जाकर किया। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना परोपकार, अनेकता में एकता एवं अनुशासन में रहने का सीख देता है। तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार प्रजापति ने आज की जागरण रवि की सुनियोजित प्रक्रिया पर प्रकाश डाला और सड़क सुरक्षा की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को वाहन चलाने और ट्रैफिक नियम का पालन करने पर जोर दिया। दो चक्का वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, चार पहिया वाहन बिना सीट बेल्ट के ना चलाएं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रंजना गुप्ता, प्रवक्ता डॉक्टर एकनाथ सिंह, गिरजा शंकर राय, इकबाल अहमद, सुरेंद्र यादव, महताब आलम, मंजू लता राय, अरुणिमा राय, नम्रता राय आदि लोग उपस्थित रहे।

# ताल से ताल मिला सुर से बांधा समा

**आयोजन**

## पार्वती महिला पीजी कॉलेज का वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह छलके आँसू



**दोहरीघाट, मऊ।** एक तरफ खुशी तो दूसरी तरफ गम तो वही सरयू की लहरो से बलखाती छात्राओ की दमदार प्रस्तुती देख शिक्षक अभिभावक व छात्राओ का समूह समेत सब दांतो तले ऊँगली दबा बैठे यह मनोहारी दृश्य पार्वती महिला पीजी कालेज के वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह देखने को मिला जहां छात्राओ ने समूह नृत्य के साथ-साथ हास्य गीत गजल प्रहसन से सबका मन मोह लिया। वही कालेज मे बीए बीएड एम एमए समेत प्रथम द्वितीय तृतीय आने वालो छात्राओ को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के संस्थापक लालविहारी द्विवेदी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करने व दीप प्रज्वलन के बाद हुआ सरस्वती बन्दना व स्वागत गीत के बाद शूरू हुआ। कहते है न कि कुछ प्रतिभाएं दिखती नही छूपी हूई होती है जैसे ही छात्राओ को मंच मिला और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मिली चहक उठी फिर ऐसा धमाल मचाया कि पंडाल मे हजारो के समूह की तालिंया रूक ही नही रही थी जैसे ही मंच पर सिमरन ने ताण्डव नृत्य प्रस्तुत किया। पंडाल तालियो के शोर व शिव तांडव की धुन ने सबको भावविभोर कर दिया उसके बाद पूरे भारत की संस्कृति तथा कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हर प्रदेश के वेष भूषा मे वहां की परम्परागत सांस्कृतिक नृत्य कर छात्राओ ने समां बांध दिया। बीएससी की छात्रा काजल ने फेरो ना नजरिया व शुभ दिन आयो रे पर नृत्य किया कामेडी डांस लेकर आयी छात्राओ के ग्रुप ने ऐ मेरी जोहरा जमीं पर नृत्य कर सबको हंसा हंसा सबके अतड़ियो को उलट पलट कर रख दिया। नवरात्रि स्पेशल सोशल मिडिया ओल्ड डांस कजरी नृत्य दोस्ती डांस ननद जेठानी बोल रे जेठानी हाय गुस्सा क्यू हो गयी फिर मियां बीबी के क्रेटा कार डांस चाहे बिक जाये घर द्वार बैठूंगा क्रेटा कार मे नृत्य कर धमाल मचा दिया। वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए संस्थापक लालबिहारी द्विवेदी ने कहा कि आप सफलता के शिखर पर पहुँचे यही हमारी शुभकामनाये हैं। वही आये हुए सभी अतिथियो के प्रति आभार जताया।

# नब्बे लाख रुपये की हेरोइन के साथ तीन गिरफ्तार

**कामयाबी**

### चार पहिया वाहन और हजारों रूपए नगद बरामद

जनसंदेश न्यूज


एसपी कार्यालय में हेरोइन तस्करों को पेश करते एसपी सिटी ज्ञानेंद्र प्रताप।

**गाजीपुर।** पुलिस ने अन्तरराज्यीय हेरोईन तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से 900 ग्राम हेरोइन बरामद किया है। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 90 लाख रुपए है। वहीं विक्री का 2600 रुपए नगद और एक चार पहिया वाहन,मोटर साइकिल व दो मोबाइल कब्जे में लिया है।

स्वाट टीम व सर्विलांस टीम तथा थाना रामपुर मांझा पुलिस की संयुक्त टीम को मुखबिर की सूचना पर अन्तरराज्यीय हेरोइन तस्कर गिरोह का पता चला। जिसके बाद पुलिस टीम बुढऊ बाबा चौराहा ग्राम चकेरी थाना रामपुर माझा के पास से अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

अन्तरराज्यीय तस्कर कमलेश यादव पुत्र निर्मल यादव रामपुर भगताने ककरही सैदपुर, अभिषेक यादव पुत्र स्व. जयनाथ यादव चिलार नन्दगंज, चुरामन प्रजापति पुत्र नन्दलाल प्रजापति बुढिया ड़ाबर चौपारण हजारीबाग झारखण्ड के निवासी है। तस्करों के कब्जे से 900 ग्राम हेरोइन व बिक्री का 2600 रुपए, एक चार पहिया वाहन व एक मोटर साईकिल तथा दो मोबाइल बरामद हुआ।

### गिरफ्तार करने वाली टीम

थानाध्यक्ष संतोष कुमार राय थाना रामपुर माँझा, उ.नि रामाश्रय राय, सुनील तिवारी, हे.का आशुतोष सिंह, विनय यादव, सुजीत सिंह, संजय रजावत, विनोद कुमार यादव, रवि कुमार राय, प्रमोद सरोज, जयन्त सिंह,अभिषेक कुमार शामिल रहे।

## आग लगने से झोपड़ियों सहित हजारों का नगदी जलकर खाक


अलीपुर मदरा चांद में जली झोपड़ी।

**जखनियां/दुल्लहपुर।** भुडकुड़ा थाना क्षेत्र के अलीपुर मदरा के चांद के पार मौजे में शनिवार दोपहर 12 बजे शॉर्ट सर्किट से झोपड़ियों विकराल रूप से जलने लगी। आनन फानन में झोपड़ी से बच्चे व सदस्य बाहर निकलकर जान बचाएं।

लेकिन झोपड़ी में नगदी सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर एसडीएम आशुतोष श्रीवास्तव ने तत्काल कानूनगो, लेखपाल ,चिकित्सक और थाने की पुलिस को भेजकर घटनास्थल का मुआयना कराया। पीड़ित विनोद राम के दो झोपड़ी में रखा चालीस हजार नगदी सहित राशन, कपड़ा, बर्तन, मोबाइल जलकर राख हो गया। आग से पहले पीड़ित की पत्नी ममता फोन पर बात कर रही थी तो सुमन, सुधीर, संगम, शिवम, विधा सो रहे थे। किसी तरह भागकर जान बचाई। वही सटे दो झोपड़ी स्तंलाल राम का पचास हजार नगदी सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गए। परिवार खुले आसमान के नीचे आ जाने से बिलखने लगे।

परिवार के लोग मेहनत मजदूरी करके जीविका चलाते थे। उपजिलाधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव ने तत्काल सरकारी सस्ते गल्ले के दुकान से राशन और बर्तन उपलब्ध कराने का निर्देश दिए तथा अन्य मुआवजा जल्द दिए जाने का आश्वासन दिया।

# भ्रष्ट कर्मचारियों पर होगी तत्काल कानूनी कार्रवाई

**आयोजन**

### सेवराई उप निबंधन कार्यालय का हुआ लोकार्पण

जनसंदेश न्यूज

**सेवराई।** तहसील क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित उप निबंधन कार्यालय का वैदिक विधि विधान से शनिवार को लोकार्पण हुआ। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल ने प्रथम रजिस्ट्री गीता देवी को प्रमाण पत्र देकर शुभारंभ किया।

राज्यमंत्री ने कहा कि योगी सरकार पार्ट-2 का एक वर्ष पूरा होने पर सेवराई की जनता को उप निबंधन कार्यालय तोहफे के रुप हवाले किया जा रहा है। क्षेत्रीय जनता को मंच से ही अपना फोन नंबर देते हुए कहा कि यदि कोई भी कर्मचारी अवैध पैसे की मांग करें तो तत्काल मुझे फोन करिएगा। विश्वास दिलाता हूं कि सरकार की मंशा के अनुरूप फोन द्वारा ही कानूनी कार्रवाई तुरंत करूंगा। जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह ने राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले छह वर्ष से उप निबंधन कार्यालय का कार्य बाधित होने के कारण क्षेत्रीय लोगों को रजिस्ट्री कार्य के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

उप निबंधन कार्यालय का लोकार्पण भाजपा एमएलसी विशाल सिंह चंचल व जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक डॉ ओमवीर सिंह ,एजी स्टांप प्रेमप्रकाश ,तहसीलदार अमित शेखर, एसडीएम भारत भार्गव, सहायक निबंधक सेवराई राजेश श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह, पूर्व विधायक सुनीता सिंह , सुभाष यादव, दुर्गा चौरसिया, बलवंत सिंह बाला, मुरली कुशवाहा ,शिवशंकर सिंह अंजनी सिंह, मुन्ना सिंह आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### महादेव सिर्फ आपके नहीं सबके हैं

उप निबंधन कार्यालय के लोकार्पण के अवसर पर भारी संख्या में सपा और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें। इस दौरान भाजपा जिंदाबाद के नारे भी लगते रहें। जिसे पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह ने बहुत शांति पूर्ण तरीके से सभी कार्यकर्ताओं को समझाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर हर महादेव का उद्घोष करना शुरू कर दिया। जिस पर विधायक ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि महादेव सिर्फ आपके नहीं हम सबके हैं।

# योगी सरकार में नौकरियों में भ्रष्टाचार का खात्मा

**प्रेसवार्ता**

### प्रदेश सरकार ने माफियाओं की तोड़ी कमर

### अपराधियों की बेनामी अर्जित संपत्ति से बना गरीब का आवास

**गाजीपुर।** राज्य मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि योगी सरकार में युवाओं के लिए बेहतर रोजगार का माहौल बना है। सरकारी नौकरियों में जातिवाद, भ्रष्टाचार और परिवारवाद को खत्म किया गया है। उन्होंने बताया कि अब सरकारी योजनाओं का लाभ देने में न तो जातिवाद होता है और न ही भ्रष्टाचार। हर किसी को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। राज्य मंत्री शनिवार को गृह लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में योगी सरकार पार्ट-2 के एक वर्ष कार्यकाल पूरा होने पर प्रेसवार्ता के दौरान उक्त बातें कहें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने विकास को गति देने के लिए एक्सप्रेस वे का निर्माण कराया है। उद्योग के क्षेत्र में नई क्रान्ति आई है। प्रदेश में सरकार ने गुण्डा राज माफियाओ का कमर तोड़ने का काम किया गया। उनके द्वारा अर्जित बेनामी सम्पत्तियों को लेकर गरीबो के लिए आवास का निर्माण कराया जा रहा है। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, जिलाध्यक्ष भाजपा भानु प्रताप सिंह ,पूर्व विधायक जमानियां सुनीता सिंह, एंव अन्य पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का होगा विकास

मंत्री ने बताया कि वर्तमान सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। सरकार द्वारा मुफ्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था की गई है। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को भोजन मिड डे मील , मुफ्त किताबें, ड्रेस आदि भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों के लिए अनेक योजनाएं संचालित है। प्रदेश सरकार द्वारा कमजोर वर्ग के लोगों को उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, निःशुल्क राशन आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है।

### भाजपा ने किया संकल्प पूरा

प्रभारी मंत्री ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी एवं सीएम योगी के नेतृत्व में चुनाव से पहले लिये गये 120 घोषणा संकल्प को एक वर्ष के अन्तराल में ही लगभग 105 संकल्पो को पूरा कर लिया गया है । अभी सरकार के चार साल शेष है। जिसमें अपने संकल्प के अलावा अन्य कई विकास परक कार्यो को पूरा किया जायेगा।

# डॉ. हेडगेवार के भीतर जन्मजात थी राष्ट्रभक्ति की भावना : हेमंत


सैदपुर नगर में पथ संचलन करते स्वयंसेवक संघ के सदस्य।

**सैदपुर।** भारतीय नववर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन कार्यक्रम जिला प्रचारक हेमन्त के नेतृत्व में शनिवार को सैदपुर नगर में भ्रमण किया । भ्रमण के दौरान आरएसएस के सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में दण्ड सहित तैयार होकर पंक्तिबद्ध तरीके से तथा फूल माला से सजे रथ और उस रथ पर भारत माता और भगवान श्रीराम का चित्र के साथ साथ संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और माधव सदाशिवराव गोलवलकर श्री गुरुजी का चित्र लगाकर झांकी पूरे नगर में निकाली गयी ।

देशभक्ति की भावना से प्रेरित नगरवासी स्वयंसेवको के ऊपर पुष्प वर्षा कर रहे थे। पथ संचलन का कार्यक्रम पक्का घाट रामलीला मैदान से शुरू होकर हरि चौराहा, मुख्य बाजार होते हुए मुख्य सड़क से त्रिमुहानी, रानी चौक, पुरब बाजार, तहसील से होकर पूरे नगर में भ्रमण के बाद डायट परिसर के पास उपवन में सभी स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण हुआ। मुख्य वक्ता जिला संघचालक पारस नाथ ने अपने उद्बोधन में कहा कि सन् 1925 में डॉ. साहब ने संघ की स्थापना किया जिसका मूल उद्देश्य अपने असंगठित समाज को संगठित करना था। डॉ साहब के भीतर जन्मजात राष्ट्रभक्ति की भावना थी। उन्होंने एमबीबीएस की पढ़ाई के बाद भी देश सेवा को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दिया । डॉ साहब हमेशा सोचते रहते थे कि हम गुलामी के जंजीरों में क्यों जकड़े है जबकि हमारे देश में बहादुरों की कोई कमी नही है, शिक्षा के क्षेत्र में हमारा कोई मुकाबला नही है, धन सम्पदा में भी हम किसी से कम नही है फिर भी गुलाम है तो उसका एक ही कारण है हम संगठित नही है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने ने संघ की स्थापना की जो आज निरन्तर आगे बढ़ता जा रहा है और आज विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। इस अवसर पर जिला प्रचारक हेमन्त, जिला कार्यवाह नागेन्द्र, मुकेश, डॉ कृष्णगोपाल, सन्टी वर्मा, अनिल सोनकर, राजकिशन जायसवाल, रामनारायण, सुजीत, शुभम, भोला, विष्णु आदि सैकड़ों स्वयंसेवक मौजूद रहे। अंत मे प्रह्लाद जायसवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

### संघ के पथ संचलन में पुलिस की लापरवाही

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन कार्यक्रम में पुलिस की लापरवाही और निष्क्रियता बहुत ही ज्यादा देखने को मिली। जिस समय पथ संचलन का कार्यक्रम हो रहा था उस समय ना तो सैदपुर कोतवाल शिवकुमार वर्मा दिखे ना ही कोई दरोगा दिखा। खानापूर्ति के नाम पर 4 से 5 सिपाही लगे थे वो भी पूरे रास्ते भर मोबाइल पर बात करते रहे। यहाँ तक कि संचलन के समय स्वयंसेवकों के बीच से कोई मोटरसाइकिल तो कोई साइकिल लेकर निकल जा रहा था। रास्ते में भी कई जगह जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस की ऐसी निष्क्रियता के कारण बड़ी घटना होते होते बची । कोतवाल की लापरवाही की चर्चा नगर में हर जगह हो रही है कि संघ के कार्यक्रम में जब पुलिस ऐसी निष्क्रिय है तो आम जनमानस इससे क्या उम्मीद रखेगा। पथ संचलन के समाप्ति के दौरान कोतवाल खानापूर्ति के नाम पर कुछ देर के लिए आये लेकिन फिर वापस चले गए।

## महाविद्यालय में चोरों ने दरवाजा तोड़कर की चोरी


बसंतचक स्थित प्रभुनाथ महाविद्यालय में चोरी के बाद फैला कागजात।

**सैदपुर।** थानाक्षेत्र के बसन्तचक स्थित प्रभुनाथ महाविद्यालय में चोरों ने दरवाजा तोड़कर अंदर से आवश्यक कागजात व प्रिंटर चोरी कर लिया। सुबह जब लोग कॉलेज पहुंचे तो घटना का पता चला। जिसके बाद उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच में जुट गई। जिसमें 3 चोर दिखे।

एक चोर बाहर ही बैठकर पहरा दे रहा था, शेष दो चोर अंदर घुसे। उनमें से एक के मुंह का गमछा खुल गया। कॉलेज का दरवाजा, कुंडी आदि तोड़कर चोर अंदर घुसे, आलमारी तोड़ दिया।

अंदर घुसने के बाद देखने से ऐसा लग रहा था, जैसे वो किसी खास कागजों की तलाश कर रहे थे। काफी देर तक आराम से ढूंढने के बाद वो काफी मात्रा में कागज व एक प्रिंटर चोरी कर फरार हो गए। जाने से पहले एक चोर ने सीसीटीवी कैमरे को डंडे से तोड़ दिया। लेकिन डीवीआर में सब कुछ साफ दिख रहा है। प्रबन्धक अशोक यादव ने बताया कि एक प्रिंटर व आवश्यक कागज चोरी हुए हैं।

## ट्रेन हादसे में मृत युवक की पहचान



जनसंदेश न्यूज

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत शुक्रवार को ट्रेन दुर्घटना में अज्ञात युवक के शव की पहचान हो गई। अज्ञात मृतक व्यक्ति की शिनाख्त उसके छोटे भाई जावेद ने की। देर शाम तक जब फतहबाग निवासी जावेद का भाई राजू पुत्र स्वर्गीय कौशर (45) घर नहीं लौटा तो परिजन उसे ढूंढने लगे। किसी ने मृतक के भाई जावेद को फोन से सूचित किया।

जिस पर उसके भाई जावेद ने उसकी पहचान की। मृतक के छोटे भाई ने किसी काम से कहीं जा रहा था जिससे दुर्घटना में उसकी मौत हो गई।

उसकी सूचना पाकर परिजन रोने भी रखने लगे तथा परिवार में कोहराम मच गया। समाचार लिखने तक उसका मृतक शरीर घर नहीं आया था। वह विकास खंड के पास गोमती में पहले पान भेजा और बाद में व सिंलाई का काम करने लगा।

# माता कूष्मांडा से मांगा निरोगी काया और यश का वरदान

**नवरात्रि**


### दर्शन के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतार

### मंदिरों में माता को फूल, फल, चूनरी प्रसाद आदि किया भेंट

### मां कामाख्या धाम सहित सभी मंदिरों में लगी भीड़

**गाजीपुर।** ब्रह्मांड को उत्पन्न करने वाली नवदुर्गा के चौथे स्वरूप माता कूष्मांडा की पूजन के लिए शनिवार को भक्त देवी मंदिरों में उमड़े माता के पूजन को भक्तों में उत्साह देखा गया। भक्त भोर की किरण के साथ ही देवी मंदिरों में दर्शन को पहुंचने लगे।

भक्तों ने माता से निरोगी काया और आयु पश और बुद्धि में वृद्धि की कामना की या देवी सर्वभूतेषु रूपे संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः मंत्र का जाप करते हुए भक्तों ने भोर की किरण के साथ देवी मंदिरों की ओर कूच किया। देवी मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने माता को फूल फल चुनरी प्रसाद आदि भेंट किया। माता को दही व हलवे का भोग लगाया। नवरात्र प्रारंभ होने के साथ ही घरों में कलश की स्थापना कर सुबह-शाम भक्त मां दुर्गा की आराधना कर रहे हैं वहीं शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों में शक्ति स्वरूपा के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। चौथे दिन शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थित मां के दरबार में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया था। दर्शन-पूजन का जो ये सिलसिला सुबह से शुरू होकर दिन भर जारी रहा। श्रद्धालुओं ने चुनरी, नारियल, फूल-माला, आदि सामग्री अर्पित कर धूप- दीप से उनका वंदन किया। उनसे परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।



**सेवराई।** मां कामाख्या धाम पर सुबह ही भक्तों की कतार लग गई थी। मां के चरणों में फूल-माला तथा प्रसाद आदि अर्पित किया। मां की आराधना के बाद भक्तों ने भैरोनाथ का दर्शन-पूजन किया।

**बाराचवर।** कष्टहरणी भवानी मंदिर करीमुद्दीनपुर में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे थे। परिसर में स्थित पूजा तथा फूल-माला की दुकानों से खरीदारी करने के बाद मां के दरबार पहुंचे। उनके चरणों में पुष्प अर्पित कर आराधना की।

**मुहम्मदाबाद।** मनोकामना देवी के दरबार में दर्शन-पूजन के लिए पूरे दिन भक्तों की भीड़ लगी रही। इसके अलावा औड़िहार, जमानिया, कासिमाबाद, भांवरकोल, दुबिहा, दुल्लहपुर, दिलदारनगर, सुहवल, बहरियाबाद, जखनिया, करंडा, सादात, मरदह, भीमापार आदि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों में पूरे दिन मां की आराधना की धूम मची रही।

दैवीय चमत्कारों से परिपूर्ण है केवड़ा मौजे में योगमाया.मां राजमति देवी ।

### मां योग माया राजमती भक्तों की सुनती पुकार

**भांवरकोल।** वैसे तो अमूमन देवी मन्दिरों में लोग सच्चे मन से मनौती पूर्ण होने पर लोग श्रद्धा भाव से प्रसाद में नारियल चुनरी फल फूल चढ़ाकर अपनी भक्ति भाव से आम श्रद्धालु अनुग्रहित होते हैं। लेकिन भावरकोल क्षेत्र में एक ऐसा देवी स्थान है जहां लोगों की मनोकामना पूर्ण होने पर भक्त मां के इस मंदिर पर त्रिशूल चढ़ाकर अपनी मनौती को पूरा करने के बाद कराहा देकर अपनी आस्था का इजहार करते हैं। क्षेत्रवासियों के आस्था एवं विश्वास का केन्द्र मसोन ग्राम सभा.के उत्तरी -पश्चिमी सुवान के एकांत केवड़ा मौजे के जंगलों में विद्यमान मां योग माया राजमती का सिद्धपीठ आश्रम अपने दैवीय चमत्कारों से परिपूर्ण है।

## संक्षेप

### महिलाओं ने निकाली भव्य कलशयात्रा



**सैदपुर।** नगर में भव्य कलशयात्रा व भगवान शिव की झांकी निकाली गई, इन दौरान कलश यात्रा में नगर की सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। वहीं पुरुष हाथों में पताका आदि लेकर चल रहे थे। कलश यात्रा बूढ़ेनाथ महादेव मंदिर से शुरू हुई। गंगा घाट से महिलाओं ने जल उठाया। इसके बाद पूरे नगर का पैदल भ्रमण किया। पैदल यात्रा के दौरान नगर के अधिकांश घरों की छतों से लोग उन पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसा रहे थे। आज शाम से त्रिकालदर्शी सद्गुरु नाथ महाराज द्वारा शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा।

### कारागार में बंदियों ने किया योगासन



**गाजीपुर।** ज़िला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा. एसएन गुप्ता एवं क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं युनानी अधीकारी डा. शिव दुलार यादव के दिशा निर्देशन में किया गया आयुष आपके द्वार शनिवार को ज़िला कारागार (जेल) पर राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय योग वेलनेस सेंटर महाहर के योग प्रशिक्षक धीरज राय व सैय्यद सलमान हैदर के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बंदियों एवं स्टाफ को योग प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक हरिओम शर्मा, जेलर राकेश कुमार वर्मा, डिप्टी जेलर रविन्द्र सिंह यादव, कमलचन्द, सुखवती देवी, शैलेन्द्र वर्मा, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, अभय कुमार मौर्या, उपस्थित रहे।

### सब्जी विक्रेता को मारपीट कर किया लहूलुहान

**जखनिया।** स्थानीय कस्बे में शिव मंदिर रोड पर सब्जी की दुकान किए अशोक मौर्य पुत्र अकलू मौर्य (25) बृहस्पतिवार की रात में करीब 8:45 बजे दुकान बंद कर अपने घर कुड़ीला जा रहा था। तभी रास्ते में ही तीन मोटरसाइकिल से पहुंचे लोगों ने रास्ता रोक लिया और मुंह पर कपड़ा डालकर लाठी डंडे से पीटकर लहूलुहान कर दिया। मारपीट से अशोक के दोनों हाथ में फैक्चर हुआ है होश आने पर अशोक अपने मोबाइल से फोन कर घरवालों को सूचना दिया। जिस पर घरवाले पहुंचकर उसे लेकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखनिया गए। जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घरवालों ने बताया कि रोज की तरह शाम को दुकान बंद कर अशोक मोटरसाइकिल से घर आ रहा था। तभी उसे लोग मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट करने आए लोग अशोक को मारने की नियत से ही आए थे। क्योंकि दुकान बंद कर जाते वक्त अशोक के पास मोटरसाइकिल के साथ उस दिन दुकानदारी का पूरा पैसा भी था साथ में मोबाइल भी था। लेकिन कोई सामान नहीं गया है। सूचना पुलिस को दी गई है। हल्का दरोगा रामाश्रय यादव से पूछने पर उन्होंने कहा कि अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है। पुलिस छानबीन कर रही है। जल्द ही मारपीट करने वाले लोगों को चिन्हित कर उचित कार्यवाही की जाएगी। कस्बे में दुकानदार को मारे-पीटे जाने से अन्य दुकानदार सहमे हुए हैं। दुकानदारों का कहना है कि अपराधी इतने बेखौफ हो चुके हैं कि किसी को भी मारपीट कर घायल कर दे रहे हैं।

### गांव छोड़िए, कस्बों के लिए भी नहीं हैं बसें

**गाजीपुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शहर को गांवों से जोड़ने के लिए हर राजस्व गांव तक रोडवेस बस पहुंचाने का ऐलान किया था। मगर अभी जिले में हालात ये हैं कि कई प्रमुख कस्बों तक के लिए भी रोडवेज सेवा नहीं है। लोग निजी साधनों से यात्रा करने के लिए मजबूर हैं। ज्यादा किराया देते हैं और जान भी जोखिम में डालते हैं। जनपद में आवागमन के साधन नाकाफी है। हर क्षेत्र में रोडवेस बस की सेवा नहीं है। इसलिए लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती है। लंबी दूरी की यात्रा करने में उन्हें कई बार साधन बदलना पड़ता है। कई रूट तो ऐसे हैं, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग आवागमन करते हैं। इसके बाद भी उस रूट पर रोडवेज की बस नहीं चलती। कुछ रूट ऐसे हैं, जहां बस सेवा तो शुरू हुई, लेकिन बाद में उसे बंद कर दिया गया। सीएम ने इस समस्या का संज्ञान लिया या यह योजना जमीन पर उतरी तो लोगों का शहर से गांव तक का सफर आसान हो जाएगा।

### समुद्र मंथन बहुत ही रोचक

सुहवल। स्थानीय गाँव के काली मन्दिर परिसर में नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत यज्ञ कथा एवं भंडारा आयोजित है। शनिवार को तीसरे दिन कथा का रसपान कराते हुए कथा वाचक स्वामी हरिनामगिरी महाराज ने भगवान के चौबीस अवतारों की कथा के साथ-साथ समुद्र मंथन की बहुत ही रोचक एवं सारगर्भित कथा सुनाते हुए कहा कि यह संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है। यहां चौरासी लाख योनियों के रूप में भिन्न- भिन्न प्रकार के फूल खिले हुए हैं। जब-जब कोई अपने गलत कर्मो द्वारा इस संसार रूपी भगवान के बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है तब-तब भगवान इस धरा धाम पर अवतार लेकर सजनों का उद्धार और दुर्जनों का संघार किया करते हैं । इस दौरान भारी संख्या में महिला पुरूष श्रद्धालु मौजूद रहे।

### कोहड़े की बलि देकर हुई मां कूष्मांडा की आराधना

**सैदपुर।** बासंतिक नवरात्रि के चौथे दिन सैदपुर के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। इस दौरान ब्रह्मांड की निमार्ता देवी के चौथे स्वरूप कूष्मांडा की पूजा अर्चना हुई। देवी मंदिरों में सुबह से ही भीड़ जुटी। लोगों ने कोहड़े की बलि देकर देवी को खुश करने का प्रयास किया। मान्यता है कि मां कुष्मांडा ने अपने अट्टाहास से ब्रह्मांड की रचना की थी। उन्हें कोहड़ा की बलि प्रिय है, इसलिए उन्हें कूष्मांडा भी कहा जाता है। इनकी पूजा से रोग व्याधि नष्ट होते हैं और याचक की आयु और यश में वृद्धि होती है।

### कौन किसका केबल बूझो तो जाने

**गाजीपुर।** तस्वीर गवाह है कि बिजली विभाग की लापरवाह कार्यशैली। बिजली पोल पर केबलों का जाल। आमजन की तो छोड़ दीजिए लाइनमैन भी कौन किसकी केबल है बूझ ही नहीं पाता। इतना ही नहीं इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कटी केबल से आए दिन करंट उतरना, शॉर्ट सर्किट होना आम बात हो चली है। यह सब देखकर मुहल्लावासी तो जरूर चेत रहे हैं लेकिन बिजली विभाग की कुंभकर्णी नींद नहीं खुल रही है। लगता है कि महकमे के जिम्मेदार लोगों को किसी गंभीर हादसे का इंतजार है।

### हाईवे पर कब्जा कर चलाए जा रहे मोटर गैराज

**गाजीपुर।** नगर के मुख्य मार्ग ही नहीं हाईवे तक पर बड़ी संख्या में अवैध कब्जे कर दुकानें व वर्कशाप तथा गैराज संचालित किए जा रहे हैं। 20-20 फुट सड़क अतिक्रमण कर कब्जाने से जाम की समस्या विकट होती जा रही है। जिले का कोई भी मार्ग ऐसा नहीं है जिस पर अतिक्रमण व अवैध कब्जे न हों। सैदपुर में हाईवे पर 90 फीसद वाहनों की रिपेयरिंग सड़कों पर की जा रही है। जिसके कारण जाम लगा रहता है तथा निकलना मुश्किल हो रहा है। हद तो यह है कि पुलिस वैन यहां से दिन में कई बार गुजरती है लेकिन सड़क कब्जा कर खड़े किए गए वाहनों व यहां चल रही गैराज पर कार्रवाई करने से हमेशा बचती रही है। इससे इस काम में पुलिस की मिलीभगत की भी चर्चा है। ऐसी ही स्थिति मुहम्मदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर भी देखने को मिलती है। इसके अलावे प्रमुख बाजारों व अन्य मार्गो की भी स्थिति यही है।

### आज नगर में निकलेगी भगवा यात्रा

**गाजीपुर।** मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आमघाट पार्क से लंका मैदान तक विशाल भगवा यात्रा, रविवार को निकाली जायेगी। भगवा यात्रा में अधिक से अधिक नगरवासी शामिल हो। इस आशय की जानकारी जगदग्नि भाग समिति के अध्यक्ष अरुण सिंह बघेल ने दी है।


## कोतवाली पहुंचे डीआईजी सुनी लोगों की फरियाद


सैदपुर कोतवाली में फरियाद सुनते डीआईजी अखिलेश चौरसिया।

**सैदपुर।** नगर स्थित कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर डीआईजी अखिलेश चौरसिया पहुंचे और लोगों को फरियाद सुनी। उनके सामने कुल 10 प्रार्थनापत्र आये, जिसमें से 6 का निस्तारण मौके पर किया गया। इस दौरान डीआईजी ने कोतवाली का निरीक्षण भी किया। बैरक आदि की स्थिति देखने के साथ ही मेस, कार्यालय, सीसीटीएनएस आदि देखा और संतुष्ट दिखे। कोतवाल एसपी वर्मा को निर्देश दिया कि कस्बे में शाम के वक़्त में गश्ती बढ़ाई जाए। पुलिसकर्मी पैदल गश्त करें और अपराध पर नियंत्रण करें। हलके के उपनिरीक्षकों को निर्देश दिया कि वो अपने हलका में बने रहे हैं होने वाली घटनाओं पर बारीकी से नजर रखें। काफी देर तक रहने के बाद वो रवाना हो गए। इस मौके पर एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार, तहसीलदार नीलम उपाध्याय, ईओ आशुतोष त्रिपाठी आदि रहे।

# अखिलेश का सम्मान हिंदी की प्रतिबद्ध आवाज का सम्मान है

**सम्मान**



**जगन्नाथ दुबे**



प्रसिद्ध कथाकार और तद्भव जैसी महत्वपूर्ण पत्रिका के संपादक अखिलेश को उनकी नई पुस्तक अक्स के लिए 'रवीन्द्र कालिया स्मृति कथा कथेतर सम्मान' देने की घोषणा की गयी है. नई कहानी के तुरंत बाद हिंदी कहानी में जो पीढ़ी आई उसके सशक्त हस्ताक्षर रवीन्द्र कालिया जी की स्मृति में कहकशां फाउंडेशन ने इसी वर्ष इस पुरस्कार की शुरूआत की है. पहला रवीन्द्र कालिया कथा कथेतर सम्मान देते हुए निर्णायक मंडल ने जो टिपण्णी की उससे यह समझा जा सकता है कि आखिर इस सम्मान का क्या महत्व है और यह अखिलेश को मिल रहा है तो इसका क्या महत्व है? प्रशस्ति पत्र में लिखा गया है कि 'रचनाकार रवीन्द्र कालिया की स्मृति में कहकशां फाउन्डेशन वर्ष 2023 का प्रथम रवीन्द्र कालिया कथा कथेतर सम्मान सुप्रसिद्ध कथाकार श्री अखिलेश को उनकी कथेतर कृति 'अक्स' के लिए प्रदान करते हुए हर्ष अनुभव कर रहा है. सेतु प्रकाशन से आई अखिलेश की यह पुस्तक 'अक्स' हिंदी समाज व साहित्य के गतिशील और सचेत चरित्रों का मौलिक संकलन है जिसमें समय व समाज अपनी संवेदना सहित व्यक्त हुआ है. अपने जन्मस्थान सुल्तानपुर की आत्मीय छवियों के साथ लेखक ने परिवार, परिवेश और साहित्यिक व्यक्तियों के आत्मीय संस्मरण लिखे हैं. इन स्मृतियों में आत्मीयता, आह्लाद,आवेग,पीड़ा और विषाद के मिले जुले अक्स हैं. एक प्रतिबद्ध लेखक के नाम पर शुरू किया गया पहला सम्मान अखिलेश जैसे सजग-सचेत और प्रतिबद्ध रचनाकार को मिल रहा है यह पुरस्कार की भी सार्थकता है और प्रदान करने वालों की भी. अखिलेश अपने समकालीनों या वरिष्ठों में जिस रचनाकार के साथ सबसे ज्यादा संवादी रहे वे कालिया जी ही हैं. जिस पुस्तक पर यह सम्मान मिल रहा है उसके एक बड़े हिस्से में कालिया जी उपस्थिति दिखाई देती है. अभी इसी पुस्तक पर कलिंग लिटरेचर फेस्टिवल द्वारा नान फिक्शन के अंतर्गत दिया जाने वाला सम्मान प्रदान किया गया है. पुस्तक में जिस तरह स्मृतियों, जगहों और व्यक्तियों के बहाने अपने वर्तमान का सृजन किया है उसने जहाँ इसे एक तरफ प्रतिबद्ध लेखन का उदहारण बनाया है तो दूसरी तरफ लोकप्रियता भी प्रदान की है. अभी एक वर्ष से भी कम समय में इसके दो संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं. हिंदी समाज ने जितना पाठकीय प्यार और सम्मान इस किताब को दिया है उतना कम किताबों को नसीब होता है.

हिंदी कथा साहित्य में अखिलेश आपातकाल के बाद भारत की सामाजिक-राजनैतिक संरचना और चेतना के बदलाव को केंद्र में रखकर लिखने वाले कथाकार हैं. अखिलेश जी हिन्दी के उन बिरल कथाकारों में से हैं जिनके यहाँ भारतीय समाज और राजनीति की जटिल संरचना अपने पूरे यथार्थ रूप में अभिव्यक्त हो सकी है। भारतीय समाज-राजनीति और भारतीय राष्ट्र-राज्य में जिन्हें सबसे कम जगह दी गयी है, अखिलेश जी के लेखन में सर्वाधिक जगह उन्हीं के लिए सुरक्षित दिखाई देती है। 'आदमी नहीं टूटता' (कहानी संग्रह) से लेकर अब तक अंतिम प्रकाशित उपन्यास निर्वासन तक के लेखन पर अगर हम नजर डालें तो पाते हैं कि अखिलेश जी अपने सम्पूर्ण लेखन में भारतीय जन का महाआख्यान रच रहे हैं। 20वीं सदी के अंतिम दो दशकों में जिस तरह 'सभ्यता के नए-नए आवरणों' ने हमारे सामाजिक-राजनैतिक ढांचे को प्रभावित किया है उससे अखिलेश जी का कथाकार व्यक्तिव चिंतित दिखाई देता है। यह चिंता किसी भी रूप में यथास्थितिवाद के आग्रह से उपजी हुई चिंता नहीं है, इस चिंता के पीछे भारतीय जन की 'राजनैतिक स्मृति' (पॉलिटिकल मेमोरी) का विलोपन है। वे अपने लेखन में बार-बार भारतीय जन की राजनैतिक स्मृति के विलुप्त होते जाने को रेखांकित भी करते चलते हैं। क्या यह कम आश्चर्यजनक है कि जिस समाज ने भक्ति आंदोलन जैसा अखिल भारतीय आंदोलन पैदा किया हो, जिस समाज ने इतनी महान ब्रिटिश हुकूमत की चूलें हिला दी हों उसी समाज में पिछले 50 वर्ष से कहीं कोई हलचल नहीं दिखाई दे रही है! प्रतिरोध की इतनी महान और सशक्त परंपरा वाले देश की राजनैतिक स्मृति अगर विलोपन का शिकार नहीं है तो आखिर यह समाज इतना शांत और निस्तेज क्यों है? यह चिंता अखिलेश जी के लेखन की केन्द्रीय चिंता है।

इस चिंता के साथ अखिलेश जी अपने लेखन में सदी के अंतिम वर्षों में उभरे उन अनेक सवालों से टकराते हैं जो भारतीय सामाजिक-राजनैतिक ढांचे को प्रभावित कर रहे थे। वे जहां एक तरफ अंतहीन शोषण के लगातार बदलते रूपों की शिनाख़्त करते हुये उसका प्रतिरोध रचते हैं वहीं दूसरी तरफ दरबारी पूंजी और बाजार के प्रवेश से राष्ट्र-राज्य के बदलते रूप और मानवीय सम्बन्धों में आने वाली दरार को भी रेखांकित करते हैं। इस संदर्भ में वजूद, यक्षगान, ग्रहण, जलडमरूमध्य, चिट्ठी, अगली शताब्दी के प्यार का रिहर्सल जैसी कहानियों का उल्लेख किया जा सकता है। वजूद कहानी के वैदजी का चरित्र सद्गति के पंडितजी से बहुत अलग नहीं है बल्कि कई मामलों में तो उनसे भी ज्यादा क्रूर और हिंसक है। सदी के संगम समय पर भारतीय राजनीति का कैसा जटिल चरित्र निर्मित हो रहा था इसे देखने के लिए अखिलेश जी की कहानियाँ पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराती हैं। 'बायोडाटा' समेत कई कहानियाँ ऐसी हैं जिनमें भारतीय लोकतान्त्रिक राजनीति का यथार्थ चित्र आपको देखने को मिलेगा। भारतीय राजनीति का भावी स्वरूप कैसा होगा इसकी सूचना अखिलेश जी राजदेव के माध्यम से दे रहे थे। नेहरूवियन पॉलिटिक्स के जमाने में अपनी राजनैतिक समझ विकसित करने वाले अखिलेश जी यह समझ रहे थे कि आने वाले समय में राजनीति में न्यूनतम समझदारी और नैतिकता की बात भी बेमानी है। राजदेव का चरित्र बहुत स्पष्टता से इस बात को दर्ज कराता है।

21वीं सदी के दो दशक बीत जाने के बाद भारतीय समाज जिन विकराल समस्याओं के समक्ष खड़ा है उनकी बहुत गहरी शिनाख़्त 20वीं सदी के अंतिम वर्षों में अखिलेश जी अपनी कहानियों में करते हुये दिखाई देते हैं। अखिलेश जी के लेखन में मानवीय सम्बन्धों के बीच पैदा हुई दरार और टूटन बहुत प्रभावी ढंग से दर्ज हुई है। सिर्फ दर्ज ही नहीं हुई इसके पीछे क्या वजहें हैं यह भी स्पष्ट हुआ है। पीढ़ियों के बीच का जो अंतराल है उसमें आपसी तालमेल की लगातार होती जा रही कमी को भी उन्होने रेखांकित किया है। इस संदर्भ में उनकी दो कहानियों 'जलडमरूमध्य' और 'अगली शताब्दी के प्यार का रिहर्सल' को देखा जा सकता है। जलडमरूमध्य कहानी में पिता(सहाय जी) गाँव,कस्बा और शहर के बीच उलझा हुआ है। गाँव से उसे प्यार है, कस्बे से जीवन और शहर में भविष्य। उसके सामने समस्या यह है कि इन तीनों में उसे किसी एक को चुनना है। अंत में वह गाँव को चुनते हैं। लेकिन जब वे गाँव पहुँचते हैं तो देखते हैं कि वह गाँव तो एकदम बदल चुका है जो उनके कल्पनालोक में वास करने वाला गाँव कहीं खो गया है। इस खोये हुये की पीड़ा के साथ जीना ही जैसे व्यक्ति की नियति हो। इतनी तेजी से सबकुछ बदल रहा है कि हम चाहकर भी कुछ भी नहीं बचा पा रहे। ऐसे में स्मृति को लेकर अगर अखिलेश जी का कथाकार सजगता बरतता है तो जाहिर सी बात है कि वह इन सबको बचाना चाहता है। स्मृति में सुरक्षित दृश्यों को सतह ओर देखना चाहता है। दूसरी कहानी है अगली शताब्दी के प्यार का रिहर्सल। कहानी का शीर्षक अपनी व्यंजकता में जार्ज ऑरवेल के उपन्यास 1984 की याद दिलाता है। जिस तरह उस उपन्यास का चरित्र 'बिगब्रदर' अपनी थॉट पुलिस के माध्यम से सबकुछ देख रहा होता है उसी तरह यह कहानी 21वीं सदी के प्यार को देख रही है। यह कहानी नई सदी के प्रेम की स्थितियां बयान करते हुये जैसे प्रेम जैसे मूल्य के वर्तमान रूप को चिढ़ा रही हो। प्रेम और आपसी सह-सम्बन्धों को पूंजी ने जिस तरह अपनी गिरफ्त में लिया है उसे यह कहानी बहुत सफगोई से दर्ज करती है। इसके साथ अगर हम अखिलेश जी की ही एक और कहानी 'हाकिम कथा' का भी स्मरण करें तो प्रेम और सम्बन्धों के बीच पूंजी के हस्तक्षेप को ज्यादा बेहतर ढंग से समझ पाएंगे।

अखिलेश जी के लेखन का सम्मान हिंदी की प्रतिबद्ध और जन सरोकारी आवाज का सम्मान है. अक्स को मिले इस सम्मान के लिए उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं.

**( लेखक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खैर, अलीगढ़ के हिंदी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, संपर्क 6389 003 142)**

## विजय पंजवानी की कविताएँ

### 1.पिता
साठ वर्ष की उम्र है
पाँच घंटे की नींद है
उस नींद में भी
घर के पैबंद सीते हैं
इस तरह
पिता जीते हैं।

### 2.उस अदृश्य ने
सारे जीवों को छोड़
उस अदृश्य ने
केवल मनुष्य के चारों ओर ही
बुना है
असमंजस का ताना-बाना
अब चाहे तो
कोई उसे षड्यंत्र समझे
या अपार संभावना।

### 3. शैतान
कुछ धड़कते दिलों ने
दूसरे धड़कते दिलों से
हालाँकि कुछ भी नहीं कहा
पर सुनते हैं -
शैतान खुदकुशी की बाबत
बहुत देर तक सोचता रहा।

### 4.गतिमान
पहले मुझे
पशुत्व ने आकर्षित किया
पर मैं जल्दी ही ऊब गया
फिर
देवताओं की ओर देखा
वहाँ ठहराव था
मैं गतिमान रहना चाहता हूँ।

### 5.सुबह
छुट्टियों में हॉस्टल से
घर आयी आलसी बेटी की तरह
बादलों की ओट में
कुनमुनाने से भी
इंकार कर रही है सुबह
इतनी स्निग्ध सौंदर्यमयी सुबह
ठीक बिना मेकअप बेटी की
तरह।

### 6.मित्र
दो मित्र हैं
इठलाते चल रहे हैं
रेल की पटरियों के साथ-साथ
अपनी मस्तियों में
मन किया गुनगुना लिया
पर सुर को
बेसुरा नहीं होने दिया
सजग हैं इनकी इन्द्रियाँ अभी सभी
देखे हुए की
अनदेखी नहीं कर सकते
ऐसे ही लोग
ज़िन्दा रखते हैं
शहर के शहर को।

### 7.मनुष्य
हालाँकि सभी मनुष्य हैं
अलग-अलग धर्मों को
मानने वाले
या कई न मानने वाले
कई मूर्ति-पूजा के विरोधी
कई पत्थर को भी पूजने वाले
और कई अद्वैतवादी
पर -'सभी मनुष्य हैं'
एक यही वाक्य
कितनी तो उम्मीद बनाये
रखता है

### 8.दलाई लामा
ये सारी बातें
मस्तिष्क में रच-बस गयी हैं
पर क्यों...
दरअसल उस दिन
मैं दलाई लामा पर लिखा
लम्बा लेख पढ़ रहा था...
उनके बचपन से लेकर
अब तक के चित्रों सहित
उसी लेख से मैंने जाना
कि तिब्बत में कोई
विशिष्ट बालक खोजा जाता है
उसे ही भविष्य का
दलाई लामा बनने का
प्रशिक्षण दिया जाता है
पर यह भी समझ रहा हूँ
कि हर बच्चा
चाहे किसी भी रूप-रंग,
जाति, धर्म या देश का हो
विश्वस्त प्रतिनिधि होता है
दलाई लामा का
फिर केवल एक ही बच्चे को
क्यों दलाई लामा समझकर
उसे बचपन से ही
इस पद के लिए
शिक्षित किया और साधा जाता
है?

### 9.उसकी रोटी
पहले धीमी आँच में
फुला-फुलाकर
रोटियाँ बनायीं
फिर उन पर घी चुपड़ा
साथ में शोरबे वाला गोश्त भी
रखा
कच्चे प्याज के साथ
अब देर रात
वह टिफिन लेकर निकल पड़ी
उसको उसकी रोटी देने
पहले तो आँखों से ही पी लिया
उसे
गाँव के रास्ते में मिले मर्दों ने
फिर रोज की तरह सवाल दागे
मानो खैरियत पूछी
अब वह सुनसान सड़क
के किनारे खड़ी है
बहुत देर बाद
उसके पास ही
एक ट्रक आकर रुका
ट्रक की खिड़की से निकले सिर ने
रोटी का टिफिन लिया
उसे गालियाँ देते हुए
वह खुश थी -
उसने उस तक उसकी
रोटी पहुँचा दी
अब वह प्रार्थना करते हुए
घर लौट रही है -
'वाहे गुरू.......
सुच्चा सिंह खाना ठंडा
होने से पहले ही खा ले।'



**(म. प्र. निवासी श्री विजय पंजवानी एक नेत्र चिकित्सक हैं। वे छोटी-छोटी कविताओं में जीवन के बड़े अर्थ भर देते हैं।)**

# 'राग रविदास' से गुजरते हुए

**मूल्यांकन**



**अनिल कुमार पाण्डेय**

मनुष्य होना भाग्य है और कवि होना सौभाग्य। मैं सोच रहा हूँ,जितना सोच रहा हूँ उतना ही पुस्तक में प्रवेश करता जा रहा हूँ। राग रविदास। अपनी तरह की पुस्तक। लालच और ऐश्वर्य की लालसा से काफी दूर कवि-शक्ति और कविता-सामर्थ्य को प्रकट करती हुई। एक महाकवि के सन्दर्भ में एक महत्त्वपूर्ण कवि का उद्बोधन। आलोचना से कविता का रसास्वादन। कितना कुछ। पढ़ रहा हूँ और महसूस कर रहा हूँ। सब सो रहे हैं, मैं जाग रहा हूँ। कविता जाग रही है। कवि अपना कार्य कर चुका है। नागरिकों के हवाले परिवेश है। पता नहीं है कि ऐसी जरूरी पुस्तकें उन तक पहुँच भी रही हैं कि नहीं? जिनके पास है , वह पढ़ रहे हैं या पढ़ पाने का समय निकाल पा रहे हैं या नहीं? कविता की बात है और बात है जड़ होते समाज में परिवर्तनगामी मनुष्यता की?। ऐसे में सोच रहा हूँ अन्यथा तो क्या फर्क पड़ता है?


यह पुस्तक कई अर्थों में कविता प्रेमी और विशेष कर मध्यकालीन हिंदी कविता में अभिरुचि रखने वालों के लिए महत्त्व की है। रविदास के विशेष और जरूरी पदों के संकलन से समाहित इस पुस्तक की जो भूमिका महत्त्वपूर्ण है। लगभग 66 पृष्ठ तक की यात्रा आपकी मानसिक स्थिति को निरंतर सक्रिय रखती है। यहाँ रविदास के आचार-विचार-व्यवहार के साथ-साथ वर्तमान स्थिति में उनकी उपयोगिता को लेकर जो बातें कही गयी हैं, उपयोगी हैं और नए विमर्श को जन्म देती हैं। 'पुरोहिती व्यवस्था' के 'बौद्धिक आतंक' से बचने की कोशिश में नितांत समकालीन विसंगतियों को संत रविदास के माध्यम से रखना और उस पर गंभीर चिंतन के लिए प्रेरित करना, इस पुस्तक की तमाम विशेषताओं में से एक महत्त्वपूर्ण विशेषता है।

यह दौर महज कोसने और खारिज करने के दौर में शामिल होता जा रहा है। खारिज करने वालों ने जिस बौद्धिकता से मध्यकालीन हिंदी कविता को खारिज करने का श्रम किया था उसी मूर्खता से कविता पर भी दाँव खेला। अब जब इस पुस्तक की भूमिका को पढ़ रहा हूँ तो मन में एक प्रश्न आ रहा है कि कवि और कविता को पानी पी-पीकर कोसने वाले संत रविदास के सन्दर्भ में आचार्य श्रीप्रकाश शुक्ल के ये वाक्य देख रहे हैं या नहीं-'आज भी उनकी स्वीकार्यता के पीछे उनके कवि की ही ताकत है जिसके सहारे वे एक वैकल्पिक दुनिया रच सके और आज की शब्दावली में एक वैकल्पिक आधुनिकता का संकेत कर सके।' मेरी जानकारी में आलोचना के विवेक में 'वैकल्पिक आधुनिकता' का प्रयोग दिलचस्प घटना न होकर एक मानवीय समझ है जिसे 'लोकवृत्त' के दायरे में रखकर बार-बार इस पुस्तक में समझाने की कोशिश की गयी है। श्रीप्रकाश शुक्ल जब यह कहते हैं कि 'वे स्वभाव से साधु थे और संस्कार से एक स्वाभिमानी कवि' तो कविता की सामर्थ्य और कवि की संघर्षधर्मिता फिर से परिभाषित हो जाती है।

श्रीप्रकाश शुक्ल संत रविदास के माध्यम से मध्यकालीन हिंदी कविता की अनिवार्यता को लक्षित करना नहीं भूलते हैं, 'यह व्यक्ति सत्ता की स्वीकृति का दौर था जहाँ संत कवियों की आवाज जातिगत प्रश्नों से टकराती हुई नये बनते सामाजिक सम्बन्धों को रेखांकित कर रही थी।' यह रेखांकन कई स्तरों पर होता है।विचार-आचार-संस्कार और फिर यहाँ तक कि व्यवहार के स्तर पर भी। यहाँ रविदास जैसे संत 'ईश्वर की अवधारणा को खारिज नहीं करते बल्कि उसको बदलने की कोशिश करते हैं। वे पश्चिमी दर्शन के उस अर्थ में आधुनिक नहीं हैं जहाँ ईश्वर की मृत्यु की घोषणा से आधुनिकता का जन्म होता है बल्कि ठेठ भारतीय देशज अर्थ में आधुनिक हैं जहाँ ईश्वर की सत्ता के बावजूद आधुनिक हुआ जा सकता है।' श्रीप्रकाश शुक्ल की आलोचना दृष्टि में सबसे बड़ा सबल पक्ष यही है कि वह उधार के विचारों से न तो कविता का मूल्यांकन करते हैं और न ही भाड़े की दृष्टि से कवि की आलोचना। उनके पास जो एक व्यापक सांस्कृतिक बोध और समाजिकता का भाव है, उसी के दायरे में कवि और कविता को देखते हैं और यह एक तरह से होना भी चाहिए।

श्रीप्रकाश शुक्ल अपनी दृष्टि में जड़ शास्त्रीयता के खिलाफ हैं। ऐसा होने के साथ वह 'शब्द-सत्ता' में लोक के साहचर्य को तो देखते ही हैं लोक-भाषा को लोकवृत्त के निर्माण में विशेष रूप से सहयोगी पाते हैं। वह कहते हैं कि 'लोकवृत्त के निर्माण में इस देशभाषा का बहुत महत्त्व है। इसी देशभाषा के महत्त्व के कारण संस्कृत के रामानंद की जगह हिंदी के क्रान्तिकारी रामानंद की स्वीकृति होती है जो कबीर व रविदास दोनों के गुरु होते हैं। इसी देशभाषा की गहरी समझ के कारण रविदास जैसे संत एक ऐसे लोकवृत्त का निर्माण करते हैं जहाँ एक स्वायत्त अस्तित्व और ज्ञान विस्तार की चेतना मौजूद रहती है। इसी आधार पर आत्म विस्तार भी होता है और जन्म आधारित विशेषाधिकार की आलोचना भी होती है।' यह अनावश्यक नहीं है कि इधर शुद्धतावादियों ने मिलकर न जाने कितनी देशभाषाओं के चेहरे पर उपेक्षा की राजनीति मढ़ दिया है। सच यह भी है कि यदि देशभाषाएँ न होंगी तो लोक जागृत न होगा क्योंकि चेतना और जागरूकता के जितने भी कवितांश हैं वह सब देशभाषा में हैं।शास्त्रीयता में ढोंग का विस्तार अधिक हुआ है, यह बार-बार इस पुस्तक की भूमिका में श्रीप्रकाश शुक्ल दिखाने की कोशिश करते हैं।

कबीर को 'ज्ञानी' के रूप में और रविदास को 'त्यागी' के रूप में देखने और समझने की दृष्टि आपको यहाँ से मिलती है। ज्ञान से कहीं अधिक जरूरत लोक को व्यवहार की है।रविदास नितांत व्यावहारिक होकर कार्य करते हैं जिनका अनुसरण करते हुए उनके अनुयायी भी उसी व्यावहारिक मनोवेग से सक्रिय हैं। ऐसा श्रीप्रकाश शुक्ल यथार्थ में देखते हैं और उसी देखे के आधार पर रविदास चिंतन की मीमांसा प्रस्तुत करने की कोशिश करते हैं। सफाई-व्यवस्था से लेकर जोड़ा घर तक की प्रकिया को समझना और पारम्परिक हिन्दू धर्म से उनकी तुलना करते हुए रविदास की श्रेष्ठता को दिखाना मात्र इनका उद्देश्य नहीं है अपितु एक जागरूक और व्यावहारिक संत की शिक्षाओं को जनसामान्य में सार्थक तरीके से प्रसारित होने की यथार्थता को महसूस करवाना भी है।





भाषा और भाव में यदि 'संवादी' प्रवृत्ति है तो निःसंदेह लोक-जीवन उससे संस्कार ग्रहण करता है। यह समाज और देश भी व्यवहार से चलता है। सिद्धांत तो महज साधनाओं के सहायतार्थ होते हैं जिनमें वैचारिकता जड़ होती जाती है और विचार निहायत ही मानसिक खुरापात। संत कवियों में जो हृदयगत व्यवहार देखने को मिला, यह उसी का परिणाम है कि लोक ने अपने मानस के अनुसार उनकी छवि को धारण किया और प्रचार-प्रसार किया, फिर बाद में उनकी मान्यताओं को अपनाकर सामाजिक सहभागिता की नींव डाली। संत कवियों पर बात करते समय पता नहीं क्यों हम अति बौद्धिकता का शिकार हो जाते हैं और लोक-प्रचलित धारणाओं के विपरीत जाकर अपनी ढपली बजाने लगते हैं। श्रीप्रकाश शुक्ल जब यह कहते हैं कि 'यह सांस्कृतिक स्मृति कहीं से भी इनकी समतापरक विशेषता को कमजोर नहीं कर रही थी बल्कि अपनी इसी स्मृति के करण समता के मूल्यों के प्रति जनता का ध्यान आकृष्ट कर रही थी' तो लगता है कि कवि ही कवि के भाव को शब्द दे सकता है, आलोचना के बस की बात नहीं

इसी पुस्तक में कुछ दूर चलने पर श्रीप्रकाश शुक्ल को माइक पर बजते आरती के पद को सुनते हुए विश्वास होता है कि 'सामाजिक विषमता दूर करने से पहले, ऐसा लगता है, रविदास जी सांस्कृतिक विषमता को सम्बोधित करना चाहते हैं और एक अपरिवर्तनीय जड़ समाज की संस्कृति चेतना को झकझोरना चाहते हैं।' रविदास की सांस्कृतिक समझ की परख लेते हुए श्रीप्रकाश शुक्ल जिस तरह से उनसे जुड़ी छोटी-छोटी बातों, किंवदंतियों के माध्यम से उनकी वैचारिक सामर्थ्य के साथ अपनी बात रखते हैं वह दिलचस्प है। ऐतिहासिक प्रसंगों के साथ अतीत और वर्तमान रचनाकारों की विचार-प्रक्रिया को उनसे जोड़ कर दिखाना निश्चित ही प्रभावित करता है और आलोचना में उनकी समझ और मध्यकालीन साहित्य-संस्कृति के प्रति जागृत विवेक की गवाही देता है। यह समझने की बात है कि समकालीन आलोचक जिस मध्यकाल से डर कर उसे पाठ्यक्रमों से निकालने की नसीहत देने लगता है, उसी को इतने सुरुचिपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करने का यह विशेष उपक्रम आपको प्रभावित किये बिना नहीं छोड़ता।

श्रीप्रकाश शुक्ल की दृष्टि में 'समानता' को आधार मानकर 'सहभागिता' में परिणति खोजने वाली दृष्टि 'आवाहन' और 'आमन्त्रण' की राजनीति से दूर हटकर 'स्वतःस्फूर्त' भाव में विकसित होती है। यह स्वतःस्फूर्ति ही कविता का सबसे सबल पक्ष है और संत साहित्य का भी। रविदासिया धर्म की प्रतिष्ठापना से लेकर उसके लिए चलाए जा रहे अभियान तक इसी स्वतःस्फूर्त प्रक्रिया में शामिल है। देखना यह होगा कि जिस धर्म की वकालत यहाँ और अन्यत्र की जा रही है, वह अपने मूल स्वभाव में क्या बना रहेगा या फिर जड़ता की तरफ उन्मुख होते हुए अन्य जड़ताओं का पोषक होगा। वैसे तो धर्म की परिणति क्या होती है, शायद ही किसी से छिपी हो।

हिन्दू धर्म के पारंपरिक त्यौहारों और रविदास के भण्डारे के समय की सफाई व्यवस्था पर बात रखते हुए श्रीप्रकाश शुक्ल नितांत व्यावहारिक पक्ष रखते हैं जिस पर असहमत या सहमत हुआ जा सकता है। ऐसा लिखते हुए संभव है कि हिन्दू धर्म के अन्य सम्प्रदायों की यथास्थिति ओझल हो गयी हो उनसे जहाँ मैं अभी भी रविदासिया धर्म को एक संप्रदाय के रूप में ही देख रहा हूँ। जन्म स्थान आदि की सहमति अथवा असहमति में दिए गए तर्क विशेष अध्ययन और खोज पर आधारित हैं जिन पर उलझते हुए उतना ही श्रम करने की जरूरत है। फिलहाल अब मैं 'राग' में 'रविदास' को पढ़ रहा हूँ और आपको भी पढ़ने की सलाह देता हूँ। लम्बी भूमिका से गुजरते हुए चयनित पदों को पढ़ना एक अलग तरह के सुख और सुकून को प्राप्त करना है। आप निरंतर अच्छा कर रहे हैं जिसे कह कर पूरा नहीं किया जा सकता है। पढ़ कर कहने की कोशिश में हूँ तो अब उसी पर चल रहा हूँ।

इन दिनों मैं फगवाड़ा में बन रहे विशाल रविदास मंदिर के ठीक आस-पास रह रहा हूँ। कभी-कभी प्रांगण में जाना भी होता है। दिव्य अनुभूति होती है। इस पुस्तक हाथ में लिए हुए ऐसा आभास हो रहा है कि जैसे फगवाड़ा और काशी के बीच का कोई भेद नहीं रह गया है। श्रीप्रकाश शुक्ल वहाँ से लिख रहे हैं और मैं यहाँ बैठकर पढ़ रहा हूँ। पुस्तक पर आधिकारिक तौर पर सर का नाम है, होना भी चाहिए, लेकिन व्यावहारिक तौर मुझे समर्पित, यह मेरा सौभाग्य है। हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ।

**(सहायक प्राध्यापक, हिन्दी-विभाग, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, फगवाड़ा, पंजाब संपर्क-8528833317)**

# जिद और प्रतिबद्धता का परिणाम 'परिकथा' का शतक

**मूल्यांकन**



**शंकरानंद**

हिन्दी मे लघु पत्रिकाओं की स्थिति हाल के वर्षों में बद से बद्तर हुई है।कितनी ही पत्रिकाएं शुरू तो बहुत शोर शराबे और जिद के साथ होती हैं लेकिन कुछ ही अंकों के बाद उनका कोई पता नहीं चलता।वे पहले नियमित से अनियमित होती हैं फिर अनियतकालीन होकर बंद हो जाती हैं। ऐसे ढेरों उदाहरण हैं जो साबित करते हैं कि लघु पत्रिकाओं के लिए समय अनुकूल नहीं रह गया।एक अरब से ज्यादा की आबादी वाले देश में हर चीज के लिए जगह है।हर चीज के लिए बाजार है लेकिन हिन्दी की साहित्यिक और वैचारिक पत्रिकाओं के लिए जगह सिकुड़ रही है।उनके निकलने में दुनिया भर की मुश्किल है।कागज के मूल्य की लगातार वृद्धि,पत्रिका प्रकाशन के नियम-कानून,डाक अधिनियम और खर्च,बुक स्टॉल का चिप्स कार्नर में तब्दील हो जाना।विज्ञापनों का न मिलनोन जाने कितने ऐसे कारण हैं जो एक संपादक के लिए बेड़ी का काम करते हैं।पत्रिका निकालने के पीछे जो श्रम लगता है संपादक उसके लिए जान लगा देते हैं लेकिन उसे निकालने के लिए जो आर्थिक मजबूती चाहिए वह कहां से आए।अपनी जेब से पैसे लगाकर कोई कितने दिन साहित्य की सेवा कर सकता है!यही कारण है कि लघु पत्रिकाओं के लिए चुनौतियाँ हर कदम पर हैंइस आर्थिक संकट के कारण तो जो बड़े घरानों की व्यावसायिक पत्रिका थी,वे बंद होने के कगार पर हैं। कुछ तो बंद भी हो गई हैं।

ऐसे तमाम संकटों और मुसीबतों के बीच भी कुछ लघु पत्रिकाएं ऐसी हैं जो अनवरत निकल रही हैं।न जाने कितने उतार चढ़ाव आए लेकिन उन पर उसका असर नहीं हुआ। अगर कभी हुआ भी तो उसका एहसास पाठकों को नहीं हुआ।पत्रिका अपने समय पर आती रही,उनकी चर्चा होती रही और हर बार एक नया मील का पत्थर जुड़ता गया।उन पत्रिकाओं का होना ही एक भरोसे की तरह है।यही कारण है कि उनका बड़ा पाठक वर्ग है और लोग उसका इंतजार करते हैं।कोरोना जैसे कठिन समय में जब कि सब कुछ ठप पड़ गया था तब भी उसके संपादक सक्रिय थे और उन्होंने पत्रिकाओं के ई संस्करण निकाले और उसे पाठकों तक पहुंचाया।वे ऐसे संपादक हैं जो जिद और प्रतिबद्धता के साथ अपना काम चुपचाप कर रहे हैं।ऐसी ही एक पत्रिका है 'परिकथा' और उसके संपादक हैं- शंकर। अभी उसका सौवां अंक आया है।

'परिकथा' सत्रह वर्षों से अनवरत निकल रही है। इसके पहले अंक से सौवें अंक तक का सफर बेहद महत्वपूर्ण है। किसी लघु पत्रिका के लिए आज की परिस्थिति में सौ अंक पूरे कर लेना किसी चमत्कार से कम नहीं। इसके संपादक शंकर ने इसे संभव किया है।यह उनकी जिद और प्रतिबद्धता का ही परिणाम है।'परिकथा' की गिनती आज हिन्दी की महत्वपूर्ण पत्रिकाओं में होती है तो इसका एक कारण संपादक शंकर की दृष्टि भी है। उन्होंने हमेशा अपनी पत्रिका में रचना को प्रमुखता दी। चाहे वह नया हो या स्थापित रचनाकार। इससे फर्क नहीं पड़ता।नए लेखकों को उन्होंने जितना प्रोत्साहित किया वह हिन्दी में एक मिसाल है।आज न जाने कितने ऐसे युवा रचनाकार हैं जो पहली बार 'परिकथा' में छपे।न जाने कितने ऐसे रचनाकार हैं जिनकी रचनाओं को उन्होंने सुधारने में सहायता की।आवश्यक सुझाव दिए।जो कमी थी उसे दूर करवाया।तब जाकर वह प्रकाशित हुई और चर्चित भी। उन्होंने नए लेखकों को जगह देने के लिए 'नवलेखन अंक' के साथ साथ 'युवा यात्रा' की सीरीज ही निकाल दी। इसमें कविता, कहानी, आलोचना, सिनेमा जैसे अलग-अलग खंड प्रकाशित हुए।इस तरह इस पत्रिका ने पत्रिकाओं की भीड़ में अपनी एक जगह बनाई है।

इस अंक के संपादकीय की शुरूआत में ही शंकर लिखते हैं-'2006 से 2022 'परिकथा' के प्रकाशन के सत्रह वर्षों का यह कालखंड निःसंदेह बहुत बड़ा कालखंड नहीं है लेकिन कोई छोटा कालखंड भी नहीं है।इस दौरान समाज, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में बहुत सारी हलचलें हुई हैं, बहुत सारे उलटफेर हुए हैं, बहुत कुछ बना बिगड़ा है।'यह सच ही है कि ये कालखंड एक तरफ पूंजी के ताकत की निरंकुश वृद्धि और व्यवस्था के अराजक और अदूरदर्शी होने का भी समय है। एक समूह ही इस साज़िश में लगा है कि कैसे सोचने-समझने की क्षमता को कुंद किया जाए। कैसे वैज्ञानिक सोच को कुचला जाए।आवाज को दबाने और धूल-धुसरित करने की एक नई प्रवृत्ति इन दिनों उभर कर सामने आई है इसलिए संकट अब पहले से ज्यादा गहरा है। सुखद है कि साहित्य अपनी जगह बचाने में और अपना प्रतिरोध दर्ज करने में आज भी उतनी ही मजबूती से तैनात है। तमाम निराशाओं के बावजूद उम्मीद अब भी बाकी है। आगे शंकर लिखते हैं-पिछले कुछ वर्षों की कई उपलब्धियां साहित्य की दुनिया को समृद्ध करने वाली, सुखद और आशा जगाने वाली भी है। साहित्य अब प्रिंट माध्यम के साथ साथ आनलाइन भी पढ़ा जा रहा है।वे आगे लिखते हैं कि-'हम परिकथा को पत्रिकाओं की प्रतिद्वंदिता से अलग रखते हुए इसे साहित्यिक पत्रकारिता के उच्चतम प्रतिमानों के अनुरूप बनाए रखने की कोशिश करेंगे।'ये संपादकीय की अंतिम पंक्तियां हैं।जो 'परिकथा; के उद्देश्य को स्पष्ट करती हैं

लगभग साढ़े तीन सौ पृष्ठ के सौवें अंक की शुरूआत डॉ शंभुनाथ के 'परिसंवाद' से होती है -भारतीय पुनर्निर्माणःनियति से नई मुठभेड़। यह महत्वपूर्ण आलेख हमारे समय और समाज की गहराई से पड़ताल करता है। चंचल चौहान का आलेख है-आजादी के बाद का भारत। प्रो.जवरीमल्ल पारख का आलेख'धर्मनिरपेक्ष भारत और साम्प्रदायिक राजनीति का बढ़ता वर्चस्व' हाल के वर्षों के संकट पर एक नई रोशनी देता है। विभूति नारायण राय का लेख विचार भूमि में 'स्पिनोजा का ईश्वर 'है ।महेश दर्पण कथाकार शेखर जोशी को याद करते हैं और उन पर लिखते हैं -'काश हम उनका शतक देख पाते।'उर्दू जगत में शकील सिद्दीकी का लेख है 'उर्दू है जिसका नाम।'यह लेख दो किश्तों में है। पुनर्पाठ में तरसेम गुजराल का लेख बलवंत सिंह के चर्चित उपन्यास 'काले कोस' पर 'साम्प्रदायिक साझेपन की तड़प और पुकार' है। प्रसंग में डॉ. अब्दुल बिस्मिलाह ने रोचक तरीके से लिखा है-नामवर सिंह यदि कहानीकार होते।सिनेमा खंड में डॉ. सूरज कुमार नई सदी के सिनेमा पर लिखते हुए हाल के वर्षों में आए बदलाव को दर्ज करते हैं तो डॉ. विजय शर्मा मनोरंजन के साधन और उनके भौंडे तामसिक प्रदर्शन पर लिखती हैं।





वैचारिक आलेख के साथ साथ इस अंक का रचना खंड भी बहुत समृद्ध है। रमाकांत श्रीवास्तव,हरियश राय, कुमार अंबुज,लोकबाबू,हरि भटनागर, नर्मदेश्वर, सूर्यनाथ सिंह, राजेन्द्र लहरिया, अवधेश प्रीत, उर्मिला शिरीष,अनुज, धनंजय चोपड़ा, सुषमा मुनीन्द्र, प्रज्ञा, सरिता कुमारी,मनीष वैद्य,चंदू तुलसी, अनीता रश्मि ,अजय मेहताब और शंकर जैसे कहानी के सशक्त हस्ताक्षरों की लगभग सत्ताइस कहानियां इस अंक में हैं।

अरुण कमल कविता में इन दिनों खूबसूरत प्रयोग कर रहे हैं और जल्दी ही उनका नया कविता संग्रह भी आने वाला है। यहां उनकी गद्य कविताएं लोककथाओं की शक्ल में हैं।

नरेश सक्सेना की पांच कविताएं हैं। पहली कविता है 'कोणार्क सूर्य मंदिर'। जिसकी पहली पंक्ति है -
सूर्य मंदिर के भीतर इतना अंधकार
यह मंदिर सूर्योदय का है कि सूर्यास्त का?
लेकिन यह बताने वाला कोई नहीं।

विजय कुमार, अशोक साह, राकेश रेणु, एकांत श्रीवास्तव,एस.आर.हरनोट,सुभाष राय, शहंशाह आलम, सुषमा सिंहा, डॉ भारती सिंह आदि की कविताएं इस अंक के कविता खंड में हैं। इसके अलावा डॉ सियाराम शर्मा,अनिल अनलहातु, विजय सती, हीरालाल नागर, अंचित, अनवर शमीम और चंद्रेश्वर की समीक्षा हाल के चर्चित किताबों पर है। गतिविधियां भी इस अंक में हैं जिसमें 'कथांतर' के लोकार्पण की रपट तस्वीर के साथ है। आवरण जयंत का है। बंसीलाल परमार की फोटोग्राफी लाजवाब होती है।उनकी खींची एक खूबसूरत तस्वीर दूसरे कवर पर है। पाठक परिकथा के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सौवें अंक की शुरूआत पाठकों के पत्र से होती है। कुल मिलाकर 'परिकथा' का सौवां अंक संग्रहणीय है।

**(संपर्क-क्रांति भवन,कृष्णा नगर, खगरिया, संपर्क ८९८६९३३०४९ )**

# कांग्रेसियों ने जुलूस निकाला, प्रदर्शन

**नाराजगी**

**राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म किये जाने से दिखा आक्रोश**

**संविधान और लोकतंत्र की रक्षा हेतु लिया संकल्प**

**जनसंदेश न्यूज**



कलेक्ट्रेट पर जुलूस निकाल प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**आजमगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने राहुल गांधी की आवाज दबाने के लिये बीजेपी सरकार द्वारा तरह तरह के षड्यंत्र करने एवं राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करने और लोकतंत्र को समाप्त करने की बीजेपी सरकार द्वारा की जा रही साजिश के विरोध में जिला कांग्रेस कार्यालय से नारेबाजी करते हुये जुलूस निकाल प्रदर्शन किया। महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल पर पहुंच कर सत्याग्रह कर रामधुन गाया और संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिये संकल्प लिया। कांग्रेस उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करना उनके सच बोलने की सजा है। सरकार लगातार विपक्ष की आवाज को तरह तरह के षड्यंत्र कर दबा रही है। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र की रक्षा के लिये सड़कों पर संघर्ष करेगी। कांग्रेस पार्टी कानूनी और राजनैतिक दोनों तरह की लड़ाई लड़ने को पूरी तरह तैयार है। जिला महासचिव अजीत राय ने कहा कि राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करना लोकतंत्र की हत्या है। इस मौके पर रमेश राजभर, बेलाल अहमद बेग, पूर्णमासी प्रजापति, मुन्नू यादव, अजीत राय, देवमुनि राजभर, शीला भारती, संदीप कपूर, मंजूलता, प्रेमा चैहान, कैप्टन अशोक वर्मा, नगीना प्रसाद मौर्य, जितेन्द्र कुमार, कन्हैया कुमार राव, विनीत रंजन, आदित्य सिंह, अरविंद जैसवार, श्याम सिंह, शाह आलम आजमी, जयराम, बलिराम यादव, मूलचंद चैहान, अब्दुल हफीज खान, संतलाल, अविनाश बेनवंशी, शंभू शास्त्री, मनोज यादव, बलिकरन आदि उपस्थित रहे।

# बच्चे के इलाज के लिए दर दर भटक रहा पिता

**जनसंदेश न्यूज**

**गुहार**

**अब दिखाई पड़ने लगी आशा की उम्मीद**

**सहपाठियों व शिक्षकों ने दिया बीस हजार**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय विकास खंड ग्राम पंचायत गोविंदपुर निवासी वीरेंद्र मौर्य का इकलौता मासूम 7 वर्षीय पुत्र राजबहादुर मौर्य कक्षा 2 का छात्र है। बालक पिछले वर्ष 23 नवंबर को अपने साथियों के साथ खेल रहा था कि उसी दौरान उसके दाहिने हाथ में चोट लगने से फैक्चर हो गया। जिला के कई प्रतिष्ठित हॉस्पिटल में दावा इलाज कराने के बाद भी बच्चे को आराम नहीं मिला तो थक हार कर पीजीआई पहुंचे पिता को डॉक्टरों ने बताया कि बालक के हाथ में सड़न हो रही है इसके इलाज के लिए 12 लाख खर्च होंगे। यह सुनते ही पिता के पैरों तले से जमीन खिसक गई। सामाजिक कार्यकर्ता राम कुंवर यादव के अपील का असर रहा कि 15000 रूपए गूगल पे के माध्यम से उक्त बालक के पिता के खाते में चला गया है। बालक के जीवन को बचाने के लिए अब समाज के लोग आगे आ रहे हैं। राम कुंवर यादव उक्त बालक के जीवन कि सलामती के लिए अतरौलिया के धरातल पर जल्द भिक्षाटन करने वाले हैं। इसी क्रम में शनिवार को प्राथमिक विद्यालय गोरहरपुर अतरौलिया के प्रधानाध्यापक रामवृक्ष राम के नेतृत्व में उक्त विद्यालय के शिक्षक व छात्र छात्राओं ने 20000 रुपए दवा इलाज के लिए मासूम राजबहादुर मौर्य के पिता वीरेंद्र मौर्य को दिया।



पीड़ित मासूम राज बहादुर मौर्य।

## संक्षेप

### बौद्धिक व शारीरिक विकास के लिए योग जरूरी



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के आरएस कॉन्वेंट स्कूल के प्रांगण में शनिवार को योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें योग गुरु द्वारा विद्यालय के बच्चों को योग शिक्षा के दौरान उनके शैक्षिक व बौद्धिक तथा शारीरिक विकास के लिए योग की अनिवार्यता को बताया गया। योग गुरु ने बताया कि योग से शारीरिक तथा मानसिक विकार दूर होते हैं। बच्चों के अंदर एक नई ऊर्जा का श्रोत आता है। बच्चों में स्मरण शक्ति बढ़ती है तथा शारीरिक विकास भी होता है। इसलिए प्रत्येक बच्चे को विद्यालय में ही योग की शिक्षा दी जाएगी। ग्रीष्मकालीन अवकाश के पहले बच्चों को योग सिखाया गया। योग गुरु ने बताया कि अब विद्यालय में प्रत्येक दिन 30 से 35 मिनट योग के दौरान बच्चों को एक नई ऊर्जा दी जाएगी जिससे पढ़ने वाले बच्चों का मानसिक व बौद्धिक विकास के साथ ही शारीरिक विकास भी हो। इस मौके पर विद्यालय के सभी अध्यापक अध्यापिकाएं भी मौजूद रहीं।

### 15 की सापेक्ष दो का मौके पर हुआ निस्तारण



**लालगंज (आजमगढ़)।** शनिवार को देवगांव कोतवाली प्रांगण में नायब तहसीलदार पंकज शाही के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 15 वादकारियों द्वारा अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गये। इस अवसर पर दो प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण करते हुए शेष को संबंधित विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को हस्तांतरित करके शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर कोतवाल देवगांव गजानंद चैबे, एसएसआई रत्नेश कुमार दुबे, राजस्व निरीक्षक हरेंद्र यादव, लेखपाल अश्विनी सिंह, चंद्रशेखर यादव, नेहा श्रीवास्तव, गौरव सिंह, कृष्णकांत सिंह, दिवाकर उपाध्याय, अशोक यादव, अजय यादव, संजय यादव, संतोष सिंह, अरविंद यादव, फहीम अहमद, सुषमा, प्रवीण सिंह, रीना, खुशबू, स्नेहलता तिवारी आदि उपस्थित रहीं।

### वन सांख्यिकी अधिकारी के घर से लाखों की चोरी



**माहुल (आजमगढ़)।** अहरौला थाना क्षेत्र के ग्राम पक्खनपुर डिहवा में शुक्रवार की रात चोरों ने वाराणसी में वन विभाग में सांख्यिकी पद पर तैनात अधिकारी अशोक सिंह पुत्र हरिहर सिंह के घर में घुसे चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया। अशोक सिंह का गांव के पूर्वी तरफ काफी बड़ा और कई कमरों का नया मकान बना है जिसमें पीछे लगे जंगले को तोड़कर चोर घर में दाखिल हो गए और तीन कमरों का ताला तोड़कर उसमें रखा नगदी और जेवरात से भरा लॉकर उठा ले गए। बताया जा रहा है कि लगभग 50 लाख रुपए की चोरी है। इस चोरी ने अहरौला थाना अध्यक्ष योगेंद्र बहादुर सिंह की नींद उड़ा दी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### अराजक तत्वों ने तोड़ी डीह स्थान पर लगी मूर्ति



**संजरपुर (आजमगढ़)।** निजामाबाद थाना क्षेत्र के निकामुद्दीनपुर गांव के पास डीह बाबा के स्थान पर लगी मूर्ति को अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर नीचे फेंक दिया। जब ग्रामीण उधर से जा रहे थे तो देखें डीह बाबा के स्थान पर लगी मूर्ति को तोड़ा गया है व मूर्ति को नीचे जमीन पर फेंक दिया गया है। इतनें में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सूचना पाकर भारी संख्या में निजामाबाद पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल किया। सूचना पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ऋषि कांत राय जिला महामंत्री जेपी जायसवाल मंडल अध्यक्ष अनुपम पांडेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गये। पुलिस व नेताओं ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। यह तय हुआ कि स्थान पर डीह बाबा की दूसरी मूर्ति स्थापित की जाएगी। ग्राम प्रधान ने अज्ञात के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी निजामाबाद अशोक दत्त त्रिपाठी ने बताया कि किसी भी हाल में अराजक तत्वों को छोड़ा नहीं जाएगा।

### शिक्षकों से आने वाली पीढ़ी तक पहुंचेगी लैंगिक संवेदनशीलता की सीख



**आजमगढ़।** रानी की सराय स्थित 'आजमगढ़ पब्लिक स्कूल' कोटिला चेक पोस्ट में सीबीएसई की ओर से जेंडर सेंसटिविटी पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक मोहम्मद नोमान, प्रधानाचार्या हुमा वसीम एवं सह संयोजिका ऋचा मिश्रा ने किया। वर्कशॉप के रिसोर्स पर्सन डॉ.अभिजीत बनर्जी, 'कीर्ति पब्लिक स्कूल बाराबंकी' और डॉ.मनु भट्ट 'आर्मी पब्लिक स्कूल प्रयागराज' द्वारा किया गया। रिसोर्स पर्सन डॉ.अभिजीत बनर्जी ने दो सामान्य रूप से गलत समझे जाने वाले शब्दों 'सेक्स' और 'लैंगिक' का अंतर समझाते हुए सत्र में लिंग संवेदीकरण पर शिक्षाप्रद और शक्तिशाली वीडियो स्क्रीनिंग के साथ ट्रांसजेंडर और अन्य समुदायों के सामाजिक अलगाव पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम में लिंग संवेदनशीलता विषय शामिल होने चाहिए और यह पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग भी होना चाहिए। रिसोर्स पर्सन मनु भट्ट ने कहा कि लैंगिक संवेदनशीलता के मुद्दे पर हम सभी को मिलकर कदम उठाना चाहिए। सत्र का समापन करते हुए स्कूल के प्रबंधक, प्रधानाचार्या, सहसंयोजिका ने मोमेंट एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं विद्यालय के अध्यापक शेख अब्दुल्लाह ने भी कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया। सभी लोगों ने किसी भी प्रकार का लिंग भेद न करने की शपथ ली।

### पत्रकार की दिवंगत माता को दी गयी श्रद्धांजलि



**माहुल (आजमगढ़)।** फूलपुर तहसील क्षेत्र अम्बारी निवासी वरिष्ठ पत्रकार सिद्धेश्वर पाण्डेय की मां विद्यावती पाण्डेय (78 वर्ष) पत्नी त्रिलोकीनाथ पाण्डेय को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान वक्ताओ ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा किया। बिगत 13 मार्च की रात वरिष्ठ पत्रकार सिद्धेश्वर पाण्डेय की माता विद्यावती का वाराणसी में इलाज के दौरान निधन हो गया था। वक्ता पण्डित रमाशंकर चौबे, पूर्व विधायक श्याम बहादूर सिंह यादव, विजय बहादुर यादव, देवज्ञ दुवार्षा मण्डल मुन्ना बाबा, जनहितकारी सेवा संस्थान के अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ पाण्डेय, ओम प्रकाश मिश्र स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय फूलपुर के प्रबन्धक कृष्णकांत मिश्र आदि ने कहा कि पत्रकार सिद्धेश्वर पाण्डेय की दिवंगत माता विद्यावती मृदुभाषी और ज्ञान और शील से परिपूर्ण थी। हमेशा लोगो के सुख दुख में शामिल रहती थी। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से लोगों को सीख लेना चाहिए। इस अवसर पर दैवज्ञ दुवार्षा मंडल मुन्ना बाबा, डा. सुरेश यादव, माध्यमिक शिक्षक संघ के परशुराम यादव, प्रदीप कुमार, ज्ञानेश्वर पाण्डेय, जेई लोकेश पाण्डेय, नूतन पाण्डेय, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष चंद्रभान यादव, इन्द्रासन पाण्डेय, रमाकांत मिश्र, प्रधान अमित जायसवाल, डॉ.सुभाष यादव, डॉ.उदयभान यादव, राजेश यादव, पत्रकार बिरेन्द्र यादव, विबेकानन्द पाण्डेय, श्यामलाल यादव, डॉ.सतेन्द्र यादव, रियासत हुसैन, अखिलेश चौबे, श्याम सिंह, शशिकांत पाण्डेय, अवनीश सिंह , कृष्णकांत तिवारी, जितेंद्र शुक्ला, पद्मेश पाण्डेय, रेखा तिवारी, सरिता पाण्डेय, पूजा पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

### कोटमरी मां मंदिर पर भण्डारा आज

**आजमगढ़।** नगर में स्थित मोहल्ला तकिया कोट रोड पर कोटमरी मां मंदिर पर 26 मार्च रविवार को सायंकाल 7 बजे से भव्य श्रृंगार एवं भण्डारे का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए कैलाश प्रसाद गोंड़ ने सभी से कार्यक्रम में पहुंच कर भण्डारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख के निधन से शोक

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** रानीकीसराय पूर्व व्लाक प्रमुख जगदीश सिंह का शनिवार को निधन हो गया। निधन की सूचना पर शोक संवेदना प्रकट करने वालो का तांता लगा रहा। क्षेत्र के भगहा गांव निवासी जगदीश सिंह लंबे समय तक सक्रिय राजनीति से जुड़े रहे। वर्ष 1985 में रानीकीसराय ब्लाक प्रमुख रहे। लंबे समय से बीमार चल रहे थे। शनिवार को शहर के सिधारी स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। यहां से शव भगंहा पैतृक गांव लाया गया।

# सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 569 जोड़े

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 632 जोड़ो का रजिस्ट्रेशन कराया गया था, जिसके सापेक्ष शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन सावित्री बाईफूले राजकीय पालिटेक्निक, आजमगढ़ परिसर में 567 जोड़ो का हिन्दू रीति रिवाज एवं 2 अल्पसंख्यक जोड़ो का मुस्लिम रीति रिवाज से, अर्थात कुल 569 जोड़ो का सामूहिक विवाह कराया गया। मुख्य अतिथि सुभाष यदुवंश विधान सभा परिषद सदस्य, उत्तर प्रदेश सरकार, बन्दना सिंह पूर्व विधायक, ध्रुव सिंह जिलाध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी,एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



सामूहिक विवाह में उपस्थित जोड़े

# जांच टीम से अभद्रता मुकदमा दर्ज

**जनसंदेश न्यूज**

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के विट्ठलपुर गांव में शुक्रवार को विकास कार्यों के सत्यापन करने पहुंचे सेक्रेटरी और रोजगार सेवक के साथ ग्राम प्रधान द्वारा गाली गलौज मारपीट के मामले में देर शाम थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। पल्हनी व्लाक के विट्ठठलपुर गांव में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी चंद्रभूषण, रोजगार सेवक मुरारी राम जेई के साथ शुक्रवार को गांव में कराये गये कार्य की जांच करने पहुंचे थे। आरोप है कि इस दौरान ग्राम प्रधान भीमा यादव के भतीजे इंदल ने गाली-गलौज के साथ ही जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। मामले की जानकारी होते ही ग्राम पंचायत संघ के महामंत्री अनिल कुमार सिंह के साथ काफी संख्या में सेक्रेटरी रानीकीसराय थाने में जमा हो गये। ग्राम पंचायत अधिकारी और रोजगार सेवक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** शूद का पैसा मांगने के लिए लगातार नाजायज दबाव बनाने की स्थिति में अतरौलिया नगर पंचायत के व्यापारी अशोक बरनवाल द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

अतरौलिया नगर पंचायत निवासी अशोक बरनवाल 45 वर्ष 19 अगस्त 2022 को रात में अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। इस मामले में मृतक के भाई अनिल कुमार बरनवाल द्वारा अतरौलिया थाने में 20 अगस्त को मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

विवेचना के दौरान मृतक व्यापारी अशोक बरनवाल के लड़के प्रियांशु बरनवाल एवं अन्य गवाहों तथा वीडियो फुटेज के आधार पर पुलिस को पता चला कि मृतक अशोक बरनवाल ने अभियुक्तगण विनोद कुमार सोनकर पुत्र मोहनलाल सोनकर निवासी कस्बा सदर बाजार थाना अतरौलिया एवं शिवबचन यादव पुत्र स्व. राम प्रताप यादव निवासी ग्राम भोराजपुर कला थाना अतरौलिया एवं जितेंद्र सिंह पुत्र स्व.संतदेव सिंह निवासी ग्राम भवानीपुर थाना अतरौलिया से काफी पैसा शूद पर लिया था जिसका ब्याज काफी ज्यादा हो गया था जिसकी वसूली के लिए अभियुक्तों द्वारा बार-बार उसके ऊपर नाजायज दबाव बनाकर प्रताड़ित करते थे। इसी से तंग आकर अशोक बरनवाल ने 19 अगस्त 2022 को आत्महत्या कर लिया था। शनिवार को पुलिस ने उपर्युक्त अभियुक्तों को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



अतरौलिया थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

### एसपी ने किया दो गैंग को सूचीबद्ध

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने लैंगिक दुराचारी आपराधिक गैंग के रूप में 2 जघन्य अपराधियों को सूचीबद्ध किया है। श्री आर्य ने बताया कि अभियुक्त आशीष सरोज पुत्र राकेश सरोज निवासी सरायमोहन थाना बरदह वर्तमान समय में जनपद में एक संगठित गैंग बनाकर व स्वयं गैंग का लीडर बनकर आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ के लिए डरा धमकाकर बलात्कार जैसे जघन्य अपराध कारित करता है। इसकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु गैंग को जनपद स्तर पर सूचीबद्ध (आपराधिक गैंग) किया गया है। इसका कोड डी-124 होगा। जिसका सदस्य विजय प्रताप प्रताप सरोज पुत्र नागेश्वर सरोज निवासी कृतमलपुर थाना बरदह है। इसी प्रकार गिरधारी यादव पुत्र रामनिहोर यादव निवासी छितौनी थाना अतरौलिया वर्तमान समय में जनपद में एक संगठित गैंग बनाकर व स्वयं गैंग का लीडर बनकर आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ के लिए डरा धमकाकर बलात्कार जैसे जघन्य अपराध कारित करता है। इसकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु गैंग को जनपद स्तर पर सूचीबद्ध (आपराधिक गैंग) किया गया है। इसका कोड डी-126 होगा। जिसका सदस्य अरूण यादव पुत्र स्व. राम पलट यादव निवासी छितौनी थाना अतरौलिया है।

# गोवध में वांछित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए मेंहनगर पुलिस ने गोवध में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

मेंहनगर पुलिस अपराधियों की तलाश में क्षेत्र भ्रमण पर थी। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ व्यक्ति ग्राम कतरा विषहम के बगीचा में गोवंशी पशुओ का बध करके गौमांश की बिक्री कर रहे हैं। यदि जल्दी किया जाय तो पकड़े जा सकते हैं। इस सूचना पर विश्वास कर उक्त स्थान पर पहुंच गयी। पुलिस ने तीन व्यक्तियों को पकड़ लिया तथा 2 महिला व 4 पुरुष अंधेरे का लाभ उठाते हुए मौके से भागने में सफल रहे। पकड़े गये व्यक्तियों की जमा तलाशी लेते हुए नाम पता पूछा गया तो एक ने अपना नाम सोहराब पुत्र एकलाख शेख, दूसरे ने जाहिद पुत्र सोहराब व तीसरे ने सलमान पुत्र एखलाख निवासीगण कतरा विषहम थाना मेहनगर बताया। फरार अभियुक्तों का नाम सद्दाम पुत्र जुलफेकार, जुल्फेकार पुत्र फैजान, सुहेल अहमद पुत्र गफ्फार, कलीम पुत्र सोहराब, सायरा पुत्री जुलफेकार व मिस्बा पुत्र जुल्फेकार निवासीगण कतरा विषहम थाना मेहनगर बताया। मौके पर गोमांश करीब 4 कुन्तल, एक अदद तराजू, वाट 2 अदद, एक अदद लकडी का ठीहा आदि बरामद हुआ।



मेंहनगर थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

# सेमीफाइनल में स्थान बनाने वाले बच्चे हुए सम्मानित

**आजमगढ़।** केटी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में बीते 17 से 19 मार्च को आयोजित प्रतियोगिता में आजमगढ़ मंडल में सेमीफाइनल में स्थान बनाने वाले बच्चों का नगर के श्रीकृष्ण गौशाला में सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि डा.आरबी त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि कल्पनाथ सिंह ने प्रतियोगिता में स्थान बनाने वाले बच्चों शिवानी, पहल, यश, श्वेता, ऋतु, नन्दनी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बच्चे ही राष्ट्र के भविष्य हैं। इस अवसर पर डीएस यादव, लक्ष्मण, सोहन लाल वर्मा, कैलाश गोंड़, लौटू राम मौर्य, अशोक गुप्ता, डीएस आनन्द, रीतेश गोपाल, ज्ञान प्रकाश, मनमोहन, ओंकार, बिन्दू भूषण वर्मा, कन्हैया मौर्य, हरिकेश विक्रम श्रीवास्तव, रामाश्रय, संजय निषाद, जय आजाद, सीताराम, रामचंद्र दूबे, मुरलीधर अस्थाना, मोहन आजाद, बलिराम, रामजनम विश्वकर्मा, राजू बरनवाल, राजू गोंड़, शंकर गोंड़, रश्मि देवी, बेबी गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

# तीसरे दिन भी किसानों मजदूरों का धरना रहा जारी

**पवई (आजमगढ़)।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से सटे गांवों अंडिका, छज्जोपट्टी, खुरचंदा के ग्रामीण तीसरे दिन भी धरने पर बैठे रहे।

ग्रामीणों ने कहा कि शासन पिछले साल से ही बिना किसी पूर्व सूचना के कभी ड्रोन से कभी राजस्व कर्मियों को भेजकर हमारी जमीनों का सर्वे करा रहा है जो गैर संवैधानिक है। जब हम एसडीएम फूलपुर से इस बाबत पत्रक के साथ मिले तब एसडीएम फूलपुर और उनके सह कर्मचारी ने इस सर्वे के बारे में अनिभिज्ञता जताई और स्पष्ट कहा कि ऐसे किसी सर्वे की जानकारी हमें नहीं है। ग्रामीणों की मांग पर इस फर्जी सर्वे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। चंद दिन बीता ही था की स्थानीय समाचारपत्रों के माध्यम से ग्रामीणों को यह जानकारी मिली कि उनकी जमीन और मकान सब किसी औद्यागिक गलियारे के नाम पर ली जाएगी। 22 मार्च को लेखपाल के आने के बाद स्थानीय लोग और भयभीत हो गए। जब लेखपाल ने यह कहा कि इस बार की फसल काट लीजिए क्योंकि सरकार आपकी जमीन अब ले लेगी। ऐसे में लोगों ने यह निर्णय लिया कि हम अपनी एक इंच जमीन नहीं देंगे और धरने पर बैठ गए। धरने में पूर्वांचल किसान यूनियन के महासचिव वीरेंद्र यादव, किसान नेता राजीव यादव, निशांत राज, कामरेड सुरेश गुप्ता, कामरेड मुखराम, आलोक, प्रभाकर, मिथिलेश, विद्या, बदामा, कमला देवी, नवाती, तारा देवी, विशाल आदि शामिल रहे। संचालन सुधाकर और अध्यक्षता कौशल्या देवी ने किया।



धरने को संबोधित करते वक्ता।

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ दीक्षांत विदाई समारोह

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र स्थित ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल में दीक्षांत विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि कोआपरेटिव बैंक के चेयरमैन जयप्रकाश पाण्डेय रहे। अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक जितेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह तथा संचालन विद्यालय की कक्षा 4 की छात्रा उज्जवल मिश्रा व आदित्य सिंह ने किया।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जयप्रकाश पांडे व अध्यक्षता कर रहे प्रबंधक जितेन्द्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह व डायरेक्टर हर्षित सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर रवि प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य संध्या सिंह व आशीष सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर व मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। मुख्य अतिथि श्री पांडेय ने कहा कि आधुनिक शिक्षा पुराने जमाने की शिक्षा से बदल गई है। प्राचीन काल में बच्चे पटरी व पचारा से पढ़ते थे परंतु आधुनिक काल में बच्चों की शिक्षा कंप्यूटर और लैपटॉप से हो रही है। इसलिए समय के साथ-साथ हमें अपने अंदर बदलाव लाना चाहिए। प्रबंधक जितेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह व प्रधानाचार्य संध्या सिंह का आभार व्यक्त किया। प्रबंधक जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अभिभावकों और लोगों के स्नेह का नतीजा है कि उनके विद्यालय के छात्र द्रुतगति से आगे बढ़ेंगे। अध्यापक पीयूष सिंह, राजवंत सिंह, संतोष सिंह द्वारा भी बच्चों को संबोधित किया गया। विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जय प्रकाश पांडे, प्रबंधक जितेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, डायरेक्टर हर्षित सिंह द्वारा बच्चों को अंकपत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अखिलेश पांडे, स्वपन, रिती, पूजा मिश्रा, सुमन सिंह, पूजा पांडे, डाली मिश्रा, प्रतिमा सिंह, वर्तिका सिंह, श्रुति मिश्रा, प्रतिमा पांडे, अलका सिंह आदि उपस्थित रहीं।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

# शिक्षा मित्र पर जहर देकर मारने का लगाया आरोप

**सनसनी**

**परिजनों ने थाने पर दी तहरीर**

**सूचना पर जांच में जुटी पुलिस**

**जनसंदेश न्यूज**

**महराजगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोसाईपुर में युवक की जहर से हुई मौत से सनसनी फैल गयी। सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ-साथ आसपास के थानों की पुलिस व क्षेत्राधिकारी सगड़ी भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के परिजनों ने शिक्षा मित्र पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

प्रिजनो द्वारा दी गयी तहरीर के अनुसार मृतक राज सिंह पुत्र संजय सिंह कलकत्ता में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। किसी आवश्यक कार्य से विगत तीन चार महीने से पैतृक गांव गोसाईपुर आया हुआ था। अक्सर गांव के पीछे मंदिर पर पूजापाठ के लिए जाया करता था। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि शुक्रवार को मृतक ने मंदिर के रास्ते पर स्थित खेत पर गांव की ही लड़की प्रियांजली को मुख बांधे घूमते हुए देखा तो रोकर उससे उसका नाम व घर पूछ लिया। लड़की ने अपनी मां संगीता, भाई हर्ष व बहन हर्षिता को बुला लिया और गाली-गुप्ता देते हुए मारा-पीटा तथा जबरदस्ती मुंह में जहर खिला दिया जिससे खेत पर ही तड़प कर उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि आनन फानन में गांव के बहुत लोग इकठ्ठा हो गए और राज सिंह को उठा कर इलाज हेतु डाक्टर के पास ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और विधिक कार्यवाही कर शव को भी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



मृतक के घर जुटी ग्रामीणों की भीड़ व घटना की जानकारी लेती पुलिस।

# दो लाख श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में लगाई हाजिरी

**चतुर्थी तिथि**

## श्रद्धालुओं से पटे रहे होटल धर्मशाला रेलवे स्टेशन

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्रि मेले के चौथे दिन शनिवार को करीब 2 लाख श्रद्धालुओं ने मां विंध्यवासिनी की चौखट पर हाजिरी लगाई और दर्शन पूजन किया। माता रानी के दर्शन के लिए चारों पहर आरती व शृंगार के बाद जैसे ही मंदिर के कपाट खुलता है वैसे ही कतारबद्ध श्रद्धालुओं द्वारा मां विंध्यवासिनी के जयकारा लगाते हुए दर्शन के लिए आगे बढ़ जाते हैं।

शनिवार का दिन होने के कारण भक्तों की भारी भीड़ धाम में देखने को मिली। धाम की गलियां दिनभर भक्तों से पटी रही। मंगला आरती के बाद जैसे ही गर्भ गृह के कपाट खुले मां विंध्यवासिनी के जयकारे के साथ धाम के समस्त गलियां गुंजायमान हो गई। पुरानी बीआईपी, नई वीआईपी के रास्ते आने वाले भक्तों गर्भ गृह में पहुंचकर गुड़हल कमल के फूल के साथ की गई रजत मणि हारो से बृहद मां का श्रृंगार के बाद माता के भव्य स्वरूप देख कर निहाल हो उठते हैं।

दर्शन व पूजन के दौरान पुलिस प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था के साथ श्री विन्ध्य पंडा समाज के नेतृत्व में लोग लगे रहे।



दर्शन को कतारवद्ध भक्त

### ट्रेन का ठहराव हुआ कम तो अपने वाहन से पहुंच रहे हैं भक्त

चैत्र नवरात्र के दौरान विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव कम होने से आस्था धाम में स्थित विभिन्न वाहन स्टैंड दो, चार पहिया वाहनों से पटी रहती है। ऐसे वाहनों के चलते या विंध्याचल में खाली मैदान में वहां नजर आ रहे हैं। वही बरतर तिराहा के आसपास प्रतिदिन सड़कों पर दर्शनार्थियों को जाम के झाम से जूझना पड़ रहा है। मां विंध्यवासिनी माता के दर्शन के बाद दुकानदारों पर हो रही खरीदारी से दुकानदार गदगद हैं। श्रृंगार और खिलौने की दुकानों के अलावा चुनरी माला की दुकानों पर ग्राहक खरीदारी में जुटे रहे। स्थानीय के साथ ही दूरदराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु के आगमन से देवी धाम में नारियल माला फूल प्रसाद बेचने वाली दुकानदार के चेहरे खिले हुए रहे।

### गंगा स्नान कर भक्त कर रहे हैं मां का दर्शन

**विंध्याचल।** चैत्र नवरात्र पर विंध्य धाम की समस्त गंगा घाटों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। विभिन्न स्थानों पर वाहनों से उतरने वाले श्रद्धालु सीधे गंगा घाटों की ओर कुच करते दिखे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाने के बाद मां गंगा के पूजन बाद धाम की गलियों में सजी दुकानों से माला फूल प्रसाद लेकर बड़े श्रद्धा भाव से मां के दरबार की ओर जाने वाले गलियों में कतार में हो गए।

## मेला को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए की गयी समीक्षा

**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्र मेला को सकुशल एवं निर्बाध रूप से सम्पन्न करायें जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक द्वारा विन्ध्याचल स्थित प्रशासनिक भवन में चैत्र नवरात्र मेला 2023 को सकुशल एवं निर्बाध रूप से सम्पन्न करायें जाने के दृष्टिगत विन्ध्याचल स्थित प्रशासनिक भवन में अभी तक की सुरक्षा एवं व्यवस्था प्रबन्धन के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित अधिकारीगण एवं विभागाध्यक्षगण के साथ गोष्ठी कर समीक्षा की गयी तथा सम्बन्धित अधिकारीगण व विभागाध्यक्षगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीकांत प्रजापति, अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ला, क्षेत्राधिकारी सदर शैलेद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर परमानंद कुशवाहा, सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।



अधिकारियों को संबोधित करतीं डीएम व एसपी

## जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बूढ़ेनाथ मंदिर का किया निरीक्षण

### 26 मार्च को मंदिर का कपाट खोलेंगे महंत प्रेम गिरी महाराज

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** नगर के बूढ़ेनाथ मंदिर का कपाट बंद होने की जानकारी मिलने पर पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत प्रेम गिरी महाराज शुक्रवार को मंदिर में पहुंचे। उन्होंने मंदिर के कपाट बंद होने की जानकारी ली। समस्या समाधान के लिए चल रहे कार्य को 25 मार्च को पूरा कर लिया जायेगा। गहन विचार विमर्श के बाद 26 मार्च को मंदिर का कपाट अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत प्रेम गिरी महाराज के द्वारा मंगला आरती के बाद खोला जायेगा। मंदिर के महंत डॉ. योगानंद गिरी ने मंदिर व्यवस्था में आ रही समस्या से आगत अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया। सावन माह में एक बार फिर समस्या सामने आने पर भक्तों ने रास्ता जाम किया था। तब जिला प्रशासन ने समस्या के समाधान के लिए सीवर का काम आरंभ कराया। जिसे कार्यदाई संस्था ने आधे पर ही काम छोड़ दिया। गत दिनों नाली का गंदा पानी एक बार फिर मंदिर में प्रवेश कर गया। उसके बाद से ही बाबा के उपेक्षा से खिन्न होकर मंदिर का कपाट अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया गया है। महंत डा. योगानंद गिरि ने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा 25 मार्च तक का अवसर लेने के साथी अधूरे काम को पूरा कराया जा रहा है। कार्य पूरा होने के बाद 26 मार्च को जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत प्रेम गिरी महाराज के द्वारा बाबा बूढ़ेनाथ बाबा का पूजन अर्चन कर भक्तों के लिए मंदिर का कपाट खोला जाएगा।

### भक्तों को चोर लगा रहे थे चूना, चढ़े पुलिस के हत्थे

**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्र मेला विन्ध्याचल 2023 को सकुशल व निर्बाध रूप से सम्पन्न कराए जाने एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पर्याप्त पुलिस बल का डिप्लायमेंट किया गया है। मेला क्षेत्र में व विभिन्न घाटों पर सादे वस्त्र तथा वर्दी में पुलिस बल की विभिन्न प्रकार की ड्यूटी एवं पुलिस टीम यथा एंटी चैन स्नेचिंग, एंटी थेफ्ट टीम, गुण्डा दमन दल, अभिसूचना इकाई, स्वाट टीम, एसओजी टीम सहित अन्य गठित टीमों को विन्ध्याधाम मेला क्षेत्र में सतत रूप से भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि रखते हुए संदिग्धों की चेंकिंग करने के निर्देश दिए गए है। सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन कैमरों के माध्यम से मेला में निगरानी की जा रही है। थाना विन्ध्याचल पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। थाना विन्ध्याचल पुलिस बल दर्शनार्थियों की सुरक्षा हेतु मेला क्षेत्र व घाटों पर भ्रमणशील थी कि इस दौरान कुछ व्यक्तियों द्वारा आपस में मेला में आने वाले श्रद्धालुओं व दर्शनार्थियों के सामान की चोरी करने के बारें में योजना बनाई जा रही थी। थाना विन्ध्याचल पुलिस बल द्वारा दबिश देकर कुल 02 व्यक्तियों को पकड़ा गया। जिनके कब्जे से 03 स्मार्ट फोन तथा 03 की पैड मोबाइल तथा 11800 नगद बरामद किया गया।

## रामनवमी यात्रा के लिए सड़क, बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश

**बैठक**

### सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे पुलिस के जवान : एसपी सिटी

### ड्रोन कैमरे से भी होगी निगरानी : एडीएम वित्त

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** रामनवमी शोभा यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और शोभायात्रा समिति की बैठक जिला पंचायत सभागार में शनिवार को संपन्न हुई जिसमें नगर के जर्जर सड़कों, बिजली के तारों को दुरुस्त किए जाने का निर्देश एडीएम वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ला ने दी।

कहा कि नवरात्रि की नवमी तिथि पर निकलने वाले शोभायात्रा के मार्ग का संबंधित विभागीय अधिकारी निरीक्षण कर ले। मार्ग को दो दिन में दुरुस्त करा दिया जाए। यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारी को लटक रहे बिजली के तार और पोल को ठीक कराने का निर्देश दिया। श्री शुक्ला ने निर्माण विभाग और नगर पालिका को समुचित व्यवस्था कर अवगत कराने को कहा। बैठक में सुरक्षा के लिहाज से किए गए सुरक्षा के बिंदुओं पर एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने जानकारी ली। बताया कि चौकस व्यवस्था के बीच अराजक तत्वों पर ड्रोन कैमरे से नजर रखी जाएगी। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष रामचंद्र शुक्ल, महेश तिवारी, नितिन अवस्थी, राज माहेश्वरी, रवि शंकर साहू, विशाल मालवीय, शिखा अग्रवाल, संतोषी निषाद, विनय मिश्रा अंकज, शिवांशु सिंह प्रांजल सिंह, गोपाल केसरवानी एवं पवन कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



रामनवमी यात्रा पर पदाधिकारियों के साथ मंथन करते अधिकारी

## प्रमोद तिवारी ने कहा कानून और जमीन से होगी जंग

**बोले कांग्रेस नेता**

### लूटने और लुटाने वाला बाहर

### आवाज उठाने वाले की सदस्यता समाप्त कर कारावास दे दिया

जनसंदेश न्यूज



परिजनों के साथ दर्शन को जाते प्रमोद तिवारी

**मीरजापुर।** नवरात्रि के चौथे दिन आदिशक्ति मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि जिसने लाखों करोड़ों रुपया लूटा वह बाहर, जिसने लुटवाया वह भाजपा सरकार बाहर, जिसने दोनों के खिलाफ आवाज उठाई उसे 2 साल का कारावास की सजा और सदस्यता समाप्त कर दी गई है। कांग्रेस दो तरीके कानून और पालिटिकल जंग लड़ेगी। यह लड़ाई 1977 की तरह लड़ा जायेगा। मां विंध्यवासिनी का दर्शन करने के बाद कांग्रेसी नेता प्रमोद तिवारी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि जो राहुल गांधी जी कहते थे, वही दोहरा रहा हूं। देश में लोकतांत्रिक संस्थाएं खत्म हो रही हैं। लोकतंत्र पर सीधा प्रहार हो रहा है। यह पहली बार हो रहा है जिसने लाखों करोड़ों रुपए लूटा वह अडाणी बाहर है, जिसने लूटवाया व भाजपा सरकार बाहर है। जिसमें दोनों के बारे में आवाज उठाई उसे 2 साल के कारावास की सजा देने के साथ ही सदस्यता समाप्त कर दी गई। कहा कि इसी को कलयुग, इसी को तानाशाही कहते हैं। जैसा की पुराने जमाने की लोग कहते थे खामोश करना कहते हैं। राहुल गांधी समेत पूरे कांग्रेसी और विपक्ष जेपीसी की बात कर रहा है। यह पहली बार हो रहा है जब सत्तारूढ़ दल सदन नहीं चलने दे रहा है। उन्हें डर है कि चोरी ना पकड़ी जाए। जब जांच होगी जेपीसी की तो जिस ने लूटा है वह भी दोषी साबित होंगे, जिसने लूटवाया है वह भी दोषी साबित होगा। इत्तेफाक यह हुआ कि राहुल गांधी ने आवाज उठाई उनकी सदस्यता गई। जिसमें पूरे विपक्ष ने आवाज उठाया तो उनकी आवाज खामोश कर दी गई। कहा कि देश में लोकतंत्र खतरे में है। जो लोग ऐसा महसूस करते हैं उन्हें एक मंच पर आना होगा। यह वक्त की जरूरत है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कोर्ट में अपील करेगी। मंडे तक फाइल तैयार हो जाएगा। जिस पर कानूनी सलाह लेते हुए काम चल रहा है। इसके अलावा हम जनता के बीच जाकर पॉलिटिकल लड़ाई लड़ेंगे। 1977 में इंदिरा गाँधी की सदस्यता समाप्त कर उन्हें जेल भेजा गया था। संघर्ष के बाद इंदिरा गांधी फिर से 1978 में सत्ता में लौटी थी।

### बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए दें उत्तम आहार : ओमप्रकाश

**जमालपुर।** शनिवार को ब्लाक सभागार में राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की तरफ से स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा दिवस आयोजित किया गया जिसमें कुपोषित से स्वस्थ हुये पांच बच्चों को संयुक्त खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश यादव ने माल्यार्पण कर एक सेट बर्तन प्रदान कर प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ रखने के लिये उनके उचित खानपान पर ध्यान दिये जाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में अति कुपोषित(सैम) 30 बच्चों को एक किलो चना, एक किलो बादाम, एक किलो गुड़, दाल तेल एवं दलिया से भरी पोषण पोटली भी वितरित किया गया। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी शशिकला देवी ने गर्भावस्था में गर्भवती महिलाओं के खान पान पर बिशेष ध्यान देने के साथ बाल्यावस्था में बच्चों को दिये जाने वाले समुचित आहार के बारे में जानकारी दिया। इस दौरान एडीओ कृषि बुद्धि प्रकाश जाट, आयुष पाठक, कंचन देवी, पुष्पा देवी, नीलम तिवारी, सुशील कुमार, सावित्री देवी, विभा सिंह, मीरा देवी, सीमा देवी, रीता सहित, बबिता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## नहर निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग, किसानों में रोष

**हलिया।** क्षेत्र के सुखड़ा बांध से संचालित पवांरी कलां नहर के झाल निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग कर गुणवत्ताविहीन कार्य करवाए जाने पर क्षेत्रीय किसानों में रोष व्याप्त है। नहर की बनाई जा रही पुलिया और झाल निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। पत्थरों को जोड़ने के लिए डस्ट और भस्सी का उपयोग किया जा रहा है। मानक विपरीत कार्य कराए जाने पर क्षेत्रीय किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराए जाने हेतु ध्यान आकृष्ट करवाया है। किसान राघवेन्द्र सिंह, अतुल सिंह सुरेश पाल, सुनील पाल आदि ने बताया कि झाल निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। पत्थरों की जोड़ाई के लिए भस्सी का उपयोग किया जा रहा है। किसानों ने निर्माण कार्य मानक के अनुरूप करवाए जाने हेतु सिंचाई विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करवाया है। इस संबंध में सहायक अभियंता हरिकेश ने बताया कि नहर के झाल निर्माण कार्य को गुणवत्ता पूर्ण करवाए जाने हेतु ठेकेदारों को निर्देशित किया गया है। मौके की जांच की जाएगी। घटिया सामग्री का उपयोग पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



निर्माण कार्य में घटिया सामग्री प्रयोग करते श्रमिक

## बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग

### 5 बीघे गेहूं की फसल जलकर हो गई राख



आग से जली फसल को देखते किसान

**लालगंज।** दुबार कला चक 65 गांव में शनिवार को दिन एक बजे खेत में लगा 11000 वोल्टेज का तार शॉर्ट सर्किट होने से गेहूं की फसल में आग लग गई। गेहूं के फसल के बीच ही धान का पुआल रखा गया था। पुआल में आग लगी और पुआल से बढ़कर गेहूं की फसल में लग गई। आग लगते ही ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी दुबार कला मय पुलिस टीम के साथ ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया गया। आग बुझाते बुझाते संजय सिंह पुत्र भानू प्रसाद, सुमन सिंह पुत्र प्रेम नारायण, ओमप्रकाश पुत्र राजेंद्र प्रसाद, प्रेम नारायण भानु प्रताप,दीप कुमार पुत्र प्रेम नारायण, शंभूनाथ पुत्र बाबूलाल, अभयराज पुत्र रामबली, श्रीनाथ पुत्र रामबली, प्रहलाद पुत्र बाबूलाल, के लोगों का लगभग 5 बीघे की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। हालांकि पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से जन लेटर के सहारे पानी की व्यवस्था कर आग बुझाने में किसी तरह सफल हुए मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल पहुंच गए थे, फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच पाई।

## प्रभारी मंत्री ने विकास पर आधारित पुस्तिका का किया विमोचन

**कार्यक्रम**

### प्रेसवार्ता में 6 वर्ष के कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

### प्रेस वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का किया गया लाइव प्रसारण

जनसंदेश न्यूज



पुस्तक का विमोचन करते प्रभारी मंत्री

**मीरजापुर।** प्रदेश सरकार के वर्तमान कार्यकाल को सफलतापूर्वक 01 वर्ष पूर्ण होने तथा कुल 06 वर्ष के कार्यकाल पूरे होने के शुभ अवसर पर सुशासन, विकास और रोजगार, डबल इंजन की सरकार की थीम पर जनपद के प्रभारी मंत्री मंत्री औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन0आर0आई0 तथा निवेश प्रोत्साहन विभाग नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश स्तर पर लखनऊ में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेशयोगी आदित्यनाथ द्वारा की गई प्रेस वार्ता का सजीव प्रसारण देखा गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने जनपद के साथ साथ नगर, चुनार, मड़िहान, मझवां एवं छानबे विधानसभा के विगत 01 वर्ष में कराए गए विकास कार्यों एवं उपलब्धियों से संबंधित पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया। इस अवसर पर विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, जिला पंचायज अध्यक्ष राजू कनौजिया, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बृज भूषण सिंह, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस उपस्थित रहें। मंत्री ने बताया कि वर्तमान सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। उन्होंने कहा कि गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों के लिए अनेक योजनाएं संचालित है। प्रदेश सरकार द्वारा कमजोर वर्ग के लोगों को उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय राशन आदि उपलब्ध कराया जा रहा है तथा अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश विकास, उद्योग एवं रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाईया छूकर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है जिससे आने वाले समय में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनाने का सपना भी साकार होंगा। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति को प्राथमिकता दिया जा रहा हैं। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 06 वर्ष में कराये गये कार्यो को बिना भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया गया है जिससे गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों को प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री, शौचालय, पेंशन आदि लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराया गया हैं। शिक्षित नव युवक युवतियों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार के बेंहतर अवसर बढ़ी कम्पनियों के माध्यम से स्वाबलम्बी बनाने का कार्य किया जा रहा हैं। उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इंवेटर्स समिट के बाद बड़े स्तर पर उद्योगो की स्थापना हो रही है जिसके लिये कम्पनियों के द्वारा अपने उद्योग लगाने की सहमति भी प्रदान की गयी हैं।

## संक्षेप

### ग्राम विकास अधिकारी की मौत पर जताया शोक



**राजगढ़।** विकास खंड मझवां के ग्राम विकास अधिकारी की सड़क दुघर्टना में हुई मौत पर समस्त कर्मचारियों में शोक का माहौल बना हुआ है जिसके बाद साथी कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। जनपद के विकास खंड मझवां में तैनात मनोज कुमार बिंद अपना सरकारी काम काज निपटाकर बाइक पर सवार होकर औराई बाजार की ओर जा रहे थे। इस दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बाईक से जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें मनोज कुमार बिंद को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। ग्राम विकास अधिकारी की आकस्मिक निधन की खबर पर पूरे जनपद के ग्राम विकास अधिकारियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। कार्यक्रम में राहुल सिंह, लक्ष्मी शंकर, प्रभात शुक्ला, दीपक त्रिपाठी, आशीष गुप्ता, विजय प्रताप, विजय कुमार, एडीओ संतोष कुमार, राकेश यादव, लेखाकार संतोष सिंह, अभय कुमार, विमल, सहित अन्य कर्मचारी एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

### किशोरी के पिता की तहरीर पर युवक के खिलाफ छेड़खानी व एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीया किशोरी के पिता ने बेटी के साथ छेड़खानी तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने तथा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए गांव निवासी युवक पर छेड़खानी व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। दी गई तहरीर में किशोरी के पिता ने आरोप लगाया कि बीते शुक्रवार शाम चार बजे के करीब पंद्रह वर्षीया बेटी पड़ोसी की सात वर्षीया बेटी के साथ गांव में सामान लेने के लिए दुकान पर जा रही थी कि रास्ते में गांव निवासी युवक बेटी के साथ छेड़खानी करने लगा बेटी के विरोध करने पर कपड़े फाड़ दिया। बेटी के शोरगुल मचाने पर युवक मौके से भाग निकला। घर आकर बेटी ने आपबीती भाई को बताया युवक के पिता से घटना की शिकायत करने के लिए उसके घर गया तो युवक का पिता जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज देने लगा बेटे के मना करने पर मारपीट की। किशोरी की तहरीर पर पुलिस ने युवक बसंत लाल के खिलाफ छेड़खानी, पाक्सो एक्ट तथा उसके पिता के विरुद्ध मारपीट व एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होगी क्षम्य

**लालगंज।** स्थानीय थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार मधु जैन एवं थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 6 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। सभी प्रार्थना पत्र राजस्व से संबंधित थे। फरियादियों द्वारा प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करते हुए नायब तहसीलदार मधु जैन ने लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा कि मौके पर जाकर फरियादी से मिलकर समस्या का समाधान करते हुए समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगा। थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया ने लेखपालों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि फरियादी के समस्या को निस्तारण करने में यदि परेशानी समझ में आती है तो पुलिस बल का सहयोग ले फरियादियों की समस्या गुणवत्ता पूर्वक समाधान करे। कहा कि फरियादी की समस्या निस्तारण करते समय दो गवाहों का हस्ताक्षर जरूर बनवा लें सभी मामले राजस्व से संबंधित थे। इस अवसर पर थाना स्टाफ राजस्व निरीक्षक सूर्य वली विंद, नंदलाल, लेखपाल संघ अध्यक्ष अनूप कुमार पांडे, मनमोहन, सच्चिदानंद, मनोज सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### कमिश्नर ने सुनी फरियादियों की फरियाद

**मीरजापुर।** शासन के निदेर्शानुसार मण्डलायुक्त विंध्याचल परिक्षेत्र डा0 मुथुकुमार स्वामी द्वारा थाना चिल्ह पर उपस्थित रह कर आने वाले आमजन की शिकायतें सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में थाना समाधान दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, नगर मजिस्ट्रेट, अपर जिलाधिकारी व क्षेत्रधिकारी नगर द्वारा थाना विन्ध्याचल पर, अपर जिलाधिकारी द्वारा थाना पड़री पर, तहसीलदार द्वारा थाना लालगंज पर, नायब तहसीलदार द्वारा थाना हलिया पर, तहसीलदार द्वारा थाना जिगना पर, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व तहसीलदार द्वारा थाना चुनार पर, क्षेत्राधिकारी चुनार व तहसीलदार द्वारा थाना जमालपुर पर, उपजिलाधिकारी चुनार द्वारा थाना अहरौरा पर, तहसीलदार द्वारा मड़िहान सम्बन्धित थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष व राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ थाने पर आने वाले आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया ।

### सार्वजनिक जमीन कब्जा करना महंगा पड़ा, मुकदमा दर्ज

**मड़िहान।** तहसील क्षेत्र के फुलियारी गांव में सरकारी जमीन पर कब्जा करना महंगा पड़ गया। मना करने पर राजस्व टीम से भिंड गया। लेखपाल की तहरीर पर फुलियारी गांव निवासी चंदन पटेल पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। आरोप है कि गुरुवार को धारा चौबीस के तहत फुलियारी गांव में राजस्व विभाग की टीम पैमाईश करने राजस्व टीम पहुंची थी। पैमाइश के दौरान आरोपी चंदन पटेल मौके पर पहुंचा और राजस्व टीम से उलझ गया। टीम द्वारा बिरोध जताने पर जरीब छीन लिया और मारपीट करने पर आमादा हो गया। स्थानीय लोगों ने बीच बचाव किया। टीम बिना सीमांकन बैरंग तहसील लौट गयी। तहसीलदार से बताया गया कि सरकारी जमीन पर बिना किसी अधिकारी आदेश के निर्माण कार्य रोकने से खुन्नस खाये था। पैमाइस के दौरान उलझ गया। इंस्पेक्टर शैलेश कुमार राय ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### एडिशनल एसपी ने शीतला धाम में लगे मेले का लिया जायजा

**चुनार।** अदलपुरा शीतला धाम में लगे नवरात्र मेले का शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने भ्रमण कर जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने देवी भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस को निर्देशित दिया कि मंदिर पर आने वाले सभी देवी भक्तों के कतारबद्ध तरीके से जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान देने को कहां शीतला धाम से निकलने के बाद उन्होंने चुनार कस्बे में शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स के साथ पैदल भ्रमण किया और पुलिस को निर्देश दिया कि वह मुश्तैद रहकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखे। पैदल भ्रमण के बाद उन्होंने कोतवाली में पहुंचकर पुलिस कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया। कहा कि समय से विवेचना का कार्य पूरा करें। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक उमाशंकर सिंह, कोतवाल त्रिवेणी लाल सेन व लव सिंह व पुलिस चौकियों के इंचार्ज उपस्थित रहे।

### मां से कामना की राहुल गांधी को सद्बुद्धि दें: नन्दी

**मीरजापुर।** जिले के प्रभारी मंत्री व कैबिनेट मंत्री नन्दगोपाल ने मां विंध्यवासिनी के दर्शनोपरांत पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैं मां से कामना करता हूं कि राहुल गांधी को सद्बुद्धि प्रदान करें। नन्दी ने कहा कि न्यायालय के फैसले का सम्मान करना चाहिए। राहुल हमेशा प्रधानमंत्री और पिछड़ों के विरुद्ध अनाप शनाप बोलते रहते है। जो जैसा करता है उसका फल भी उसी प्रकार से मिलता है। दर्शन के पूर्व मंत्री ने रोडवेज परिसर में आयोजित विंध्य महोत्सव के पंडाल में लगी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, मड़िहान विधायक रमाशंकर पटेल, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### एनडीपीएस एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** एसपी द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार राय मय पुलिस बल द्वारा एनडीपीएस एक्ट से सम्बधित आरोपी हिमांशु केसरी पुत्र संतोष केसरी निवासी ग्राम मधुपुर थाना राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना राजगढ़ पर 20 मार्च को थाना राजगढ़ क्षेत्रांतर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपी के विरुद्ध नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जहां एसपी के निर्देश के क्रम में प्र0नि0 राजगढ़ राणा प्रताप यादव मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित आरोपी संतोष पुत्र मोहन निवासी पकड़ी थाना राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### सीओ चुनार ने सुनी जनता की समस्यायें

**जमालपुर।** शनिवार को थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी चुनार उमाशंकर सिंह एवं नायब तहसीलदार संजय की देखरेख में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों के द्वारा फरियादियों की समस्यायों को सुना गया। समाधान दिवस में राजस्व से संबंधित दो मामले आए।

# यूपी का ग्रोथ इंजन बनेगा सोनभद्र :भूपेश चौबे

## कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम के उद्बोधन का दिखाया गया सजीव प्रसारण

जनसंदेश न्यूज

आयोजन

### प्रदेश सरकार के 6 वर्ष पूरे होने पर विकास पुस्तिका का हुआ विमोचन


कलेक्ट्रेट सभागार में विकास पुस्तिका का विमोचन करते जन प्रतिनिधिगण

**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन का सजीव प्रसारण के पश्चात कलेक्ट्रेट में आयोजित 6 वर्ष सुशासन विकास रोजगार डबल इंजन की सरकार नामक पुस्तिका का विमोचन जन प्रतिनिधिगणों ने किया। विकास पुस्तिका के विमोचन के दौरान जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण को देखा और सुना।

सुशासन विकास रोजगार, डबल इंजन की सरकार नामक पुस्तिका का विमोचन करने के पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सदर विधायक भूपेश चौबे के पश्चात कहा कि डबल इंजन की सरकार सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास से देश, प्रदेश व जनपद का हो रहा चौहुमुखी विकास, उन्होंने कहा कि जैसे देश का ग्रोथ इंजन उत्तर प्रदेश है, वैसे ही उत्तर प्रदेश का ग्रोथ इंजन जनपद सोनभद्र है। सोनभद्र देश के अति पिछड़े 112 जनपदों की श्रेणी में विकास के मामले में तृतीय स्थान जबकि प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में देश व प्रदेश का निरन्तर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद सोनभद्र में एक वर्ष में 633.93 लाख की धनराषि से श्याम प्रसाद मुखर्जी अर्बन मिषन योजनान्तर्गत चेरुई, पल्हारी एवं कोदई में 03 बन्धियों का निर्माण तथा ग्राम पंचायत के 20 स्थलों पर सीसी रोड का निर्माण कार्य कराया गया। 15623.73 लाख की धनराशि से जिला खनिज फाउण्डेषन न्याय द्वारा जनपद में विभिन्न निर्माण कार्य कराया गया। 1788.00 लाख की धनराशि से सीएसआर मद से जनपद में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण एवं अन्य सामाजिक कार्य कराया गया। 186.29 करोड़ की धनराशि से लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क, हास्टल, बैरक एवं विवेचना कक्ष भवन का निर्माण कार्य कराया गया। 9225.61 लाख की धनराशि से प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत जनपद के विभिन्न स्थानों पर सड़क का निर्माण कराया गया। 2463.59 करोड़ की धनराशि से जनपद में जल जीवन मिशन (हर घर नल से जल) योजनान्तर्गत 12 नग ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है। 224002 लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड वितरित करते हुए 6.19 करोड़ की धनराशि से 3530 मरीजों का निःशुल्क ईलाज किया गया। इमरजेन्सी मेडिकल ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज के तहत 62303 मरीजों का ईलाज किया गया। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 5510 लाभार्थियों को एवं प्रधान मंत्री मातृत्व वन्दना योजनान्तर्गत 7900 गर्भवती महिलाओं को तथा जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत 24382 गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत 1226 आवास पूर्ण कराया गया। 178 अतिक्रमण कर्ताओं/भू-माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 0.03 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण से मुक्त करायी गयी। एडीबी योजनान्तर्गत जनपद के 14.06 करोड़ की लागत से 466 मजरों में जर्जर विद्युत पोल व तार के प्रतिस्थापन का कार्य कराये जाने की प्राप्त स्वीकृति के सापेक्ष 263 मजरों में कार्य पूर्ण हुआ। सौभाग्य योजना, तृतीय चरण में 789 मजरों में 32.81 करोड़ की लागत से विद्युतीकरण कराये जाने हेतु स्वीकृति प्राप्त है। उक्त योजनान्तर्गत चयनित मजरों में विद्युतीकरण हेतु सर्वेक्षण/ प्राक्कलन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इस मौके पर राज्यसभा सांसद राम शकल, सांसद पकौड़ी लाल कोल, विधायक दुद्धी राम दुलार गौंड़, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, विधायक घोरावल प्रतिनिधि सुरेन्द्र मौर्या, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरजी यादव, डीआईओ विनय सिंह मौजूद रहे।

# ओईसी को निजी हाथों में सौंपने के विरोध में छात्रों ने निकाला जुलूस

## निजी हाथों में जाने से बढ़ेगी फीस, गरीब छात्रों की शिक्षा पर पड़ेगा असर


जुलूस निकाल प्रदर्शन करते छात्र

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** निजी हाथों में ओबरा इंटर कालेज को सौंपने से गरीब विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो जाएगी।संघ सरकार ने पहले ही सोनभद्र को पिछड़े जिले में रखकर विकास को तेजी में लाने की कोशिश कर रही है। वहीं उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम ओबरा इंटर कालेज को निजी हाथों में सौंपने की कोशिश में लगा है। अभी कम फीस में पढ़ाई हो जा रही है। लेकिन जैसे निजी हाथों में इंटर कालेज को सौंप दिया जाएगा फीस में बेतहाशा वृद्धि होगी और गरीब बच्चों की पढ़ाई छूट जाएगी।

जिला मुख्यालय, चोपन, डाला, ओबरा और उसके आस-पास के क्षेत्रों में कोई राजकीय इंटर कालेज नहीं है। विद्यार्थी निजी हाथों में सौंपने का प्रबल विरोध करेंगे। उक्त बातें ओबरा इंटर कालेज बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक आनंद ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस चौक और अंबेडकर चौक पर संबोधित करते हुए कही। कहा कि विरोध के बाद भी यदि ओबरा इंटर कालेज को निजी हाथों में सौंपा जाएगा। उसी दिन धरना प्रदर्शन शुरू हो जाएगा। पहली अप्रैल से ओबरा इंटर कालेज को निजी हाथों में सौंपने की कवायद की जा रही है। इसके विरोध में ओबरा इंटर कालेज बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले शनिवार को नगर में विद्यार्थियों ने जुलूस निकाल कर किया।

जुलूस गांधी मैदान से कांवेंट तिराहा, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस चौक, डॉ.भीम राव अंबेडकर चौक, सिनेमा रोड, चूड़ी गली, पंडित सुदामा पाठक चौक, गैस गोदाम रोड, गीता मंदिर, आकाशवाणी, आर्य समाज से होते हुए गांधी मैदान में शपथ के साथ पूर्ण हुआ। जुलूस का नेतृत्व आनन्द, अजय, युवराज, अभिषेक, दुर्गेश, शमीम, आकाश, सुजीत आदि ने किया।

# मंदिर में निर्बाध बिजली आपूर्ति का एनटीपीसी ने किया विशेष प्रबंध

**शक्तिनगर।** चैत्र नवरात्र मेले के अवसर पर ज्वालामुखी मंदिर प्रांगण में एवं मेला के सार्वजनिक स्थानों पर तथा मुख्य मार्ग पर विद्युत आपूर्ति हेतु एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना द्वारा विशेष इंतजाम करते हुए एरियल बंच केबल सिस्टम एबीसी सिस्टम द्वारा विद्युत आपूर्ति किया जा रहा है। संबंधित अधिकारी ने बताया कि मंदिर पर आने वाली बिजली के पुराने खंभे एवं तार जर्जर हो गए थे, कटिया मारी भी बड़े पैमाने पर की जा रही थी, जिससे बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही थी, जिसे देखते हुए पुराने खंभों को बदलकर एबीसी सिस्टम द्वारा विद्युत सप्लाई की जा रही है। मंदिर तथा मेला प्रांगण में तीन पारियों में 5 इलेक्ट्रीशियन तैनात किए गए हैं, जिससे कहीं भी कोई भी समस्या होने पर उसका निदान किया जा सके। तीर्थ पुरोहित कार्यालय प्रमुख पंडित वेदांती प्रसाद मिश्रा ने पुजारी परिवार की तरफ से एनटीपीसी प्रबंधन को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति एवं एरियल बंच केबल सिस्टम लगाए जाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला प्रशासन के आदेश पर एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा मंदिर तथा मेला संरक्षित प्रांगण में सफाई, बिजली, पानी आदि की व्यवस्था सामाजिक नैगमिक दायित्व के तहत किया जा रहा है।


तार जोड़ता बिजलीकर्मी

## दुद्धी सहकारी संघ के चुनाव में हुआ 28 नामांकन

**दुद्धी।** दुद्धी सहकारी संघ के सदस्य समिति व व्यतिगत सदस्य के 11 पदों के लिए 28 प्रत्याशियों ने सहकारी समिति कार्यालय में अपना नामांकन किया। इस दौरान प्रत्याशियों, प्रस्तावकों व समर्थको में गहमागहमी का माहौल बना रहा। चुनाव अधिकारी अजय सिंह ने बताया कि दुद्धी सहकारी संघ के चुनाव में सदस्य समिति से 8 और व्यक्तिगत सदस्य से तीन पदों के लिए 28 नामांकन फार्म की बिक्री हुई थी। जिसमे सभी 28 प्रत्याशियों ने निर्देशन प्रपत्र दाखिल किया। जिसमें समिति से 19 और व्यक्तिगत सदस्य के रूप में 9 फार्म जमा हुए। चुनाव अधिकारी ने बताया कि 11 पदों के लिए संस्थागत से पांच सामान्य सीट के लिए, संस्थागत सीट के लिए तीन, पिछड़ा के लिए एक, एक एसटी एक व महिला सीट एक है और तीन व्यक्तिगत जिसमें दो सामान्य एक महिला सीट है। उन्होंने बताया कि 26 मार्च को फार्मों की जांच होगी, चुनाव 29 मार्च को प्रस्तावित है। इस मौके पर कस्बा प्रभारी संजय सिंह, सुरेश प्रसाद, दशरथ प्रसाद, अरुण कुमार, रणंजय कुमार, नीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मां कूष्मांडा का पूजन-अर्चन

चैत्र नवरात्र

### जय माता दी के नारे से गुंजायमान हुआ वातावरण

जनसंदेश न्यूज


डाला वैष्णो मंदिर में दर्शन के लिए क्रमबद्ध श्रद्धालु

**सोनभद्र/डाला।** जिले में वासंतिक नवरात्र के चौथे दिन शनिवार को देवी मंदिरों में मां के कूष्मांडा स्वरूप की उपासना की गयी। इस दौरान मंदिरों में भक्तों ने मत्था टेक माता को नारियल, चुनरी, फल, फूल चढ़ाकर मंगल जीवन की कामना की। वहीं जगह-जगह देवी मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।

नगर के प्राचीन मां शीतला मंदिर, सातो शीतला मंदिर, प्रकटेश्वरी भवानी मंदिर मुठेर, दक्षिणेश्वरी काली मंदिर, अमिला भवानी, कुड़ारी धाम, ज्वाला देवी, जिरही भवानी समेत तमाम देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन के लिए लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार किया। बाद भक्तों ने मां के चरणों में मत्था टेककर अपने मंगल जीवन की कामना किया। भक्तों को माता रानी के दर्शन में किसी तरह की समस्या न आने पाए, इसके लिए मंदिर कमेटी व पुलिस बल मुस्तैद रहा। मंदिरों के आस-पास बैरिकेटिंग किया गया था। डाला संवाददाता के अनुसार-वैष्णो मंदिर में माता का दर्शन पाने के लिए श्रद्धालुओं का आने का क्रम शनिवार की सुबह से जारी हो गया। नवरात्रि के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने माता के नौ रुपों में चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा करके आराधना किया। मां कुष्मांडा की आठ भुजाएं होती है। मां आठ भुजाओं में अलग-अलग वस्तु धारण किए हुए हैं। सात हाथों में कमंडल, धनुष-बाण, कमल पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र व गदा है। वहीं आठवें हाथ में सिद्धियों व निधियों को देने वाली जप माला है। नवरात्रि में पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। मंदिर में हलुए चने का प्रसाद बितरण आने वाले दर्शनार्थियों को किया गया। मंदिर में दोपहर बाद हजारों लोगों की भीड़ वैष्णो रानी के दर्शन के लिए उमड़ी रही। सुरक्षा व्यवस्था में चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता मय फोर्स तैनात रहे।

## संक्षेप

### स्कार्पियो के धक्के से बाइक सवार चार जख्मी

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र के चोरपनिया के पास शनिवार को वाराणसी शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर एक स्कार्पियो ने मोटरसाइकिल सवार को पीछे से टक्कर मार दी, टक्कर मे मां, बेटा सहित कुल चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण सभी घायलों को इलाज के लिए चोपन सामुदायिक अस्पताल ले गये। बताया गया कि एक बाइक पर सवार चार लोग कोटा ग्राम पंचायत के पंचायत भवन परासपानी में एकल विद्यालय की बैठक में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे कि चोपन थाना अन्तर्गत वाराणसी शक्तिनगर मुख्य मार्ग के चोरपनिया के पास एक स्कार्पियो ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर में 30 वर्षीय अमरेश पुत्र बाबूलाल निवासी जुडवानी, चोपन, पत्नी 27 वर्षीय कुशुमलता, बेटा 4 वर्षीय अजीत व एक महिला 32 वर्षीय सरिता पत्नी रामसिंह निवासी मालोघाट घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज कि मोटरसाइकिल सवार घसीटते हुए सौ मीटर दूर चले गए। सूचना मिलते ही घर के अन्य सदस्य जो परासपानी से लौट रहे मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद मौका पाकर स्कार्पियो सवार वहां से भाग निकला। स्कार्पियो भागने की सूचना ग्रामीण ने चोपन पुलिस व मालोघाट टोल प्लाजा को देते हुए घायलों को चोपन सामुदायिक अस्पताल ले गये। उधर मालोघाट टोल प्लाजा पर स्कार्पियो सवार की घेरेबंदी करके रोका गया तो स्कार्पियो चालक खड़ा करके मौके से भाग निकला। चोपन थाना के हल्का दारोगा त्रिभुवन राय ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### चोरपनिया गांव में मिली लावारिस स्कार्पियो

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र के चोरपनिया गांव में लावारिस स्कार्पियो मिलने से सनसनी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर स्कार्पियो को चोपन पुलिस थाने ले गई और छानबीन में जुट गई। बताया गया कि परासपानी से ढाई किलोमीटर आगे बाई तरफ वाराणसी शक्तिनगर मुख्य मार्ग से तीन सौ मीटर अंदर चोरपनिया गांव में एक स्कार्पियो चार दिन से खड़ी है। गांव के लोग प्रतिदिन सोचते थे कि कोई स्कार्पियो को लेकर जाएगा, लेकिन स्कार्पियो की कोई सुधि लेने वाला नही था। चार दिन बीतने के बाद जब स्कार्पियो की सुधि लेने कोई नही पहुंचा तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना चोपन थाने को दी। स्कार्पियो की अगले शीशे पर अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू युवा वाहिनी जिला संगठन मंत्री चंदौली लिखा हुआ है और स्कार्पियो के पिछले शीशे पर रुद्रा सिंह लिखा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और मौके पर पहुंचकर छानबीन किया तो स्कार्पियो मे तेल नही था ना ही बैट्री थी। चोपन थाने के हल्का दरोगा त्रिभुवन राय ने बताया कि लावारिस स्कार्पियो को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है और पता लगाया जा रहा है यह वाहन कैसे यहां पहुचा।

### थाना समाधान दिवस में सुनी गयी फरियाद

**चोपन।** उपजिलाधिकारी राजेश कुमार व थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत ने शनिवार को स्थानीय थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस में पीड़ितों की समस्याओं को सुना। इस दौरान 14 मामले आए, जिसमें पुलिस विभाग से सम्बंधित सात का निस्तारण किया गया। बाकी मामलों को संबंधित विभागों को भेज दिया गया। एसडीएम ने कहा कि समाधान दिवस का आयोजन आमजन की समस्याओं के तत्काल समाधान के लिए ही किया जाता है। पीड़ित लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए। कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नही होनी चाहिए। संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कृष्णऔतार सिंह, अखिलेश कश्यप समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### रेलवे पुल के नीचे मिला अज्ञात महिला का शव, सनसनी

**दुद्धी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत झारो के लोधरा रेलवे पुल के नीचे संदिग्ध अवस्था में महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। प्रधान को सूचना मिलने पर उन्होंने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। जिसपर प्रभारी निरीक्षक सुभाष राय अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के साथ घटनास्थल पहुंच मृतका की शिनाख्त में जुट गये, लेकिन समाचार दिये जाने तक महिला की पहचान नहीं हो सकी थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अग्रिम कार्यवाही की जा रही है, मौत किन परिस्थितियों में हुई यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा।

### मारकुंडी घाटी में आलू लदा ट्रक पलटा, खलासी जख्मी

**गुरमा।** चोपन थाना क्षेत्र के मारकुंडी घाटी के दूसरे मोड़ पर शनिवार को आलू लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में चालक तो बाल-बाल बच गया, जबकि खलासी बबलू पाल निवासी जनपद कौशांबी, मामूली रूप से जख्मी हो गया। जिसे एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भेजा गया। आलू लदा ट्रक इलाहाबाद से कोरबा मध्य प्रदेश जा रहा था। बता दें कि एक दिन पूर्व शुक्रवार को अंडा लदा ट्रक घाटी में पलट गया था। इस हादसे में चालक खलासी बाल बाल बच गए थे। मारकुंडी घाटी में आए दिन हो रहे हादसो से लोगों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मारकुंडी घाटी में लगातार हादसे हो रहे हैं, बावजूद प्रशासन इसका समुचित उपाय नहीं कर रहा है। जिससे आए दिन हो रही दुर्घटनाओं में लोग अपनी जान गंवा रहे हैं।

### नहीं हुई अनुष्ठानिक सरोवर की साफ सफाई

**शक्तिनगर।** शक्तिपीठ मां ज्वालामुखी मंदिर में चैत्र नवरात्र के अवसर पर मेले का आयोजन होता है। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ अन्य प्रांतों से भी तीर्थ यात्रियों का आने का क्रम लगातार जारी रहता है। धार्मिक एवं पौराणिक मान्यता वाला मां ज्वालामुखी गुफा से निकलने वाले जल को अनुष्ठानिक सरोवर में संचित किया जाता है, जिसमें तीर्थयात्री स्नान पूजन एवं पीने के लिए जल का उपयोग करते हैं। प्रतिवर्ष एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना प्रबंधन द्वारा सरोवर की साफ सफाई कराई जाती है। मेला आयोजन में साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्था हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी तथा महाप्रबंधक एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना को निर्देशित किया गया है। बावजूद इसके अनुष्ठान सरोवर की साफ-सफाई नहीं कराई गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं धार्मिक संगठनों ने सरोवर की सफाई की मांग की है, जिससे श्रद्धालुओं व तीर्थ यात्रियों को असुविधा न हो।

# हिण्डाल्को सीआईआई नेशनल एचआर एक्सिलेंस अवार्ड से सम्मानित


पुरस्कार के साथ हिण्डालको के अधिकारी

**रेणुकूट।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख एल्युमिनियम उत्पादक कम्पनी हिण्डाल्को अपने उत्पत्ति काल से ही संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को हिण्डाल्को परिवार का दर्जा देते हुए उनके हर संभव विकास के लिए अनवरत प्रयासरत है। मानव संसाधन विकास विभाग प्रत्येक कर्मचारी व उनके परिवार के सुख-दुख में भागीदारी निभाते हुए मानव संसाधन विकास का सर्वश्रेष्ठ मिसाल पेश कर रही है। जिससे हिण्डाल्को को बेस्ट प्लेस फार वर्क में सर्वोत्कृष्ट स्थान हासिल है। इसी क्रम में एक्सिलेंस इन हयूमन रिसोर्स एवं प्रेक्टिसेज के लिए कान्फेडरेशन आफ इण्डियन इण्डस्ट्रीज सी.आई.आई. ने हिण्डाल्को रेणुकूट को सी.आई.आई. नेशनल एच.आर. एक्सिलेंस अवार्ड से सम्मानित किया। बीते 24 मार्च को मुम्बई के द ललित होटल में आयोजित हुए 13वें राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में सी.आई.आई. लीडरशिप कमेटी के चेयरमैन संजय बहल एवं सीनियर डायरेक्टर इन्द्रानी कर ने हिण्डाल्को के सी.एच.आर.ओ. समिक बसू, क्लस्टर के सी.ओ.ओ. एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एन. नागेश एवं क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंह को ट्राफी एवं प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बिरला कार्बन एवं आदित्य बिड़ला समूह के एच.आर. के ग्रुप डायरेक्टर एवं केमिकल्स के डायरेक्टर संत्रुप्त मिश्रा ने एच.आर. एक्सिलेंस एण्ड मैनेजमेंट विषय पर अपने विचार रखे। हिण्डाल्को के सी.एच.आर.ओ. समिक बसू ने कल्चर एज ए ड्राइवर आफ आर्गनाइजेशन इफेक्टिवनेस विषय पर तो वही जसबीर सिंह ने क्रैकिंग द न्यू कोड आफ वर्कप्लेस लर्निंग इन द एज आफ टेक्नोलाजी एण्ड पर्सनलाईजेशन विषय पर अपने विचार रखे। ज्ञातव्य हो कि उक्त प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए टाटा स्टील, बाल्को, लार्सन एण्ड टूब्रो, किर्लोस्कर, स्टरलाइट जैसी कई कम्पनियों ने प्रतिभाग किया था। कार्यक्रम में एचआर एडवाईजर एवं मेंटर विनीत कौल, हिण्डाल्को रेणुकूट के मानव संसाधन विभाग के अधिकारी देबाशीश नायक उपस्थित रहे।

### पॉलीटेक्निक कॉलेज में टैबलेट पाकर स्मार्ट हुए 166 छात्र-छात्राएं

**चोपन।** शनिवार को राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज सिंदुरिया में प्रदेश सरकार की योजना के तहत अन्तिम वर्ष के 166 छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किया गया। टेबलेट प्राप्त करने वाले छात्र उत्साहित दिखे। पढ़ाई के लिए टेबलेट की उपयोगिता के दृष्टिगत सरकार का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि प्रधान राम नगीना एवं कृपा शंकर पाण्डेय द्वारा छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रदान करने के तरीके अब समय के साथ आधुनिक होते जा रहे है। शिक्षा के साथ विभिन्न क्षेत्रों का तेजी से आधुनिकीकरण हो रहा है। कुछ छात्र ऐसे भी हैं जो अपनी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण टैबलेट व स्मार्टफोन खरीदने में सक्षम नहीं है। ऐसे सभी छात्रों के लिए प्रदेश सरकार ने इस योजना का शुभारंभ किया है। प्रधानाचार्य अजय कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि आज के इस तकनीकी युग में प्रदेश में वितरित किए जा रहे स्मार्टफोन और टेबलेट से युवा अपनी पढ़ाई और रोजगार को आगे बढ़ाने में सफल होंगे। आज के युग में स्मार्टफोन और टेबलेट हर व्यक्ति के लिए लाभकारी है। इस मौके पर प्रवेश यादव, आशीष कुमार शर्मा, प्रेम कान्त, सौरभ, नम्रता पाण्डेय, मुरली धर तिवारी, रमाशंकर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# किसानों को मुआवजे के लिए रालोद कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन


कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते रालोद कार्यकर्ता

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर कार्यकर्ता प्रदेश में प्रदर्शन कर रहे हैं। इस क्रम में राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने रालोद जिलाध्यक्ष रामसेवक पटेल के नेतृत्व में शनिवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सीएम को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन प्रतिनिधि को सौंप फसलों के नुकसान की जांच कराकर किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग किया।

वक्ताओं ने कहा कि पिछले दिनों प्रदेश में हुए बारिश तथा ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी है, जिससे किसानों में भारी निराशा और असंतोष है।

कहा कि किसानों के सभी प्रकार के कर्ज तथा बिजली बिल को माफ किया जाय, आकाशीय बिजली से मरने वाले लोगों के आश्रितों को मुआवजा दिलाया जाय।

इस मौके पर अभय पटेल, पवन शुक्ला, चन्द्रभान सिंह, उदय प्रकाश, रामलाल, राजेश कुमार, नगीना सिंह, आकाश यादव, योगेश मौर्य, अमरेश पटेल, मनीष पटेल, फेंकई सिंह, सतीश कुमार, कमलेश सिंह, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# हाईमास्क लाइट का सदर विधायक ने किया लोकार्पण

**डाला।** नगर पंचायत डाला बाजार का हर गली मोहल्ला रोशनी से जगमग हो, इसके लिए शनिवार को सदर विधायक भूपेश चौबे ने 59 लाख रुपये की लागत से आठ हाई मास्ट लाइटों का नारियल फोड़ करके लोकार्पण किया।


नारियल तोड़कर हाईमास्क लाइट का लोकार्पण करते सदर विधायक

नवरात्रि व रमजान में नगर पंचायत के लोगों को पैदल आने जाने में सुगमता हो, जिसको लेकर नगर पंचायत डाला मस्जिद, पटेहरा टोला, रामलीला मैदान, मलिन बस्ती, सेक्टर सी मोड़, डाला चढ़ाई, धौठा टोला, रेक्सहवां समेत आठ जगहों पर हाई मास्ट लाइट राज्य वित्त योग से लगाये गये हैं। सदर विधायक ने बताया कि लाइट के जलने से आने जाने वाले महिला पुरुष समेत बृद्ध जनों को राहत मिलेगी। उन्होंने शेष जगहों पर जल्द ही हाई मास्ट लाइट लगाने के लिए ईओ को निर्देशित किया। ईओ देवहुति पाण्डेय ने बताया कि हाई मास्ट लाइट आटोमैटिक है जो सूर्य की रोशनी पड़ते ही बुझ जाएगी और अंधेरा होते ही स्वतः जल जाएगी।

इस मौके पर दीपक दूबे, धीरेन्द्र प्रताप सिंह सोनू, गौरव शुक्ला, महेश सोनी, संदीप सिंह मोनू, रमाशंकर पासवान, विशाल गुप्ता, विकास मिश्रा, संजय जायसवाल, लक्ष्मण कुशवाहा, मदन अग्रहरी, आशीष अग्रहरी, गोविंद गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता से खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मिलता है अवसर : हरदीप सिंह पुरी

## पीएसपीबी तीरंदाजी प्रतियोगिता का हुआ समापन, विजेता खिलाड़ियों को केन्द्रीय मंत्री ने किया सम्मानित

जनसंदेश न्यूज


खिलाड़ी को पुरस्कृत करते केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी

**सोनभद्र।** विशिष्ट स्टेडियम तियरा में आयोजित पीएसपीबी तीरंदाजी चार दिवसीय प्रतियोगिता का शनिवार को समापन किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने तियरा स्टेडियम में पहुंच कर सर्वप्रथम वृक्षारोपण किया। इसके पश्चात मंत्री ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विजेता खिलाड़ियो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए बहुत हर्ष की बात है कि जिस जनपद को मैने गोद लिया है उस जनपद में जिला तीरंदाजी संघ द्वारा दूसरी बार पीएसपीबी तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन से केवल जनपद को ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण प्रदेश के लोगों को तीरंदाजी प्रतियोगिता के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी जनपद का नाम प्रदेश में ही नही बल्कि देश व अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करके राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। मैं चाहता हूँ कि जनपद में स्पोर्ट्स इन्स्टीयूट की स्थापना हेतु शीघ्र प्रयास किया जाये और जल्द ही इस स्टेडियम में कोच की नियुक्ति की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये, जिससे की खिलाड़ियों को बेहतर तरीके का प्रशिक्षण प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के अति पिछड़े जो जनपद चिन्हित हैं, उनमें विकास के मामले में जनपद की रैंकिंग तिसरी है, यह हर्ष का विषय है। इस दौरान उन्होंने तीरंदाजी करते हुए तीर भी चलाये और निशाना साधा।

राज्य सभा सांसद राम सकल, सदर विधायक भूपेश चौबे ने भी तीर चलाकर निशाना साधा। इस मौके पर विधायक दुद्धी रामदुलार गौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, सीडीओ सौरभ गंगवार, शेषनाथ चौहान, आरएस मौर्य, विशाल सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला शिक्षा को बढ़ावा दे रहा एसआरवीएस : सरिता सिंह


एसआरवीएस के कार्यक्रम में प्रस्तुति करती छात्राएं।

**चंदौली।** एसआरबीएस की ओर से शुक्रवार की रात जिला पंचायत काम्प्लेक्स परिसर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर लोगों को विद्यालय के प्रति आकर्षित करने का प्रयास किया। इसका शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। जहां पर बच्चे होने विविध कार्यक्रम प्रस्तुति की गई, वहीं प्रोजेक्टर के जरिए स्कूल की ओर से बालिकाओं व युवतियों शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया गया।

इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता सिंह ने कहा कि जनपद के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए एसआरबीएस विद्यालय की स्थापना की गई है। यही नहीं विद्यालय में महिला महाविद्यालयों की भी व्यवस्था है ताकि वे स्वच्छ व सुरक्षित माहौल में स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर सकें। वार्षिक परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से प्रोत्साहन पुरस्कार धनराशि भी प्रदान की जाती है। प्रधानाचार्य संध्या सिंह ने कहा कि चंदौली धान के कटोरे के रूप में जाना जाता है, लेकिन अब यहां के बेटियां उच्च शिक्षा हासिल करके देश के विकास में अपना योगदान दे रही है। इस कड़ी में एसआरवीएस अपनी महति भूमिका निभा रहा है, जिससे स्कूल के प्रति अभिभावकों का विश्वास मजबूत हुआ है।

कहा कि विद्यालय में बच्चों को विकसित करने के लिए शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों का भी सहयोग जरूरी है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस दौरान जन्मेजय सिंह ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का बेहतर माहौल तैयार करने की दिशा में काम कर रहा है। अच्छी शिक्षा के साथ-साथ स्कॉलरशिप की भी व्यवस्था की गई है, ताकि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चे आगे बढ़ सके। इस दौरान हरिश्चंद्र अग्रहरि, आनंद सिंह, हरेंद्र सिंह, उज्जवल नारायण सिंह, नितेश सिंह, संजय कुमार, सत्य पति उपस्थित रहे।

# कानून व्यवस्था हुई बेहतर पटरी पर लौटी अर्थव्यवस्था

**बोले संजीव गोंड**

**डबल इंजन कि सरकार की उपलब्धियों को गिनाया**

**चंदौली।** समाज कल्याण राज्यमंत्री और प्रभारी मंत्री संजीव गोंड ने योगी सरकार-2 के एक साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में शरीक हुए। इस दौरान जिले के जनप्रतिनिधियों व आलाधिकारियों संग सीएम योगी का उद्बोधन सुना। साथ ही प्रेस वार्ता के दौरान डबल इंजन कि सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने प्रशासनिक कौशल व दूरदर्शिता से प्रदेश में न केवल कानून का राज स्थापित किया, बल्कि जर्जर अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाकर समावेशी विकास की रूपरेखा खिंची। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के माध्यम 25 हजार निवेशकों ने प्रतिभाग किया। इस समिट के दौरान 35 लाख करोड़ निवेश हुआ। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने पर समाज कल्याण राज्य मंत्री ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा की यह कानून व्यवस्था का मामला है।

न्यायालय का फैसला सर्वमान्य है। इसमें पार्टी या किसी व्यक्ति की कोई राजनीतिक मंशा नहीं है। शिवपाल यादव की तरफ से योगी सरकार के 6 सालों में किसानों की दुर्दशा के सवाल पर पलटवार करते हुए कहा कि 2017 से पहले सपा की सरकार थी। उन्होंने किसानों के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन योगी सरकार किसानों की आय दोगुना करने में जुटी है। सरकार ने कानून व्यवस्था व विकास के मामले में काम किया। जिसके चलते जनता ने बीजेपी सरकार को सत्ता में वापसी कराई।

सरकार द्वारा सुंदर कांड पाठ किए जाने पर स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा सवाल उठाए जाने पर कहा कि रामचरित मानस एक धार्मिक ग्रंथ है। इसे सबको पढ़ना चाहिए। हम लोग हिन्दू धर्म को मानते है। हमारा मानना है कि हिंदुस्तान में रहने वाले सभी हिंदुओं को इसे मानना चाहिए।

# जिला योजना की बैठक में 265.84 करोड़ का परिव्यय अनुमोदित


कलेक्ट्रेट में जिला योजना की बैठक में उपस्थित प्रभारी मंत्री व विधायकगण।

**चंदौली।** वित्तीय वर्ष 2022-23 की जिला योजना संरचना की बैठक राज्य मंत्री, समाज कल्याण व जनपद के प्रभारी मंत्री संजीव कुमार गोंड की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिला योजना की बैठक में जनपद हेतु कुल 265.84 करोड़ धनराशि की प्रस्तावित परिव्यय का अनुमोदन किया गया। जिसके अंतर्गत 63.14 करोड़ की धनराशि अनुसूचित जाति के कल्याण कार्यों हेतु अनुमोदित किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं सदस्यों द्वारा उठाई गई क्षेत्रीय समस्याओं व दिए गए सुझावों पर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही हेतु प्रभारी मंत्री द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से किया जाए। जहां कहीं भी कमियां हैं अधिकारी उन्हें तत्काल ठीक कराएं। कहा कि कार्यो में हीला-हवाली क्षम्य नहीं की जाएगी। डीएम निखिल टी फुंडे ने कहा कि बैठक के दौरान समिति के सदस्यों द्वारा जो भी सुझाव दिए गए हैं संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उनका समय से अनुपालन से सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक के दौरान विधायक कैलाश खरवार, विधायक रमेश जायसवाल, विधायक प्रभु नारायण, जिपं अध्यक्ष दीनानाथ शर्मा, अभिमन्यु सिंह, पूर्व जिपं अध्यक्ष छत्रबली सिंह उपस्थित रहे।

# अंजनी सिंह ने उठाया जिले के स्वास्थ्य, शिक्षा व सिंचाई का मुद्दा

**जनसंदेश न्यूज**


कलेक्ट्रेट में प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपते जिला पंचायत सदस्य अंजनी सिंह।

**चंदौली।** धानापुर की जिला पंचायत सदस्य अंजनी सिंह ने जिला योजना की बैठक में शामिल होने आए प्रभारी मंत्री संजीव गोंड को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अंजनी सिंह ने जिले के स्वास्थ्य, शिक्षा, गंगा कटान व सिंचाई संबंधित समस्याओं को मजबूती के साथ रखा। कहा कि भाजपा सरकार सूबे में अपना एक साल का कार्य का पूरा कर चुकी है और दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरे हो गए। बावजूद इसके सरकार जनहित से जुड़े इन मुद्दों को लगातार नजरअंदाज करती चली आ रही है। जो जिले की उपेक्षा और दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि जनपद चंदौली के किसी भी सरकरी अस्पताल में एमआरआई की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में एमआरआई के लिए गैर जनपद जाना पड़ता है। इसके अलावा सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की अनुपस्थिति व दवाओं की उपलब्धता ना होने से मरीजों को परेशानी होती है। प्रकरण की जांच कर दोषियों के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

कहा कि जिले में गरीब छात्र-छात्राओं के लिए इंटर के बाद बीकाम, एमकाम, बीएससी एग्रीकल्चर और एमएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा अंजनी सिंह ने गंगा कटान का मुद्दा भी उठाया। कहा कि जनपद में गंगा कटान से कृषि योग्य क्षेत्रफल लगातार घट रहा है। कटान के कोप भाजन से तटवर्ती किसान भूमिहीन होते जा रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए समस्या का निदान किया जाए।

बताया कि जनपद के चन्द्रप्रभा व मूसाखाड से निकली मुख्य नहरों व उनके लिंक नहरों में सर्वे कराते हुए किसानों को सिंचाई के लिए समुचित पानी की व्यवस्था की जाए। साथ ही जगह-जगह ठोकर, छलका व ओपेन वाटरफाल का निर्माण कराया जाए। कहा कि जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के सम्मान में मूर्ति स्थापना हेतु अलग से फण्ड से उपलब्ध कराया जाए। युवाओं को खेलने-कूदने के लिए मैदान व संसाधन की व्यवस्था की जाए।

# उद्यम स्थापना व उसके जुड़े जोखिम की जानकारी

**प्रशिक्षण**

## विभाग द्वारा मानदेय तथा टूल किट कराया गया वितरित

**जनसंदेश न्यूज**


आईटीआई रेवसा में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान करते अतिथिगण।

**चंदौली।** जनपद चंदौली का विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न ट्रेड के भिन्न-भिन्न आए हुए यूपीआईडी के डिजाइनर तथा मास्टर ट्रेनर्स अमित कुमार, शत्रुघ्न शर्मा, गजेंद्र सिंह, सोनू मौर्या, अनुराग द्वारा ट्रेड दर्जी, हलवाई, नाई, लोहार, बढ़ाई, कुम्हार, राजमिस्त्री का प्रशिक्षण दिया गया। स्वरोजगार व उद्यमिता विकास के संजय रस्तोगी द्वारा उद्यम स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई।

उद्यम लगाने के लिए जोखिम तथा आवश्यक जानकारियों व वित्तीय लेखन से संबंधित जानकारियां प्रदान की शंभू सिंह, वरिष्ठ सहायक, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, चंदौली द्वारा प्रशिक्षित विभिन्न ट्रेड के विश्वकर्मा श्रम सम्मान के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र के साथ-साथ विभाग द्वारा संचालित की जा रही। अंत में विभाग द्वारा मानदेय तथा टूल किट वितरण विभाग द्वारा कराया जाएगा, जो शासन द्वारा उपलब्ध होने के पश्चात वितरित किया जाएगा। प्रशिक्षण में प्रतिदिन शत-प्रतिशत उपस्थिति तथा उत्सुकता को देखते हुए हर्ष व्यक्त किया। प्रदेश सरकार की योजनाओं का सभी कारीगरों को विभाग द्वारा लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आनंद कुमार श्रीवास्तव, आईटीआई वाइस प्रिंसिपल द्वारा आईटीआई द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न रोजगार परक शिक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में रामचंद्र, अनीता शर्मा, अवधेश कुमार, श्रीकांत, सुनील कुमार, राहुल तिवारी, रोहन तिवारी, सतीश कुमार, सोनी, श्रीप्रकाश, विनोद कुमार, केशव कुमार, रिंकी देवी, गुलाब विश्वकर्मा, राजकुमार प्रजापति, उपस्थित रहे।

# जमीन संबंधित विवाद में सावधानी बरतें राजस्वकर्मी

**सकलडीहा।** कोतवाली परिसर में तहसीलदार विकास दुबे की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 5 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्रार्थना पत्रों के निस्तारण को लेकर तहसीलदार विकास दुबे ने मौजूद कर्मचारियों से कहा कि जमीनी संबंधित विवाद को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण किया जाए। ग्रामीणों द्वारा मिली शिकायत पर तहसीलदार ने कहा कि राजस्व कर्मी जमीनी संबंधित सीमांकन या अन्य कार्यवाही में सावधानी बरतें, जिससे कि विवाद का समुचित निस्तारण हो सके। जमीन संबंधित विवाद को लेकर पड़े प्रार्थना पत्र पर तुरंत संबंधित राजस्व कर्मी को निर्देशित किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार प्रभुनाथ यादव, प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार मौर्य, कानूनगो गयासुद्दीन, शशिकांत द्विवेदी, कस्बा प्रभारी राजकुमार, दरोगा मोहन प्रसाद, राजस्व कर्मी प्रदीप सिंह, संजीव सिंह, विकास गुप्ता, संजय पचौरी, पूजा वर्मा, पूजा राय, पूजा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में बच्चों की सेहत को चिकित्सकों ने परखा

**जनसंदेश न्यूज**


स्वास्थ्य शिविर में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

**बबुरी।** बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनके तथा उनके परिवार के स्वास्थ्य का समय-समय पर अच्छे चिकित्सकों से परीक्षण होता रहे इसके लिए विद्यालय परिसर में दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। स्वास्थ्य शिविर में बच्चों के निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही क्षेत्रीय लोग आकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए निशुल्क दवाइयां प्राप्त कर सकते हैं।

उक्त बातें शनिवार को क्षेत्र के मवैया गांव स्थित राइजिंग सन वर्ल्ड स्कूल में स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन समारोह में स्कूल की चेयरमैन परवीन रुस्तम ने कहीं। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर शाहिद अली वाइस चेयरमैन शाह आलम और स्कूल के डायरेक्टर परवीन रुस्तम ने दीप प्रज्वलित करके किया।

इस मौके पर स्कूल की डायरेक्टर परवीन रुस्तम ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कितने ही लोग उपचार के लिए अस्पतालों तक जाने में असमर्थ होते हैं इसलिए विद्यालय परिवार ने अपने परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया है, ताकि ऐसे लोग जो पैसे के अभाव में उपचार से वंचित रह जाते हैं उन्हें अच्छे चिकित्सक से उपचार मिल सके।

बता दें कि दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में पहले दिन दर्जनों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए दवाइयां प्राप्त की। इस मौके पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सबीना, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मिथिलेश, डॉ. धीरेंद्र, डॉ. प्रणव सत्यराज पटेल आदि मौजूद रहे।

## गली मरम्मत व गंदे पानी की निकासी की समस्या से कराया अवगत

**चंदौली।** जनपद मुख्यालय पर कचहरी के ठीक सामने केनरा बैंक के बगल की गली क्षतिग्रस्त होने पर नगर निवासी राजन सिंह ने शनिवार को सांसद प्रतिनिधि हरवंश उपाध्याय को अवगत कराया। इस दौरान राजन सिंह ने कहा कि रेलवे लाइन की तरफ उत्तर में जाती है। इस गली की यह दुर्दशा विगत 10 वर्षों के ऊपर से बनी है, लेकिन विडंबना यह है कि गली के वासियों को कोई सुविधा नपं की तरफ से नहीं मिलती है। इस गली के पानी की निकासी की प्रथम समस्या है। साफ सफाई कभी-कभी हो जाती है और कूड़े का अंबार इतना भरा हुआ है। कई बार शिकायत करने के बाद भी आज तक इसका निवारण नहीं किया गया। नपं कहता है कि मेरे पास बजट नहीं है। नाली की पटिया टूटने की वजह से कई बार संभ्रांत व्यक्ति इस नाली में गिर कर के चोटिल भी हो चुके हैं। फिर भी कुछ नहीं हो पा रहा है। इसलिए मजबूर होकर के हमें मजबूर होकर केंद्रीय मंत्री से इसके प्रति कहां हूं। आग्रह किया कि इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जाए, ताकि नगरवासी अपना जीवन सही ढंग से कर सकें। से गंभीरता से लेते हुए सांसद प्रतिनिधि हरवंश उपाध्याय ने नपं व जिला प्रशासन को तत्काल इसे ठीक कराने की मांग की।

# पौधरोपण को लेकर चिह्नित स्थानों पर प्रारंभ करें कार्य : डीएम



पौधरोपण को लेकर कलेक्ट्रेट में अफसरों संग बैठक करते डीएम।

**जनसंदेश न्यूज**

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक मे जिलाधिकारी ने ऊर्जा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, कृषि विभाग एवं अन्य द्वारा बैठक में अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण के साथ वेतन रोकने के निर्देश दिए।

इस मौके डीएम ने कहा कि वर्ष-2023 में वन विभाग के साथ अन्य विभाग द्वारा कराए जाने वाले वृक्षारोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष चयनित स्थल पर अग्रिम मृदा कार्य की तैयारियां सुनिश्चित किया जाए। कहा कि समस्त संबंधित विभाग बैठक से पूर्व सभी एजेंडा बिंदुओं पर रिपोर्ट व पूरी तैयारियां सुनिश्चित करते हुए बैठक में प्रतिभाग सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने वृक्षारोपण अभियान के संबंध में की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराए जाने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए। बताया कि वन विभाग 3660900, पर्यावरण विभाग 351582, ग्राम्य विकास 1313480 राजस्व विभाग 149520 पंचायती राज विभाग 149520 आवास विकास 6020 औद्योगिक विकास विभाग 4200 नगर विकास विभाग 19740 लोक निर्माण विभाग 10640 सिंचाई विभाग 10640 रेशम विभाग 27590 कृषि विभाग 251660 उच्च शिक्षा विभाग 20300 स्वास्थ्य विभाग 11200 रेलवे विभाग 22540 उद्यान विभाग 165696 पुलिस विभाग 7000 एवं अन्य विभागों की कुल वर्ष 2023 हेतु 6229388 लक्ष्य आवंटित किया गया है।

जिन विभागों को जितनी लक्ष्य आवंटित है उस पर बेहतर क्रियान्वयन करते हुए पौधरोपण हेतु गड्ढा की खुदाई सहित अन्य कार्यों को सक्रियता के साथ सुनिश्चित किया जाए।

## प्लास्टिक के प्रयोग व निर्माण पर लगाएं पूर्ण प्रतिबंधः डीएम

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति की बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि नगरों में प्रतिदिन बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग व मैन्युफैक्चरिंग पर पूर्णतः रोक लगाने हेतु अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए। बायोमेडिकल अपशिष्ट के निस्तारण हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राइवेट अस्पतालों में अपशिष्ट कचरे का समुचित निस्तारण हेतु निर्देशित किया जाए। कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने हेतु जन जागरूकता भी चलाई जाय लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। प्राइवेट हॉस्पिटल व अस्पताल में निष्प्रयोज कूड़ा का डिस्पोजल चिन्हित जगहों पर ही सुनिश्चित किया जाए। लापरवाह लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी अमल लाई जाए। इसके साथ ही डीएम ने जिला गंगा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में नदी के संरक्षण हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नदी में बनने वाले ठोस अपशिष्ट को रोकने हेतु संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निर्देशित करते हुए कहा कि घाटों की नियमित सफाई सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों को निर्देशित किया कि नदी के किनारे एवं घाटों पर बेहतर साफ-सफाई हो तथा नदियों में कचरा आदि न डाला जाए इस पर सभी संबंधित विभाग अपनी कार्य योजना अगली बैठक में प्रस्तुत करें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# संक्षेप

## अभिभावकों संग बच्चों को प्रोत्साहित करें शिक्षक : रमेश



**चंदौली।** बेसिक शिक्षा विभाग व बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा हमारा आगंन हमारे बच्चे जनपद स्तरीय उत्सव का आयोजन शनिवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय सदर परिसर में हुआ। इसका शुभारंभ मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें प्राथमिक स्तर तथा बुनियादी शिक्षा के लिए अभिभावकों को जागरूक किया गया। इस दौरान विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि बच्चे ही हमारे देश का भविष्य है। आने वाले समय में बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए अभिभावकों के साथ ही शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, प्रबंध समिति आदि की जिम्मेदारी भी जरूरी है। कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षकों की है। उतनी ही नामांकन व नियमित उपस्थिति का ध्यान रखने की जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है। बीएसए सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से डीबीटी, निपुण लक्ष्य, प्रेरणा, शारदा, दीक्षा ऐप सहित मिशन शक्ति व मिशन कायाकल्प आदि कार्य कराए जा रहे हैं। वही एसआरजी सुभाष यादव ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों व प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के अन्तर्गत कई प्रकार की सुविधाएं दी जा रही है। इसके अलावा बाल वाटिका, स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए संदर्शिका, निपुण तालिका आदि को भी विद्यालयों में उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर पवन कुमार, बीईओ सुरेंद्र बहादुर सिंह, मनोज यादव, रामटहल, एसआरजी सुभाष यादव, जयप्रकाश, अनिता, दशरथ, वंदना आदि मौजूद रहे।

## बाइक के धक्के से साइकिल सवार युवक घायल

**बबुरी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हटिया गांव के पास बाइक और साइकिल की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में साइकिल से घर लौट रहा युवक बुरी तरह घायल हो गया, वहीं बाइक सवार व्यक्ति भी आंशिक रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में आसपास के ग्रामीणों ने दोनों घायलों को सरकारी एंबुलेंस की सहायता से इलाज के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के नवगरहा गांव निवासी मुमताज अली बबुरी कस्बे में सैलून चलाता है। शुक्रवार की देर रात मुमताज अपनी दुकान बंद करके घर को साइकिल से लौट रहा था। वह हटिया गांव के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में मुमताज अली के पैर में जहां बेहद गंभीर चोटे आई वही बाइक सवार युवक भी गिरकर घायल हो गया। घटना होते देख आसपास के ग्रामीण तथा राहगीरों ने 108 नंबर पर फोन कर सरकारी एंबुलेंस की सहायता से घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय चंदौली को भेज दिया।

## 10 मवेशियों संग दो पशु तस्कर गिरफ्तार

**नौगढ़।** थाना पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर 10 मवेशियों को बरामद कर 2 पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। जबकि 1 पशु तस्कर जंगल के रास्ते भागने मे सफल हो गया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अतुल प्रजापति ने बताया कि थाना क्षेत्र के डिलबगरा पहाड़ी पर दबिश देकर के पुलिस ने पैदल के रास्ते बिहार ले जाए जा रहे 10 राशि गोवंश बरामद कर के 2 पशु तस्करों रामभवन राजभर व इलियास को गिरफ्तार किया है। एक पशु तस्कर जंगल के रास्ते भाग गया। गिरफ्तार पशु तस्करों के विरूद्ध गोवध अधिनियम व पशु क्रुरता अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अतुल प्रजापति उपनिरीक्षक लल्लन राम बिंद, छोटेलाल सरोज, रबिन्द्रनाथ, रोहित श्याम शक्ति व भूपेंद्र प्रताप शामिल रहे।

## किसानों को फसलों के नुकसान का मुआवजा दे सरकार : समरनाथ



**चंदौली।** राष्ट्रीय लोक दल के काशी प्रांत अध्यक्ष समरनाथ सिंह यादव के नेतृत्व में शनिवार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया। इस दौरान लोक दल कार्यकताओं ने मांग किया कि बेमौसम ओलावृष्टि से किसानों की फसल चौपट हुई है। इसके अलावा आकाशीय बिजली गिरने से अकाल मृत्यु के शिकार हुए लोगों के परिजनों को 20-20 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान किया जाए तथा परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जाए। कहा कि फसलों रवि, दलहन, सरसों आदि के नुकसान पर सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाए। आम की फसल को भारी नुकसान हुआ है। काशी प्रांत के अध्यक्ष समरनाथ सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में प्रीमियम जमा करना तो बेहद आसान है लेकिन बीमा दावा क्लेम मिलना बहुत कठिन है। क्लेम करने वाले किसानों का पैसा आज तक नहीं मिला, जिससे वह चक्कर पर चक्कर लगा रहे हैं। जिलाध्यक्ष शिव कुमार पटेल ने कहा कि फसल बीमा व अन्य विशेष योजना का लाभ किसानों को तत्काल दिया जाए। नगर अध्यक्ष भागवत नारायण चौरसिया ने कहा कि खाद, कीटनाशक, दवा, बीज आदि का दाम इतना ज्यादा बढ़ गया है कि खेती करना किसानों के लिए मुश्किल हो गया है। ऊपर से किसानों को इतना कम मुआवजा तय किया जा रहा है की उनका कोई लाभ नहीं मिल रहा है। सर्वे में भी अधिकतर किसानों को छोड़ दिया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में समरनाथ सिंह यादव, शिव कुमार पटे,ल भागवत नारायण चौरसिया, नखडू यादव, मुन्ना यादव, कैलाश विश्वकर्मा आदि लोग थे।

## स्वच्छ गंगा मिशनः बलुआ में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**चहनियां।** मुख्य विकास अधिकारी सुरेंद्रनाथ श्रीवास्तव जिला गंगा समिति (नोडल) के नेतृत्व एवं प्रभागीय वनाधिकारी सदस्य सचिव जिला गंगा समिति के देखरेख में गंगा घाट पर गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां काली म्यूजिकल ग्रुप चंदौली के द्वारा गणेश वंदना से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में लोगों ने गंगा स्वच्छता की शपथ ली। कार्यक्रम में गायक कलाकारों द्वारा रामधन प्रसाद, ज्ञानेद्र तिवारी, आशु सिंह, घुरन और तबला वादक अजय कुमार, आर्गन पर विसर्जन, पैड वादन पर प्रदीप कुमार के द्वारा संगीत कार्यक्रम किया गया। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से गंगा स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित कर बताया। इस कार्यक्रम का आयोजन आम जनमानस में मां गंगा के प्रति स्वच्छता और अविरलता के जागरूकता के लिए चलाया जा रहा है। मां गंगा हमारे लिए जीवन दायिनी और मोक्षदायिनी है। इसलिए हम सभी को एकजुट होकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर सहभागिता सुनिश्चित करें। मौके पर प्रधानपति सतीश गुप्ता, क्षेत्राधिकारी नित्यानंद, वन दरोगा राजकुमार, वन रक्षक जितेंद्र कुमार, अभिषेक, सियाराम, प्यारेलाल, पिंटू, राजेश साहनी, सुल्तान,रिजवान करन आदि लोग उपस्थित रहे।

## निधन पर शोक सभा

**डीडीयू नगर।** भारतवर्षीय गोंड आदिवासी महासभा समिति की बैठक केंद्र कार्यालय परशुरामपुर मुगलसराय पर संपन्न हुई, जिसमें सभा के सहयोगी और अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ के संस्थापक सदस्य सकल नारायण गोंड 86 वर्ष जिनका दिल्ली में निधन हो गया। दनके निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा मेंकृष्ण गोंड, प्यारे लाल, सुरेश प्रसाद, उमेशचंद्र, रमाशंकर, पंकज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रविशंकर व संचालन संतोष कुमार जिला मंत्री ने किया।

## होली मिलन समारोह में व्यापारियों ने उड़ाए अबीर-गुलाल



**चंदौली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल जनपद की ओर से शुक्रवार की रात व्यापारी गोष्ठी एवं होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसमें व्यापारियों ने एक दूसरे को भी गुलाल लगाकर बधाई दी। इसका शुभारंभ कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, विधायक रमेश जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद बनवारीलाल कंछल ने कहा कि व्यापार मंडल की सदस्यता सभी व्यापारियों को लेनी चाहिए, जिससे व्यापारी और व्यापार मंडल दोनों मजबूत होता है। व्यापारी समाज दिन रात मेहनत करके देश और प्रदेश के खजाने को भरने कार्य करता है। विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि मैं भी एक व्यापारी हूँ और व्यापारियों की सुरक्षा के लिये सदैव तत्पर रहता हूँ। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है किसी व्यापारी को किसी से डरने की जरूरत नहीं है। लक्ष्मीकांत अग्रहरी ने व्यापारियों को एकजुट होने का आह्वान किया। इस दौरान देव भट्टाचार्य, सतीश जिंदल, पूर्व चेयरमैन राजकुमार जायसवाल, देश दीप मित्तल, अशोक गुप्ता, विजय कपूर, अमित सिंह, राकेश मोदनवाल, मंसूर आलम सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स

### भविष्य में मणिपुर को राष्ट्रीय टीम के और मैच मिलेंगे, पूर्व भारतीय स्टार रेनेडी सिंह को उम्मीद

**इम्फाल।** पूर्व भारतीय स्टार रेनेडी सिंह उम्मीद कर रहे हैं कि फुटबॉल के प्रति जुनूनी उनके घरेलू राज्य मणिपुर को निकट भविष्य में राष्ट्रीय टीम के और अधिक मैचों की मेजबानी का मौका मिलेगा। मणिपुर से काफी लंबे समय से राष्ट्रीय टीम को फुटबॉलर मिल रहे हैं और वह अपने पहले अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट की मेजबानी कर रहा है और तीन देशों के इस टूनार्मेंट में भारत के अलावा म्यामां और किर्गिस्तान की टीम खेल रही हैं। पूर्व मिडफील्डर रेनेडी 1998 से 2011 के बीच भारतीय टीम के लिये 66 मैचों में खेले थे। उन्होंने कहा, मैं 12 साल तक राष्ट्रीय टीम का हिस्सा रहा लेकिन कभी भी मुझे यहां एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा, मणिपुर में तीन देशों के टूनार्मेंट में भारत के पहले मैच के लिए मुझे लगता है कि 25 से 30 हजार दर्शक पहुंचे थे। मैं मणिपुर के मौजूदा खिलाड़ियों के लिए वास्तव में बहुत खुश हूं।



# मैरीकॉम को हराने वाली नीतू ने विश्व चैंपियनशिप में किया कमाल, पहली बार स्वर्ण पदक जीतीं

## नीतू ने मंगोलिया की लुत्साइखान को मात दी, भारतीय मुक्केबाज ने 5-0 से मुकाबले को अपने नाम कर लिया

**नई दिल्ली।** हरियाणा की युवा बॉक्सर नीतू घणघस ने महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया। उन्होंने शनिवार (25 मार्च) को 45-48 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। वह पहली बार विश्व चैंपियन बनी हैं। नीतू ने मंगोलिया की लुत्साइखान को मात दी। जजों ने सर्वसम्मति से नीतू के पक्ष में फैसला सुनाया। भारतीय मुक्केबाज ने 5-0 से मुकाबले को अपने नाम कर लिया। यह मुकाबला काफी रोमांचक था और दर्शकों के लिए आखिरी तक विजेता का अंदाजा लगामा मुश्किल था। मैच के नतीजे का एलान होने से पहले तक दोनों खिलाड़ी जीत का जश्न मनाने के लिए तैयार दिख रही थीं, लेकिन अंत में भारतीय पहलवान ने जीत हासिल की और मंगोलिया की पहलवान को निराशा हाथ लगी।





मैरीकॉम को हराकर चमकीं

नीतू दुनिया की महान मुक्केबाज मैरीकॉम को हराकर चमकीं। मिनी क्यूबा के नाम से जाने जानेवाली नीतू के मुक्कों से अनुभवी भारतीय मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम लड़खड़ा गई थीं। रिंग में मैच के दौरान मैरीकॉम को घुटने में चोट लगने के बाद राष्ट्रमंडल खेलों के 48 किग्रा के ट्रायल के बीच में ही हटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। 6 बार की विश्व चैंपियन मैरीकॉम को सेमीफाइनल के पहले राउंड में ही नीतू ने धूल चटा दी थी।

नीतू ने 2017 में यूथ विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। यह टूनार्मेंट गुवाहाटी में खेला गया था। इसके बाद 2018 में यूथ एशियन चैंपियनशिप में भी वह स्वर्ण पदक जीती थी। उन्होंने 2018 में फिर से यूथ विश्व चैंपियनशिप में कमाल किया था और चैंपियन बनी थीं। इसके अलावा 2022 में सोफिया बुल्गारिया में हुए स्ट्रेंडजा कप में स्वर्ण और 2023 में नई दिल्ली में हुई महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

## बॉलीवुड न्यूज

### विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा निर्देशित 'जुबली' का ट्रेलर लॉन्च





**मुंबई।** भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने आज विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा निर्देशित अपनी आगामी काल्पनिक ड्रामा, अमेजन ओरिजिनल सीरीज, जुबली का ट्रेलर लॉन्च किया, जिसे मोटवानी के साथ मिलकर सौमिक सेन ने बनाया है। यह सीरीज रिलायंस एंटरटेनमेंट और फैंटम स्टूडियो के सहयोग से आंदोलन फिल्म्स द्वारा निर्मित है और इसमें अतुल सभरवाल द्वारा पटकथा, संवाद और अमित त्रिवेदी द्वारा संगीतबद्ध एक सदाबहार साउंडट्रैक है। जुबली में प्रोसेनजीत चटर्जी, अदिति राव हैदरी, अपारशक्ति खुराना, वामिका गब्बी, सिद्धांत गुप्ता, नंदीश संधू और राम कपूर के साथ श्वेता बसु प्रसाद, अरुण गोविल, सुखमनी लांबा, आर्य भट्ट, नरोत्तम बैन, आलोक अरोड़ा और राम कपूर के नेतृत्व में एक अभूतपूर्व कलाकारों की टीम है। सुहानी पोपली मुख्य भूमिका में हैं। भारत और 240 देशों और क्षेत्रों में प्रधान सदस्य 7 अप्रैल को भाग एक (एपिसोड एक से पांच) को स्ट्रीम कर सकते हैं, जबकि भाग दो (एपिसोड छह से दस) को अगले सप्ताह 14 अप्रैल को जारी किया जाएगा। लुभावना ट्रेलर दर्शकों को जुबली की मनोरम दुनिया और भारतीय सिनेमा के स्वर्ण युग से परिचित कराता है। बॉलीवुड के सुनहरे युग की पृष्ठभूमि में सेट, जुबली एक ऐसा ड्रामा है जो एक स्टूडियो बॉस, उसकी फिल्म-स्टार पत्नी, एक विश्वसनीय सहयोगी, एक उभरते सितारे, एक भोली लड़की और एक शरणार्थी और उनके द्वारा खेले जाने वाले जुए की कहानी है। अदिति राव हैदरी ने सीरीज के बारे में बात करते हुए कहा कि सुमित्रा कुमारी के गेहरे किरदार को निभाना एक अविश्वसनीय रूप से चुनौतीपूर्ण रहा हैं। अपारशक्ति खुराना ने कहा कि एक अभिनेता के रूप में मेरे लिए जुबली पूरी तरह से नो-ब्रेनर थी। जब मैंने कहानी और खासकर बिनोद की यात्रा सुनी, तो मुझे पता था कि मुझे यह करना है।

### विजेंद्र कुमेरिया ने परफेक्ट ड्रंक सीन के लिए की तैयारी



मुंबई। स्टारप्लस के 'तेरी मेरी डोरियां' ने एपिसोड्स में कोई न कोई ट्विस्ट लाकर हमेशा दर्शकों के उत्साह को बनाए रखा है। अपने दिलचस्प प्रोमो के साथ दर्शकों को कहानी में एक नए मोड़ से परिचित कराने के बाद, शो के निर्माताओं ने हमेशा दर्शकों के सामने और ज्यादा उम्मीद करने के लिए मजबूर किया है। 'तेरी मेरी डोरियां' का वर्तमान ट्रैक अंगद, साहिबा और शादी के बाद के उनके जीवन के इर्द-गिर्द घूमता है। बहुप्रतीक्षित अंगद और साहिबा की शादी ढोल और धमाका के साथ पहुंची, ऐसे में सीरत के बजाय अंगद की शादी साहिबा से हो जाती है। जिसके बाद, अंगद और साहिबा की शादी ने उनके जीवन में हलचल मचा दी है। 'तेरी मेरी डोरियां' के आने वाले एपिसोड में फैन्स को हाई वोल्टेज ड्रामा देखने मिलने वाला है। जहां अंगद साहिबा के लिए अपने प्यार का इजहार करता है, लेकिन यहां एक ट्विस्ट है। क्योंकि अंगद अपने प्यार का इजहार तो करता है लेकिन सीरत से और साहिबा से नहीं। दरअसल अंगद साहिबा को सीरत मानते है और उसे अपनी भावनाओं के बारे में बता देता हैं। अंगद नशे में धुत होकर सीरत से मिले धोखे की कहानी कह देता है। पहली बार साहिबा अंगद के कमजोर साइड को देखती है जिससे वह इमोशनल हो जाती है।

## संक्षेप

### चोरों ने हनुमान मंदिर से नगदी सहित गदा चुराया



**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के ओड़ौली गांव में शुक्रवार की देर रात अज्ञात चोरों ने एक ही गांव में तीन मंदिरो का ताला तोड़ डाला। सबसे पहले गांव के हनुमान मंदिर के दान पेटी का ताला तोड़ नगदी सहित हनुमान जी का गदा लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बताया की एक ही गांव के तीन मंदिरो में चोरों ने निशाना बनाया। लेकिन गांव के अन्य दो मंदिरों का सिर्फ ताला ही टूटा मिला। परंतु गांव के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर का चोरों ने ताला तोड़ कर दान पेटी का पैसा व मंदिर के अंदर से हनुमान जी का गदा ले कर फरार हो गए। वही गांव के काली माता मंदिर व भगवान शंकर जी के मंदिर में चोरों ने ताला तो जरूर तोड़ा परन्तु वहां चोर चोरी में असफल रहे। वही वर्तमान में चल रहे नवरात्रि के समय मे गांव की ब्रती महिलाएं व पुरुष जैसे ही अलसुबह पूजा करने पहुचे तो हो हल्ला पूरे गांव में शुरू हो गया। बताया कि गांव के तीनों मंदिर का ताला टूटा है। इसकी सूचना मंदिर पुजारी को दिया गया, वहीं मौके पर पहुचे मंदिर पुजारी घटना को देख भौचक हो गए। वही इस बढ़ती चोरी की घटना से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हैं। मंदिर पुजारी व ग्रामीणों के सूचना पर सकलडीहा कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुच कर मौके मुआयना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि गस्त के नाम पर कोतवाली पुलिस सिर्फ खाना पूर्ति करती है जिसकी वजह से चोरों के हौसले बुलंद हैं वही लाख प्रयास के बावजूद भी कोतवाली पुलिस चोरी रोकने में पूरी तरह से विफल दिखाई दे रही है। वही हाल में ही पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल नवरात्र व रमजान को लेकर अपने मातहतों को कड़ी सुरक्षा को लेकर कड़े निर्देश जारी किए थे। विरोध प्रदर्शन करने वाले में हनुमान मंदिर के पूजारी अशोक महराज, श्रीकांत राय,रामजनम राय,मुरली राय,दीपक राय,मुनी राय,अवनीश राय, अरविंद राय, आकाश राय, शशि प्रकाश राय, अनुज राय, बिष्णु राय, सूरज सोनी, मुलायम राय सहित अन्य रहे।

### हार जीत जीवन की है माला, संघर्ष कर राष्ट्र निर्माण में दें योगदान : सांसद





**पराऊगंज।** नेहरू युवा केंद्र जौनपुर एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित कुटीर पीजी कॉलेज चक्के मे युवा उत्सव कार्यक्रम महाविद्यालय के सभागार में शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, संस्थापक के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर हुआ। मुख्य अतिथि मछली शहर लोक सभा सांसद बीपी सरोज ने युवा उत्सव कार्यक्रम के प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किए छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहाकि हारजीत जीवन की माला है सभी विद्यार्थी अपने जीवन मे संघर्ष कर राष्ट्र निर्माण में अप्रतिम योगदान दे सकते हैं। कुटीर संस्थान की ओर से आए हुए अतिथियों का आभार ज्ञापन प्राचार्य मेजर डॉ. रमेश मणि त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुटीर संस्थान के व्यवस्थापक डॉ. अजयेन्द्र दुबे ने कहा कि जीवन व्यवहारिक होना चाहिए। युवा की प्रतिभा का उल्लंघन ही समाज की सबसे बड़ी जटिलता है इसलिए युवाओं को आदर्श प्रदान करने की आवश्यकता है। प्रतियोगितओं में विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने स्मृति चिन्ह, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर डॉक्टर आरके पांडे ने किया। इस अवसर पर पंडित भूषण मिश्र, डॉ. मनोज मिश्र जनसंचार विभागाध्यक्ष, पूर्व कुलपति डीडी दुबे, संगीता मिश्र, डॉक्टर रामजीत यादव, डॉक्टर नीता तिवारी समेत महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षणेत्तर एवं क्षेत्र के तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पशु आरोग्य मेला का आयोजन



**नौपेड़वा।** जिले में शनिवार को पण्डित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन बख्शा ब्लाक के बीबीपुर ग्राम पंचायत में किया गया जिसका शुभारंभ भाजपा नेता सूर्य प्रकाश चौबे ने गोपूजन के पश्चात फीता काट कर किया। चिकित्साधिकारी डॉक्टर पवन कुमार ने पशुओं के विभिन्न प्रकार के रोगों के विषय में बताया। कुल 460 पशुओं का इलाज किया गया। ग्राम प्रधान मनी राम ने मेले में आये हुए पशु पालकों तथा क्षेत्रवासियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर चंद्र सेन यादव, अवधेश सिंह, अवधेश यादव, कौशिक यादव तथा सम्मानित पशु पालक सहित भारी संख्या में गांव के लोग उपस्थित रहे।

## सुनील गावस्कर ने की धोनी की तारीफ, आईपीएल 2018 में सीएसके की जीत को बताया शानदार



**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने दो साल के प्रतिबंध के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार वापसी में खिताबी जीत को याद करते हुए टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की तारीफ की और कहा कि अपने खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने की उनकी क्षमता ही उन्हें सबसे अलग बनाती है। आईपीएल का आगामी चरण 31 मार्च से शुरू हो रहा है। स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क से बात करते हुए गावस्कर ने 'कैप्टन कूल' धोनी के आईपीएल करियर को याद करते हुए कहा कि उन्होंने किस तरह से अपनी टीम के खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाया था। गावस्कर ने कहा, मुझे लगता है कि जब सीएसके ने वापसी की और ट्राफी जीती तो यह शानदार चीज थी क्योंकि टीम दो साल तक एक साथ नहीं थी और वे अलग फ्रेंचाइजी के साथ थे और अचानक उन्होंने फिर वापसी की। यह आपकी नेतृत्व काबिलियत के बारे में बताता है। सुनील गावस्कर ने आगे बात करते हुए कहा, ये आपको बताता है कि कैसे एक आदमी गैप के बाद टीम को साथ ला सकता है। एक गैप के बाद टीम को साथ लाना काबिल-ए-तारीफ है।

## देश में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से हो चुनाव : वामन

जनसंदेश न्यूज



**शहाबगंज।** बामसेफ, बहुजन मुक्ति मोर्चा व राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग के संयुक्त तत्वावधान में अमरसीपुर ईदगाह के पास शनिवार को नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जहां ईवीएम भण्डाफोड़ परिवर्तन यात्रा के बारे में बताया गया।

इस दौरान मुख्य वक्ता बहुजन मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम ने कहा कि बिना ईवीएम के बहिष्कार के लोकतंत्र की स्थापना नहीं हो सकता। क्योंकि ईवीएम का प्रयोग सुनियोजित तरीके से हो रहा है, जिससे जीते हुए प्रत्याशियों को मशीन में हेर फेर कर हरा दिया जा रहा है। जिस देश में ईवीएम बनता है वह देश स्वयं प्रयोग करने के बाद, पुनः वैलेट पेपर से चुनाव करा रहा है। इसलिए हम लोगों को भी वैलेट पेपर से चुनाव कराने के लिए प्रयास करना चाहिए। ईवीएम के प्रयोग से ही सरकार तानाशाह की तरह काम कर रही है। चांद मुहम्मद ने कहा कि सत्ताधारी पार्टी द्वारा ईवीएम के प्रयोग से लोकतंत्र का चीरहरण किया जा रहा है इस लिए बैलेट पेपर से चुनाव करना ही समय की मांग है और असली लोकतंत्र की स्थापना हो सकेंगी। हम सभी लोगों को एकजुट होकर ईवीएम का बहिष्कार करना चाहिए। इस दौरान अनिल विश्वकर्मा, हृदय नारायण, रजवंत फौजी, महमूद आलम, किरन देवी, विश्राम यादव, अरविन्द कुमार, महबूब आलम, राम ध्वजा यादव, रतीश कुमार, सुनिता पाल, मुन्ना भास्कर, मूसे मोहम्मद जानी सहित आदि लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता बदरुद्दोजा अंसारी ने किया।

### समाज और राष्ट्र में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण : अखिलानन्द

**नियामताबाद।** श्रीराम कथा महोत्सव ख्यालगढ़ लौंदा में छठे दिन अखिलानंद महाराज ने भगवान श्रीराम के बाल लीला का वर्णन किया। कहा कि परब्रह्म परमात्मा ही राम रूप में अवतरित हुए निराकार ब्रह्म निज भक्तों के कल्याण हेतु साकार रूप में आये। शरीरधारियों के लिए अव्यक्त परमात्मा में मन लगाना कठिन है इसलिए भक्त व्यक्त अर्थात सगुण ब्रह्म की उपासना करते हैं। भक्ति मार्ग सरस भी है और सरल भी। कहा कि शिक्षा ग्रहण करना परम आवश्यक है। आज शिक्षा प्रणाली कितनी बदल गई है याद रखना चाहिए कि प्रलय और निर्माण दोनों शिक्षक की गोद में पलते हैं। इसलिए समाज और राष्ट्र में सबसे महत्वपूर्ण कार्य शिक्षक का है। गुरु वशिष्ठ की तरह शिक्षक को शीलवान और कर्मनिष्ठ होना चाहिए। शीलवंत शिक्षक छात्र को नई दिशा देता है सतत छात्रों का हित शिक्षक का लक्ष्य होना चाहिए। शिक्षक राष्ट्र के निमार्ता है। विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा करने के लिए भगवान राम अपने अनुज लक्ष्मण को लेकर गुरु विश्वामित्र के साथ जातें हैं ताड़का उद्धार करते हैं और मारिच सुबाहु से यज्ञ की रक्षा करते हैं।

## सरकार कर रही भदोही विधानसभा के साथ सौतेला व्यवहार : जाहिद

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** भदोही विधान सभा के साथ प्रदेश सरकार द्वारा सौतेला व्यवहार किया जारहा है उक्त बाते जिला मुख्यालय स्थित एक प्रतिष्ठान में पत्रकारवार्ता के दौरान भदोही विधायक जाहिद बेग ने कही।

उन्होने कहा कि पांच सूत्रीय मांग को लेकर प्रभारीमंत्री को ज्ञापन सौपा गया है। उन्होने बताया कि डबल इंजन की सरकार सिर्फ झूठ की नैया पर सवार है। जनता को सिर्फ गुमराह किया जा रहा है। विधायक ने पत्रक दे कर मांग किया कि काशी नरेश पीजी कालेज को विश्वविद्यालय घोषित किया जाय, पकरी तिराहा से रेलवे ओवर ब्रीज बनाया जाय, भदोही जिले में बारिश के कारण नष्ट हुई फसल का मुआवजा दिया जाये, भदोही सम्पूर्ण नगर परिषद में जल निकासी किया जाये, नगर पालिका परिषद कार्यालय व बैजु त्रिमुहानी के पास अतिक्रमण हटाया जाय, कंधिया रेलवे ओवर ब्रीज चालू किया जाय, नई बाजार भदोही राईपुर घट पर निमार्णाधीन पुल पूरा कराने व उसके साथ अन्य निमार्णाधीन पुल पूराया कराया जाये।

## 31वां दो दिवसीय रोवर्स रेंजर्स समागम का आगाज

समारोह

### कदमताल और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा परिसर



**मड़ियाहू।** मड़ियाहूं पीजी कॉलेज में परंपरागत परिधानों से सुसज्जित छात्राओं की टोलियां, सधे अंदाज में होते कदमताल, तालियों की गड़गड़ाहट के बीच शनिवार को 31वां दो दिवसीय विश्वविद्यालीय रोवर्स/रेंजर्स समागम का आगाज हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक अपूर्व तिवारी ने किया और विशिष्ट अतिथि जनपद संयोजक अजय कुमार दुबे ने माँ सरस्वती का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इसी के साथ दो दिवसीय विश्वविद्यालयीय रोवर्स/रेंजर्स रैली मे छात्र छात्राओं के प्रदर्शन का सिलसिला प्रारम्भ हुआ। पूरे दिन चले कार्यक्रम में रोवर्स रेंजर्स की टीमों ने अपने प्रदर्शन को उत्कृष्ट बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मेजबानी कर रहे मड़ियाहूं पीजी कॉलेज की रोवर्स रेंजर्स टीमों की अगुवाई में विभिन्न महाविद्यालयों से जुड़ी टीमों ने मार्च पास्ट कर स्काउट झंडा व मुख्य अतिथि को सलामी दी।

साथ ही सरस्वती वंदना को शिवानी, ज्योति, सरिता, अनामिका आरिका, आदिति, दीक्षा ने प्रस्तुत किया और स्वागत कुलगीत प्रस्तुत किया गया। टीमों के बीच पोस्टर क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता, मार्च पास्ट एवं गांठबंधन, समूह गान, नाट्य प्रतियोगिता इत्यादि प्रतियोगिताएं कराई गई। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक अपूर्व तिवारी ने रोवर्स रेंजर्स टीमों का उत्साहवर्धन करते हुए कहाकि यह समागम निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं के शारीरिक मानसिक सामाजिक विकास में सहायक सिद्ध होगा।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. अजय कुमार दुबे ने रोवर्स रेंजर्स के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके पाठक ने कहाकि जिस तरह सोने की परख घिसने से, तोड़ने से, गर्म करने से और पीटने से होती है उसी तरह मनुष्य की परख विद्याशील गुण कर्म से होती है और छात्र छात्राओं को जीवन के हर मुश्किल से लड़ने का मंत्र दिया। आयोजन सचिव डॉ. सुजीत कुमार पटेल ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।

विवि रोवर्स रेंजर्स समागम में जनपद गाजीपुर की चार टीमें और जनपद जौनपुर की छः टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। कार्यक्रम रोवर्स/ रेंजर्स के एसओसी वाराणसी मंडल डीओसी गाजीपुर डीटीसी गाइड आयशा तरन्नुम, ज्ञान चंद चौहान, अजय चौहान, मनोज विश्वकर्मा, निखिल चौरसिया आंसू दुबे इत्यादि प्रशिक्षक उपलब्ध रहे। महाविद्यालय के प्रोफेसर आञ्जनेय पांडेय, प्रोफेसर अजय कुमार, प्रोफेसर सुमन सिंह, डॉ. जेपी दुबे, डॉ. बृजेश चौबे, डॉक्टर विजय चतुर्वेदी, डॉ. सुशील कुमार मिश्र एवं महाविद्यालय के अन्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश मिश्रा डीओसी रोवर्स रेंजर्स ने किया।

### क्षय रोग के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

**चंदौली।** अभिषेक नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में शनिवार को विश्व क्षयरोग दिवस मनाया गया। इसमें गोष्ठी के माध्यम से छात्र छात्राओं को लोगों में जागरूकता पैदा करने का आह्वान किया गया।वहीं अधिक से अधिक लोगों को क्षय रोग के प्रति जागरूक किया जा सके और उन्हें इस बीमारी से बचाए जा सकते। वही लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया। इस दौरान चेयरमैन डा. संजय कुमार ने कहा कि क्षय रोग एक घातक संक्रामक बीमारी है। जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस बैक्टीरिया के रुप में जाने वाले बैक्टीरिया द्वारा अधिग्रहित किया जाता हैं। विश्व स्तर पर लगभग 10 मिलियन लोगो को सक्रिय बीमारी है। संक्रामक रोग होने के कारण क्षय रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में आसानी से नहीं फैलता है। जबकि यह तपेदिक बीमारी हवा की बूंदों के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता हैं। प्रधानाचार्य प्रो.डा.गोपी डी ने कहा कि क्षय रोग बारे में बच्चों जागरूक करते हुए के लक्षण की जानकारी दी।

## शिवाकांत यादव ब्लॉक व्यायाम शिक्षक

कार्यक्रम

### विदाई समारोह में बच्चों के साथ नम हुईं गुरुजनों की आंखें

### गुरुजनों से बिछुड़ने से भाउक हुए बच्चे, शिक्षकों ने उच्च शिक्षा प्राप्त करने की दी नसीहत

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** विकास खंड भदोही के उच्च प्राथमिक विद्यालय मिसिरपुर में शनिवार को परीक्षा के अन्तिम दिन विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा 1 से आठ तक के बच्चे मौजूद रहे। इसी दौरान कक्षा आठ के बच्चों को विदाई दी गई। समारोह में बच्चों ने एक दूसरे से अपने अपने जीवन के लक्ष्य के विषय मे चर्चा की। सभी अध्यापकों ने बच्चों को शुभाशीष एवं शुभकामनाएं दी।

इस विदाई समारोह में मुख्य अतिथि राम जियावन मौर्य रिटायर्ड प्रधानाध्यापक तथा विशिष्ट अतिथि नरेंद्र कुमार नोडल संकुल रहे। कक्षा 8 में अध्यनरत 34 विद्यार्थियों के विदाई समारोह में मुख्य अतिथि ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप आगे की पढ़ाई मन लगा कर करे तथा विद्यालय के साथ अपने परिवार का नाम रोशन करें। विशिष्ट अतिथि ने बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए मेहनत करने पर बल दिया। इस मौके पर शिवा कांत यादव ब्लॉक व्यायाम शिक्षक व नोडल संकुल ने कहा कि बच्चे जब तक साथ रहते हैं आख के तारे बने रहते हैं विदाई शब्द ही ऐसा है कि आखे नम हो जाती हैं। बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए और नए बच्चों के आगमन हेतु ये रीत निभानी पड़ती है। सभी बच्चों को खूब तरक्की मिले और दुनिया भर की सारी खुशियां मिले ऐसी कामना की। मौके पर राजबली यादव, अवधेश कुमार, महेंद्र प्रसाद, रामशंकर, अजीत, शैलेश तथा सदानंद मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत



जनसंदेश न्यूज

**जफराबाद।** जलालपुर थाना क्षेत्र के जफराबाद-वाराणसी रेल प्रखंड मार्ग पर शनिवार की सुबह कोइरी रेलवे फाटक के पास एक अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक 35 वर्षीय विधवा महिला की मौत हो गई। रेलवे गेटमैन ने इसकी सूचना स्थानीय थाने पर व जीआरपी को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार पूनम यादव पत्नी स्व. प्रवेश यादव निवासी महिमापुर (खलिपता) अपनी घर की गरीबी के कारण जो खाना बनाने के लिए लकड़ी की व्यवस्था के लिए अपने घर से सुबह में निकली थी। लकड़ी बीनते बीनते वह रेलवे लाइन के किनारे पहुंच गयी और किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो। चार वर्ष पहले पूनम के पति प्रवेश यादव की मौत हो चुकी है जिसके बाद बच्चों के पालन पोषण का भार पूनम के ऊपर था। ससुर भृगुनाथ यादव रोजी रोटी के सिलसिले में मुंबई रहते हैं। पूनम अपने घर पर अकेले रहकर दो लड़की एक लड़का और अपनी बूढ़ी सास की जिम्मेदारी लेकर वहन करती थी।

## सड़क दुघर्टना में बाइक सवार दो युवक घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत नयी आबादी मोहल्ले में सड़क दुघर्टना में बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के भादी कोरवलिया गांव निवासी 22 वर्षीय रविकांत पुत्र मयाराम व खेतासराय थाना क्षेत्र के मनेछा गांव निवासी 20 वर्षीय शन्नी पुत्र बृजेश कुमार बीती रात बाइक से घर जा रहे थे कि नयी आबादी मोहल्ला स्थित तहसील मुख्यालय के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने परिजनों को सूचना दे इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कराया गया।

## मां बेटी को दबंगों ने पीटा

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सुरिस गांव में जमीनी विवाद के चलते दबंग पट्टीदारों ने मां-बेटी को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के प्रयागराज मार्ग स्थित सुरिस गांव निवासी 38 वर्षीय जया देवी पत्नी स्व. पंकज सिंह व 17 वर्षीय पुत्री नीतू सिंह को शनिवार की सुबह जमीनी विवाद के चलते दबंग पट्टीदारों ने पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पुलिस घायलों का इलाज राजकीय चिकित्सालय में कराया। पीड़िता की तहरीर पर दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**मुंगराबादशाहपुर।** वाराणसी प्रतापगढ़ रेल प्रखंड पर गौरैयाडीह गांव के निकट ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते है कि गौरैयाडीह गांव निवासी रंजीत यादव (33) पुत्र इंद्रबहादुर यादव अपने घर पर ही आरओ मशीन लगा कर वह पानी की सप्लाई दुकानों पर करता था। शनिवार की सुबह साढ़े 11 बजे उसका शव गांव के ही रेलवे ट्रैक पर मिलने से हड़कंप मच गया। परिवार के लोग भी मौके पर पहुंचे और दहाड़ मारकर रोने लगे। माना यह जा रहा है कि रंजीत पटरी पार कर रहा होगा इसी दौरान रायबरेली से जौनपुर की ओर जा रही इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आ गया होगा जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की तहकीकात की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला को सम्बोधित करते वक्ता

**खेतासराय।** स्थानीय खंड विकास के सभागार में शनिवार को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह व खंड विकास अधिकारी नंदलाल कुमार के संयुक्त तत्वावधान में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही के संबंध में ग्राम प्रधानों व ग्राम सचिव के साथ बैठक आहूत की गई जिसमें प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर रमेश चंद्रा के द्वारा संचारी रोग फैलने के कारण और उससे बचाव हेतु जानकारी दी तथा उसके रोक थाम पर विस्तार के चर्चा की ग्राम प्रधानों से दस्तक अभियान में सहयोग की अपील की। खंड विकास अधिकारी ने अभियान के दौरान ग्राम स्तर पर अपने-अपने ग्राम स्तर पर साफ सफाई, हाथ धोना, शौचालय की सफाई, दवा का छिड़काव तथा घर से जल निकासी, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, उथले हैंडपंप को लाल रंग से चिन्हित करना और उसका प्रयोग न करने के लिए जागरूक करना, खराब हैंडपंप (इंडियामार्का) की मरम्मत एवं निरंतर क्रियाशील रखना, पेयजल स्रोतों संसाधनों से शौचालय की दूरी के उपाय, जलाशयों एवं नालियों की नियमित सफाई, अपशिष्ट रुके हुए पानी तथा मच्छरों के प्रजनन की समस्या को रोकने के लिए गड्ढों का भराव, झाड़ियों का काट छांट कार्य, संक्रमण तथा जल प्रदूषण को उत्तरदाई खुली नालियों को ढकने आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। बीएमसी यूनिसेफ अवधेश तिवारी ने अक्तूबर 2022 में अभियान का फीडबैक साझा करते हुए आगामी कार्य योजना के अनुरूप कार्य संपादित करने और बच्चों को नियमित टीकाकरण के महत्त्व के बारे में जानकारी देते हुए विस्तार से बताया। इस अवसर पर चिकित्साधिकारी डाक्टर मसूद खान, एडीओ पंचायत लक्ष्मी चंद, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अजय सिंह, रामसिलन यादव ग्राम प्रधान कृपाशंकर राजभर, सेराज अहमद, पंचायत सचिव मीनारानी, उमेश यादव सहित सैकड़ों प्रधान, सचिव उपस्थित रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षित होंगे विकास

जनसंदेश न्यूज

**सुइथाकला।** भारत सरकार द्वारा पोषित आईडीपी नाहेप योजना के तहत क्षेत्र के दुमदुमा गांव निवासी विकास कुमार पाण्डेय पुत्र श्यामा प्रसाद पाण्डेय आगामी 31 मार्च से एक महीने तक पशु पालन में होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षित होंगे। उनके चयनित होने पर परिवारजनों समेत क्षेत्रीय लोग बधाई देते नजर आए।



विकास कुमार पाण्डेय

गौरतलब हो कि श्री पाण्डेय वर्तमान में मथुरा स्थित वेटेरनरी विश्वविद्यालय में तृतीय वर्ष के छात्र हैं।

अक्टूबर 20-21 में भारत सरकार द्वारा पोषित आईडीपी नाहेप योजना के तहत पशु पालन के क्षेत्र में आयोजित परीक्षा में उन्होंने प्रथम स्थान लाकर यह मौका हासिल किया जो फिलीपींस के लीपा सिटी स्थित प्रशिक्षण केंद्र पर आगामी 31 मार्च से एक महीने तक होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षित होंगे।

उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय माता पिता, दादा स्व. रामसुख पाण्डेय के अलावा सीनियर रहे पशु चिकित्सक डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल व गुरूजनों को दिया। श्री पाण्डेय की इण्टर तक की शिक्षा दीक्षा जिले के मड़ियाहू स्थित नवोदय विद्यालय से हुई है। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य मुदित सक्सेना व उपजिलाधिकारी शाहगंज शैलेन्द्र कुमार के प्रति भी आभार जताया।

## खबर से झल्लाये खनन माफिया ने दी पत्रकार को धमकी

**जौनपुर।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत अमोध गांव में स्थित बसुई नदी में से खनन माफियाओं द्वारा प्रतिदिन धड़ल्ले से जेसीबी द्वारा अवैध मिट्टी का खनन हो रहा है जिसको लेकर राष्ट्रीय पेपर के पत्रकार अर्जुन को शनिवार को खनन माफिया राजमणि पटेल ने अमोध स्थित एक निजी स्कूल पर आकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां दी व कहाकि स्कूल में पढ़ाने आये तो तुमको जान से मरवा डालूंगा और साथ ही साथ इनके गुर्गे भी खबर न छापने की धमकी देते हैं। इस प्रकरण में पीड़ित पत्रकार ने थाने पर उपरोक्त के खिलाफ तहरीर दिया है। इस प्रकरण में क्षेत्राधिकारी मछलीशहर अतर सिंह ने बताया कि थाने पर तहरीर प्राप्त हुई है और जांचकर सम्बन्धित के खिलाफ मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# पुण्यतिथि पर बच्चों को पुस्तकें व महिलाओं को वितरित की साड़ियां

जनसंदेश न्यूज

**सिकरारा।** क्षेत्र के शेरवा गाँव के समाजसेवी हरिहर सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर शनिवार को आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में उनके पुत्र द्वारा गाँव की असहाय महिलाओं को साड़ी तथा प्राथमिक विद्यालय शेरवा के बच्चों को कॉपी किताब व कलम वितरित की गई।

लोगों ने स्व. सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मुख्य अतिथि सेवानिवृत स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पारस नाथ सिंह ने स्व. हरिहर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व. सिंह असहायों की मदद के लिए सदैव समर्पित रहते थे। उनके मन में बच्चों के प्रति असीम प्यार व शिक्षा के लिए संसाधन उपलब्ध कराने की ललक रहती थी। वे त्याग की प्रतिमूर्ति थे। विशिष्ट अतिथि पूर्व शिक्षक भूलन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि वे कोलकाता में अच्छी नौकरी छोड़कर समाज सेवा से जुड़े थे। आजीवन उन्होंने समाज सेवा किया। प्रारम्भ में उनके बड़े पुत्र रविन्द्र कुमार सिंह के यजमानतत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शांति पाठ सम्पन्न हुआ। गांव की 25 असहाय महिलाओं को साड़ी तथा प्राथमिक विद्यालय के 150 बच्चों को अभ्यास पुस्तिका, कलम व किताब वितरित की गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान भैया लाल जायसवाल, प्रवक्ता ओम प्रकाश सिंह, अशोक सिंह, पुजारी सिंह, विनय सिंह, अतुल सिंह, संजय सिंह, अजय सिंह जेई, संजीव सिंह, राजीव सिंह लोहिया, जवाहिर लाल गौतम, प्रेम सिंह, राम आसरे सिंह, जियालाल कन्नौजिया सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। छोटे पुत्र प्रमोद सिंह बबलू ने लोगों का आभार ज्ञापित किया।



पुण्यतिथि पर बच्चों में वितरित की पाठ्य सामग्री

## संक्षेप

### संजय श्रीवास्तव बने ग्राम विकास अधिकारी संघ के अध्यक्ष

**गौराबादशाहपुर।** शनिवार को विकासखण्ड धमार्पुर के शहीद हाल में खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम विकास अधिकारी, एडीओ आईएसबी, ज्वाइंट बीडीओ की बैठक संपन्न हुई, जिसमे ग्राम विकास अधिकारी संघ, धमार्पुर की कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से संजय श्रीवास्तव को अध्यक्ष, धर्मेंद्र राय को मंत्री, अरविंद यादव जिलाप्रतिनिधि, श्रुति गुप्ता कोषाध्यक्ष और सुबास चंद्र को संरक्षक चुना गया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी काशीनाथ ने कहा की नवीन कार्यकारिणी पर पूरा विश्वास है कि वह संवर्ग के हित के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। एडीओ पंचायत लालजी राम ने संजय श्रीवास्तव और उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा की नई कार्यकारिणी से अपेक्षा है कि वह ग्राम विकास अधिकारियों के हितों के साथ साथ शासन प्रशासन से समन्वय स्थापित कर कार्य करेगी। इस अवसर पर काशीनाथ सोनकर, लालजी राम, संजय श्रीवास्तव, धर्मेंद्र राय, अरविंद यादव, श्रुति गुप्ता, प्रेमचंद चौहान, प्रीतम मौर्य, ऋषभ सिंह, प्रिंस यादव, आकाश यादव, संजय मौर्य राजू आदि उपस्थित रहे।

### तीसरे दिन मां काली चौरा माता मंदिर पर हुई विशेष पूजा अर्चना



**मुंगराबादशाहपुर।** नवरात्र के तीसरे दिन भी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। जय मां अंबे, जय मां काली व जय माता दी के जयकारों से क्षेत्र के मंदिर गूंज उठे। कस्बे के गुड़हाई मोहल्ले में स्थित प्राचीन व प्रसिद्ध मां काली चौरा माता का मंदिर में तीसरे दिन मां के तीसरे रूप चंद्रघंटा का पूजन किया गया। जहां पर मां काली की 101 दीपों से भव्य आरती की गई। श्रद्धालुओं ने मंदिर में मां की प्रार्थना कर सुख समृद्धि की कामना की। इस बीच मंदिरों में दिनभर मां की आरती व भजन कीर्तन का सिलसिला चलता रहा। महिलाओं द्वारा मां काली के गीतों से समूचा मंदिर परिसर गूंजमान हो उठा। बच्चों से लेकर बुजुर्ग मंदिर में दर्शन करने के लिए लंबी कतारों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं में उत्साह देखते ही बन रहा था। कस्बे के निवासी शिव प्रसाद बबलू द्वारा चैत्र व शारदीय नवरात्र में मां का विशेष सजावट का भव्य श्रृंगार तथा प्रसाद वितरण किया गया।

### सांसद ने बूथ समिति का किया गठन



**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के बूथ सशक्तीकरण अभियान के अंतर्गत तहसील क्षेत्र के दबिलहा बूथ संख्या 187 विधानसभा मछलीशहर पर स्वयं उपस्थित होकर मछलीशहर के सांसद बीपी सरोज ने बूथ समिति का गठन किया। दबिलहा बूध पर निवास करने वाले भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को एक स्थान पर बुलाकर समिति का गठन किया और समिति के सभी सदस्यों के बीच में कार्य विभाजन करके उपस्थित लोगों को भाजपा द्वारा किये गये कार्यों को विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कार्यशाला का हुआ आयोजन

**खुटहन।** स्थानीय खंड विकास के सभागार में शनिवार को खंड विकास अधिकारी वीर भानु सिह के संयुक्त तत्वावधान में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही के संबंध में ग्राम प्रधानों, ग्राम सचिव व सफाईकर्मी के साथ बैठक आहूत की गई जिसमें यूनीसेफ के नवीन श्रीवास्तव द्वारा संचारी रोग फैलने के कारण और उससे बचाव हेतु जानकारी दी तथा उसके रोक थाम पर विस्तार से चर्चा की ग्राम प्रधानों से दस्तक अभियान में सहयोग की अपील की। इस मौके पर एडीओ पंचायत अखिलेश वर्मा प्रधान संतलाल सोनी, रामदुलार यादव, जगन्नाथ यादव, विकास सिह, ओमप्रकाश यादव, लालबहादुर,आदि मौजूद रहे।

### 27 व 29 मार्च को होगा प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन

**सुजानगंज।** क्षेत्र के राष्ट्रीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी प्रथम सेमेस्टर की गणित की मौखिक परीक्षा 27 मार्च को और बीएससी की प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के भौतिक विज्ञान और वनस्पति विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन 29 मार्च को सुबह दस बजे आयोजित किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार पांडे ने दी। उन्होंने सभी छात्र और छात्राओं को आवश्यक अभिलेख के साथ उपस्थित होने के लिए कहा है।

# निरंकारी मिशन के सामूहिक विवाह में 48 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** संत निरंकारी मिशन के स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने प्रयागराज के परेड मैदान में 44वें निरंकारी प्रान्तीय संत समागम में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सद्गुरू माता सुदीक्षा महराज के पावन संदेशों को बताते हुए कहा कि गृहस्थ जीवन में सत्संग, सेवा, सिमरण करते हुए निराकार प्रभू को तो प्राथमिकता देनी ही है, साथ ही घर-परिवार की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए आध्यात्मिक पहलू भी मजबूत बनाए रखना है। परिवार की एकत आपसी विश्वास, परस्पर प्रेम और मिलवर्तन की भावना से मजबूत होती है और हमें एक दूसरे के सुख और दुख में भी पूरी मजबूती से जुड़े रहना है।



परिणय सूत्र में बंधे जोड़ों को आशीर्वाद देती सद्गुरु माता

निरंकारी मिशन के सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत 48 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। जिसमें जौनपुर जनपद से भी 4 जोड़े पट्टीनरेंद्रपुर, मुफ्तीगंज, कुंडलियां व केराकत से सम्मिलित हुए। सादगीपूर्वक ढंग से आयोजित इस समारोह का शुभारंभ निरंकारी मिशन के पारंपरिक 'जयमाला' एवं 'सांझा हार' से हुआ। भक्ति संगीत के साथ 4 प्रणों में निरंकारी लावां पढ़ा गया एवं हर लावा के अंत में सद्गुरु माता सुदीक्षा एवं निरंकारी राजपिता रमित एवं अन्य श्रद्धालु भक्तों द्वारा इन नव परिणीत जोड़ों पर फूलों की वर्षा की गई। नवविवाहित जोड़ों को सतगुरु माता ने अपने दिव्य वाणी द्वारा आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि आज इस समारोह में वर एवं वधू के परिणय सूत्र में बंधने से दोनों परिवारों का मिलन हुआ है अब दोनों ने एक दूसरे के परिवार को अपनाना है। आपस में ताल मेल रखते हुए प्रेम, नम्रता एवं सद्व्यवहार आदि दिव्य गुणों को अपनाकर जीवन में आने वाली जिम्मेदारियों को मिलजुलकर निभानी है।

## थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**शाहगंज।** कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार संदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें फरियादियों ने तीन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। तीनों राजस्व विभाग से संबंधित थे जिसमें मौके पर एक का भी निस्तारण नहीं हुआ। सभी प्रार्थना पत्र सम्बंधित विभाग को सौंप जल्द निस्तारण का निर्देश दिया। इस दौरान कोतवाली निरीक्षक सदानंद राय, अपराध निरीक्षक जनार्दन यादव, एसआई विजय सिंह गौड़, एसआई वरूणेन्द्र राय, एसआई रामनाथ यादव, एसआई प्रभुनाथ यादव, एसआई प्रशांत पांडे समेत राजस्व कर्मी मौजूद थे।

## जमीन विवाद में मारपीट कर किया घायल

**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम पनिहार छावनी में शनिवार को प्रातः लगभग आठ बजे जमीन विवाद में दबंगो ने लाठी डंडे से बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में सतेन्द्र राम 58 वर्ष, गायत्री कुमारी 17 वर्ष, रंजीत कुमार 15 वर्ष को घायलावस्था में उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने तहरीर देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगायी। वहीं पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है, मारपीट के आरोपी फरार बताये जा रहे है।

# पानी में डूबने से हुई मौत का खुलासा

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के राजापुर प्रथम गांव में गुरुवार को पानी में डूबने से हुई मौत का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर सर में चोट लगने से मौत हुई उसी आधार पर पुलिस ने मृतक की मां तारा देवी की तहरीर पर गांव के ही दोस्त रघुवीर पटेल व उसकी भाभी माधुरी पटेल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। हत्या के 24 घंटे के अन्दर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

कार्रवाई

## 24 घंटे के अन्दर दो हत्यारों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बता दें कि गुरुवार की दोपहर स्वर्गीय राजनाथ गौतम का 15 वर्षीय पुत्र अमित गौतम अपने दोस्त रघुवीर पटेल के बुलावे पर घर से 200 मीटर दूर लाल जी पटेल के तालाब में नहाने गया था। कुछ ही देर बाद उसका दोस्त चिल्लाते हुए घर आया और बताया कि अमित पानी में डूब गया है। परिजन व ग्रामीण वहां पहुंचे और उसे बाहर निकाला लेकिन उसके प्राण पखेरू उड़ चुके थे। मृतक की बहन बिंदु उसी समय से अपने भाई की हत्या का आरोप दोस्त रघुवीर पटेल पर लगा रही थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया था। रिपोर्ट आने के बाद पता चला कि उसके सर पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हुई है। मृतक की मां तारा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में दोस्त रघुवीर व उसकी भाभी माधुरी पटेल पर आरोप लगाया कि उसकी भाभी का चाल चलन ठीक नहीं है। अमित गौतम इनके राज को जान गया था। मुझे पूरा शक है कि देवर भाभी ने मिलकर मेरे बेटे की हत्या कर तालाब में फेंक कर डूब कर मरने की बात कर हत्या को छुपाने का प्रयास कर रहे हैं। कोतवाल ओम नारायण सिंह ने बताया कि नामजद दोनों आरोपियों को शनिवार की दोपहर उनके घर से गिरफ्तार कर उनके निशानदेही पर आलाकतल डंडा बरामद कर न्यायालय चालान भेज दिया।

# योगा प्रतिदिन शरीर व मन को स्वस्थ रखता है: देवेंद्र सिंह

शिविर

## शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए हम सब योगा करें

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कालेज में यूजीसी पाठ्यक्रमानुसार बीएड बिभाग के छात्राध्यापकों एवं छात्राध्यापिकाओं के लिए विशेष योग प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने योग प्रशिक्षण शिविर अध्यक्षता की एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह रहे। आए हुए अतिथियों का प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर ने पुष्प एवं बुके देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहाकि हमारे दैनिक जीवन में योग की बहुत उपयोगिता है। यदि हमे स्वस्थ और खुशहाल जीवन व्यतीत करना है तो हमें योग को अपने दैनिक जीवन मे दिनचर्या में शामिल करना होगा। योगा करने से हमारा शरीर एवं मानसिक विकास तीव्र गति से होता है। मानव के शारीरिक एवं मानसिक स्वस्थ रहने का एकमात्र साधन योगा है। प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने कहा कि योग से हम वजन में कमी, एक मजबूत एवं लचीला शरीर, सुन्दर चमकती त्वचा, शांतिपूर्ण मन, अच्छा स्वास्थ्य-जो आप चाहते हैं, योग आपको देता है। योग को केवल कुछ आसनों द्वारा आंशिक रूप से समझा जाता हैं परंतु इसके लाभ का आंकलन केवल शरीर स्तर पर समझा जाता हैं।



मोहम्मद हसन पीजी कालेज में योग का प्रशिक्षण देते सिटी मजिस्ट्रेट देवेन्द्र सिंह

हम ये जानने में असफल रहते हैं कि योग हमें शारीरिक, मानसिक रूप से तथा श्वसन में लाभ देता हैं। जब आप सुन्दर विचारों के संग होते हैं तो जीवन यात्रा शांति, खुशी और अधिक ऊर्जा से भरी होती हैं। योग शिविर के योग प्रशिक्षक राज यादव जिला महाविद्यालय प्रभारी युवा भारत पतंजलि में बी एड विभाग के छात्राध्यापकों एवं छात्राध्यापिकाओं को योगिनी जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, बृक्ष-ासन , ताड़ासन, दण्ड बैठक सहित तमाम आसनों के साथ साथ भ्रामरी प्राणायाम, कपालभाति प्राणायाम, वाह्य प्राणायाम, अनुलोम विलोम सहित समस्त प्राणायामों का विधिवत अभ्यास कराते हुए उनसे होने वाले लाभों के बारे में बताया।

सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह ने स्वयं ही योगा के कई आयामों को कराया सभी ने मिलकर सभी आयामों का योगा किया। अंत में आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने भेंट किया। इस मौके जेएमएस ग्रुप डायरेक्टर जितेंद्र यादव एवं बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील दत्त मिश्रा, प्राध्यापक डॉ. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. प्रज्वलित कुमार यादव, डॉ. संतोष यादव, डॉ. गुलाब मौर्या सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## तहसील व थाना दिवस पर कई अर्जियों के बाद भी वृद्ध को नहीं मिला न्याय

**खुटहन।** शासन की मंशा के अनुरूप अधिकारियों और कर्मचारियों का सहयोग न मिलने के कारण तहसील व थाना दिवस महज खानापूर्ति बनकर रह गया है। फरियादी जब अपना शिकायती पत्र देता है तो उसे तहसील से थाना, वहां से कांस्टेबल व लेखपाल के पास पहुंचते पहुंचते वह रद्दी कागज का ढेर बनकर रह जाता है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण शनिवार को आदिनाथपुर गांव में एक बृद्ध के साथ देखा गया। वह थाने पर आयोजित समाधान दिवस पर शिकायत लेकर आया था। उसका आरोप था कि पट्टीदार से बीस वर्षों पूर्व हुए समझौते के तहत बंटवारा की गई आबादी की भूमि पर दूसरे पक्ष ने छह माह पहले अवैध रूप से जबरन कब्जा जमा लिया। आरोप है कि उसने यह शिकायत तहसील व थाना पर दर्जन से अधिक बार किया। लेकिन उसे न्याय नहीं मिला। इस बार भी समाधान दिवस पर उसे न्याय नहीं मिल सका। थक हार मायूस होकर पीड़ित घर को लौट गया। गांव निवासी निरमोही यादव और उनके पट्टीदारों के बीच वर्ष 2003 में ग्रामीणों के द्वारा पंचायत कर आपसी सहमति से भूमि, मकान व अन्य चल अचल संपत्तियो का बंटवारा किया गया था।

# गहना कोठी का लकी ड्रॉ दो अप्रैल को

गुड न्यूज

## एक अप्रैल तक प्राप्त हो सकता है कूपन

## विजेताओं को किया जाएगा पुरस्कृत

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** पूर्वांचल का सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान गहना कोठी के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह दो अप्रैल को राजमहल में होने जा रहा है। पुरस्कार समारोह में विगत एक वर्ष से वितरीत किये गये कूपन का लकी ड्रा कराया जायेगा जिसमें लकी ड्रा विजेताओं को प्रथम पुरस्कार मारूती विटारा ब्रेजा, द्वितीय पुरस्कार मारुती वैगनॉर, तृतीय पुरस्कार रॉयल इन्फिल्ड, चतुर्थ पुरस्कार दो बाईक, पांचवाँ पुरस्कार दो स्कूटी, छठवाँ पुरस्कार 5 वाशिंग मशीन, सातवाँ पुरस्कार 50 मिक्सर व आठवाँ पुरस्कार 50 इन्डकशन चूल्हा वितरीत किया जायेगा। गहना कोठी फर्म के अधिष्ठाता व भाजपा नेता विवेक सेठ मोनू ने बताया कि गहना कोठी विगत 77 वर्षों से ग्राहकों के बीच अपना विश्वास बनाने के प्रयास में सफल रहा है। आगे भी हमारा प्रयास ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना रहेगा। अपने ग्राहकों के साथ दुकान के अलावा अलग से समय व्यतीत करने व व्यक्तिगत सम्बन्ध बनाये रखने के लिये पिछले कुछ सालों से लकी ड्रा समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक पाँच हजार के आभूषण खरीद पर ग्राहकों को एक कूपन दिया जाता रहा है और समयावधि पूर्ण होने पर लकी ड्रा समारोह का आयोजन किया जाता रहा है।



विवेक सेठ मोनू

जिससे हमे गहना कोठी परिवार सहित सभी ग्राहकों के साथ समय बिताने का मौका मिलता है। इस बार लकी ड्रा समारोह का आयोजन 2 अप्रैल को किया जा रहा है, इसके पूर्व 1 अप्रैल तक बचे लोग भी 5 हजार तक की खरीद कर लकी ड्रा समारोह कर हिस्सा बन सकतें है। अधिष्ठाता विनित सेठ ने अपने सभी ग्राहकों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने कायम किया कानून का राज : सीमा द्विवेदी

जनसंदेश न्यूज


योगी सरकार की उपलब्धियों की पत्रिका का विमोचन करती राज्यसभा सांसद

**जौनपुर।** प्रदेश सरकार के वर्तमान कार्यकाल के 1 वर्ष तथा कुल 6 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद की राज्य सभा सांसद द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता की गई। प्रेसवार्ता के दौरान जनपद के साथ साथ विधानसभाओं के विकास पर आधारित पुस्तिका का राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने विमोचन किया। प्रेस वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इस मौके पर प्रदेश स्तर पर लखनऊ में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा की गई प्रेस वार्ता का सजीव प्रसारण देखा गया। प्रदेश की 6 वर्ष की उपलब्धियों/विकास यात्रा पर आधारित लघु फिल्म देखी गयी। इसी दौरान राज्य सभा सांसद ने जनपद के साथ अन्य विधानसभा के विगत 1 वर्ष में कराए गए विकास कार्यों एवं उपलब्धियों से संबंधित पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद ने कहा कि जनपद के विभिन्न विभागों जैसे पर्यटन विभाग, महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, पीएम स्ट्रीट वेंडर्स योजना, नगर निकाय, अल्पसंख्यक कल्याण, समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत सामूहिक विवाह योजना, परिवारिक लाभ योजना, अग्रणी बैंक, सेवायोजन के अंतर्गत रोजगार, यूपी नेडा, पशुपालन, एनआरएलएम, खाद्य एवं रसद विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ओडीओपी योजना, खादी एवं ग्रामोद्योग, श्रम योगी मानधन योजना, फसल बीमा योजना, आईसीडीएस के अंतर्गत पोषण वाटिका, उद्यान विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, मत्स्य पालन, विद्युत विभाग, कृषि विभाग आदि की उपलब्धियों की जानकारी दी। राज्य सभा सांसद ने कहाकि वर्तमान सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। सरकार द्वारा मुफ्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था की गई है। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को भोजन मिड डे मील, मुफ्त किताबें, ड्रेस आदि भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों के लिए अनेक योजनाएं संचालित है। प्रदेश सरकार द्वारा कमजोर वर्ग के लोगों को उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय राशन आदि उपलब्ध कराया जा रहा है तथा अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर कार्य किए जा रहे है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, जिलाधिकारी अनुज कुमार झा, मुख्य विकास अधिकारी सीलम साई तेजा, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, अधि.अभि. पी.डब्लयू.डी जैनुराम एवं जनपद के वरिष्ठ पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# विधायक ने अधूरे पुल का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज



**सुजानगंज।** मुंगराबादशाहपुर के विधायक पंकज पटेल ने स्थानीय क्षेत्र के बेरी, तिलहुआ गांव के नाले पर बने अधूरे पुल का अवलोकन कर ग्रामीणों को पुल जल्द बनवाने का आश्वासन दिया।

विधायक पंकज पटेल ने शनिवार को दोपहर में अचानक अपने लव लश्कर के साथ तिलहुआ नाले पर पहुंच गए। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से पुल के निर्माण के बारे में जानकारी लिया। बताया कि यह पुल का निर्माण सपा शासनकाल में पूर्व विधायक पारसनाथ यादव मंत्री के द्वारा उद्घाटन किया गया था जिसमें ब्लॉक के मध्य से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम सिंह यादव द्वारा निर्माण कार्य कराया गया। पुल का पाया बनाकर बीच में ही अधूरा छोड़ दिया गया। काफी सालों के बाद ग्रामीणों के निवेदन पर सपा विधायक ने पुल का निर्माण कराने का भरपूर आश्वासन देते हुए बताया कि यह पुल का निर्माण शीघ्र किया जाएगा। पुल निर्माण में धांधली की भी जांच कराई जाएगी। यह वह पुल है जो बसही बाजार से देवकली होते हुए नारीपुर से निकलकर कारू बीर धाम को जाता है। रास्ता ना होने की वजह से लोगों को 10 से 12 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। बरसात में लोगों का आना जाना पूर्ण रूप से बंद हो जाता है। पुल के आसपास बड़ी-बड़ी खाई बनकर झाड़ियां उग आई हैं। मौके पर प्यारे लाल निषाद प्रधान, कमलेश यादव, राजबहादुर बिंद, लालजी यादव, रामकृपाल यादव, रविंद्र सरोज, ग्राम प्रधान पति हरिशंकर यादव आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षेप

### देवी मंदिरों में दर्शन पूजन को उमड़ी भीड़



**सुजानगंज।** वासंतिक नवरात्र के चौथे दिन शनिवार को श्रद्धालुओं ने बसरही में स्थित मां अंबाजी मंदिर में दर्शन पूजन कर आशीष मांगा। मंदिर में दर्शन पूजन करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर में लंबी कतारें लगी रही। श्रद्धालुओं ने मां अंबाजी को नारियल, चुनरी, पुष्प की माला अर्पित की। ऐसी मान्यता है कि मां का दर्शन पूजन करने से धन एवं ऐश्वर्य प्राप्त होती है, साथ ही साथ मां मोक्ष प्रदान करती हैं। इनके दर्शन पूजन से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है। वहीं क्षेत्र के मां गायत्री शक्तिपीठ बालवरगंज में भी श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन पूजन किया जा रहा है। क्षेत्र के सुजानगंज तिलहरा गांव में स्थित मां झाली भवानी के मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा मां का दिव्य दर्शन पूजन किया जा रहा है। मान्यता है कि नवरात्र में देवी की पूजा और दर्शन मात्र से शत्रु का नाश होता है, पूरा क्षेत्र देवी भक्तों में बना हुआ है।

### पांच सूत्रीय मांगों को लेकर रालोद ने सौंपा ज्ञापन



**जौनपुर।** 5 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष धनीराम यादव के नेतृत्व में शनिवार को मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि मांगों को लेकर सरकार को लगातार अवगत कराया जा रहा है लेकिन सरकार मांगों पर गंभीर नहीं है उन्होंने कहाकि किसानों की मांग है कि आकाशीय बिजली गिरने से मौत का शिकार हुए लोगों के परिजनों को 20-20 लाख की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाय। गेहूं मटर तथा सरसों की फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाया जाए। आम का बौर बाग में ही गिर गया जिससे आम की फसल किसानों को भारी नुकसान हो गया उन्हें भी उचित मुआवजा दिया जाए। किसानों के सभी तरह के कर्ज को माफ किया जाए। फसल बीमा योजना या अन्य कोई विशेष योजना के अंतर्गत किसानों को त्वरित लाभ पहुंचाया जाए। ज्ञापन देने वालों में अशोक प्रधान, अभय राज, गोलू निषाद, जमुना प्रसाद, डा. रिजवी, तारिक अली, विनोद कुमार, गुड्डू गौड़ आदि शमिल रहे।

### भाजपा नेता ने क्षय रोगियों को लिया गोद



**शाहगंज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आज 1 वर्ष पूरा होने पर बीजेपी नेता रुपेश जायसवाल ने वृक्षारोपण किया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती मरीजों को फल वितरण कर केन्द्र पर इलाज करा रहे आधा दर्जन क्षय रोगियों को गोद लेकर उनके खानपान के खर्चे को उठाने का आश्वासन दिया। मौके पर मरीजों को प्रोटीन और खाद्य पदार्थ को वितरित किया गया। इस दौरान बीजेपी सरकार की उपलब्धियां को गिनाया। बीजेपी नेता श्री जायसवाल ने कहा कि बीते छह वर्षों में यूपी में जो परिवर्तन हुआ है वह एक नये उत्तर प्रदेश की गाथा लिख रहा है। बीते छह साल प्रदेश के काफी महत्वपूर्ण रहे है। आज पूरा देश योगी सरकार के कार्यप्रणाली की तारीफ कर रहा है। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डा. रफीक फारुकी, वरिष्ठ लिपिक मो. अब्बास, धीरज पाटिल, विजय गुप्ता, वेद प्रकाश जायसवाल, वासू अग्रहरि, रवि यादव, विकास कुमार, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### पौधरोपण से ही हमारा वर्तमान और भविष्य सुरक्षितः अशोक

**भदोही।** विगत 6 वर्षों से अनवरत स्वयं के खर्चे से वृक्षारोपण कर धरती को हरा-भरा, प्रदूषण मुक्त एवं आने वाली नस्लों के लिए शुद्ध जल एवं वायु मिल सके इसके लिए भगीरथ प्रयास करते हुए राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता द्वारा 10 अक्टूबर 2017 से लगातार वृक्षारोपण किया जा रहा है। आज 25 मार्च को 1993 वें दिन राम के पुरा गांव में मिठाई लाल मिस्त्री को उपहार स्वरूप आम का पौधा देकर उनके पुत्र- पुत्री, नाती- पोतों के साथ वृक्षारोपण किया गया।

# ईशा हास्पिटल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** जनपद की सांस्कृतिक क्षेत्र की अग्रणी संस्था संस्कार भारती द्वारा ईशा हॉस्पिटल ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संस्कार भारती के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं समाजसेवियों द्वारा भी रक्तदान किया गया। रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए ईशा हास्पिटल ब्लड बैंक की मेडिकल ऑफिसर डॉ. स्मिता श्रीवास्तव ने कहा की रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त से चार व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है। समाज में जो भ्रांति है कि इससे व्यक्ति कमजोर हो जाता है वह निरर्थक है, उसको दूर करना चाहिए। अधिक से अधिक लोगों को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। कुल 10 व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से ऋषि श्रीवास्तव, विष्णु कुमार गौड़, अजय कुमार गुप्ता, राजेश किशोर, वैभव जायसवाल, अंकित यादव, ऋषि यादव, शैलेश, विकास यादव, रजनीश मौर्य रहे। इस अवसर पर संस्कार भारती काशी प्रांत महामंत्री सुजीत कुमार, जौनपुर इकाई अध्यक्ष डॉक्टर ज्योति दास, सहकोषाध्यक्ष मनीष अस्थाना, महामंत्री अमित गुप्ता अंशु, संजय गुप्त आदि उपस्थित रहे। इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर मे ब्लड बैंक सुपरवाईजर पूर्णिमा यादव एवं लैब टेक्नीशियन संतोष कुमार, अंजना मौर्य, आशीष प्रजापति का विशेष सहयोग रहा। शिविर के अन्त मे निर्मल कुमार श्रीवास्तव प्रबंधक ईशा हॉस्पिटल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### गौशाला में गायों के मरने की खबर छापना पड़ा महंगा

**केराकत।** मुफ़्तीगंज ब्लॉक क्षेत्र के पेसारा गांव में स्थित गोशाला में रोज-रोज गायों के तड़प-तड़प कर मरने की खबर छापना पत्रकारों को महंगा पड़ गया। गांव की ग्राम प्रधान चंदा देवी ने चार पत्रकारों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। न्यूज कवर करने गए पत्रकारों पंकज कुमार सिंह, अरविन्द कुमार यादव, विनोद कुमार और आदित्य मिश्रा के खिलाफ एससीएसटी की धारा 3(2) तथा आईपीसी की धारा 384, 429, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कराने से पत्रकारों में रोष है। शनिवार को ग्रामीण एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष संजय शुक्ल की अध्यक्षता में पत्रकारों की बैठक हुई जिसमें चार पत्रकारों के खिलाफ फर्जी ढंग से मुकदमा दर्ज करने की निंदा की गई। बैठक में दीपनारायण सिंह, रामसरण यादव, प्रीतेश सिंह, पंकज राय, नवीन सिंह, पप्पू सरोज, पंकज सिंह, विनोद कुमार, प्रवीन कुमार आदि मौजूद रहे। बाद में पत्रकारों के समूह ने एसपी सिटी से मिलकर शिकायत की। एसपी सिटी ने मुकदमा खत्म कराने का आश्वासन दिया। एसपी सिटी से मिलने वालों में राजकुमार सिंह, दीपक सिंह आदि रहे।

# कलेक्ट्रेट परिसर में नाटकीय ढंग से महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

जनसंदेश न्यूज




**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम कार्यालय के ठीक सामने पुलिस से बातचीत करने के दौरान एक महिला ने अपने ऊपर पेट्रोल से भरा बाटल गिरा लिया। मौके पर पुलिस ने किसी तरीके से बॉटल को छीना और महिला को जिला अस्पताल में इलाज के लिए ले गये। महिला के इस हाई वोल्टेज ड्रामे और आत्महत्या करने के प्रयास का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

बता दें की लाइनबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत हुसैनाबाद में प्रदीप श्रीवास्तव के मकान में काफी दिनों से रंजना सिंह नामक एक महिला किराए पर रहती थी और धीरे-धीरे पूरे मकान को हथियाने की साजिश रचना शुरू कर दिया। जब मकान मालिक ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की तो तहसीलदार एसडीएम और थाने की पुलिस ने जाकर कब्जा किए हुए मकान को खाली कराया। एक कमरा मकान में से इसको रहने के लिए दे दिया गया। कब्जा खाली होने के बाद रंजना सिंह कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम कार्यालय के ठीक सामने पुलिस से बातचीत करने के दौरान अपने ऊपर पेट्रोल से भरा बाटल गिरा लिया मौके पर पुलिस ने किसी तरीके से बॉटल को छीना और महिला को जिला अस्पताल में इलाज के लिए ले गये। पुलिस का कहना है कि रंजना सिंह कई बार नौटकी कर इस ढंग से आत्महत्या करने का प्रयास कर चुकी है।

## संक्षेप

### नवरात्र के चौथे दिन दुर्गा मंदिर पर उमड़ी भीड़, दिनभर लगता रहा जयकारा



**गोपीगंज।** नगर के प्राचीन दुर्गा माता मंदिर पर नवरात्र के चौथे दिन शनिवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। दिन भर लोग कतार बंद होकर माता रानी का एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे। महिलाएं सुबह से ही मंदिर की परिक्रमा कर जयकारे लगाती रही। नौ दिनों तक चलने वाले दर्शन पूजन हवन और पाठ में नगर सहित दूर-दराज के गांव के लोग पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं, वही जय माता दी के जयकारे से दिनभर पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान है। मान्यता है कि मां का दर्शन और पूजन कर मांगी गई मन्नत माता अवश्य पूरा करती हैं, इसी भाव और भावना को लेकर मंदिर में दूरदराज से लोग दर्शन करने आते हैं।

### राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने पर कांग्रेसियों ने पीएम का फूंका पुतला

**ज्ञानपुर।** जिला युवा कांग्रेस कमेटी भदोही व एनएसयूआई भदोही के संयुक्त तत्वाधान में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद राहुल गांधी की लोक सभा सदस्यता रद्द करने के खिलाफ जिले के कांग्रेस जन आंदोलित हो उठे। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर जुटे कार्यकताओं ने नारे लगाते हुए सड़को पर उतरकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डा राजेंद्र कुमार दूबे राजन ने कहा कि संसद में अडानी और मोदी के रिश्ते पर राहुल गांधी के प्रश्न का जवाब मोदी जी के पास नही था। उनकी आवाज को दबाने के लिए पहले सांसद को म्यूट किया जाता है और अब राहुल की सदस्यता ही समाप्त कर दी गई है।अडानी, अंबानी, मोदी के पूरे खेल का पोल खुलने वाला था क्योंकि राहुल सच पर निडरता से लड़ते देश जान गया है कि मोदी के शह पर उनके लूटेरे मित्र देश को लूट रहे हैं। इस अवसर पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष आनंद मौर्या ने कहा कि राहुल गांधी इस सच को दुनिया के सामने लाए बगैर चुप नहीं रह सकते थे, इसके लिए मोदी के पास एक ही रास्ता था राहुल के लिए पार्लियामेंट के अंदर जाने वाली रास्ते को बंद करना, ऐसा करके एक सांसद के अधिकार को ही नहीं छला गया बल्कि उनके संसदीय क्षेत्र वायनाड के लाखों जनता की आवाज भी दबा दी गई। यह देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों, नौजवानों की आवाज संसद में गूंजने से रोकने की साजिश है। अवसर पर मुख्य रूप से एआईसीसी सदस्य राकेश मौर्य, मसूद आलम, हरिश्चंद्र दूबे, सेवादल जिला अध्यक्ष संदीप दूबे, मनोज जायसवाल, सुमित शुक्ला, सुधीर यादव, चिंटू शुक्ला, शक्ति मिश्रा, धीरज मिश्रा, नरेश मिश्रा इत्यादि लोग रहे।

### शातिर साइकिल चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे, चार साइकिल बरामद

**भदोही।** गत बुधवार को थाना ज्ञानपुर पर आवेदक राजबली गौतम द्वारा लिखित तहरीर देते हुए अवगत कराया गया कि गोयल गली, कस्बा ज्ञानपुर में साइकिल खड़ी करने के दौरान अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। सूचना पर तत्समय ही अज्ञात के विरुद्ध मु.अ.सं.- 44/2023 धारा 379 भा.द.वि.का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। थाना ज्ञानपुर पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को सायं चेकिंग के दौरान दुगार्गंज तिराहे के पास से शातिर साइकिल चोर आशीष दुबे उर्फ सिंटू पुत्र स्व. लालचंद दुबे निवासी गोपीपुर वार्ड नंबर 01 थाना ज्ञानपुर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा साईकिल चोर के कब्जे से पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित रेंजर साइकिल सहित कुल 04 अदद चोरी की साईकिल तथा जामा तलाशी के दौरान झोले में रखा 1.100 कि.ग्रा. नाजायज गाजा बरामद किया गया है। पूछताछ में गिरफ्तारशुदा शातिर चोर द्वारा बरामद साइकिलों के संबंध में बताया गया कि उसके द्वारा विभिन्न स्थानों- चकटोडर, बालीपुर व गोयल गली से चोरी किया गया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग में धारा 411, 413 भादवि की बढ़ोतरी तथा नाजायज गांजा बरामदगी के संबंध में अभियुक्त के विरुद्ध मु.अ.सं.-46/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान न्यायालय किया गया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# जिस लापता लड़की का कुएं से शव मिलने का हुआ था दावा, वह नोएडा से हुई बरामद

जनसंदेश न्यूज


यह उस समय का है जब लड़की गायब हुई थी और उसके माता पिता मुकदमा दर्ज कराने की मांग कर रहे थे।

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के जंगीगंज चौकी अंतर्गत सीखापुर गाँव की जिस लापता लड़की का कुएं से शव मिलने का दावा हुआ था, वह लड़की नोएडा से बरामद हुई। कुएं से बरामद डेड बॉडी का लापता लड़की के परिजनों ने अपनी बेटी का शव बताकर दो युवकों पर मुकदमा दर्ज कराकर जेल भेज दिया था। गोपीगंज पुलिस ने पिता श्याम किशोर पांडेय के तहरीर पर धारा 363 के तहत मुकदमा कायम कर किशोरी के अपहरण की जांच कर ही रही थी कि 27 मई को खबर मिली की ग्राम मोहनपुर के सिवान थाना ऊंज में अज्ञात लड़की का शव बरामद हुआ है। मृतका के शव की पहचान परिवार के लोगों ने अपनी पुत्री शशिकला का होना बताया। पिता की तहरीर के आधार पर थाना गोपीगंज में पुलिस ने दो व्यक्तियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा कायम कर विष्णु कहार पुत्र रामचंद्र निवासी कस्तूरीपुर थाना सुरियावा व प्रदीप कुमार पुत्र मेंही लालसेठ निवासी चकमनधाता थाना गोपीगंज के नाम दर्ज किया और उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तारी दिखाकर अपनी पीठ थपथपा ली, फिर मृतका के जिंदा बरामदगी पर दुबारा अपनी पीठ थपथपा रही है। सवाल यह बनता है की जो गुनाह युवकों ने किया ही नहीं उसकी सजा उन्हे क्यूं मिली। क्या उनके वह प्रताड़ना के दिन पुलिस वापस कर सकती है। अगर जो शव कुएं से मिला तो फिर वह किस महिला की थी। क्या इसका जवाब पुलिस महकमे के पास है। क्या उसका पता लगाएगी। शायद नहीं लगा पाएगी? बहरहाल पुलिस ने किशोरी की बरामदगी और गलत सूचना देने और गलत शिनाख्त करने के आधार पर किशोरी के माता पिता श्याम किशोर पांडेय पुत्र रंग लाल पांडेय और गीता देवी पत्नी श्याम किशोर पांडेय के विरुद्ध मुकदमा कायम कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई।

### परिजनों के शिनाख़्त व तहरीर के आधार पर हुई थी कार्यवाहीः एसपी

**गोपीगंज।** इस मामले में प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि कुएं से शव मिलने के बाद परिजनों द्वारा शिनाख्त किये जाने व तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गई थी। कार्यवाही के बाद किशोरी के परिजनों की भूमिका संदिग्ध दिखी। कई महीनों से पुलिस द्वारा उन पर नजर रखी जा रही थी। बाद में पता चला कि जिस किशोरी के मौत के मुकदमे में आरोपी लोगों को जेल हुआ वह किशोरी परिजनों से प्रताड़ित होकर घर से फरार हो गई थी, नोएडा में रह रही है। इस मामले में परिजनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। कुँए से जिस किशोरी का शव मिला था उसकी जांच की जा रही है।

# क्रेन चालक की सड़क दुर्घटना में मौत

जनसंदेश न्यूज

**लालानगर।** वाराणसी में सड़क पर क्षतिग्रस्त गाड़ियां हटा रहे क्रेन चालक को स्कॉर्पियो के रौंदने से क्रेन चालक की मौत हो गई। वाराणसी में मिजार्मुराद क्षेत्र के खजूरी चौकी के समीप नेशनल हाइवे पर शनिवार को एक स्कॉर्पियो कार की टक्कर से चालक की मौत हो गई। वहीं स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर जा पलटी जिसमें आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया गया कि रोड पर एक टैंकर व ट्रक के आपसी टक्कर में क्षतिग्रस्त गाड़ियों को रोड से हटाने हेतु पहुंची एनएचआई की क्रेन का चालक रोड पर क्षतिग्रस्त वाहनों का टोचन कर रहा था। उसी समय प्रयागराज से वाराणसी की तरफ जा रही एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित हो गई और क्रेन चालक को रौंदते हुए हाइवे पर जा पलटी। जिसमें क्रेन चालक प्रमोद यादव उम्र 42 वर्ष निवासी कोईलरा थाना गोपीगंज (भदोही) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं स्कॉर्पियो में सवार गिरजा पति पांडेय (उम्र 40 वर्ष), राकेश पांडेय

**दुखद**

### क्रेन से टकराई स्कॉर्पियो आधा दर्जन घायल




(35 वर्ष), सिमा देवी (32 वर्ष), किरण देवी (33 वर्ष), ऋषभ पांडेय (18 वर्ष) व वेदांत पांडेय (12 वर्ष ) गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल ग्राम करहगर जिला रोहतास (बिहार) के बताए गए। मौके पर पंहुची पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से ट्रामा सेंटर भिजवाया। इधर पुलिस ने मृतक क्रेन चालक प्रमोद यादव के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की एक बेटी मुस्कान (13 वर्ष) और एक बेटा मयंक (7 वर्ष) बताया गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी का ऊंज बार्डर पर भव्य स्वागत

जनसंदेश न्यूज



**गोपीगंज।** विकास कार्यों की समीक्षा के लिए लखनऊ से चलकर ज्ञानपुर जा रहे राज्यमंत्री दानिस आजाद अंसारी भदोही बार्डर पर सैकड़ों कार्यकताओं के साथ अपलसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सिराज अख्तर ने बैंड बाजों के साथ फूल मालाओं से लादकर उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद वहां से उनका काफिला ज्ञानपुर की तरफ बढ़ गया। रास्ते में गगन कुमार गुप्ता ने भी उनका स्वागत किया।

25 मार्च को उत्तर प्रदेश सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के विशेष अवसर पर जनपद के प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी राज्य मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उत्तर प्रदेश तमाम लोकार्पण समीक्षा के लिए जनपद में आये हुए थे। रास्ते मे भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सिराज अख्तर के आवास पर लगभग एक घंटे रुक कर अल्पाहार के बाद जिले व नगर की समस्याओं से रूबरू होने बाद सभी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। जहां पर मुख्य रूप से दीपक मिश्र, पूर्व सभासद विन्देश गुप्ता, सभासद मजहरउल्ला गुड्डू, संजय यादव, राजू सिंह, संजय प्रताप सिंह (बऊ), अश्विनी अग्रवाल, गगन गुप्ता, कल्लू सिंह, गुलाब पाठक, समीम अहमद, हाफिज सलीम, अफसर अली, मेराज अहमद, इरशाद अली, मोहम्मद नसीम आदि लोग उपस्थित रहे।

# सरकार के 6 साल पूरे होने पर प्रभारी मंत्री ने गिनाई उपलब्धियां

**आयोजन**

**जनसंवाद हेल्प डेस्क का प्रभारी मंत्री ने किया शुभारम्भ**

**डीएम गौरांग राठी के अभिनव पहल में शामिल हैं जनसंवाद डेस्क**

**अब फरियादियों को शिकायत निस्तारण की आख्या ऑनलाइन भी मिल सकेगीः डीएम**

जनसंदेश न्यूज


इंटर कॉलेज के मैदान पर दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण करते प्रभारी मंत्री

**ज्ञानपुर।** उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार के दूसरे कार्यकाल 25 मार्च को एक वर्ष पूरा हो गया। योगी सरकार के एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में शनिवार को जनपद के प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज दानिश आजाद अंसारी ने जिले में पहुंचकर जिलाधिकारी गौरांग राठी के अभिनव पहल जनसंवाद हेल्प डेस्क का शुभारम्भ किया व कहा कि सुशासन की दिशा में जनसंवाद हेल्प डेस्क प्रभावी कदम हैं।


विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर दिव्यांगों को मोटराइजड ट्राई साइकिल का वितरण किया। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। प्रभारी मंत्री ने विकास पुस्तिका का विमोचन और विकास कार्यों का लोकार्पण करने के बाद मीडियाकर्मियों से मुखातिब होकर प्रेस वार्ता कर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बताया।

प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल को आज छह वर्ष पूरे हो गए हैं। छह साल का कार्यकाल विकासवाद और राष्ट्रवाद का अद्भुत संगम रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में यूपी देश का नंबर वन राज्य बन चुका है। यूपी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से 35 लाख करोड़ का निवेश हुआ है।

इस अवसर पर सांसद रमेश चंद्र बिंद, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, औराई विधायक दीनानाथ भास्कर, ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे, भदोही विधायक जाहिद बेग, जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार सहित जनपद के जिला स्तरीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहें।

### डीएम के अभिनव पहल की प्रभारी मंत्री ने की सराहना

**ज्ञानपुर।** भदोही जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे अभिनव पहल जनसंवाद दिवस, स्मार्ट विलेज संकल्पना, ग्राम ज्ञानालय, ग्रामीण स्वच्छता अभियान, ग्रामीण बाजार साफ सफाई अभियान, खेल मैदान, खेत तालाब, पोषण पोटली की प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने सराहना की और कहा कि जिला प्रशासन के सभी अभिनव पहल जनहितकारी हैं।




# ...लेकिन दस्तावेज तो कुछ और कह रहे हैं

## बापू की डिग्री का सच

जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को दावा किया था कि महात्मा गांधी के पास कानून की डिग्री तो छोड़िए कोई भी यूनिवर्सिटी डिग्री नहीं थी। उन्होंने कहा,पढ़े-लिखे लोगों तक को भ्रांति है कि गांधी जी के पास कानून की डिग्री थी, लेकिन गांधी जी के पास कोई डिग्री ही नहीं थी। इस बयान पर भी बवाल मचा हुआ है। लोग यह कह रहे हैं कि यह सच नहीं है और उपराज्यपाल ने अपने बयान के समर्थन में दस्तावेज नहीं दिए हैं। दरअसल, जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल ग्वालियर की आईटीएम यूनिवर्सिटी में डॉ. राम मनोहर लोहिया व्याख्यान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे। यहां लोहिया पर एक किताब के विमोचन के बाद मनोज सिन्हा ने अपने भाषण की शुरूआत गांधी जी की प्रशंसा से की। उन्होंने कहा, गांधी ने बड़े-बड़े काम किए, ये अभी बताया गया है. मैं दोहराना नहीं चाहता हूं। देश को आजादी मिली। क्या-क्या किया। लेकिन सब कुछ जो हासिल हुआ उसके केंद्रबिंदु में एक ही बात थी- सत्य। जीवन भर वो सत्य से बंधे रहे, सत्य के अधीन उन्होंने काम किया,आचरण किया। उनके जीवन के हर पहलू को जांचिए आप। इसके अलावा और कुछ नहीं था उनके जीवन में. जितनी चुनौतियां आईं, जितनी परीक्षाएं आईं। सत्य कभी नहीं त्यागा और महात्मा गांधी अंतर्ध्वनि पहचान लिए. परिणाम हुआ कि राष्ट्रपिता हो गए।

**मनोज सिन्हा के दावे की सच्चाई ठहर नहीं रही**

**बापू ने विदेश में मुकदमे लड़े थे, कानून की डिग्री न होती तो केस लड़ने की इजाजत कैसे मिलती**





## दस्तावेज क्या कहते हैं?

'बीबीसी' ने राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय से जो दस्तावेज हासिल किए हैं, उनमें साल 2020 में दिल्ली हाई कोर्ट में 'गांधी एक वकील के रूप में' नामक एक प्रदर्शनी में शामिल किए गए गांधी जी के आवेदन को वो प्रति भी है। ये आवेदन उन्होंने बॉम्बे हाई कोर्ट में वकालत शुरू करने के लिए दिया था। आवेदन 1891 में दिया गया था। इस दस्तावेज पर भी गांधी जी के हस्ताक्षर हैं। लेकिन बॉम्बे हाई कोर्ट में गांधी जी की वकालत चल नहीं पाई और वो काठियावाड़ पॉलिटिकल एजेंसी में प्रैक्टिस करने के लिए राजकोट चले गए। राजकोट पॉलिटिकल एजेंसी के गजट में यहां की अदालतों में प्रैक्टिस के लिए दिए गए महात्मा गांधी के आवेदन की सूचना दी गई है। 1892 में जारी एजेंसी की अधिसूचना नंबर -16 में कहा गया है कि बैरिस्टर ऑफ लॉ मिस्टर एम. के. गांधी ने काठियावाड़ पॉलिटिकल एजेंसी की अदालतों में प्रैक्टिस की अनुमति मांगी थी और उन्हें इजाजत दी गई है। हालांकि काठियावाड़ में भी उन्हें कानून की प्रैक्टिस में कोई खास सफलता नहीं मिली। 1893 में काठियावाड़ के एक मुस्लिम व्यापारी दादा अब्दुल्ला ने मोहन दास करमचंद गांधी से संपर्क किया. दादा अब्दुल्ला का दक्षिण अफ्रीका में शिपिंग का सफल बिजनेस था. वो चाहते थे कि गांधी वहां जाकर उनके कारोबारी मुकदमे लड़ें। दादा अब्दुल्ला के एक दूर के रिश्ते के भाई को भी एक वकील की जरूरत थी और वो चाहते थे कोई काठियावाड़ी वकील हो तो अच्छा रहेगा। दादा अब्दुल्ला के बुलाने पर भी गांधी अफ्रीका गए. उन्हें दक्षिण अफ्रीका के नटाल मे एक साल रह कर दादा अब्दुल्ला के मुकदमे लड़ने थे. उस वक्त दक्षिण अफ्रीका भी अंग्रेजों का उपनिवेश था। अप्रैल, 1893 में 23 साल की उम्र में गांधी अब्दुल्ला के रिश्ते के भाई के वकील बनने के लिए दक्षिण अफ्रीका पहुंचे थे।

## गांधी की कानून की डिग्री को लेकर क्या कहा था एलजी ने

इस बारे में बात करते हुए मनोज सिन्हा ने महात्मा गांधी की शैक्षणिक योग्यता पर सवाल किया। उन्होंने कहा, एक और चीज मैं आपसे कहना चाहता हूं. देश में अनेक लोगों और पढ़े-लिखे लोगों को भ्रांति है कि गांधी जी के पास लॉ की डिग्री थी। गांधी जी के पास कोई डिग्री नहीं थी। अभी मैं बताऊंगा, कुछ लोग मंच पर भी आकर प्रतिकार करेंगे। लेकिन मैं तथ्यों के साथ आगे बात करूंगा। उन्होंने कहा, कौन कहेगा कि गांधी जी एजुकेटेड नहीं थे, शिक्षित नहीं थे। मुझे नहीं लगता कि किसी में साहस है कि ये बात कह सके। लेकिन क्या आप जानते हैं उनके पास एक भी यूनिवर्सिटी डिग्री या क्वालिफिकेशन नहीं थी। सिन्हा ने कहा, हममें से कई लोग ये सोचते हैं कि उनके पास कानून की डिग्री थी। लेकिन उनके पास ये नहीं थी. उनकी एकमात्र योग्यता हाई स्कूल डिप्लोमा थी। जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल ने कहा, वो कानून की प्रैक्टिस के लिए क्वालिफाई कर गए थे लेकिन उनके पास कानून की डिग्री नहीं थी, लेकिन देखें कि वो कितने शिक्षित थे कि राष्ट्रपिता बन गए। तो मैं ये आपको बताना चाहता हूं कि सिर्फ डिग्री की औपचारिकता तक ही न रहें या इसे ही शिक्षा न समझें। मनोज सिन्हा ने अपने भाषण में गांधी जी की डिग्रियों के बारे में कहा कि वो इस पर तथ्यों के साथ बात करेंगे। लेकिन उन्होंने ऐसा कोई तथ्य नहीं दिया, जिससे उनके दावों की पुष्टि हो। वैसे महात्मा गांधी की शिक्षा से जुड़े दस्तावेज सिन्हा के दावों के उलट तथ्य पेश करते हैं। 'बीबीसी हिंदी' ने राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय से जो दस्तावेज हासिल किए हैं, उनके मुताबिक गांधी ने लंदन यूनिवर्सिटी से जुड़े लॉ कॉलेज इनर टेम्पल से कानून की पढ़ाई कर डिग्री हासिल की थी। गांधी को 1891 में बार-एट-लॉ का सर्टिफिकेट जारी हुआ था। इस सर्टिफिकेट के अलावा बार के सामने पेश महात्मा गांधी का दस्तखत किया हुआ दस्तावेज भी मौजूद है। इनर टेम्पल में उनके दाखिले का दस्तावेज भी है। इस दस्तावेज का नंबर 7910 है. इसमें उनके इनर टेम्पल में उनके दाखिले की घोषणा है। इस दस्तावेज में एडमिशन का खर्च, स्टैम्प ड्यूटी. लेक्चर में शामिल होने की फीस का भी ज़िक्र है। लंदन में कानून की पढ़ाई के बाद गांधी भारत लौटे और बॉम्बे हाई कोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस शुरू की. लेकिन यहां उनकी वकालत नहीं चली।

## महात्मा गांधी के प्रपौत्र ने क्या कहा

मनोज सिन्हा की ओर से गांधी जी की डिग्रियों पर किए गए दावे के बाद महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक के बाद एक ट्वीट कर मनोज सिन्हा के दावे का खंडन किया। एक ट्वीट में उन्होंने लिखा, एम.के. गांधी ने दो बार मैट्रिक पास की. एक अल्फ्रेड हाई स्कूल राजकोट से, दूसरी इसके ही बराबर मानी जाने वाली लंदन की ब्रिटिश मैट्रिकुलेशन। उन्होंने लंदन यूनिवर्सिटी से जुड़े लॉ कॉलेज इनर टेम्पल से कानून की पढ़ाई की और वहां से इसकी डिग्री हासिल की। उन्होंने लिखा, गांधी जी ने एक के बाद एक दो डिप्लोमा हासिल किए. एक लैटिन में और दूसरा फ्रेंच में। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने लिखा,मैंने बापू की आत्मकथा जम्मू राजभवन को भेज दी, इस उम्मीद से कि उप राज्यपाल इसे पढ़ कर ज्ञान हासिल कर सकेंगे।



**बीबीसी से साभार**

# कैंपा कोला की फिर मचेगी धूम?

**तैयारी**

### वक्त की पड़ी बर्फ सोई हुई बोतलों पर से हटेगी, 22 करोड़ रुपए में रिलायंस ने इसे खरीदा है

सत्तर और अस्सी के दशक में कैंपा कोला राजधानी दिल्ली में छाई हुई थी और इसके सामने नामी सॉफ्ट ड्रिंक टिक नहीं पाते थे। लेकिन कनॉट प्लेस के शंकर मार्केट से फायर ब्रिगेड लेन की तरफ जब जाएं तो बाई ओर खड़ी मलीन इमारत की खस्ताहाली से यकीन नहीं कर पाएंगे कि यही वो इमारत है जिसके शानदार दिन कैसे गुमनाम हो गए। हल्के पड़ गए रंगों के बीच दीवार पर लिखा कैंपा कोला अतीत की याद दिलाएगा।

लेकिन अब रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने देश के सॉफ्ट ड्रिंक बाजार में जोर-आजमाइश करने के लिए कमर कस ली है। यानी अब सॉफ्ट ड्रिंक मार्केट में फिर धूम मचाएगा कैंपा कोला। एक जमाना था जब यहाँ हर समय कैंपा कोला की बोतलों को सप्लाई करने वाली दर्जनों गाड़ियाँ खड़ी रहा करती थीं, इस बिल्डिंग के मेन गेट के बाहर लक्जरी कारों की लाइन लगी रहती थी।

कुछ समय पहले रिलायंस रिटेल के 1970 और 1980 के दशक के सबसे चर्चित सॉफ्ट ड्रिंक ब्रैंड कैंपा कोला के टेकओवर करने की खबर आने के बाद लग रहा था कनॉट प्लेस में कैंपा कोला फैक्ट्री में फिर से हलचल शुरू हो जाएगी। इस पुरानी फैक्ट्री में एक जमाने में पहले कोका कोला और फिर कैंपा कोला का उत्पादन होता था, उत्पादन की प्रकिया को फैक्ट्री के बाहर से भी देखा जा सकता था क्योंकि फैक्ट्री में लगे शीशों के पीछे बोतलों में सॉफ्ट ड्रिंक मशीन के जरिए एक कन्वेयर बेल्ट पर भरी जाती थीं। उस जमाने के लोग कहते हैं कि स्कूल से गुजरते समय कोका कोला की फैक्ट्री स्कूल की तरफ से कई बार घूमने आए थे, यहां पर मैनेजमेंट की तरफ से स्कूल के बच्चों को गिफ्ट वगैरह मिलते थे। बाद में यह बंद होने लगी और एक वक्त ऐसा आया कि यह शानदार फैक्टरी बंद हो गई। अब गर्मी शुरू हो चुकी है तो जल्दी ही पारा चढ़ने लगेगा, बस तब ही रिलायंस का कैंपा लैमन तथा कैंपा ऑरेंज बाजार में पेप्सीको और कोका-कोला को टक्कर देने के लिए आ जाएगा। रिलायंस ने पिछले साल प्योर ड्रिंक्स से कैंपा कोला ब्रांड को 22 करोड़ रुपये में खरीद लिया था। इस बीच, रिलायंस की तरफ से कहा गया है कि उसके शीतल पेय सबसे पहले आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना में लांच होंगे, उसके बाद वे सारे देश में लांच होते रहेंगे, बेशक, रिलायंस का यह कहना सही है कि बुजुर्ग हो रहे हिन्दुस्तानियों को कैंपा कोला के स्वाद की यादें हैं। उन्होंने इसे अपने बचपन में खूब पिया है पर रिलायंस का फोकस तो सभी उम्र के कस्टमर हैं। रिलायंस कंज्यूमयर प्रोडक्ट्स इन सॉफ्ट









ड्रिंक्स को लांच कर रही है, अभी तक साफ़्ट ड्रिंक्स मार्केट में पेप्सी और कोक का तगड़ा कब्जा है। कोका कोला का 51 फीसद बाजार पर और पेप्सीको का 34 फीसद बाजार पर कब्जा है।अब आप अंदाजा लगा सकते हैं कि बाजार का रुख किस तरफ है, इनके अलावा बहुत से लोकल शीतल पेय उत्पाद भी बाजार में मौजूद हैं. सॉफ़्ट ड्रिंक के खेल में विज्ञापन बहुत अहमियत रखता है। पेप्सीको और कोका कोला का हर साल विज्ञापनों पर सैकड़ों करोड़ का बजट होता है। जाहिर है, रिलायंस को अगर सॉफ़्ट ड्रिंक्स बाजार में अपने लिए जगह बनानी है तो उसे काफी विज्ञापन करना होगा। हालांकि रिलायंस के लिए विज्ञापन करना और बाजार में अपनी पैठ बनाने के लिए कोई तूफान खड़ा करने की जरूरत नहीं। उसे पता है कि कैसे बाजार में प्रवेश किया जाता है। जिन दिनों कैंपा कोला के जलवे थे तब इसका ब्रांड एम्बेसेडर सलमान खान हुआ करते थे, अब ये देखने वाली बात है कि रिलायंस किस सेलिब्रेटी को कैंपा कोला का ब्रांड एंबेसेडर बनाता है। जानकारों का कहना है कि वैसे तो रिलायंस में यह क्षमता है कि वो पेप्सीको तथा कोका कोला को चुनौती दे सके, पर बिना जोरदार विज्ञापन किए बात नहीं बनेगी, विज्ञापन का तो हल्ला बोलना होगा नए ब्रांड को लांच करने के लिए। रिलायंस को उम्मीद है कि कैंपा कोला की बाजार में नए रूप में वापसी का उपभोक्ता स्वागत करेंगे, वे इसे हाथों-हाथ लेंगे, रिलायंस ने अपने नए लांच होने जा रहे उत्पादों का स्लोगन रखा है, द ग्रेट इंडियन टेस्ट। खबर तो यह भी है कि रिलायंस ने कैंपा कोला के दाम भी वाजिब ही रखे हैं। और यही उसकी पुरानी रणनीति का हिस्सा रही है। कैंपा कोला सरदार मोहन सिंह और उनके पुत्र चरणजीत सिंह से संबंधित है। सरदार मोहन सिंह की मृत्यु के बाद चरणजीत सिंह ने कैंपा कोला और अपने दूसरे कारोबार को बुलंदियों पर पहुँचाया था, चरणजीत सिंह के पिता सरदार मोहन सिंह भारत में कोका कोला के बिजनेस को शुरू करने वालों में से एक थे। वे नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) के नामित उपाध्यक्ष भी रहे, उन्होंने जनपथ में तिब्बत मार्केट तथा डिफेंस कॉलोनी स्थापित करने में भी अहम रोल निभाया था। चरणजीत सिंह को कांग्रेस ने 1980 के लोकसभा चुनाव में साउथ दिल्ली सीट से टिकट दिया, उनके सामने जनता पार्टी के नेता विजय कुमार मल्होत्रा थे। चरणजीत सिंह ने मल्होत्रा को एक लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। महत्वपूर्ण ये भी है कि उस लोकसभा चुनाव में सिर्फ.नई दिल्ली सीट से अटल बिहारी वाजपेयी विजयी हुए थे, बाकी छह सीटों पर कांग्रेस को ही विजय मिली थी, चरणजीत सिंह एक कीर्तिमान बना गए थे। उनसे पहले या बाद में कभी दिल्ली से कोई सिख लोकसभा नहीं पहुंचा। उन्हीं चरणजीत सिंह ने 1982 के एशियाई खेलों के समय होटल ली-मेरिडियन खोला, इसे राजधानी के सबसे लक्जरी होटलों में से एक माना जाता है।

## जॉर्ज फर्नान्डीज ने बंद कराया था कोका कोला


कैंपा कोला को प्योर ड्रिंक्स ग्रुप ने देश में 1975 में इमरजेंसी लगने के बाद लांच किया था। दरअसल, इमरजेंसी के बाद जब लोकसभा के चुनाव हुए तो जनता पार्टी जीती, उसमें उद्योग मंत्री जॉर्ज फर्नांडीज बने। उन्होंने कोका कोला का भारत में उत्पादन बंद करवा दिया था। सरदार मोहन सिंह की कंपनी प्योर ड्रिंक्स तो कोका कोला का उत्पादन करके मोटी कमाई कर रही थी, तब तक पेप्सी की भारत में एंट्री नहीं हुई थी। जनता पार्टी सरकार के फैसले के बाद प्योर ड्रिंक्स ने तुरंत कैंपा कोला लाँच कर दिया, कोका कोला को देश से बाहर का रास्ता दिखाने के बाद सरकार ने डबल सेवन शीतल पेय लांच किया, उसका नाम डबल सेवन इसलिए रखा गया था क्योंकि 1977 के चुनाव में ही जीतकर कांग्रेस विरोधी सरकार आई थी। इस बीच, आर्थिक उदारीकरण के बाद कोका कोला की भारत में 1991 के बाद फिर से वापसी हो गई. यह याद रखा जाए कि प्योर ड्रिंक्स ही कोका कोला को 1949 में भारत में लाई थी, उन्हें अमेरिकी कंपनी ने भारत में कोका कोला के उत्पादन तथा बेचने का लाइसेंस दिया था। जाहिर है, कोका कोला के उत्पादन बंद होने के बाद प्योर ड्रिंक्स ने कैंपा कोला को लांच किया और करीब एक-डेढ़ दशक तक बाजार में अपना कब्जा बनाए रखा, पर पेप्सी के भारत के बाजार में आने के बाद प्योर ड्रिंक्स ने घुटने टेक दिए, तब तक चरणजीत सिंह का भी निधन हो गया, कंपनी ने अपने आपको होटल ली मेरिडियन के बिजनेस तक सीमित कर लिया था।











# कबाड़ वस्तुओं का कलाकारों ने बदला लुक

**राधेश्याम कमल**

**ट्रिपल आर का प्रयोग**

### प्राकृतिक संसाधनों का दोहन व निर्भरता कम करने के लिए ट्रिपल आर फार्मूले को आजमा रहे

### राम छाटपार न्यास के सिद्धहस्त कलाकारों का है हुनर

**वाराणसी।** प्राकृतिक संसाधनों का दोहन और निर्भरता कम करने के लिए ट्रिपल आर फार्मूले को आजमाया जा रहा है। इस फार्मूले पर काशी के चुनिंदा कलाकार अपनी कलाकारी को समर्पित किये हैं। दिलचस्प यह है कि यह फार्मूला सफल भी हो रहा है। ट्रिपल आर फार्मूले, यानी रिड्यूस, रिसाइकल और रीयूज। इस पर सरकार के साथ-साथ स्वयंसेवी संगठन और स्थानीय लोग भी लगातार प्रयासरत रहे हैं। इस फार्मूला पर राम छाटपार शिल्प न्यास काम कर रहा है। महेशपुर कालोनी स्थित न्यास के सिद्धहस्त कलाकार बेकार और कबाड़ पड़ी वस्तुओं को फिर से सजा-संवारकर उसे एक आकर्षक लुक दिया है। इतना ही नहीं, रिसाइकल के साथ ही उसे रीयूज लायक बना रहे हैं। इस फॉर्मूले पर बनाई गई वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, ताकि लोग उसे देखकर प्रेरित हों और अपने घर में बेकार पड़े सामानों को तराश कर उसका दोबारा अन्य रूप में इस्तेमाल कर सकें। जिन कलाकारों ने अपने हुनर के दम पर कबाड़ को एक बार फिर संवार दिया है उनमें अजय उपासनी, अमरेश कुमार, अमरेश कुमार, बृजराज त्रिपाठी, बृजेश सिंह कुशवाहा, मदन लाल, दुर्गेश प्रजापति, दीपक, किशन लाल, मनीष अरोड़ा, निहारिका सिंह, पद्मिनी मेहता, राजाबाबू केशरी, राजीव रंजन, राजकुमार, राजनंदिनी गुप्ता, रितिकेश यादव, रोहन कुमार, रुतुजा दिवाकर, सागर गुप्ता, संजय कुमार, शारदा सिंह, शिवांगी गुप्ता, विनीता, शारदा सिंह, सूरज बाली वर्मा, सुनील कुमार, सुरेश वाली वर्मा, सुरेश के नायर, सुरेश कुमार सौरभ, शिवशक्ति, वंदना सिंह, वनिता मिद्धिा, वीरजर्नादन कुमार, विशाल कुमार गोड़, उमेश सिंह, याग्या रामना आदि नाम हैं। इसके प्रेरक

## महान कलाकार पिकासो ने भी रद्दी सामान को दिया था कला का रूप



मदन लाल (संयोजक)

राम छाटपार शिल्प न्यास के संयोजक व काशी हिंदू विश्वविद्यालय के दृश्य कला संकाय में 29 साल तक अध्यापन करने वाले (अब सेवानिवृत्त) कलाविद् प्रो. मदन लाल बताते हैं कि यह आधुनिक कला 120 साल पहले की है। महान कलाकार पिकासो ने एक खराब साइकिल के हैंडिल व सीट को हटा कर उसमें एक बैल की आकृत्ति लगा दी। जो काफी मशहूर हुई। एक विदेशी कलाकार ने तो यूरीन पाट को गैलरी में लगा दिया था। वे बताते हैं कि इस आधुनिक कला को हालांकि लोग कला नहीं मानते हैं लेकिन हमारा कहना है कि यह एक कला ही है। इधर-उधर बेकार पड़ी चीजों को लाकर हम उसे कला का रूप दे रहे हैं। अगर आप को रास्ते में कोई पत्थर का टुकड़ा मिल जाये और उसे आप किसी पेड़ के नीचे लाकर रख देते हैं तो लोग उस पर टीका लगा कर पूजा करने लगते हैं। हमने इस पर काफी कार्य किया है। हमने तो महेशपुर कालोनी में राम छाटपार शिल्प न्यास में कला केन्द्र खोल रखा है। इसका रजिस्ट्रेशन 89 में हुआ था। 99 में इसका शिलान्यास किया गया। इसमें आधुनिक संग्रहालय, गैलरी व देश विदेश के कलाकारों की बनायी गई कलाकृतियां है। यहां पर हर माह पूर्णिमा पर आयोजन होता है। साल भर में यहां पर संगीत, प्रदर्शनी के लगभग 30 आयोजन होते हैं। शास्त्रीय संगीत के लगभग 15 आयोजन किये जाते हैं। हर माह पूर्णिमा तिथि पर संगीत का कार्यक्रम होता है जिसमें नामचीन कलाकारों की भागीदारी होती है। एक दिन संगीत का तथा एक हफ्ते तक आधुनिक कला प्रदर्शनी लगती है।